प्र का श की य

'समणसुत्त' ग्रन्थ का प्रकाशन करते हुए सर्व-सेवा-सघ गौरव एव प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है।

धर्म के अनन्त रूप हैं। शब्दो मे इन रूपो को बाँधा नही जा सकता। महापुरुषो तथा विचारक मनीषियो ने देश, काल, परिस्थिति के अनुसार अनन्त का अनन्तवाँ अश ही प्रकट किया है। महापुरुषो का दर्शन सकुचित नही होता, परन्तु अर्थग्रहण की सीमाओ से अशाभिनिवेश की नीव पडती है और इसीमे से विविध मतवादो का उद्भव हो जाता है। निष्पक्षभाव से विश्व के सब धर्मों का गहराई से अध्ययन किया जाय तो ज्ञात हो सकता है कि महापुरुषो की वाणी का अमुक-अमुक अश उस-उस देश, काल, परिस्थिति के स्तर-भेद तथा भूमिका-भेद का सूचक है। जैसे—

१ सामान्य व्यक्ति की सर्वप्रथम भूमिका चार्वाक भौतिक दर्शन की ही रहती है। क्योकि सुख की आकाक्षा सब मनुष्यो मे समान है।

२ व्यापक सुख की आकाक्षा भौतिक स्तर पर पूरी होना सभव नही है, इसका दर्शन जिन्हें हुआ, उन्होने विश्व की व्यवस्था का स्वरूप जान लेने का प्रयास किया। विश्व-समस्या के मूल मे कुछ विशिष्ट मूल द्रव्य हैं। इन मूल द्रव्यो और उनके पारस्परिक सबधो की जानकारी पर ही व्यापक सुख निर्भर है। यही न्याय और वैशेपिक दर्शन की बुनियाद है।

३ इससे भी सुख और समाधान अपूर्ण ही रहता है, ऐसा जिनको अनुभव हुआ वे और भी गहरे उतरे। साख्य, पूर्वमीमासा और उत्तरमीमासा याने वेदान्त इसी अनुसन्धान की निष्पत्ति है। जैन तथा बौद्ध दर्शन भी इसी परम्परा मे आते हैं। इन सारे दर्शनो का सार यह है कि विश्व की विविधता तथा विभिन्नता का आधार एक ही विभु-सत्ता है।

४ इस विभु-सत्ता के प्रत्यक्ष दर्शन तथा उसे जीवन मे प्रकाशित देखने के शोध मे लगनेवाले लोगो ने योग-दर्शन को साकार किया। उसमे से निष्कर्ष यह निकला कि योगानुशासन के बिना मानव और विश्व के अस्तित्वगत सबध का न ज्ञान होगा और न जीवन-व्यवहार ही फलित होगा। इसलिए बौद्धदर्शन मे कहा गया है कि जीवन का यथार्थ दर्शन प्रज्ञा और उपाय के सामरस्य (हार्मनी) पर ही निर्भर है। चाहे जैन हो या बौद्ध, साख्य हो या वेदान्त, इन सब दार्शनिक निष्ठाओ मे योगानुशासन को ही प्राथमिक महत्त्व दिया जाता है। यही भारत की सस्कृति मे आत्मदर्शन तथा विश्वदर्शन का अनुभव-सिद्ध मार्ग कहा गया है।

इस मार्ग पर अग्रसर मानव की दृष्टि समता-रस में इतनी सहज, सूक्ष्म और तरल (फ्लेक्सिबल) हो जाती है कि सारे संघर्ष, सामरस्य, आनन्द और सौंदर्य में लीन हो जाते हैं और जीवन को विकृत करनेवाले सारे मतवाद और संघर्ष अर्थशून्य हो जाते हैं। जैन-धर्म का अनेकान्तवाद या स्याद्वाद इसीका निदर्शक है जो न केवल परमत-सहिष्णुता ही जगाता है, परस्पर विरोधी विचारों में समन्वय भी स्थापित करता है।

'समणसुत्तं' ग्रन्थ की निष्पत्ति के पीछे भगवान् महावीर की अव्यक्त और सन्त विनोबाजी की पावन व्यक्त प्रेरणा रही है। यह अपने में अपूर्व ऐतिहासिक घटना है कि भगवान् महावीर के २५ सौवें निर्वाण-महोत्सव के वर्ष में दिल्ली में इस ग्रन्थ की सर्वमान्यता के लिए संगीति का आयोजन हो सका। संगीति में सम्मिलित साधुओं, विद्वानों, श्रावकों तथा सेवकों ने हर प्रकार से अपना हार्दिक सहयोग देकर इसे सर्व-मान्यता प्रदान की। जैनधर्म के सभी सम्प्रदायों के मुनियों तथा श्रावकों का यह सम्मिलन विगत दो हजार वर्षों के पश्चात् पहली बार देखने में आया।

दिल्ली की इस ऐतिहासिक एवं समन्वयात्मक संगीति का अधिवेशन दो दिन तक चार बैठकों में सम्पन्न हुआ। चारों बैठकों की अध्यक्षता चारों आम्नायों के मुनि श्री सुशीलकुमारजी, मुनि श्री नथमलजी, मुनि श्री जनकविजयजी तथा उपाध्याय मुनि श्री विद्यानन्दजी ने की। चारों बैठकों को आचार्य श्री तुलसीजी, आचार्य श्री धर्मसागरजी, आचार्य विजयसमुद्रसूरिजी एवं आचार्य देशभूषणजी के आशीर्वाद प्राप्त हुए। ग्रंथ का अंतिम प्रारूप संगीति के चारों अध्यक्ष और जिनेन्द्र वर्णीजी ने तैयार किया जिसमें शुरू से अंत तक आचार्य तुलसीजी का सहयोग रहा।

इस ग्रंथ का प्रारम्भिक संकलन ब्र० जिनेन्द्र वर्णीजी ने किया है। सर्वप्रथम एक संकलन 'जैनधर्मसार' नाम से प्रकाशित किया गया। बाद में अनेक सुझावों और संशोधनों को ध्यान में रखकर दूसरा संकलन पं० दलसुखभाई मालवणिया ने किया। सन्त कानजी स्वामी की प्रेरणा से डा० हुकुमचन्दजी भारिल्ल ने संकलन के लिए काफी उपयुक्त गाथाएं सुझायीं। उदयपुर के डा० कमलचन्दजी सोगानी ने गहराई से अध्ययन करके अनेक सुझाव दिये। सबका अवलोकन करके श्री वर्णीजी ने तीसरा संकलन तैयार किया जो 'जिणधम्म' नाम से संगीति में विचारार्थ रखा गया। अब जो संकलन प्रकाशित हो रहा है, वह अंतिम एवं सर्वमान्य है। इस संकलन को परिपूर्ण तथा परिमार्जित बनाने में पं० दलसुखभाई मालवणिया तथा मुनिश्री नथमलजी का विशेष हाथ रहा है। डा० ए० एन० उपाध्ये, डा० दरबारीलालजी कोठिया आदि विद्वानों का भी सहयोग मिला है। गाथाओं की शुद्धि में पं० कैलाशचन्द्रजी शास्त्री, पं० बेचरदासजी दोशी और मुनि नथमलजी के श्रम को भुलाया नहीं जा सकता। संस्कृत छाया का संशोधन और परिमार्जन पं० बेचरदासजी ने एक-एक शब्द को जाँच-परखकर किया है। हिन्दी अनुवाद पं० कैलाशचन्द्रजी शास्त्री तथा मुनि श्री नथमलजी ने किया है। अनुवाद सरल मूलानुगामी है।

विषय की पूर्वापर कडी को जोडे रखने के लिए अनुवाद मे कही-कही कोष्ठको मे विशिष्ट शब्द दिये गये है। इन सब विद्वानो के सहयोग के प्रति हम हृदय से आभारी है।

सगीति का द्वि दिवसीय अधिवेशन अणुव्रत विहार तथा जैन बालाश्रम मे आयोजित था। अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य श्री तुलसीजी तथा उपाध्याय मुनि श्री विद्यानन्दजी की ओर से प्रारम्भ से ही इस कार्य मे प्रोत्साहन मिलता रहा है। इनके साथ-साथ दोनो सस्थाओ के व्यवस्थापको तथा कार्यकर्ताओ ने भी जो आत्मीय सहयोग दिया उसके लिए सर्व-सेवा-सघ आभारी है।

श्रावक-शिरोमणि साहू शातिप्रसादजी जैन तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रमारानी जैन तथा श्री प्रभुदयाल जी डाभडीवाला के भी हम विशेष कृतज्ञ हैं जिन्होंने सगीति को सफल बनाने मे हार्दिक सहयोग दिया।

उपाध्याय कविरत्न अमरमुनिजी, मुनि श्री सतवालजी, कानजी स्वामी, आचार्य श्री आनन्दऋषिजी, मुनि श्री यशोविजय जी आदि सन्तो ने भी इस मगल प्रयास का पूरा समर्थन किया, अनेक सुझाव दिये और प्रेरणा दी जिससे हमे बल मिला है।

ग्रन्थ के प्रचार मे पहल करनेवालो मे भारत जैन महामण्डल बम्बई के महामत्री श्री रिषभदासजी राका तथा हैदराबाद के प्रसिद्ध सर्वोदयी मित्र श्री विरधीचन्दजी चौधरी का विशेष सहयोग मिला है। दोनो सज्जनो ने अग्रिम राशि भेजकर ग्रथ के प्रकाशन को सुलभ बना दिया है।

भाई श्री राधाकृष्णजी बजाज ने तो प्रारभ से ही इस कार्य को अपना माना है। श्री जमनालालजी जैन का तो प्रारभ से ही सभी कार्यों मे बराबर सहयोग मिलता रहा है। श्री मानव मुनिजी का भी सहयोग मिला है। ये सब सर्व-सेवा-सघ के अभिन्न अग है। अपनो के प्रति आभार कैसे माना जाय।

ब्र० जिनेन्द्र वर्णीजी का उल्लेख किये बिना रहा नही जाता। बाबा की प्रेरणा उन्हे स्पर्श कर गयी और वे पल-पल इस कार्य मे जुट गये। कृश और अस्वस्थ काया मे भी सजग एव सशक्त आत्मा के प्रकाश मे आपने यह दायित्व हँसते-हँसते निभाया। वे नही चाहते कि कही उनका नाम टकित किया जाय, लेकिन जिसकी सुगधि भीतर से फूट रही है, फैल रही है, उसे कौन रोक सकता है। हम कौन होते है, उनका आभार व्यक्त करने वाले! सब प्रभु की कृपा है।

वाराणसी के पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध सस्थान तथा स्याद्वाद जैन महा-विद्यालय ने सैकडो ग्रथो की सुविधा प्रदान की है। ज्ञानमण्डल यत्रालय ने हमारी प्रार्थना पर ध्यान देकर ग्रथ का मुद्रण शीघ्रातिशीघ्र कर देने का प्रयास किया है।

प्रसन्नता की बात है कि यज्ञ प्रकाशन समिति, बडौदा की ओर से ग्रथ का गुजराती सस्करण शीघ्र ही प्रकाशित हो रहा है। महावीर-निर्वाण महोत्सव की राष्ट्रीय समिति

ने अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित कराना तय किया है। अन्य भाषाओ मे भी इसके अनुवाद प्रकाशित करके यह ग्रथ घर-घर पहुँचाने का प्रयास होना चाहिए। ग्रथ का प्रकाशनाधिकार तो जैन धर्मानुयायी समस्त सम्प्रदायो का सम्मिलितरूपेण है। किसी भी भापा मे प्रकाशन के लिए सर्व-सेवा-सघ इन सम्प्रदायो की अनुकूलता पर अपनी अनुमति दे सकेगा।

सबसे वडी बात तो यह है कि इस सपूर्ण कार्य के पीछे प्रभु-प्रवाह, काल-प्रवाह और समाज-प्रवाह की अनुकूलता मिली, जिससे समणसुत्तं ग्रथ की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हुई। भगवान् महावीर की २५ सौवी निर्वाण-सवत्सरी के उपलक्ष्य मे यह सर्वमान्य ग्रन्थ सबके पास पहुँचे, यही मगल भावना है।

अन्त मे सुधी पाठको तथा विद्वानों से अनुरोध है कि ग्रथ मे जहाँ भी भूल या अशुद्धि आदि दिखाई दे, उसकी सूचना शीघ्र देने की कृपा करे, ताकि आगामी सस्करण मे उसका परिमार्जन किया जा सके।

महावीर-जयन्ती
चैत्र शुद्ध १३ वीर नि० सं० २५०१
२४ अप्रैल १९७५

कृष्णराज मेहता
संचालक
सर्व-सेवा-सघ-प्रकाशन

बायें से पहली पंक्ति-सर्वश्री के० भुजबली शास्त्री, मानव मुनि । दूसरी पंक्ति-ए० एन० उपाध्ये, जमनालाल जैन, यशपाल जैन, शांतिलाल व० सेठ, राधाकृष्ण बजाज, पं० कैलाशचन्दजी शास्त्री, खुशालचन्द्र गोरावाला, कृष्णराज मेहता ।

बायें से—ब्र० श्री जिनेन्द्र वर्णीजी, आचार्य श्री धर्मसागरजी उपाध्याय, मुनि श्री विद्यानन्दजी, मुनि श्री सुशीलकुमारजी, मुनि श्री नथमलजी, आचार्य श्री तुलसीजी. आचार्य श्री विजयसमुद्र सूरिजी तथा अन्य मुनिग .।

मुनियों का पत्र विनोबा के नाम

ANUVRAT VIHAR — २१०, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,

वीर-निर्वाण तिथि २४-१-२५०१ — नयी दिल्ली, दिनाक ७-१२-'७४

भद्रपरिणामी, धर्मानुरागी श्री आचार्य विनोवाजी,

आपके समभावपूर्ण चिन्तन और सामयिक सुझाव को ध्यान मे रखकर 'जैन-धर्म-सार' और उसका नया रूप 'जिणधम्म' की सकलना हुई, उसमे श्री जिनेन्द्रकुमार वर्णीजी और अनेक विद्वानो का योग रहा। सर्व-सेवा-सघ तथा श्री राधाकृष्ण वजाज के अथक परिश्रम और प्रयत्न से सगीति की समायोजना हुई। सगीति मे भाग लेनेवाले सभी आचार्यों, मुनियो और विद्वानो ने आपके चिन्तन का अनुमोदन किया और समग्र जैन-समाज सम्मत 'समणसुत्त' नामक एक ग्रन्थ की निष्पत्ति हुई, जो भगवान् महावीर के २५ सौवे निर्वाण-वर्ष के अवसर पर एक वडी उपलब्धि के रूप मे स्वीकार किया गया। दिनाक २९-३० नवम्बर १९७४ को सगीति हुई, जिसमे ग्रन्थ का पारायण किया गया। आचार्यों, मुनियो और विद्वानो के परामर्श, समीक्षाएँ और समालोचनात्मक दृष्टिकोण प्राप्त हुए। अन्त मे ग्रन्थ के परिशोधन का भार मुनियो पर छोडा गया और वर्णीजी का योग साथ मे रखा गया।

एक सप्ताह की अवधि मे मुनियो ने वार-वार वैठकर चिन्तनपूर्वक ग्रन्थ का परिशोधन किया। इसमे हमे पूरा सन्तोष हुआ है। अव हम चाहते हैं कि इस ग्रन्थ का आप गहराई मे निरीक्षण करें और धम्मपद की भाँति इसके क्रम की योजना करें। और भी जो सुझाव हो, वे आप दें। हम सवको इससे वडी प्रसन्नता होगी।

सगीति की विभिन्न बैठकों के अध्यक्षगण

विद्यानन्दमुनि
-मुनिश्री विद्यानन्दजी-

मुनि सुशील कुमार
- मुनिश्री सुशीलकुमारजी

मुनि जनक विजय
- मुनिश्री जनकविजयजी-

मुनि नथमल
- मुनिश्री नथमलजी -

जिनेन्द्र वर्णी
जिनेन्द्रवर्णीजी, -
ग्रन्थ सकलनकर्ता

राम हरि
राम हरि
राम हरि 12-12-1974
हस्ताक्षर श्री विनोबाजी

समाधान

(विनोबा)

मेरे जीवन मे मुझे अनेक समाधान प्राप्त हुए है । उसमे आखिरी, अन्तिम समाधान, जो शायद सर्वोत्तम समाधान है, इसी साल प्राप्त हुआ । मैंने कई दफा जैनो से प्रार्थना की थी कि जैसे वैदिक धर्म का सार गीता मे सात सौ श्लोको मे मिल गया है, बौद्धो का धम्मपद मे मिल गया है, जिसके कारण ढाई हजार साल के बाद भी बुद्ध का धर्म लोगो को मालूम होता है, वैसे जैनो का होना चाहिए । यह जैनो के लिए मुश्किल बात थी, इसलिए कि उनके अनेक पन्थ है और ग्रन्थ भी अनेक है । जैसे बाइबिल है या कुरआन है, कितना भी बडा हो, एक ही है । लेकिन जैनो मे श्वेताम्बर, दिगम्बर ये दो है, उसके अलावा तेरापन्थी, स्थानकवासी ऐसे चार मुख्य पन्थ तथा दूसरे भी पन्थ है । और ग्रन्थ तो बीस-पचीस है । मै बार-बार उनको कहता रहा कि आप सब लोग, मुनिजन, इकट्ठा होकर चर्चा करो और जैनो का एक उत्तम, सर्वमान्य धर्मसार पेश करो । आखिर वर्णीजी नाम का एक 'बेवकूफ' निकला और बाबा की बात उसको जँच गयी । वे अध्ययनशील है, उन्होने बहुत मेहनत कर जैन-परिभाषा का एक कोश भी लिखा है। उन्होने जैन-धर्म-सार नाम की एक किताब प्रकाशित की, उसकी हजार प्रतियाँ निकाली और जैन-समाज मे विद्वानो के पास और जैन-समाज के बाहर के विद्वानो के पास भी भेज दी । विद्वानो के सुझावो पर से कुछ गाथाएँ हटाना, कुछ जोडना, यह सारा करके 'जिणधम्म' किताब प्रकाशित की । फिर उस पर चर्चा करने के लिए बाबा के आग्रह से एक संगीति बैठी, उसमे मुनि, आचार्य और दूसरे विद्वान्, श्रावक मिलकर लगभग तीन सौ लोग इकट्ठे हुए । बार-बार चर्चा करके फिर उसका नाम भी बदला, रूप भी बदला, आखिर सर्वानुमति से 'श्रमणसूक्तम्'—जिसे अर्धमागधी मे 'समणसुत्त' कहते है, बना । उसमे ७५६ गाथाएं है । ७ का आँकडा जैनो को बहुत प्रिय है । ७ और १०८ को गुणा करो तो ७५६ बनता है । सर्वसम्मति से इतनी गाथाएं ली ।

और तय किया कि चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को वर्धमान-जयन्ती आयेगी, जो इस साल २४ अप्रैल को पडती है, उस दिन वह ग्रन्थ अत्यन्त शुद्ध रीति से प्रकाशित किया जायगा। जयन्ती के दिन जैन-धर्म-सार, जिसका नाम 'समणसुत्त' है, सारे भारत को मिलेगा। और आगे के लिए जव तक जैन धर्म मौजूद है, तव तक सारे जैन लोग और दूसरे धर्म के लोग भी जव तक उनके धर्म वैदिक, वौद्ध इत्यादि जीवित रहेगे तव तक 'जैन-धर्म-सार' पढते रहेगे। एक वहुत वडा कार्य हुआ है, जो हजार, पन्द्रह सौ साल मे हुआ नही था। उसका निमित्तमात्र वावा वना, लेकिन वावा को पूरा विश्वास है कि यह भगवान् महावीर की कृपा है।

मै कवूल करता हूँ कि मुझ पर गीता का गहरा असर है। उस गीता को छोडकर महावीर से वढकर किसीका असर मेरे चित्त पर नही है। उसका कारण यह है कि महावीर ने जो आज्ञा दी है वह वावा को पूर्ण मान्य है। आज्ञा यह कि सत्यग्राही वनो। आज जहाँ-जहाँ जो उठा सो सत्याग्रही होता है। वावा को भी व्यक्तिगत सत्याग्रही के नाते गाधीजी ने पेश किया था, लेकिन वावा जानता था वह कौन है, वह सत्याग्रही नही, सत्यग्राही है। हर मानव के पास सत्य का अश होता है, इसलिए मानव-जन्म सार्थक होता है। तो सव धर्मो मे, सव पन्थो मे, सव मानवो मे सत्य का जो अश है, उसको ग्रहण करना चाहिए। हमको सत्यग्राही वनना चाहिए, यह जो शिक्षा है महावीर की, वावा पर गीता के वाद उसीका असर है। गीता के वाद कहा, लेकिन जव देखता हूँ तो मुझे दोनो मे फरक ही नही दीखता है।

ब्रह्म-विद्या मन्दिर,
पवनार (वर्धा) २५-१२-'७४

राम हरि
राम हरि
राम हरि
हस्ताक्षर श्री विनोबाजी

भू मि का

'समणसुत्त' नामक इस ग्रन्थ की सरचना या सकलना आचार्य विनोवाजी की प्रेरणा से हुई है। उसी प्रेरणा के फलस्वरूप सगीति या वाचना हुई और उसमे इसके प्रारूप को स्वीकृति प्रदान की गयी। यह एक विशिष्ट ऐतिहासिक घटना है।

विश्व के समस्त धर्मो का मूल आधार है—आत्मा और परमात्मा। इन्ही दो तत्त्वरूप स्तम्भो पर धर्म का भव्य भवन खडा हुआ है। विश्व की कुछ धर्म-परम्पराएँ आत्मवादी होने के साथ-साथ ईश्वरवादी है और कुछ अनीश्वरवादी। ईश्वरवादी परम्परा वह है जिसमे सृष्टि का कर्ता-धर्ता या नियामक एक सर्वशक्तिमान् ईश्वर या परमात्मा माना जाता है। सृष्टि का सव-कुछ उसी पर निर्भर है। उसे ब्रह्मा, विधाता, परमपिता आदि कहा जाता है। इस परम्परा की मान्यता के अनुसार भूमण्डल पर जव-जव अधर्म वढता है, धर्म का ह्रास होता है, तव-तव भगवान् अवतार लेते है और दुष्टो का दमन करके सृष्टि की रक्षा करते है, उसमे सदाचार का वीज-वपन करते है।

अनीश्वरवादी परम्परा

दूसरी परम्परा आत्मवादी होने के साथ-साथ अनीश्वरवादी है जो व्यक्ति के स्वतत्र विकास मे विश्वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति या जीव अपना सम्पूर्ण विकास कर सकता है। अपने मे राग-द्वेष, विहीनता या वीत-रागता का सर्वोच्च विकास करके वह परमपद को प्राप्त करता है। वह स्वय ही अपना नियामक या सचालक है। वह स्वय ही अपना मित्र है, शत्रु है। जैनधर्म इसी परम्परा का अनुयायी स्वतन्त्र तथा वैज्ञानिक धर्म है। यह परम्परा सक्षेप में 'श्रमण-सस्कृति' के नाम से पहचानी जाती है। इस आध्यात्मिक परम्परा मे वौद्ध आदि अन्य धर्म भी आते है। ईश्वरवादी भारतीय परम्परा 'व्राह्मण-सस्कृति' के नाम से जानी जाती है।

प्राचीनता

किसी धर्म की श्रेष्ठता अथवा उपादेयता उसकी प्राचीनता अथवा अर्वाचीनता पर अवलम्बित नही होती, किन्तु यदि कोई धार्मिक परम्परा प्राचीन होने के साथ-साथ सुदीर्घकाल तक सजीव, सक्रिय एव प्रगतिशील रही है तथा लोक के उन्नयन, नैतिक विकास तथा सॉस्कृतिक समृद्धि मे प्रवल प्रेरक एव सहायक सिद्ध हुई है तो उसकी प्राचीनता उस धर्म के स्थायी महत्त्व तथा उसमे निहित सार्वकालिक एव सार्वभौमिक तत्त्वो की सूचक ही कही जा सकती है । जैनधर्म की परम्परा आचार और विचार दोनो दृष्टियो से नि सन्देह सुदूर अतीत तक जाती है । इतिहासज्ञो ने अव इस तथ्य को पूर्णतया स्वीकार कर लिया है कि तीर्थंकर वर्धमान महावीर जैनधर्म के मूल सस्थापक नही थे । उनसे पूर्व और भी तीर्थंकर हो गये है, जिन्होने जिनधर्म की पुनर्स्थापना की और उसकी प्राणधारा को आगे वढाया । यह ठीक है कि इतिहास की पहुँच जैनधर्म के मूल उद्‌गम तक नही है, किन्तु उपलव्ध पुरातात्त्विक एव साहित्यिक तथ्यो के निष्पक्ष विश्लेषण से अव यह निर्विवाद सिद्ध हो गया है कि जैनधर्म एक अति प्राचीन धर्म है । वातरशना मुनियो, केशियो, व्रात्य-क्षत्रियो के विपय मे ऋग्वेद, श्रीमद्‌भागवत आदि महत्त्वपूर्ण ग्रन्थो मे प्रचुर उल्लेख उपलव्ध है ।

जैन-इतिहास मे तिरसठ 'शलाका-पुरुषो' का वर्णन आता है । अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी नामक प्रत्येक सुदीर्घ कालखण्ड मे ये शलाका पुरुष होते है, जो मानव-सभ्यता के विकास मे अपने-अपने समय मे धर्म-नीति की प्रेरणा देते है । इन शलाका-पुरुषो मे २४ तीर्थंकरो का स्थान सर्वोपरि है । वर्तमान अवसर्पिणी कल्प मे, उसके चतुर्थ कालखण्ड मे जो २४ तीर्थंकर हुए है, उनमे सर्वप्रथम ऋषभदेव है जो राजा नाभि तथा माता मरुदेवी के पुत्र थे । इन्हे आदिनाथ, आदिब्रह्मा, आदीश्वर आदि भी कहा जाता है । सवसे अतिम, २४वे तीर्थंकर, महावीर ढाई हजार वर्ष पूर्व हो गये है । तथागत बुद्ध भी इन्हीके समकालीन थे । भगवान् महावीर के २५० वर्ष पूर्व, २३वे तीर्थंकर पार्श्वनाथ हो गये है, जो वाराणसी के राजा अश्वसेन के पुत्र थे । वौद्धागमो मे महावीर का उल्लेख तो निगठनातपुत्त के रूप मे मिलता ही है, पार्श्व-परम्परा का उल्लेख भी चातुर्याम-धर्म के रूप मे मिलता

है। महावीर भी पार्श्व-परम्परा के प्रतिनिधि थे। यो देखा जाय तो काल की अविच्छिन्न धारा मे न तो ऋषभदेव प्रथम है और न महावीर अंतिम। यह परम्परा तो अनादि-अनन्त है—न जाने कितनी चौवीसियाँ हो गयी है और आगे होगी।

सास्कृतिक विकास की दृष्टि से विचार करने पर ज्ञात होता है कि पारमार्थिक अथवा आध्यात्मिक भूमिका की अपेक्षा से वैदिक तथा श्रमण सस्कृतियो मे विशेष अन्तर नही है, फिर भी व्यावहारिक क्षेत्र मे, दोनो के तत्त्वज्ञान, आचार और दर्शन मे अन्तर स्पष्ट है। दोनो सस्कृतियाँ आपस मे काफी प्रभावित रही है, उनमे आदान-प्रदान होता रहा है और सामाजिक परिवेश तो दोनो का लगभग एक ही रहा है। जो अन्तर दिखाई पडता है, वह भी ऐसा नही है कि समझ मे न आ सके। वल्कि, यह तो मनुष्य-सभ्यता के विकास के स्तरो को समझने मे वहुत सहायक है। भारत के समृद्ध प्राचीन साहित्य मे दोनो सस्कृतियो या परम्पराओ के पारस्परिक प्रभाव तथा आदान-प्रदान के विपुल दृश्य देखने को मिलते है। एक ही परिवार मे विभिन्न विचारो के लोग अपने-अपने ढग से धर्म-साधना करते थे।

आत्मवाद

आज जिसे हम जैनधर्म कहते है, प्राचीन काल मे उसका और कोई नाम रहा होगा। यह सत्य है कि 'जैन,' शब्द 'जिन' से वना है, फिर भी 'जैन' शब्द अपेक्षाकृत अर्वाचीन है। भगवान् महावीर के समय मे इसका वोधक शब्द 'निर्ग्रन्थ' या 'निर्ग्रन्थप्रवचन' था। इसे कही-कही 'आर्यधर्म' भी कहा गया है। पार्श्वनाथ के समय मे इसे 'श्रमणधर्म' भी कहा जाता था। पार्श्वनाथ के पूर्ववर्ती २२वे तीर्थकर अरिष्टनेमि के समय मे इसे 'अर्हत्धर्म' भी कहा जाता था। अरिष्टनेमि कर्मयोगी शलाका-पुरुष श्रीकृष्ण के चचेरे भाई थे। श्रीकृष्ण के द्वारा गाय की सेवा तथा गोरस का प्रचार वस्तुत अहिंसक समाज रचना की दिशा मे एक मगल प्रयास था। विहार प्रदेश मे भी जैनधर्म आर्हत्धर्म के नाम से प्रचलित रहा है। २१वे तीर्थंकर राजर्षि नमि मिथिला के थे। इतिहास के पर्दे पर समय-समय पर अनेक नामपट वदलते रहे होगे लेकिन इतना कहा जा सकता है कि इस धर्म का, इस परम्परा और सस्कृति का मूल सिद्धान्त वीज-रूप मे वही रहा है जो आज है और

वह है आत्मवाद, अनेकान्तवाद। इसी आत्मवाद की उर्वरभूमि पर जैन धर्म-परम्परा का कल्पतरु फलता-फूलता रहा है। जैनधर्म के साधु आज भी 'श्रमण' कहलाते हैं। 'श्रमण' शब्द श्रम, समता तथा विकार-शमन का परिचायक है। उसमे प्रभूत अर्थ निहित है।

जैनधर्म का अर्थ है जिनोपदिष्ट या जिनप्रवर्तित कल्याण-मार्ग। 'जिन' वे कहलाते हैं जिन्होने अपने देहगत और आत्मगत अर्थात् वाह्याभ्यन्तर विकारो पर विजय प्राप्त कर ली है। आत्मा के सवसे प्रवल शत्रु है राग-द्वेप मोहादि विकार। इसलिए 'जैन' शव्द अपने मे एक अर्थ रखता है—यह जाति वर्ग का द्योतक नही है। जो भी 'जिन' के मार्ग पर चलता है, आत्मोपलव्धि के पथ का अनुसरण करता है, वह जैन है।

वीतराग-विज्ञानता

जैनधर्म का लक्ष्य पूर्ण वीतराग-विज्ञानता की प्राप्ति है। यह वीतराग-विज्ञान मगलमय है, मगल करनेवाला है, इसीके आलोक मे मनुष्य 'अरहन्त' पद को प्राप्त करता है। यह वीतरागता सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्ररूपी रत्नत्रय की समन्वित साधना से उपलव्ध होती है। श्रद्धा, ज्ञान और चारित्र का मिला-जुला पथ ही व्यक्ति को मुक्ति या सिद्धि तक ले जाता है। दर्शन, ज्ञान और चारित्र मिलकर ही मनुष्य को पूर्णता प्रदान करते है। जैनधर्म की सवसे प्रथम और मूलभूत सिखावन यही है कि श्रद्धापूर्वक विवेक की आँख से ससार को देखकर उसका यथार्थ ज्ञान प्राप्त करो और उसे जीवन मे उतारो। लेकिन सम्पूर्ण आचार-विचार का केन्द्र-विन्दु वीतरागता की उपलव्धि है। वीतरागता के समक्ष वडे से वडा ऐश्वर्य व्यर्थ है। प्रवृत्ति हो या निवृत्ति, गार्हस्थ्य हो या श्रामण्य, दोनो स्थितियो मे अन्तरात्मा मे निरन्तर वीतरागता की वृद्धि ही श्रेयस्कर मानी गयी है। किन्तु अनेकान्त-दृष्टि के विना वीतरागता की उपलव्धि का मार्ग नही मिलता। यह अनेकान्त-दृष्टि ही है जो प्रवृत्ति मे भी निवृत्ति, और निवृत्ति मे भी प्रवृत्ति के दर्शन कराकर यथार्थ और निवृत्ति का मार्गदर्शन कराती है।

अहिंसा

जैन-आचार का मूल अहिंसा है। उस अहिसा का पालन अनेकान्त-दृष्टि के विना सभव नही है। क्योकि जैन दृष्टि से हिसा नही करते हुए भी

मनुष्य हिंसक हो सकता है और हिंसा करते हुए भी हिंसक नही होता। मछली मारने की भावना से पानी मे जाल डालकर बैठा हुआ व्यक्ति मछली के न फँसने पर भी हिंसक है, क्योकि उसका भाव मछली मारने का है और खेत जोतते समय किसान के द्वारा क्षुद्र जीवो के मरते हुए भी वह हिंसक नही है, क्योकि उसका भाव अन्न उपजाने का है, जीवो को मारने का नही। अत जैनधर्म मे हिंसा और अहिंसा कर्ता के भावो पर अवलम्बित है, क्रिया पर नही। यदि वाह्यत होनेवाली हिंसा को ही हिंसा माना जाये तब तो कोई अहिंसक हो नही सकता क्योकि जगत मे सर्वत्र जीव है और उनका घात होता रहता है। इसलिए जो सावधानतापूर्वक प्रवृत्ति करता है उसके भावो मे अहिंसा है, अत वह अहिंसक है और जो अपनी प्रवृत्ति मे सावधान नही है उसके भावो मे हिंसा है, अत वह हिंसा नही करने पर भी हिंसक होता है। यह सब विश्लेषण अनेकान्त-दृष्टि के विना सभव नही है। अत अनेकान्त-दृष्टि-सम्पन्न मनुष्य ही सम्यग्दृष्टि माना गया है और सम्यग्दृष्टि ही सम्यग्ज्ञानी और सम्यक्चारित्रशील होता है। जिसकी दृष्टि सम्यक् नही है उसका ज्ञान भी सच्चा नही है और न आचार ही यथार्थ है। इसी-से जैन-मार्ग मे सम्यक्त्व या सम्यग्दर्शन का विशेष महत्त्व है। वही मोक्षमार्ग की आधार-शिला है।

संसार एक वन्धन है। उस वन्धन मे जीव अनादिकाल से पडा है, उसमे वह अपने यथार्थ स्वरूप को भूल उस वन्धन को ही अपना स्वरूप मानकर उसमे रम रहा है और उसकी यह भूल ही उसके इस वन्धन का मूल है। अपनी इस भूल पर दृष्टि पडते ही जब उसकी दृष्टि अपने स्वरूप की ओर जाती है कि मै चैतन्यशक्ति-सम्पन्न हूँ और भौतिक ऊर्जा शक्ति से भी विशिष्ट शक्ति मेरा चैतन्य है जो अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख और अनन्त-शक्ति का भण्डार है यह श्रद्धा जगते ही उसे सम्यग्दृष्टि प्राप्त होती है और तब वह सम्यक् आचार के द्वारा अपने यथार्थ स्वरूप मे स्थिर होने का प्रयत्न करता है। अत जैनधर्म का आचारमार्ग सम्यग्ज्ञानपूर्वक वीतरागता तक पहुँचने का राजमार्ग है।

अनेकान्त

मानव का ज्ञान तो इस विशाल जगत मे सदैव व्यक्ति का अधिक से अधिक ज्ञान भी सीमित, अपूर्ण और एकांगी ही है। यह वस्तु के अनन्त

गुणो का समग्र अनुभव एक साथ कर ही नही पाता, अभिव्यक्ति तो दूर की वात है। भापा की असमर्थता और शब्दार्थ की सीमा जहाँ-तहाँ झगडे और विवाद पैदा करती है। मनुष्य का अह उसमे और वृद्धि करता है। लेकिन अनेकान्त समन्वय का, विरोध-परिहार का मार्ग प्रशस्त करता है। सवके कथन में सत्याश होता है और उन सत्याशो को समझकर विवाद को सरलता से दूर किया जा सकता है। जिसका अपना कोई हठ या कदाग्रह नही होता, वही अनेकान्त के द्वारा गुत्थियो को भलीभाँति सुलझा सकता है। यो प्रत्येक मनुष्य अनेकान्त मे जीता है, परन्तु उसके ध्यान मे नही आ रहा है कि वह ज्योति कहाँ है जिससे वह प्रकाशित है। आँखो पर जव तक आग्रह की पट्टी बँधी रहती है, तव तक वस्तुस्वरूप का सही दर्शन नही हो सकता। अनेकान्त वस्तु या पदार्थ की स्वतत्र सत्ता का उद्घोष करता है। विचार-जगत् मे अहिसा का मूर्तरूप अनेकान्त है। जो अहिसक होगा वह अनेकान्ती होगा और जो अनेकान्ती होगा, वह अहिसक होगा।

आज जैनधर्म का जो कुछ स्वरूप उपलब्ध है, वह महावीर की देशना से अनुप्राणित है। आज उन्हीका धर्मशासन चल रहा है। महावीर दर्शन और धर्म के समन्वयकार थे। ज्ञान, दर्शन एव आचरण का समन्वय ही मनुष्य को दु ख-मुक्ति की ओर ले जाता है। ज्ञानहीन कर्म और कर्महीन ज्ञान—दोनो व्यर्थ है। ज्ञात सत्य का आचरण और आचरित सत्य का ज्ञान—दोनो एक साथ होकर ही सार्थक होते है।

वस्तु स्वभाव धर्म

जैन-दर्शन की यह देन वडी महत्त्वपूर्ण है कि वस्तु का स्वभाव ही धर्म है—वत्थु सहावो धम्मो। सृष्टि का प्रत्येक पदार्थ अपने स्वभावानुसार प्रवर्तमान है। उसका अस्तित्व उत्पत्ति, स्थिति और विनाश से युक्त है। पदार्थ अपने स्वभाव से च्युत नही होता—वह जड हो या चेतन। सत्ता के रूप मे वह सदैव स्थित है, पर्याय की अपेक्षा वह निरन्तर परिवर्तनशील है। इसी त्रिपदी पर सम्पूर्ण जैनदर्शन का प्रासाद खडा है। इसी त्रिपदी के आधार पर सम्पूर्ण लोक-व्यवस्था का प्रतिपादन जैन-दर्शन की विशेषता है। पड्द्रव्यो की स्थिति से स्पष्ट है कि यह लोक अनादि अनन्त है, इसका कर्ता-धर्ता या निर्माता कोई व्यक्ति-विशेष या

शक्ति-विशेष नहीं है। देश-काल से परे, वस्तुस्वभाव के आधार पर आत्मा की सत्ता स्वीकार करने पर समाज में विषमता, वर्गभेद, वर्णभेद आदि का स्थान ही नहीं रह जाता। ऐसी स्थिति में, व्यवहार-जगत् में महावीर जैसा वीतराग तत्त्वदर्शी यही कह सकता है कि समभाव ही अहिंसा है, मन में ममत्व का भाव न होना ही अपरिग्रह है। सत्य शास्त्र में नहीं अनुभव में है, ब्रह्म में चर्या करना ही ब्रह्मचर्य है। कर्म से ही मनुष्य ब्राह्मण होता है, कर्म से ही क्षत्रिय, कर्म से ही वैश्य और कर्म से ही शूद्र। चारित्रहीन व्यक्ति को सम्प्रदाय और वेश, धन और बल, सत्ता और ऐश्वर्य, ज्ञान और पोथियाँ त्राण नहीं देते। देवी-देवताओं या प्रकृति की विभिन्न शक्तियों को प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह के कर्मकांडी अनुष्ठानों में भी मानव को त्राण नहीं मिल सकता। आत्म-प्रतीति, आत्मज्ञान और आत्म-लीनता—निजानन्द रसलीनता ही मनुष्य को मुक्ति दिलाती है। निश्चयतः यही सम्यक्त्व है। महावीर सही अर्थों में निर्ग्रन्थ थे—ग्रन्थ और ग्रंथियों को भेदकर ही वे देह में भी विदेह थे। उन्हींकी निरक्षरी सर्वबोधगम्य पीयूषवर्षिणी वाणी की अनुगूंज वातावरण में है।

श्रावकाचार

साधना शक्त्यनुकूल ही हो सकती है। इसीलिए जैन आचार-मार्ग को श्रावकाचार और श्रमणाचार इन दो विभागों में विभाजित किया गया है। श्रावकों का आचार श्रमणों की अपेक्षा सरल होता है, क्योंकि वे गृह-त्यागी नहीं होते और समाज के व्यापारों में लगे रहते हैं। किन्तु श्रावक अपने आचार के प्रति निरन्तर सचेत रहता है और उसका लक्ष्य श्रमणधर्म की ओर बढ़ने का होता है। जब श्रावक की आत्मशक्ति बढ़ जाती है और रागद्वेषादि विकारों पर क्रोधादि कषायों पर उसका नियंत्रण बढ़ने लगता है, तब वह धीरे-धीरे एक-एक श्रेणी बढ़कर श्रमण-पथ पर विचरने लगता है। बारह व्रतों का धीरे-धीरे निरतिचार पालन करते हुए और एकादश श्रेणियों को उत्तीर्ण कर श्रावक श्रमणदशा में पहुँचता है। वस्तुतः देखा जाय तो श्रावक-धर्म श्रमणधर्म का आधार या पूरक है। यह उल्लेखनीय बात है कि जैनधर्म का सम्पूर्ण आचार आत्मलक्षी है, और श्रावक तथा श्रमण के लिए व्यवस्थित, क्रमिक विकासोन्मुख ऊर्ध्वगामी संहिता उपलब्ध है। केवल नीति-उपदेश

या पारस्परिक व्यवहार की दृष्टि से आचार-नियमो का प्रतिपादन जैनधर्म मे नही है। शक्ति की सापेक्षता एव विकास की प्रक्रिया मे वाह्य क्रियाकाण्ड या रूढिगत लोकमूढता, देवमूढता या गुरुमूढता को उसमे कतई स्थान नही है। अणुव्रतादि का पालन श्रावक को जहाँ साधक वनने की प्रेरणा देता है, वहाँ वह समाज के सुसचालन मे भी अपूर्व भूमिका निभाता है।

ग्रन्थ-परिचय

'समणसुत्त' ग्रन्थ मे जैन धर्म-दर्शन की सारभूत वातो का, सक्षेप मे, क्रमपूर्वक सकलन किया गया है। ग्रन्थ मे चार खण्ड है और ४४ प्रकरण है। कुल मिलाकर ७५६ गाथाएँ है।

ग्रथ की सरचना या सकलना प्राकृत गाथाओ मे की गयी है, जो गेय है तथा पारायण करने योग्य है। जैनाचार्यों ने प्राकृत गाथाओ को सूत्र कहा है। प्राकृत के सुत्त शब्द का अर्थ सूत्र, सूक्त तथा श्रुत भी होता है। जैन-परम्परा मे सूत्र शब्द रूढ है। इसीलिए ग्रथ का नाम, 'समणसुत्त' (श्रमणसूत्रम्) रखा गया है। गाथाओ का चयन प्राय प्राचीन मूल ग्रन्थो से किया गया है। अत यह समणसुत्त आगमवत् स्वत प्रमाण है।

प्रथम खण्ड 'ज्योतिर्मुख' है, जिसमे व्यक्ति 'खाओ पीओ मौज उडाओ' की निम्न भौतिक भूमिका या वाह्य जीवन से ऊपर उठकर आभ्यन्तर जीवन के दर्शन करता है। वह विषय-भोगो को असार, दु खमय तथा जन्म जरा मरण रूप ससार का कारण जानकर, इनसे विरक्त हो जाता है। राग-द्वेष को ही अपना सवसे वडा शत्रु समझकर वह हर प्रकार से इनके परिहार का उपाय करने लगता है और क्रोध मान माया व लोभ के स्थान पर क्षमा। मार्दव, सरलता व सन्तोष आदि गुणो का आश्रय लेता है। कषायो का निग्रह करके विषय-गृद्ध इन्द्रियो को सयमित करता है। सभी प्राणियो को आत्मवत् देखता हुआ उनके सुख-दु ख का वेदन करने लगता है और दूसरो की आवश्यकताओ का सम्मान करते हुए परिग्रह का यथाशक्ति त्याग करता है। स्व व पर के प्रति सदा जागरूक रहता है तथा यतनाचारपूर्वक मोक्षमार्ग मे निर्भय विचरण करने लगता है।

द्वितीय खण्ड 'मोक्षमार्ग' है। इसमे पदार्पण करने पर व्यक्ति की समस्त शकाएँ, भययुक्त सवेदनाए, आकाक्षाएँ तथा मूढताएँ, श्रद्धा ज्ञान व चारित्र

अथवा भक्ति ज्ञान कर्म की समन्वित त्रिवेणी मे धुल जाती है। इष्टानिष्ट के समस्त द्वन्द्व समाप्त हो जाते है तथा समता व वात्सल्य का झरना फट पडता है। सासारिक भोगो के प्रति विरत होकर उसका चित्त प्रशान्त हो जाता है। घर म रहते हुए भी वह जल मे कमल की भॉति अलिप्त रहता है। व्यापार-धन्धा आदि सव कुछ करते हुए भी वह कुछ नही करता। श्रावक तथा श्रमण श्रमण धर्म का अवलम्वन लेकर उसका चित्त सहज ही ज्ञान-वैराग्य तथा ध्यान की विविध श्रेणियो को उत्तीर्ण करते हुए धीरे-धीरे ऊपर उठने लगता है, यहॉ तक कि उसकी समस्त वासनाएँ निर्मूल हो जाती है, ज्ञान-सूर्य पूरी प्रखरता के साथ चमकने लगता है और आनन्द-सागर हिलोरे लेने लगता है। जव तक देह है, तव तक वह अर्हन्त या जीवन्मुक्त दशा मे दिव्य उपदेशो के द्वारा जगत् मे कल्याणमार्ग का उपदेश करते हुए विचरण करता है, और जव दह स्थिति या आयु पूर्ण हो जाती है तव सिद्ध या विदेह दशा को प्राप्त कर सदा के लिए आनन्द-सागर मे लीन हो जाती है।

तृतीय खण्ड 'तत्त्व-दर्शन' है, जिसमे जीव-अजीव आदि सप्त तत्त्वो का अथवा पुण्य-पाप आदि नौ पदार्थों का विवेचन है। जीवात्मा पुद्गल-परमाणु आदि षट् द्रव्यो का परिचय देकर उनके सयोग व विभाग द्वारा विश्व सृष्टि की अकृत्रिमता तथा अनादि-अनन्तता प्रतिपादित की गयी है।

चतुर्थ खण्ड 'स्याद्वाद' है। ऊपर अनकान्त का सक्षिप्त परिचय दिया जा चुका है। यही जैनदर्शन का प्रधान न्याय है। इस खण्ड मे प्रमाण, नय, निक्षेप, व सप्तभगी जैसे गूढ व गम्भीर विषयो का हृदयग्राही, सरल व सक्षिप्त परिचय दिया गया है। अन्त मे वीरस्तवन के साथ ग्रन्थ समाप्त होता है।

कहा जा सकता है कि इन चार खण्डो मे अथवा ७५६ गाथाओ मे जैनधर्म, तत्त्व-दर्शन तथा आचार-मार्ग का सर्वाङ्गीण सक्षिप्त परिचय आ गया है। यो तो जैन-वाङमय विपुल है और एक-एक शाखा पर अनेक ग्रथ उपलब्ध है। सूक्ष्मतापूर्वक अध्ययन करने के लिए तो निश्चय ही उन ग्रन्थो का सहारा लेना आवश्यक है। किन्तु साम्प्रदायिक अभिनिवेश से परे, मूलरूप मे जैनधर्म-सिद्धान्त का, आचार-प्रणाली का, जीवन के क्रमिक-विकास की प्रक्रिया का, सर्वसाधारण को परिचय कराने के लिए यह एक सर्वसम्मत प्रातिनिधिक ग्रन्थ है। जैन जयति शासनम्।

अनुक्रम

प्रथम खण्ड   ज्योतिर्मुख

		गाथाएँ
१	मंगलसूत्र	१–१६
२	जिनशासनसूत्र	१७–२४
३	संघसूत्र	२५–३१
४	निरूपणसूत्र	३२–४४
५	संसारचक्रसूत्र	४५–५५
६	कर्मसूत्र	५६–६६
७	मिथ्यात्वसूत्र	६७–७०
८	रागपरिहारसूत्र	७१–८१
९	धर्मसूत्र	८२–१२१
१०	संयमसूत्र	१२२–१३९
११	अपरिग्रहसूत्र	१४०–१४६
१२	अहिंसासूत्र	१४७–१५९
१३	अप्रमादसूत्र	१६०–१६९
१४	शिक्षासूत्र	१७०–१७६
१५	आत्मसूत्र	१७७–१९१

द्वितीय खण्ड   मोक्षमार्ग

१६	मोक्षमार्गसूत्र	१९२–२०७
१७	रत्नत्रयसूत्र	२०८–२१८
१८	सम्यक्त्वसूत्र	२१९–२४४
१९	सम्यग्ज्ञानसूत्र	२४५–२६१
२०	सम्यक्चारित्रसूत्र	२६२–२८७
२१	साधनासूत्र	२८८–२९५
२२	द्विविधधर्मसूत्र	२९६–३००
२३	श्रावकधर्मसूत्र	३०१–३३५
२४	श्रमणधर्मसूत्र	३३६–३६३
२५	व्रतसूत्र	३६४–३८३
२६	समितिगुप्तिसूत्र	३८४–४१६
२७	आवश्यकसूत्र	४१७–४३८
२८	तपसूत्र	४३९–४८३
२९	ध्यानसूत्र	४८४–५०४
३०	अनुप्रेक्षासूत्र	५०५–५३०
३१	लेश्यासूत्र	५३१–५४५
३२	आत्मविकाससूत्र (गुणस्थान)	५४६–५६६
३३	संलेखनासूत्र	५६७–५८७

तृतीय खण्ड तत्त्व-दर्शन

		गाथाएँ			गाथाएँ
३४	तत्त्वसूत्र	५८८–६२३	३६	सृष्टिसूत्र	६५१–६५६
३५	द्रव्यसूत्र	६२४–६५०			

चतुर्थ खण्ड स्याद्वाद

३७	अनेकान्तसूत्र	६६०–६७३	४१	समन्वयसूत्र	७२२–७३६
३८	प्रमाणसूत्र	६७४–६८९	४२	निक्षेपसूत्र	७३७–७४४
३९	नयसूत्र	६९०–७१३	४३	समापन	७४५–७४९
४०	स्याद्वाद व सप्तीभंगीसूत्र	७१४–७२१	४४	वीर-स्तवन	७५०–७५६

परिशिष्ट १ गाथानुक्रमणिका पृष्ठ २४५-२५७

२ पारिभाषिक शब्द-कोश ,, २५९-२७६

समणसुत्तं

प्रथम खण्ड

ज्योतिर्मुख

१. मङ्गलसूत्र

१. **णमो अरहंताणं। णमो सिद्धाणं। णमो आयरियाणं।**
णमो उवज्झायाणं। णमो लोए सव्वसाहूणं ॥१॥
नम अर्हद्भ्य। नम सिद्धेभ्य। नम आचार्येभ्य।
नम उपाध्यायेभ्य। नमो लोके सर्वसाधुभ्य ॥१॥

२. **एसो पंचणमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो।**
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं ॥२॥
एष पचनमस्कार, सर्वपापप्रणाशन।
मङ्गलेषु च सर्वेषु, प्रथम भवति मङ्गलम् ॥२॥

३-५. **अरहंता मंगलं। सिद्धा मंगलं। साहू मंगलं।**
केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं ॥३॥
अरहंता लोगुत्तमा। सिद्धा लोगुत्तमा। साहू लोगुत्तमा।
केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो ॥४॥
अरहंते सरणं पव्वज्जामि। सिद्धे सरणं पव्वज्जामि।
साहू सरणं पव्वज्जामि।
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि ॥५॥

अर्हन्त मङ्गलम्। सिद्धा मङ्गलम्। साधव मङ्गलम्।
केवलिप्रज्ञप्त धर्म मङ्गलम् ॥३॥
अर्हन्त. लोकोत्तमा। सिद्धा लोकोत्तमा। साधव लोकोत्तमा।
केवलिप्रज्ञप्त धर्म लोकोत्तम ॥४॥
अर्हत शरण प्रपद्ये। सिद्धान् शरण प्रपद्ये। साधून् शरण प्रपद्ये।
केवलिप्रज्ञप्त धर्म शरण प्रपद्ये ॥५॥

१. मङ्गलसूत्र

१ अर्हतो को नमस्कार।
सिद्धो को नमस्कार।
आचार्यो को नमस्कार।
उपाध्यायो को नमस्कार।
लोकवर्ती सर्वसाधुओ को नमस्कार।।

२ यह पच नमस्कार मन्त्र सब पापो का विनाश करनेवाला है और
समस्त मगलो मे प्रथम मगल है।

३–५ अर्हत् मगल है।
सिद्ध मगल है।
साधु मगल है।
केवलिप्रणीत धर्म मगल है।
अर्हत् लोकोत्तम है।
सिद्ध लोकोत्तम है।
साधु लोकोत्तम है।
केवलि-प्रणीत धर्म लोकोत्तम है।
अर्हतो की शरण लेता हूँ।
सिद्धो की शरण लेता हूँ।
साधुओ की शरण लेता हूँ।
केवलि-प्रणीत धर्म की शरण लेता हूँ।

६. झायहि पंच वि गुरवे, मंगलचउसरणलोयपरियरिए ।
णर-सुर-खेयर-महिए, आराहणणायगे वीरे ॥६॥
ध्यायत पञ्च अपि गुरून्, मङ्गल-चतु शरण-लोकपरिकरितान् ।
नरसुरखेचरमहितान्, आराधननायकान् वीरान् ॥६॥

७ घणघाइकम्ममहणा, तिहुवणवरभव्व-कमलमत्तंडा ।
अरिहा अणंतणाणी, अणुवमसोक्खा जयंतु जए ॥७॥
घनघातिकर्ममथना, त्रिभुवनवरभव्यकमलमार्तण्डा ।
अर्हा (अर्हन्त) अनन्तज्ञानिन, अनुपमसौख्या जयन्तु जगति ॥

८. अट्ठविहकम्मवियला, णिट्ठियकज्जा पणट्ठसंसारा ।
दिट्ठसयलत्थसारा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥८॥
अष्टविधकर्मविकला, निष्ठितकार्या प्रणष्टससारा ।
दृष्टसकलार्थसारा, सिद्धा सिद्धिं मम दिशन्तु ॥८॥

९. पचमहव्वयतुंगा, तक्कालिय-सपरसमय-सुदधारा ।
णाणागुणगणभरिया, आइरिया मम पसीदंतु ॥९॥
पञ्चमहाव्रततुङ्गा, तत्कालिकस्वपरसमयश्रुतधारा ।
नानागुणगणभरिता, आचार्या मम प्रसीदन्तु ॥९॥

१०. अण्णाणघोरतिमिरे, दुरंततीरम्हि हिंडमाणाणं ।
भवियाणुज्जोययरा, उवज्झाया वरमदिं देंतु ॥१०॥
अज्ञानघोरतिमिरे, दुरन्ततीरे हिण्डमानानाम् ।
भव्यानाम् उद्योतकरा, उपाध्याया वरमतिं ददतु ॥१०॥

११. थिरधरियसीलमाला, ववगयराया जसोहपडिहत्था ।
बहुविणयभूसियंगा, सुहाइं साहू पयच्छंतु ॥११॥
स्थिरधृतशीलमाला, व्यपगतरागा यशओघप्रतिहस्ता. ।
बहुविनयभूषिताङ्गा, सुखानि साधव प्रयच्छन्तु ॥११॥

१२. अरिहंता, असरीरा, आयरिया, उवज्झाय मुणिणो ।
पंचक्खरनिप्पण्णो, ओंकारो पंच परमिट्ठी ॥१२॥
अर्हन्त अशरीरा, आचार्या उपाध्याय मुनय. ।
पञ्चाक्षरनिष्पन्न, ओङ्कार पञ्च परमेष्ठिन ॥१२॥

६ मगलस्वरूप, चतु शरणरूप तथा लोकोत्तम, परम आराध्य एव नर-सुर-विद्याधरो द्वारा पूजित, कर्मशत्रु के विजेता पच गुरुओ (परमेष्ठी) का ध्यान करना चाहिए।

७ सघन घातिकर्मों का आलोडन करनेवाले, तीनो लोको मे विद्यमान भव्यजीवरूपी कमलो को विकसित करनेवाले सूर्य, अनन्तज्ञानी और अनुपम सुखमय अर्हत् की जगत् मे जय हो।

८ अष्टकर्मो से रहित, कृतकृत्य, जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त तथा सकल तत्त्व-रहस्य के द्रष्टा सिद्ध मुझे सिद्धि प्रदान करे।

९ पच महाव्रतो से समुन्नत, तत्कालीन स्वसमय और पर-समय रूप श्रुत के ज्ञाता तथा नाना गुणसमूह से परिपूर्ण आचार्य मुझ पर प्रसन्न हो।

१० जिसका ओर-छोर पाना कठिन है, उस अज्ञानरूपी घोर अधकार मे भटकनेवाले भव्य जीवो के लिए ज्ञान का प्रकाश देनेवाले उपाध्याय मुझे उत्तम गति प्रदान करे।

११ शीलरूपी माला को स्थिरतापूर्वक धारण करनेवाले, राग-रहित, यश समूह से परिपूर्ण तथा प्रवर विनय से अलकृत शरीर-वाले साधु मुझे सुख प्रदान करे।

१२ अर्हत्, अशरीरी (सिद्ध), आचार्य, उपाध्याय तथा मुनि—इन पाँचो के प्रथम पाँच अक्षरो (अ + अ + आ + उ + म) को मिलाकर ॐ (ओकार) वनता है जो पच-परमेष्ठी का वाचक है—वीजरूप है।

१३. उसहमजियं च वंदे, संभवमभिणंदणं च सुमइं च ।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे ॥१३॥
ऋषभमजितं च वन्दे, सम्भवमभिनन्दनं च सुमतिं च ।
पद्मप्रभं सुपार्श्वं, जिनं च चन्द्रप्रभं वन्दे ॥१३॥

१४ सुविहिं च पुप्फयंतं, सीयल सेयंस वासुपुज्जं च ।
विमलमणंत-भयवं, धम्मं संतिं च वंदामि ॥१४॥
सुविधिं च पुष्पदन्तं, शीतलं श्रेयांसं वासुपूज्यं च ।
विमलम् अनन्तभगवन्तं, धर्मं शान्तिं च वन्दे ॥१४॥

१५. कुंथुं च जिणवरिंदं, अरं च मल्लिं च सुव्वयं च णमिं ।
वंदामि रिट्ठणेमिं, तह पासं वड्ढमाणं च ॥१५॥
कुन्थुं च जिनवरेन्द्रम्, अरं च मल्लिं च सुव्रतं च नमिम् ।
वन्दे अरिष्टनेमिं, तथा पार्श्वं वर्धमानं च ॥१५॥

१६. चंदेहिं णिम्मलयरा, आइच्चेहिं अहियं पयासंता ।
सायरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥१६॥
चन्द्रैर्निर्मलतरा, आदित्यैः अधिकं प्रकाशमाना ।
सागरवरगम्भीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिशन्तु ॥१६॥

२. जिनशासनसूत्र

१७ जमल्लीणा जीवा, तरंति संसारसायरमणंतं ।
तं सव्वजीवसरणं, णंददु जिणसासणं सुइरं ॥१॥
यद् आलीना जीवा, तरन्ति संसारसागरमनन्तम् ।
तत् सर्वजीवशरणं, नन्दतु जिनशासनं सुचिरम् ॥१॥

१८. जिणवयणमोसहमिणं, विसयसुह-विरेयणं अमिदभूयं ।
जरमरणवाहिहरणं, खयकरणं सव्वदुक्खाणं ॥२॥
जिनवचनमौषधमिदं, विषयसुखविरेचनम्-अमृतभूतम् ।
जरामरणव्याधिहरणं, क्षयकरणं सर्वदुःखानाम् ॥२॥

१३ मै १ ऋषभ, २ अजित, ३ सम्भव, ४ अभिनन्दन, ५ सुमति, ६ पद्मप्रभु, ७ सुपार्श्व तथा ८ चन्द्रप्रभु को वन्दन करता हूँ।

१४ मै ९ सुविधि (पुष्पदन्त), १० शीतल, ११ श्रेयास, १२ वासुपूज्य, १३ विमल, १४ अनन्त, १५ धर्म, १६ शान्ति को वन्दन करता हूँ।

१५ मै १७ कुन्थु, १८ अर, १९ मल्लि, २० मुनिसुव्रत, २१ नमि, २२ अरिष्टनेमि, २३ पार्श्व तथा २४ वर्धमान को वन्दन करता हूँ।

१६ चन्द्र से अधिक निर्मल, सूर्य से अधिक प्रकाश करनेवाले, सागर की भाँति गम्भीर सिद्ध भगवान् मुझे सिद्धि (मुक्ति) प्रदान करें।

२. जिनशासनसूत्र

१७ जिसमे लीन होकर जीव अनन्त ससार-सागर को पार कर जाते है तथा जो समस्त जीवो के लिए शरणभूत है, वह जिनशासन चिरकाल तक समृद्ध रहे।

१८ यह जिनवचन विषयसुख का विरेचन, जरा-मरणरूपी व्याधि का हरण तथा सब दु खो का क्षय करनेवाला अमृततुल्य औषध है।

१९. अरहंतभासियत्थं, गणहरदेवेहिं गंथियं सम्मं ।
पणमामि भत्तिजुत्तो, सुदणाणमहोदहिं सिरसा ॥३॥
अर्हद्भाषितार्थं, गणधरदेवैः ग्रन्थितं सम्यक् ।
प्रणमामि भक्तियुक्तः, श्रुतज्ञानमहोदधिं शिरसा ॥३॥

२०. तस्स मुहुग्गदवयणं, पुव्वावरदोसविरहियं सुद्धं ।
आगममिदि परिकहियं, तेण दु कहिया हवंति तच्चत्था ॥४॥
तस्य मुखोद्गतवचनं, पूर्वापरदोषविरहितं शुद्धम् ।
'आगम' इति परिकथितं, तेन तु कथिता भवन्ति तथ्यार्थाः ॥४॥

२१. जिणवयणे अणुरत्ता, जिणवयणं जे करेंति भावेण ।
अमला असंकिलिट्ठा, ते होंति परित्तसंसारी ॥५॥
जिनवचनेऽनुरक्ताः, जिनवचनं ये कुर्वन्ति भावेन ।
अमला असंक्लिष्टाः, ते भवन्ति परीतसंसारिणः ॥५॥

२२. जय वीयराय ! जयगुरू ! होउ मम तुह पभावओ भयवं !
भवणिव्वेओ मग्गाणुसारिया इट्ठफलसिद्धी ॥६॥
जय वीतराग ! जगद्गुरो ! भवतु मम तव प्रभावतो भगवन् !
भवनिर्वेदः मार्गानुसारिता इष्टफलसिद्धिः ॥६॥

२३. ससमय-परसमयविऊ, गंभीरो दित्तिमं सिवो सोमो ।
गुणसयकलिओ जुत्तो, पवयणसारं परिकहेउं ॥७॥
स्वसमय-परसमयवित्, गम्भीरः दीप्तिमान् शिवः सोमः ।
गुणशतकलितः युक्तः, प्रवचनसारं परिकथयितुम् ॥७॥

२४. जं इच्छसि अप्पणतो, जं च ण इच्छसि अप्पणतो ।
तं इच्छ परस्स वि या, एत्तियगं जिणसासणं ॥८॥
यदिच्छसि आत्मतः, यच्च नेच्छसि आत्मतः ।
तदिच्छ परस्यापि च, एतावत्कं जिनशासनम् ॥८॥

१९ जो अर्हत् के द्वारा अर्थरूप मे उपदिष्ट है तथा गणधरो के द्वारा सूत्ररूप मे सम्यक् गुफित है, उस श्रुतज्ञानरूपी महासिन्धु को मै भक्तिपूर्वक सिर नवाकर प्रणाम करता हूँ ।

२० अर्हत् के मुख से उद्भूत, पूर्वापरदोप-रहित शुद्ध वचनो को आगम कहते है । उस आगम मे जो कहा गया है वही सत्यार्थ है । (अर्हत् द्वारा उपदिष्ट तथा गणधर द्वारा सकलित श्रुत आगम है ।)

२१ जो जिनवचन मे अनुरक्त है तथा जिनवचनो का भावपूर्वक आचरण करते है, वे निर्मल और असक्लिष्ट होकर परीत-ससारी (अल्प जन्म-मरणवाले) हो जाते है ।

२२ हे वीतराग !, हे जगद्गुरु !, हे भगवन् ! आपके प्रभाव से मुझे ससार से विरक्ति, मोक्षमार्ग का अनुसरण तथा इष्टफल की प्राप्ति होती रहे ।

२३ जो स्वसमय व परसमय का ज्ञाता है, गम्भीर, दीप्तिमान, कल्याणकारी और सौम्य है तथा सैकडो गुणो से युक्त है, वही निर्ग्रन्थ प्रवचन के सार को कहने का अधिकारी है ।

२४ जो तुम अपने लिए चाहते हो वही दूसरो के लिए भी चाहो तथा जो तुम अपने लिए नही चाहते वह दूसरो के लिए भी न चाहो । यही जिनशासन है—तीर्थंकर का उपदेश है ।

३. संघसूत्र

२५. सघो गुणसंघाओ, संघो य विमोचओ य कम्माणं ।
दंसणणाणचरित्ते, संघायंतो हवे संघो ॥१॥
सघो गुणसघात, सघश्च विमोचकश्च कर्मणाम् ।
दर्शनज्ञानचरित्राणि, सघातयन् भवेत् सघ ॥१॥

२६. रयणत्तयमेव गणं, गच्छं गमणस्स मोक्खमग्गस्स ।
सघो गुण संघादो, समयो खलु णिम्मलो अप्पा ॥२॥
रत्नत्रयमेव गण, गच्छ गमनस्य मोक्षमार्गस्य ।
सघो गुणसघात, समय खलु निर्मल आत्मा ॥२॥

२७ आसासो वीसासो, सीयघरसमो य होइ मा भाहि ।
अम्मापितिसमाणो, संघो सरणं तु सव्वेसिं ॥३॥
आश्वास विश्वास, शीतगृहसमश्च भवति मा भैषी ।
अम्बापितृसमान, सघ शरण तु सर्वेषाम् ॥३॥

२८. नाणस्स होइ भागी, थिरयरओ दंसणे चरित्ते य ।
धन्ना गुरुकुलवासं, आवकहाए न मुंचंति ॥४॥
ज्ञानस्य भवति भागी, स्थिरतरको दर्शने चरित्रे च ।
धन्या गुरुकुलवास, यावत्कथया न मुञ्चन्ति ॥४॥

२९. जस्स गुरुम्मि न भत्ती, न य वहुमाणो न गउरवं न भयं ।
न वि लज्जा न वि नेहो, गुरुकुलवासेण किं तस्स? ॥५॥
यस्य गुरौ न भक्ति, न च वहुमान न गौरव न भयम् ।
नापि लज्जा नापि स्नेह, गुरुकुलवासेन किं तस्य ? ॥५॥

३०-३१ कम्मरयजलोहविणिग्गयस्स, सुयरयणदीहनालस्स ।
पंचमहव्वयथिरकण्णियस्स, गुणकेसरालस्स ॥६॥
सावगजणमहुयरपरिवुडस्स, जिणसूरतेयवुद्धस्स ।
संघपउमस्स भद्दं, समणगणसहस्सपत्तस्स ॥७॥
कर्मरजजलौघविनिर्गतस्य, श्रुतरत्नदीर्घनालस्य ।
पञ्चमहाव्रतस्थिरकर्णिकस्य, गुणकेसरवत ॥६॥
श्रावकजन-मधुकर-परिवृतस्य, जिनसूर्यतेजोवृद्धस्य ।
संघपद्मस्य भद्रं, श्रमणगणसहस्रपत्रस्य ॥७॥

३. संघसूत्र

२५ गुणो का समूह सघ है। संघ कर्मों का विमोचन करनेवाला है। जो दर्शन, ज्ञान और चारित्र का सघात (रत्नत्रय की समन्विति) करता है, वह सघ है।

२६ रत्नत्रय ही 'गण' है। मोक्षमार्ग मे गमन ही 'गच्छ' है। गण का समूह ही 'सघ है तथा निर्मल आत्मा ही समय है।

२७ सघ भयभीत व्यक्तियो के लिए आश्वासन, निश्छल व्यवहार के कारण विश्वासभूत, सर्वत्र समता के कारण शीतगृहतुल्य, अविषमदर्शी होने के कारण माता-पितातुल्य तथा सब प्राणियो के लिए शरणभूत होता है, इसलिए तुम सघ से मत डरो।

२८ सघस्थित साधु ज्ञान का भागी (अधिकारी) होता है, दर्शन व चारित्र मे विशेषरूप से स्थिर होता है। वे धन्य है जो जीवन-पर्यन्त गुरुकुलवास नही छोडते।

२९ जिसमे गुरु के प्रति न भक्ति है न बहुमान है, न गौरव है, न भय (अनुशासन) है, न लज्जा है तथा न स्नेह है, उसका गुरुकुलवास मे रहने का क्या अर्थ है?

०-३१ सघ कमलवत् है। (क्योकि) सघ कर्मरजरूपी जलराशि से कमल की तरह ही ऊपर तथा अलिप्त रहता है। श्रुतरत्न (ज्ञान या आगम) ही उसकी दीर्घनाल है। पच महाव्रत ही उसकी स्थिर कर्णिका है तथा उत्तरगुण ही उसकी मध्यवर्ती केसर है। जिसे श्रावकजनरूपी भ्रमर सदा घेरे रहते है, जो जिनेश्वरदेवरूपी सूर्य के तेज से प्रबुद्ध होता है तथा जिसके श्रमणगणरूपी सहस्रपत्र है, उस सघरूपी कमल का कल्याण हो।

४. निरूपणसूत्र

३२. जो ण पमाणणयेहि, णिक्खेवेणं णिरिक्खदे अत्थं ।
तस्साजुत्तं जुत्तं, जुत्तमजुत्तं च पडिहादि ॥१॥
यो न प्रमाण-नयाभ्याम्, निक्षेपेण निरीक्षते अर्थम् ।
तस्यायुक्तं युक्तं, युक्तमयुक्तं च प्रतिभाति ॥१॥

३३. णाणं होदि पमाणं, णओ वि णादुस्स हिदयभावत्थो ।
णिक्खेओ वि उवाओ, जुत्तीए अत्थपडिगहणं ॥२॥
ज्ञानं भवति प्रमाणं, नयोऽपि ज्ञातुः हृदयभावार्थः ।
निक्षेपोऽपि उपायः, युक्त्या अर्थप्रतिग्रहणम् ॥२॥

३४. णिच्छयववहारणया, मूलभेया णयाण सव्वाणं ।
णिच्छयसाहणहेउं, पज्जयदव्वत्थियं मुणह ॥३॥
निश्चयव्यवहारनयौ, मूलभेदौ नयानां सर्वेषाम् ।
निश्चयसाधनहेतू, पर्यायद्रव्यार्थिकौ मन्यध्वम् ॥३॥

३५. जो सिय भेदुवयारं, धम्माणं कुणइ एगवत्थुस्स ।
सो ववहारो भणियो, विवरीओ णिच्छयो होइ ॥४॥
यः स्याद्भेदोपचारं, धर्माणां करोति एकवस्तुनः ।
स व्यवहारो भणितः, विपरीतो निश्चयो भवति ॥४॥

३६. ववहारेणुवदिस्सइ, णाणिस्स चरित्त दंसणं णाणं ।
ण वि णाणं ण चरित्तं, न दंसणं जाणगो सुद्धो ॥५॥
व्यवहारेणोपदिश्यते, ज्ञानिनश्चरित्रं दर्शनं ज्ञानम् ।
नापि ज्ञानं न चरित्रं, न दर्शनं ज्ञायकः शुद्धः ॥५॥

३७. एवं ववहारणओ, पडिसिद्धो जाण णिच्छयणयेण ।
णिच्छयणयासिदा पुण, मुणिणो पावंति णिव्वाणं ॥६॥
एवं व्यवहारनयः, प्रतिषिद्धः जानीहि निश्चयनयेन ।
निश्चयनयाश्रिताः पुनर्मुनयः प्राप्नुवन्ति निर्वाणम् ॥६॥

४. निरूपणसूत्र

३२ जो प्रमाण, नय और निक्षेप के द्वारा अर्थ का बोध नही करता, उसे अयुक्त युक्त तथा युक्त अयुक्त प्रतीत होता है।

३३ ज्ञान प्रमाण है। ज्ञाता का हृदयगत अभिप्राय नय है। जानने के उपायो को निक्षेप कहते हैं। इस तरह युक्तिपूर्वक अर्थ ग्रहण करना चाहिए।

३४ निश्चय और व्यवहार—ये दो नय ही समस्त नयो के मूल हैं तथा द्रव्यार्थिक व पर्यायार्थिक नय निश्चय के साधन मे हेतु है।

३५ जो एक अखण्ड वस्तु के विविध धर्मों मे कथचित् (किसी अपेक्षा) भेद का उपचार करता है वह व्यवहारनय है। जो ऐसा नही करता अर्थात् अखण्ड पदार्थ का अनुभव अखण्ड रूप से करता है, वह निश्चय नय है।

३६ व्यवहारनय से यह कहा जाता है कि ज्ञानी के चारित्र होता है, दर्शन होता है और ज्ञान होता है। किन्तु निश्चयनय से उसके न ज्ञान है, न चारित्र है और न दर्शन है। ज्ञानी तो शुद्ध ज्ञायक है।

३७ इस प्रकार आत्माश्रित निश्चयनय के द्वारा पराश्रित व्यवहार-नय का प्रतिषेध किया जाता है। निश्चयनय का आश्रय लेनेवाले मुनिजन ही निर्वाण प्राप्त करते है।

३८. जह ण वि सक्कमणज्जो, अणज्जभासं विणा उ गाहेउं ।
तह ववहारेण विणा, परमत्थुवएसणमसक्कं ।।७।।
यथा नापि शक्योऽनार्योऽनार्यभाषा विना तु ग्राहयितुम् ।
तथा व्यवहारेण विना, परमार्थोपदेशनमशक्यम् ।।७।।

३९. ववहारोऽभूयत्थो, भूयत्थो देसिदो दु सुद्धणओ ।
भूयत्थमस्सिदो खलु, सम्माइट्ठी हवइ जीवो ।।८।।
व्यवहारोऽभूतार्थो, भूतार्थो देशितस्तु शुद्धनय ।
भूतार्थमाश्रित खलु, सम्यग्दृष्टिर्भवति जीव ।।८।।

४०. निच्छयमवलंबंता, निच्छयतो निच्छय अजाणंता ।
नासंति चरणकरणं, बाहिरकरणालसा केई ।।९।।
निश्चयमवलम्बमाना, निश्चयत निश्चयम् अजानन्त ।
नाशयन्ति चरणकरणम्, बाह्यकरणाऽलसा केचित् ।।९।।

४१. सुद्धो सुद्धादेसो, णायव्वो परमभावदरिसीहिं ।
ववहारदेसिदा पुण, जे दु अपरमे ट्ठिदा भावे ।।१०।।
शुद्ध शुद्धादेशो, ज्ञातव्य परमभावदर्शिभि ।
व्यवहारदेशिता पुनर्ये त्वपरमे स्थिता भावे ।।१०।।

४२. निच्छयओ दुण्णेयं, को भावे कम्मि वट्टई समणो ।
ववहारओ य कीरइ, जो पुव्वठिओ चरित्तम्मि ।।११।।
निश्चयत दुर्ज्ञेय, क भाव कस्मिन् वर्तते श्रमण ? ।
व्यवहारतस्तु क्रियते, य. पूर्वस्थितश्चारित्रे ।।११।।

४३. तम्हा सव्वे वि णया, मिच्छादिट्ठी सपक्खपडिबद्धा ।
अन्नोन्नणिस्सिया उण, हवंति सम्मत्तसब्भावा ।।१२।।
तस्मात् सर्वेऽपि नया, मिथ्यादृष्टय स्वपक्षप्रतिबद्धा ।
अन्योन्यनिश्रिता पुन, भवन्ति सम्यक्त्वसद्भावा ।।१२।।

४४. कज्जं णाणादीयं, उस्सग्गाववायओ भवे सच्चं ।
तं तह समायरंतो, तं सफलं होइ सव्वं पि ।।१३।।
कार्य ज्ञानादिक, उत्सर्गापवादत भवेत् सत्यम् ।
तत् तथा समाचरन्, तत् सफल भवति सर्वमपि ।।१३।।

३८. (किन्तु) जैसे अनार्य पुरुष को अनार्य भाषा के बिना समझाना सम्भव नहीं है, वैसे ही व्यवहार के बिना परमार्थ का उपदेश करना शक्य नहीं है।

३९. व्यवहार अभूतार्थ (असत्यार्थ) है और निश्चय भूतार्थ (सत्यार्थ) है। भूतार्थ का आश्रय लेनेवाला जीव ही सम्यग्-दृष्टि होता है।

४०. निश्चय का अवलम्बन करनेवाले कुछ जीव निश्चय को निश्चय से न जानने के कारण बाह्य आचरण में आलसी या स्वच्छन्द होकर चरण-करण (आचार-क्रिया) का नाश कर देते है।

४१. (ऐसे लोगों के लिए आचार्य कहते है कि-) परमभाव के द्रष्टा जीवों के द्वारा शुद्ध वस्तु का कथन करनेवाला शुद्धनय (निश्चय-नय) ही ज्ञातव्य है। किन्तु अपरमभाव में स्थित जनों को व्यवहारनय के द्वारा ही उपदेश करना उचित है।

४२. निश्चय ही यह जानना कठिन है कि कौन श्रमण किस भाव में स्थित है। अतः जो पूर्व-चारित्र में स्थित है, उनका कृतिकर्म (वन्दना) व्यवहारनय के द्वारा चलता है।

४३. अतः (समझना चाहिए कि) अपने-अपने पक्ष का आग्रह रखने-वाले सभी नय मिथ्या है और परस्पर सापेक्ष होने पर वे ही सम्यक्भाव को प्राप्त हो जाते है।

४४. ज्ञान आदि कार्य उत्सर्ग (सामान्य विधि) एवं अपवाद (विशेष विधि) से सत्य होते है। वे इस तरह किये जायँ कि सब कुछ सफल हो।

५. संसारचक्रसूत्र

४५. अधुवे असासयम्मि, संसारम्मि दुक्खपउराए ।
किं नाम होज्ज तं कम्मयं, जेणाऽहं दुग्गइं न गच्छेज्जा ? ॥१॥
अध्रुवेऽशाश्वते, ससारे दुःखप्रचुरके ।
किं नाम भवेत् तत् कर्मक, येनाहं दुर्गतिं न गच्छेयम् ॥१॥

४६. खणमित्तसुक्खा बहुकालदुक्खा, पगामदुक्खा अणिगामसुक्खा ।
संसारमोक्खस्स विपक्खभूया, खाणी अणत्थाण उ कामभोगा ॥२॥
क्षणमात्रसौख्या बहुकालदु खा , प्रकामदु खा अनिकामसौख्या ।
ससारमोक्षस्य विपक्षभूता , खानिरनर्थाना तु कामभोगा ॥२॥

४७. सुट्ठुवि मग्गिज्जंतो, कत्थ वि केलीइ नत्थि जह सारो ।
इंदिअविसएसु तहा, नत्थि सुहं सुट्ठु वि गविट्ठं ॥३॥
सुष्ठ्वपि मार्ग्यमाण , कुत्रापि कदल्या नास्ति यथा सार ।
इन्द्रियविषयेषु तथा, नास्ति सुख सुष्ठ्वपि गवेषितम् ॥३॥

४८. नरविबुहेसरसुक्खं, दुक्खं परमत्थओ तयं बिंति ।
परिणामदारुणमसासयं च जं ता अलं तेण ॥४॥
नरविबुधेश्वरसौख्य, दु ख परमार्थतस्तद् ब्रुवते ।
परिणामदारुणमशाश्वत, च यत् तस्मात् अल तेन ॥४॥

४९. जह कच्छुल्लो कच्छुं, कंडयमाणो दुहं मुणइ सुक्खं ।
मोहाउरा मणुस्सा, तह कामदुहं सुहं बिंति ॥५॥
यथा कच्छुर कच्छु, कण्डूयन् दु ख मनुते सौख्यम् ।
मोहातुरा मनुष्या , तथा कामदु ख सुख ब्रुवन्ति ॥५॥

५०. भोगामिसदोसविसन्ने, हियनिस्सेयसबुद्धिवोच्चत्थे ।
बाले य मन्दिए मूढे, बज्झई मच्छिया व खेलम्मि ॥६॥
भोगामिषदोषविषण्ण , हितनि श्रेयसबुद्धिविपर्यस्त ।
बालश्च मन्दित. मूढ , बध्यते मक्षिकेव श्लेष्मणि ॥६॥

५. संसारचक्रसूत्र

४५ अध्रुव, अशाश्वत और दु ख-वहुल ससार मे ऐसा कौन-सा कर्म है, जिससे मै दुर्गति मे न जाऊँ ।

४६ ये काम-भोग क्षणभर सुख और चिरकाल तक दु ख देनेवाले है, वहुत दु ख और थोडा सुख देनेवाले है, ससार-मुक्ति के विरोधी और अनर्थों की खान है ।

४७ वहुत खोजने पर भी जैसे केले के पेड मे कोई सार दिखाई नही देता, वैसे ही इन्द्रिय-विषयो मे भी कोई सुख दिखाई नही देता ।

४८ नरेन्द्र-सुरेन्द्रादि का सुख परमार्थत दु ख ही है । वह है तो क्षणिक, किन्तु उसका परिणाम दारुण होता है । अत उससे दूर रहना ही उचित है ।

४९ खुजली का रोगी जैसे खुजलाने पर दु ख को भी सुख मानता है, वैसे ही मोहातुर मनुष्य कामजन्य दु ख को सुख मानता है ।

५० आत्मा को दूषित करनेवाले भोगामिष (आसक्ति-जनक भोग) मे निमग्न, हित और श्रेयस् मे विपरीत बुद्धिवाला, अज्ञानी, मन्द और मूढ जीव उसी तरह (कर्मों से) वँध जाता है, जैसे-श्लेष्म मे मक्खी ।

५१. जाणिज्जइ चिन्तिज्जइ, जम्मजरामरणसंभवं दुक्खं ।
न य विसएसु विरज्जई, अहो सुबद्धो कवडगंठी ॥७॥
जानाति चिन्तयति, जन्मजरामरणसम्भवं दुःखम् ।
न च विषयेषु विरज्यते, अहो! सुबद्धः कपटग्रन्थिः ॥७॥

५२-५४. जो खलु संसारत्थो, जीवो तत्तो दु होदि परिणामो ।
परिणामादो कम्मं, कम्मादो होदि गदिसु गदी ॥८॥
गदिमधिगदस्स देहो, देहादो इंदियाणि जायंते ।
तेहिं दु विसयग्गहणं, तत्तो रागो वा दोसो वा ॥९॥
जायदि जीवस्सेवं, भावो संसारचक्कवालम्मि ।
इदि जिणवरेहिं भणिदो, अणादिणिधणो सणिधणो वा ॥१०॥
यः खलु संसारस्थो, जीवस्ततस्तु भवति परिणामः ।
परिणामात् कर्म, कर्मतः भवति गतिषु गतिः ॥८॥
गतिमधिगतस्य देहो, देहादिन्द्रियाणि जायन्ते ।
तैस्तु विषयग्रहणं, ततो रागो वा द्वेषो वा ॥९॥
जायते जीवस्यैवं, भावः संसारचक्रवाले ।
इति जिनवरैर्भणितोऽनादिनिधनः सनिधनो वा ॥१०॥

५५. जम्मं दुक्खं जरा दुक्खं, रोगा य मरणाणि य ।
अहो दुक्खो हु संसारो, जत्थ कीसन्ति जंतवो ॥११॥
जन्म दुःखं, जरा दुःखं रोगाश्च मरणानि च ।
अहो दुःखः खलु संसारः, यत्र क्लिश्यन्ति जन्तवः ॥११॥

६. कर्मसूत्र

५६. जो जेण पगारेणं, भावो णियओ तमन्नहा जो तु ।
मन्नति करेति वदति व, विप्परियासो भवे एसो ॥१॥
यो येन प्रकारेण, भावः नियतः तम् अन्यथा यस्तु ।
मन्यते करोति वदति वा, विपर्यासो भवेद् एषः ॥१॥

५१ जीव जन्म, जरा और मरण से होनेवाले दुःख को जानता है, उसका विचार भी करता है, किन्तु विषयों से विरक्त नहीं हो पाता । अहो ! माया (दम्भ) की गाँठ कितनी सुदृढ़ होती है ।

५२–५४ संसारी जीव के (राग-द्वेषरूप) परिणाम होते हैं । परिणामों से कर्म-बंध होता है । कर्म-बंध के कारण जीव चार गतियों में गमन करता है—जन्म लेता है । जन्म से शरीर और शरीर में इन्द्रियाँ प्राप्त होती हैं । उनसे जीव विषयों का ग्रहण (सेवन) करता है । उससे फिर राग-द्वेष पैदा होता है । इस प्रकार जीव संसारचक्र में परिभ्रमण करता है । उसके परिभ्रमण का हेतुभूत परिणाम (सम्यग्दृष्टि उपलब्ध न होने पर) अनादि-अनन्त और (सम्यग्दृष्टि के उपलब्ध होने पर) अनादि-सान्त होता है ।

५५ जन्म दुःख है, बुढ़ापा दुःख है, रोग दुःख है और मृत्यु दुःख है । अहो ! संसार दुःख ही है, जिसमें जीव क्लेश पा रहे हैं ।

६. कर्मसूत्र

५६ जो बात जिस प्रकार से स्थित है, उसे अन्य रूप से मानना, कहना या करना विपर्यास या विपरीत बुद्धि है ।

५७. जं जं समयं जीवो आविसइ जेण जेण भावेण ।
सो तंमि तंमि समए, सुहासुहं बंधए कम्मं ।।२।।
य य समय जीव, आविशति येन येन भावेन ।
स तस्मिन् समये, शुभाशुभ वध्नाति कर्म ।।२।।

५८. कायसा वयसा मत्ते, वित्ते गिद्धे य इत्थिसु ।
दुहओ मलं संचिणइ, सिसुणागु व्व मट्टियं ।।३।।
कायेन वचसा मत्त, वित्ते गृद्धश्च स्त्रीषु ।
द्विधा मल सचिनोति, शिशुनाग इव मृत्तिकाम् ।।३।।

५९. न तस्स दुक्खं विभयन्ति नाइओ, न मित्तवग्गा न सुया न बंधवा ।
एक्को सयं पच्चणुहोइ दुक्ख, कत्तारमेव अणुजाइ कम्म ।।४।।
न तस्य विभजन्ते ज्ञातय, न मित्रवर्गा न सुता न बान्धवा ।
एक स्वय प्रत्यनुभवति दु ख, कर्तारमेवानुयाति कर्म ।।४।।

६०. कम्म चिणंति सवसा, तस्सुदयम्मि उ परव्वसा होंति ।
रुक्खं दुरुहइ सवसो, विगलइ स परव्वसो तत्तो ।।५।।
कर्म चिन्वन्ति स्ववशा, तस्योदये तु परवशा भवन्ति ।
वृक्षमारोहति स्ववश, विगलति स परवश तत ।।५।।

६१. कम्मवसा खलु जीवा, जीववसाइं कहिंचि कम्माइं ।
कत्थइ धणिओ बलवं, धारणिओ कत्थई बलवं ।।६।।
कर्मवशा खलु जीवा, जीववशानि कुत्रचित् कर्माणि ।
कुत्रचित् धनिक वलवान्, धारणिक कुत्रचित् वलवान् ।।६।।

६२. कम्मत्तणेण एक्कं, दव्वं भावो त्ति होदि दुविहं तु ।
पोग्गलपिंडो दव्वं, तस्सत्ती भावकम्मं तु ।।७।।
कर्मत्वेन एक, द्रव्य भाव इति भवति द्विविध तु ।
पुद्गलपिण्डो द्रव्य, तच्छक्ति भावकर्म तु ।।७।।

६३. जो इंदियादिविजई, भवीय उवओगमप्पग झादि ।
कम्मेहिं सो ण रंजदि, किह तं पाणा अणुचरंति ।।८।।
य इन्द्रियादिविजयी, भूत्वोपयोगमात्मक ध्यायति ।
कर्मभि स न रज्यते, कस्मात् त प्राणा अनुचरन्ति ।।८।।

५७ जिस समय जीव जैसे भाव करता है, वह उस समय वैसे ही शुभ-अशुभ कर्मो का वन्ध करता है।

५८ (प्रमत्त मनुष्य) शरीर और वाणी से मत्त होता है तथा धन और स्त्रियो मे गृद्ध होता है। वह राग और द्वेष—दोनो से उसी प्रकार कर्म-मल का सचय करता है, जैसे शिशुनाग (अलस या केचुआ) मुख और शरीर—दोनो से मिट्टी का सचय करता है।

५९ ज्ञाति, मित्र-वर्ग, पुत्र और वान्धव उसका दु ख नही बँटा सकते। वह स्वय अकेला दु ख का अनुभव करता है। क्योकि कर्म कर्त्ता का अनुगमन करता है।

६० जीव कर्मों का वन्ध करने मे स्वतत्र है, परन्तु उस कर्म का उदय होने पर भोगने मे उसके अधीन हो जाता है। जैसे कोई पुरुप स्वेच्छा से वृक्ष पर तो चढ जाता है, किन्तु प्रमाद-वश नीचे गिरते समय परवश हो जाता है।

६१ कही जीव कर्म के अधीन होते है तो कही कर्म जीव के अधीन होते है। जैसे कही (ऋण देते समय तो) धनी वलवान् होता है तो कही (ऋण लौटाते समय) कर्जदार वलवान् होता है।

६२ सामान्य की अपेक्षा कर्म एक है और द्रव्य तथा भाव की अपेक्षा दो (प्रकार का) है। कर्म-पुद्गलो का पिण्ड द्रव्यकर्म है और उसमे रहनेवाली शक्ति या उनके निमित्त से जीव मे होनेवाले राग द्वेपरूप विकार भावकर्म है।

६३ जो इन्द्रिय आदि पर विजय प्राप्त कर उपयोगमय (ज्ञानदर्शन-मय) आत्मा का ध्यान करता है, वह कर्मो मे नही बँधता। अत पौद्गलिक प्राण उसका अनुसरण कैसे कर सकते है? (अर्थात् उसे नया जन्म धारण नही करना पडता।)

६४-६५. नाणस्सावरणिज्जं, दंसणावरणं तहा।
वेयणिज्जं तहा मोहं, आउकम्मं तहेव य ॥९॥
नामकम्मं च गोयं च, अंतरायं तहेव य।
एवमेयाइ कम्माइं, अट्ठेव उ समासओ ॥१०॥
ज्ञानस्यावरणीयं, दर्शनावरणं तथा।
वेदनीयं तथा मोहम्, आयुःकर्म तथैव च ॥९॥
नामकर्म च गोत्रं च, अन्तरायं तथैव च।
एवमेतानि कर्माणि, अष्टैव तु समासतः ॥१०॥

६६. पड-पडिहार-सि-मज्ज, हड-चित्त-कुलाल-भंडगारीणं।
जह एएसिं भावा, कम्माण वि जाण तह भावा ॥११॥*
पट प्रतिहारासि-मद्य, हडि-चित्र-कुलाल-भाण्डागारिणाम्।
यथा एतेषां भावाः, कर्मणाम् अपि जानीहि तथा भावान् ॥११॥

७. मिथ्यात्वसूत्र

६७ हा! जह मोहियमइणा, सुग्गइमग्गं अजाणमाणेणं।
भीमे भवकंतारे, सुचिरं भमियं भयकरम्मि ॥१॥
हा! यथा मोहितमतिना, सुगतिमार्गमजानता।
भीमे भवकान्तारे, सुचिरं भ्रान्तं भयकरे ॥१॥

६८ मिच्छत्तं वेदंतो जीवो, विवरीयदंसणो होइ।
ण य धम्मं रोचेदि हु, महुरं पि रसं जहा जरिदो ॥२॥
मिथ्यात्वं वेदयन् जीवो, विपरीतदर्शनो भवति
न च धर्मं रोचते हि, मधुरं रसं यथा ज्वरितः ॥२॥

---

*. स्पष्टीकरण : १ जैसे परदा कमरे के भीतर की वस्तु का ज्ञान नहीं होने देता वैसे ही ज्ञानावरण-कर्म ज्ञान को रोकने या अल्पाधिक करने मे निमित्त है। इसके उदय की हीनाधिकता के कारण कोई विशिष्टज्ञानी और कोई अल्पज्ञानी होता है। २ जैसे द्वारपाल दर्शनार्थियों को राजदर्शन आदि से रोकता है, वैसे ही दर्शन का आवरण करनेवाला दर्शनावरण-कर्म है। ३ जैसे तलवार की धार पर लगा मधु चाटने से मधुर स्वाद अवश्य आता है, फिर भी जीभ के कट जाने का असह्य दुःख भी होता है, वैसे ही वेदनीय-कर्म सुख-दुःख का निमित्त है। ४ जैसे मद्यपान से मनुष्य मदहोश हो जाता है—सुध-बुध खो बैठता है, वैसे ही मोहनीय-कर्म के उदय से विवश जीव

६४-६५ ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय—ये सक्षेप मे आठ कर्म है ।

६६ इन कर्मों का स्वभाव परदा, द्वारपाल, तलवार, मद्य, हलि, चित्रकार, कुम्भकार तथा भण्डारी के स्वभाव की तरह है ।

७. मिथ्यात्वसूत्र

६७ हा ! खेद है कि सुगति का मार्ग न जानने के कारण मै मूढमति भयानक तथा घोर भव-वन मे चिरकाल तक भ्रमण करता रहा ।

६८ जो जीव मिथ्यात्व से ग्रस्त होता है उसकी दृष्टि विपरीत हो जाती है। उसे धर्म भी रुचिकर नही लगता, जैसे ज्वरग्रस्त मनुष्य को मीठा रस भी अच्छा नही लगता ।

अपने स्वरूप को भूल जाता है । ५ जैसे हलि (काठ) मे पांव फंसा देने पर मनुष्य रुका रह जाता है, वैसे ही आयु-कर्म के उदय से जीव शरीर मे निश्चित समय तक रुका रहता है । ६ जैसे चित्रकार नाना प्रकार के चित्र बनाता है, वसे ही नाम-कर्म के उदय से जीवो के नानाविध देहो की रचना होती है। ७ जैसे कुम्भकार छोटे-बड़े बर्तन बनाता है, वैसे ही गोत्र-कर्म के उदय से जीव को उच्चकुल या नीचकुल मिलता है । ८ जैसे भण्डारी (खजाची) दाता को देने से और याचक को लेने से रोकता है, वैसे ही अन्तराय-कर्म के उदय से दान-लाभ आदि मे बाधा पड़ती है । इस तरह ये आठो कर्मों के स्वभाव हैं ।

६९. मिच्छत्तपरिणदप्पा, तिव्वकसाएण सुट्ठु आविट्ठो ।
जीवं देहं एक्कं, मण्णंतो होदि बहिरप्पा ॥३॥
मिथ्यात्वपरिणतात्मा, तीव्रकषायेण सुष्ठु आविष्ट ।
जीव देहमेक, मन्यमान भवति वहिरात्मा ॥३॥

७०. जो जहवायं न कुणई, मिच्छादिट्ठी तओ हु को अन्ना ।
वड्ढइ य मिच्छत्तं, परस्स संकं जणेमाणो ॥४॥
यो यथावाद न करोति, मिथ्यादृष्टि तत खलु क अन्य ।
वर्धते च मिथ्यात्व, परस्य शका जनयमान ॥४॥

८. राग-परिहारसूत्र

७१. रागो य दोसो वि य कम्मवीयं, कम्मं च मोहप्पभवं वयंति ।
कम्मं च जाईमरणस्स मूलं, दुक्खं च जाईमरणं वयंति ॥१॥
रागश्च द्वेषो पि च कर्मबीज, कर्मं च मोहप्रभव वदन्ति ।
कर्मं च जातिमरणस्य मूलम्, दु ख च जातिमरण वदन्ति ॥१॥

७२. न वि तं कुणइ अमित्तो, सुट्ठु वि य विराहिओ समत्थो वि ।
ज दो वि अनिग्गहिया, करंति रागो य दोसो य ॥२॥
नैव तत् करोति अमित्र, सुष्ठ्वपि च विराद्ध समर्थोऽपि ।
यद् द्वावपि अनिगृहीतौ, कुरुतो रागश्च द्वेषश्च ॥२॥

७३. न य संसारम्मि सुह, जाइजरामरणदुक्खगहियस्स ।
जीवस्स अत्थि जम्हा, तम्हा मुक्खो उवादेओ ॥३॥
न च ससारे सुख, जातिजरामरणदु खगृहीतस्य ।
जीवस्यास्ति यस्मात्, तस्माद् मोक्ष उपादेय ॥३॥

७४ त जइ इच्छसि गंतुं, तीरं भवसायरस्स घोरस्स ।
तो तवसंजमभडं, सुविहिय ! गिण्हाहि तूरतो ॥४॥
तद् यदीच्छसि गन्तु, तीर भवसागरस्य घोरस्य ।
तर्हि तप सयमभाण्ड, सुविहित ! गृहाण त्वरमाण ॥४॥

६९ मिथ्यादृष्टि जीव तीव्र कषाय से पूरी तरह आविष्ट होकर जीव और शरीर को एक मानता है । वह वहिरात्मा है ।

७० जो तत्त्व-विचार के अनुसार नही चलता, उससे बडा मिथ्या-दृष्टि और दूसरा कौन हो सकता है ? वह दूसरो को शकाशील वनाकर अपने मिथ्यात्व को वढाता रहता है ।

८. राग-परिहारसूत्र

७१ राग और द्वेष कर्म के वीज (मूल कारण) है । कर्म मोह से उत्पन्न होता है । वह जन्म-मरण का मूल है । जन्म-मरण को दु ख का मूल कहा गया है ।

७२ अत्यन्त तिरस्कृत समर्थ शत्रु भी उतनी हानि नही पहुँचाता, जितनी हानि अनिगृहीत राग और द्वेष पहुँचाते है ।

७३ इस ससार मे जन्म, जरा और मरण के दु ख से ग्रस्त जीव को कोई सुख नही है । अत मोक्ष ही उपादेय है ।

७४ यदि तू घोर भवसागर के पार (तट पर) जाना चाहता है, तो हे सुविहित ! शीघ्र ही तप-सयमरूपी नौका को ग्रहण कर ।

७५. बहुभयंकरदोसाणं, सम्मत्तचरित्तगुणविणासाणं ।
न हु वसमागंतव्वं, रागद्दोसाण पावाणं ॥५॥
बहुभयकरदोषयो, सम्यक्त्वचारित्रगुणविनाशयो ।
न खलु वशमागन्तव्य, रागद्वेषयो पापयो ॥५॥

७६. कामाणुगिद्धिप्पभवं खु दुक्खं, सव्वस्स लोगस्स सदेवगस्स ।
जं काइयं माणसियं च किंचि, तस्संतगं गच्छइ वीयरागो ॥६॥
कामानुगृद्धिप्रभव खलु दु ख, सर्वस्य लोकस्य सदेवकस्य ।
यत् कायिक मानसिक च किञ्चित्, तस्यान्तक गच्छति वीतराग ।

७७ जेण विरागो जायइ, तं तं सव्वायरेण करणिज्जं ।
मुच्चइ हु ससंवेगी, अणंतवो होइ असंवेगी ॥७॥
येन विरागो जायते, तत्तत् सर्वादरेण करणीयम् ।
मुच्यते एव ससवेग, अनन्तक भवति असवेगा ॥७॥

७८. एवं ससंकप्पविकप्पणासुं, संजायई समयमुवट्ठियस्स ।
अत्थे य संकप्पयओ तओ से, पहीयए कामगुणेसु तण्हा ॥८॥
एव स्वसकल्पविकल्पनासु, सजायते समतोपस्थितस्य ।
अर्थाश्च सकल्पयतस्तस्य, प्रहीयते कामगुणेषु तृष्णा ॥८॥

७९. अन्नं इमं सरीरं, अन्नो जीवु त्ति निच्छियमईओ ।
दुक्खपरीकेसकरं, छिंद ममत्तं सरीराओ ॥९॥
अन्यदिद शरीर, अन्यो जीव इति निश्चयमतिक ।
दु खपरिक्लेशकर, छिन्धि ममत्व शरीरात् ॥९॥

८० कम्मासवदाराइं, निरुंभियव्वाइं इंदियाइं च ।
हंतव्वा य कसाया, तिविहं-तिविहेण मुक्खत्थं ॥१०॥
कर्मास्रवद्वाराणि, निरोद्धव्यानीन्द्रियाणि च ।
हन्तव्याश्च कषायास्त्रिविधत्रिविधेन मोक्षार्थम् ॥१०॥

८१ भावे विरत्तो मणुओ विसोगो, एएण दुक्खोहपरंपरेण ।
न लिप्पई भवमज्झे वि संतो, जलेण वा पोक्खरिणीपलासं ॥११॥
भावे विरक्तो मनुजो विशोक, एतया दु खौघपरम्परया ।
न लिप्यते भवमध्येऽपि सन्, जलेनेव पुष्करिणीपलाशम् ॥११॥

७५ सम्यक्त्व तथा चारित्रादि गुणो के विनाशक, अत्यन्त भयकर राग-द्वेषरूपी पापो के वश में नही होना चाहिए ।

७६ सब जीवो का, और क्या देवताओ का भी जो कुछ कायिक और मानसिक दु ख है, वह काम-भोगो की सतत अभिलाषा से उत्पन्न होता है । वीतरागी उस दु ख का अन्त पा जाता है ।

७७ जिससे विराग उत्पन्न होता है, उसका आदरपूर्वक आचरण करना चाहिए । विरक्त व्यक्ति ससार-वन्धन से छूट जाता है और आसक्त व्यक्ति का ससार अनन्त होता जाता है ।

७८. अपने राग-द्वेषात्मक सकल्प ही सव दोषो के मूल है—जो इस प्रकार के चिन्तन मे उद्यत होता है तथा इन्द्रिय-विषय दोषो के मूल नही है—इस प्रकार का सकल्प करता है, उसके मन मे समता उत्पन्न होती है । उससे उसकी काम-गुणो मे होनेवाली तृष्णा प्रक्षीण हो जाती है ।

७९ निश्चयदृष्टि के अनुसार शरीर भिन्न है और आत्मा भिन्न है । अत शरीर के प्रति होनेवाले दु खद व क्लेशकर ममत्व का छेदन करो ।

८० मोक्ष की प्राप्ति के लिए कर्म के आगमन-द्वारो—आस्रवो का तथा इन्द्रियो का तीन करण (मनसा, वाचा, कर्मणा) और तीन योग (कृत, कारित, अनुमति) से निरोध करो, और कषायो का अन्त करो ।

८१ भाव से विरक्त मनुष्य शोक-मुक्त वन जाता है । जैसे कमलिनी का पत्र जल मे लिप्त नही होता, वैसे ही वह ससार मे रहकर भी अनेक दु खो की परम्परा से लिप्त नही होता ।

९. धर्मसूत्र

८२. **धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो ।**
देवा वि तं नमंसंति जस्स धम्मे सया मणो ॥१॥
धर्मः मङ्गलमुत्कृष्टं, अहिंसा संयमः तपः ।
देवा अपि तं नमस्यन्ति, यस्य धर्मे सदा मनः ॥१॥

८३. **धम्मो वत्थुसहावो, खमादिभावो य दसविहो धम्मो ।**
रयणत्तयं च धम्मो, जीवाणं रक्खणं धम्मो ॥२॥
धर्मः वस्तुस्वभावः, क्षमादिभावः च दशविधः धर्मः ।
रत्नत्रयं च धर्मः, जीवानां रक्षणं धर्मः ॥२॥

८४ **उत्तमखममद्दवज्जव-सच्चसउच्चं च संजमं चेव ।**
तवचागमकिंचण्हं, बम्ह इदि दसविहो धम्मो ॥३॥
उत्तमक्षमामार्दवार्जव-सत्यशौचं च संयमं चैव ।
तपस्त्यागः आकिञ्चन्यं, ब्रह्म इति दशविधः धर्मः ॥३॥

८५. **कोहेण जो ण तप्पदि, सुर-णर-तिरिएहि कीरमाणे वि ।**
उवसग्गे वि रउद्दे, तस्स खमा णिम्मला होदि ॥४॥
क्रोधेन यः न तप्यते, सुरनरतिर्यग्भिः क्रियमाणेऽपि ।
उपसर्गे अपि रौद्रे, तस्य क्षमा निर्मला भवति ॥४॥

८६. **खम्मामि सव्वजीवाणं, सव्वे जीवा खमंतु मे ।**
मित्ती मे सव्वभूदेसु, वेरं मज्झं ण केण वि ॥५॥
क्षमे सर्वजीवान्, सर्वे जीवाः क्षमन्तां मम ।
मैत्री मे सर्वभूतेषु, वैरं मम न केनापि ॥५॥

८७. **जइ किंचि पमाएणं, न सुट्ठु भे वट्टिय मए पुव्विं ।**
तं मे खामेमि अहं, निस्सल्लो निक्कसाओ अ ॥६॥
यदि किञ्चित् प्रमादेन, न सुष्ठु युष्माभिः सह वर्तितं मया पूर्वम् ।
तद् युष्मान् क्षमयाम्यहं, निःशल्यो निष्कषायश्च ॥६॥

९. धर्मसूत्र

८२ धर्म उत्कृष्ट मंगल है। अहिंसा, संयम और तप उसके लक्षण है। जिसका मन सदा धर्म मे रमा रहता है, उसे देव भी नमस्कार करते है।

८३ वस्तु का स्वभाव धर्म है। क्षमा आदि भावो की अपेक्षा से वह दस प्रकार का है। रत्नत्रय (सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र) तथा जीवो की रक्षा करना धर्म है।

८४ उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य तथा उत्तम ब्रह्मचर्य—ये दस धर्म है।

८५ देव, मनुष्य और तिर्यञ्चो (पशुओ) के द्वारा घोर व भयानक उपसर्ग पहुँचाने पर भी जो क्रोध से तप्त नही होता, उसके निर्मल क्षमाधर्म होता है।

८६ मै सब जीवो को क्षमा करता हूँ। सब जीव मुझे क्षमा करे। मेरा सब प्राणियो के प्रति मैत्रीभाव है। मेरा किसीसे भी वैर नही है।

८७ अल्पतम प्रमादवश भी यदि मैने आपके प्रति उचित व्यवहार नही किया हो तो मै निःशल्य और कषायरहित होकर आपसे क्षमा-याचना करता हूँ।

८८. **कुलरूवजादिबुद्धिसु, तवसुदसीलेसु गारवं किंचि ।**
जो णवि कुव्वदि समणो, मद्दवधम्मं हवे तस्स ॥७॥
कुलरूपजातिबुद्धिषु, तपश्रुतशीलेषु गौरवं किञ्चित् ।
यः नैव करोति श्रमणः, मार्दवधर्मो भवेत् तस्य ॥७॥

८९. **जो अवमाणकरणं, दोसं परिहरइ णिच्चमाउत्तो ।**
सो णाम होदि माणी, ण दु गुणचत्तेण माणेण ॥८॥
योऽपमानकरणं, दोषं परिहरति नित्यमायुक्तः ।
सो नाम भवति मानी, न गुणत्यक्तेन मानेन ॥८॥

९०. **से असइं उच्चागोए असइं नीआगोए, नो हीणे नो अइरित्ते ।**
नोऽपीहए इति संखाए, के गोयावाई के माणावाई ? ॥९॥
स असकृदुच्चैर्गोत्रः असकृन्नीचैर्गोत्रः, नो हीनः नो अतिरिक्तः ।
न स्पृहयेत् इति संख्याय, को गोत्रवादी को मानवादी ? ॥९॥

९१. **जो चिंतेइ ण वंकं, ण कुणदि वंकं ण जंपदे वंकं ।**
ण य गोवदि णियदोसं, अज्जव-धम्मो हवे तस्स ॥१०॥
यः चिन्तयति न वक्रं, न करोति वक्रं न जल्पति वक्रम् ।
न च गोपयति निजदोषम्, आर्जवधर्मः भवेत् तस्य ॥१०॥

९२ **परसंतावयकारण-वयणं, मोत्तूण सपरहिदवयणं ।**
जो वददि भिक्खु तुरियो, तस्स दु धम्मो हवे सच्चं ॥११॥
परसंतापककारण-वचनं, मुक्त्वा स्वपरहितवचनम् ।
यः वदन्ति भिक्षुः तुरीयः, तस्य तु धर्मः भवेत् सत्यम् ॥११॥

९३. **मोसस्स पच्छा य पुरत्थओ य, पओगकाले य दुही दुरंते ।**
एवं अदत्ताणि समाययंतो, रूवे अतित्तो दुहिओ अणिस्सो ॥१२॥
मृषावाक्यस्य पश्चाच्च पुरस्ताच्च, प्रयोगकाले च दुःखी दुरन्तः ।
एवमदत्तानि समाददानः, रूपेऽतृप्तो दुःखितोऽनिश्रः ॥१२॥

९४. **पत्थं हिदयाणिट्ठं पि, भण्णमाणस्स सगणवासिस्स ।**
कडुगं व ओसहं तं, महुरविवायं हवइ तस्स ॥१३॥
पथ्यं हृदयानिष्टमपि, भणमानस्य स्वगणवासिनः ।
कटुकमिवौषधं तत्, मधुरविपाकं भवति तस्य ॥१३॥

८८. जो श्रमण कुल, रूप, जाति, ज्ञान, तप, श्रुत और शील का तनिक भी गर्व नही करता, उसके मार्दवधर्म होता है ।

८९. जो दूसरे को अपमानित करने के दोष का सदा सावधानीपूर्वक परिहार करता है, वही यथार्थ मे मानी है। गुणशून्य अभिमान करने से कोई मानी नही होता ।

९० यह पुरुष अनेक वार उच्चगोत्र और अनेक वार नीचगोत्र का अनुभव कर चुका है। अत न कोई हीन है और न कोई अतिरिक्त, (इसलिए वह उच्च गोत्र की) स्पृहा न करे।
[यह पुरुष अनेक वार उच्चगोत्र और नीचगोत्र का अनुभव कर चुका है—] यह जान लेने पर कौन गोत्रवादी होगा ? कौन मानवादी होगा ?

✓ ९१. जो कुटिल विचार नही करता, कुटिल कार्य नही करता, कुटिल वचन नही बोलता और अपने दोषो को नही छिपाता, उसके आर्जव-धर्म होता है ।

✓ ९२. जो भिक्षु (श्रमण) दूसरो को सन्ताप पहुँचानेवाले वचनो का त्याग करके स्व-पर-हितकारी वचन बोलता है, उसके चौथा सत्यधर्म होता है ।

✓ ९३. असत्य भाषण के पश्चात् मनुष्य यह सोचकर दु खी होता है कि वह झूठ बोलकर भी सफल नही हो सका । असत्य भाषण से पूर्व इसलिए व्याकुल रहता है कि वह दूसरे को ठगने का सकल्प करता है। वह इसलिए भी दु खी रहता है कि कही कोई उसके असत्य को जान न ले। इस प्रकार असत्य-व्यवहार का अन्त दु खदायी ही होता है। इसी तरह विषयो मे अतृप्त होकर वह चोरी करता हुआ दु खी और आश्रयहीन हो जाता है।

९४. अपने गणवासी (साथी) द्वारा कही हुई हितकर वात, भले ही वह मन को प्रिय न लगे, कटुक औषध की भाँति परिणाम मे मधुर ही होती है ।

९५. विस्ससणिज्जो माया व, होइ पुज्जो गुरु व्व लोअस्स ।
सयणु व्व सच्चवाई, पुरिसो सव्वस्स होइ पिओ ॥१४॥
विश्वसनीयो मातेव, भवति पूज्यो गुरुरिव लोकस्य ।
स्वजन इव सत्यवादी, पुरुष सर्वस्य भवति प्रिय ॥१४॥

९६. सच्चम्मि वसदि तवो, सच्चम्मि संजमो तह वसे सेसा वि गुणा ।
सच्चं णिबधणं हि, य, गुणाणमुदधीव मच्छाणं ॥१५॥
सत्ये वसति तप , सत्ये सयम तथा वसन्ति शेषा अपि गुणा ।
सत्य निवन्धन हि च, गुणानामुदधिरिव मत्स्यानाम् ॥१५॥

९७. जहा लाहो तहा लोहो, लाहा लोहो पवड्ढई ।
दोमासकय कज्जं, कोडीए वि न निट्ठियं ॥१६॥
यथा लाभस्तथा लोभ , लाभाल्लोभ प्रवर्धते
द्विमाषकृत कार्य, कोटयाऽपि न निष्ठितम् ॥१६॥

९८ सुवण्णरुप्पस्स उ पव्वया भवे, सिया हु केलाससमा असंखया ।
नरस्स लुद्धस्स न तेहि किंचि, इच्छा हु आगाससमा अणन्तिया ।१७।
सुवर्णरूप्यस्य च पर्वता भवेयु स्यात् खलु कैलाससमा असख्यका ।
नरस्य लुब्धस्य न तै किञ्चित्,इच्छा खलु आकाशसमा अनन्तिका॥

९९. जहा य अंडप्पभवा बलागा, अंडं बलागप्पभवं जहा य ।
एमेव मोहाययणं खु तण्हा, मोहं च तण्हाययण वयति ॥१८॥
यथा च अण्डप्रभवा वलाका, अण्ड वलाकाप्रभव यथा च ।
एवमेव मोहायतन खलु तृष्णा, मोह च तृष्णायतन वदन्ति ॥१८॥

१००. समसंतोसजलेणं, जो धोवदि तिव्व-लोहमल-पुंजं ।
भोयण-गिद्धि-विहीणो, तस्स सउच्चं हवे विमलं ॥१९॥
समसन्तोपजलेन, य धोवति तीव्रलोभमलपुञ्जम् ।
भोजनगृद्धिविहीन , तस्य शौच भवेत् विमलम् ॥१९॥

१०१. वय-समिदि-कसायाणं, दंडाणं तह इंदियाण पंचण्हं ।
धारण-पालण-णिग्गह-चाय-जओ संजमो भणिओ ॥२०॥
व्रतसमितिकपायाणा, दण्डाना तथा इन्द्रियाणां पञ्चानाम् ।
धारण-पालन-निग्रह-त्यागजय सयमो भणित ॥२०॥

९५. सत्यवादी मनुष्य माता की तरह विश्वसनीय, जनता के लिए गुरु की तरह पूज्य और स्वजन की भाँति सबको प्रिय होता है।

९६ सत्य मे तप, सयम और शेष समस्त गुणो का वास होता है। जैसे समुद्र मत्स्यो का आश्रयस्थान है, वैसे ही सत्य समस्त गुणो का आश्रयस्थान है।

९७ जैसे-जैसे लाभ होता है, वैसे-वैसे लोभ होता है। लाभ से लोभ बढता जाता है। दो माशा सोने से निष्पन्न (पूरा) होनेवाला कार्य करोडो स्वर्ण-मुद्राओ से भी पूरा नही होता। (यह निष्कर्ष कपिल नामक व्यक्ति की तृष्णा के उतार-चढाव के परिणाम को सूचित करता है।)

९८ कदाचित् सोने और चाँदी के कैलास के समान असख्य पर्वत हो जायँ, तो भी लोभी पुरुष को उनसे कुछ भी नही होता (तृप्ति नही होती), क्योकि इच्छा आकाश के समान अनन्त है।

९९ जैसे बलाका अण्डे से उत्पन्न होती है और अण्डा बलाका से उत्पन्न होता है, उसी प्रकार तृष्णा मोह से उत्पन्न होती है और मोह तृष्णा से उत्पन्न होता है।

१०० (अत) जो समता व सन्तोषरूपी जल से तीव्र लोभरूपी मल-समूह को धोता है और जिसमे भोजन की लिप्सा नही है, उसके विमल शौचधर्म होता है।

१०१ व्रत-धारण, समिति-पालन, कषाय-निग्रह, मन-वचन-काया की प्रवृत्तिरूप दण्डो का त्याग, पचेन्द्रिय-जय—इन सबको सयम कहा जाता है।

१०२. **विसयकसाय-विणिग्गहभावं, काऊण झाणसज्झाए ।**
जो भावइ अप्पाणं, तस्स तवं होदि णियमेण ॥२१॥
विषयकषाय-विनिग्रहभाव, कृत्वा ध्यानस्वाध्यायान् ।
य भावयति आत्मान, तस्य तप भवति नियमेन ॥२१॥

१०३. **णिव्वेदतियं भावइ, मोहं चइऊण सव्वदव्वेसु ।**
जो तस्स हवे चागो, इदि भणिदं जिणवरिंदेहिं ॥२२॥
निर्वेदत्रिक भावयति, मोह त्यक्त्वा सर्वद्रव्येषु ।
य तस्य भवति त्याग, इति भणित जिनवरेन्द्रै ॥२२॥

१०४. **जे य कंते पिए भोए, लद्धे विपिट्ठिकुव्वइ ।**
साहीणे चयइ भोए, से हु चाइ त्ति वुच्चई ॥२३॥
य च कान्तान् प्रियान् भोगान्, लब्धान् विपृष्ठीकरोति ।
स्वाधीनान् त्यजति भोगान्, स हि त्यागी इति उच्यते ॥२३॥

१०५. **होऊण य णिस्संगो, णियभावं णिग्गहित्तु सुहदुहदं ।**
णिद्दंदेण दु वट्टदि, अणयारो तस्साऽऽकिंचण्णं ॥२४॥
भूत्वा च निस्सग, निजभाव निगृह्य सुखदु खदम् ।
निर्द्वन्द्वेन तु वर्तते, अनगार तस्याऽऽकिञ्चन्यम् ॥२४॥

१०६. **अहमिक्को खलु सुद्धो, दंसणणाणमइओ सदाऽरूवी ।**
ण वि अत्थि मज्झ किंचि वि, अण्णं परमाणुमित्तं पि ॥२५॥
अहमेक खलु शुद्धो, दर्शनज्ञानमय सदाऽरूपी ।
नाप्यस्ति मम किञ्चिदप्यन्यत् परमाणुमात्रमपि ॥२५॥

१०७-१०८. **सुहं वसामो जीवामो, जेसिं णो नत्थि किंचण ।**
मिहिलाए डज्झमाणीए, न मे डज्झइ किंचण ॥२६॥
चत्तपुत्तकलत्तस्स, निव्वावारस्स भिक्खुणो ।
पियं न विज्जई किंचि, अप्पियं पि न विज्जए ॥२७॥
सुख वसामो जीवाम, येषाम् अस्माकनास्ति किञ्चन ।
मिथिलाया दह्यमानाया, न मे दह्यते किञ्चन ॥२६॥
त्यक्तपुत्रकलत्रस्य, निर्व्यापारस्य भिक्षो ।
प्रिय न विद्यते किञ्चित्, अप्रियमपि न विद्यते ॥२७॥

१०२. इन्द्रिय-विषयो तथा कषायो का निग्रह कर ध्यान और स्वाध्याय के द्वारा जो आत्मा को भावित करता है उसीके तपधर्म होता है।

१०३ सब द्रव्यो मे होनेवाले मोह को त्यागकर जो त्रिविध निर्वेद (ससार देह तथा भोगो के प्रति वैराग्य) से अपनी आत्मा को भावित करता है, उसके त्यागधर्म होता है, ऐसा जिनेन्द्रदेव ने कहा है।

१०४ त्यागी वही कहलाता है, जो कान्त और प्रिय भोग उपलब्ध होने पर उनकी ओर से पीठ फेर लेता है और स्वाधीनतापूर्वक भोगो का त्याग करता है।

१०५ जो मुनि सब प्रकार के परिग्रह का त्याग कर नि सग हो जाता है, अपने सुखद व दु खद भावो का निग्रह करके निर्द्वन्द्व विचरता है, उसके आकिंचन्य धर्म होता है।

१०६. मै एक, शुद्ध, दर्शन-ज्ञानमय, नित्य और अरूपी हूँ। इसके अतिरिक्त अन्य परमाणुमात्र भी वस्तु मेरी नही है। (यह आकिंचन्यधर्म है।)

१०७-१०८ हम लोग, जिनके पास अपना कुछ भी नही है, सुखपूर्वक रहते और सुख से जीते है। मिथिला जल रही है उसमे मेरा कुछ भी नही जल रहा है, क्योकि पुत्र और स्त्रियो से मुक्त तथा व्यवसाय से निवृत्त भिक्षु के लिए कोई वस्तु प्रिय भी नही होती और अप्रिय भी नही होती। (यह बात राज्य त्यागकर साधु हो जानेवाले राजर्षि नमि के दृढ वैराग्य से सम्बद्ध है।)

१०९ जहा पोम्म जले जायं, नोवलिप्पइ वारिणा ।
एवं अलित्तं कामेंहि, तं वयं बूम माहणं ॥२८॥
यथा पद्म जले जात, नोपलिप्यते वारिणा ।
एवमलिप्त कामै, त वय ब्रूमो ब्राह्मणम् ॥२८॥

११०. दुक्ख हयं जस्स न होइ मोहो, मोहो हओ जस्स न होइ तण्हा ।
तण्हा हया जस्स न होइ लोहो, लोहो हओ जस्स न किंचणाइ ॥२९॥
दु ख हत यस्य न भवति मोह , मोहो हतो यस्य न भवति तृष्णा ।
तृष्णा हता यस्य न भवति लोभ , लोभो हतो यस्य न किञ्चन।२९॥

१११. जीवो बंभ जीवम्मि, चेव चरिया हविज्ज जा जदिणो ।
तं जाण बंभचेरं, विमुक्कपरदेहतित्तिस्स ॥३०॥
जीवो ब्रह्म जीवे, चैव चर्या भवेत् या यते ।
तद् जानीहि ब्रह्मचर्यं, विमुक्त-परदेहतृप्ते ॥३०॥

११२ सव्वंगं पेच्छंतो, इत्थीणं तासु मुयदि दुब्भावं ।
सो बम्हचेरभावं, सुक्कदि खलु दुद्धरं धरदि ॥३१॥
सर्वाङ्ग प्रेक्षमाण स्त्रीणा तासु मुञ्चति दुर्भावम् ।
स ब्रह्मचर्यभाव, सुकृती खलु दुर्धर धरति ॥३१॥

११३ जउकुम्भे जोइउवगूढे, आसुभितत्ते नासमुवयाइ ।
एवित्थियाहि अणगारा, संवासेण नासमुवयंति ॥३२॥
जतुकुम्भे ज्योतिरुपगूढ आशवभितप्तो नाशमुपयाति ।
एव स्त्रीभिरनगारा, सवासेन नाशमुपयान्ति ॥३२॥

११४. एए य संगे समइक्कमित्ता, सुदुत्तरा चेव भवंति सेसा ।
जहा महासागरमुत्तरित्ता, नई भवे अवि गंगासमाणा ॥३३॥
एतांश्च सगान् समतिक्रम्य, सुदुस्तराश्चैव भवन्ति शेषा ।
यथा महासागरमुत्तीर्य, नदी भवेदपि गङ्गासमाना ॥३३॥

११५. जह सीलरक्खयाणं, पुरिसाणं णिंदिदाओ महिलाओ ।
तह सीलरक्खयाणं, महिलाणं णिंदिदा पुरिसा ॥३४॥
यथा शीलरक्षकाणा, पुरुषाणा निन्दिता भवन्ति महिला ।
तथा शीलरक्षकाणा, महिलानां निन्दिता भवन्ति पुरुषा ॥३४॥

१०९. जिस प्रकार जल मे उत्पन्न हुआ कमल जल से लिप्त नही होता, इसी प्रकार काम-भोग के वातावरण मे उत्पन्न हुआ जो मनुष्य उससे लिप्त नही होता, उसे हम ब्राह्मण कहते है ।

११०. जिसके मोह नही है, उसने दुःख का नाश कर दिया । जिसके तृष्णा नही है, उसने मोह का नाश कर दिया । जिसके लोभ नही है, उसने तृष्णा का नाश कर दिया (और) जिसके पास कुछ नही है, उसने लोभ का (ही) नाश कर दिया ।

१११ जीव ही ब्रह्म है । देहासक्ति से मुक्त मुनि की ब्रह्म (आत्मा) के लिए जो चर्या है, वही ब्रह्मचर्य है ।

११२ स्त्रियो के मनोहर सर्वाङ्गो को देखते हुए भी जो इनमे दुर्भाव नही करता—विकार को प्राप्त नही होता, वही वास्तव मे दुर्द्धर ब्रह्मचर्यभाव को धारण करता है ।

११३ जैसे लाख का घडा अग्नि से तप्त होने पर शीघ्र ही नष्ट हो जाता है, वैसे ही स्त्री-सहवास से अनगार (मुनि) नष्ट हो जाता है ।

११४ जो मनुष्य इन स्त्री-विषयक आसक्तियो का पार पा जाता है, उसके लिए शेष सारी आसक्तियाँ वैसे ही सुतर (सुख से पार पाने योग्य) हो जाती है, जैसे महासागर का पार पानेवाले के लिए गगा जैसी बडी नदी ।

११५ जैसे शील-रक्षक पुरुषो के लिए स्त्रियाँ निन्दनीय है, वैसे ही शीलरक्षिका स्त्रियो के लिए पुरुष निन्दनीय है । (दोनो को एक-दूसरे से बचना चाहिए ।)

११६. किं पुण गुणसहिदाओ, इत्थीओ अत्थि वित्थडजसाओ ।
णरलोगदेवदाओ, देवेहिं वि वंदणिज्जाओ ॥३५॥
किं पुन ? गुणसहिता, स्त्रियः सन्ति विस्तृतयशसः ।
नरलोकदेवता देवैरपि वन्दनीयाः ॥३५॥

११७. तेल्लोक्काडविडहणो, कामग्गी विसयरुक्खपज्जलिओ ।
जोव्वणतणिल्लचारी, जं ण डहइ सो हवइ धण्णो ॥३६॥
त्रैलोक्याटविदहनः, कामाग्निर्विषयवृक्षप्रज्वलितः ।
यौवनतृणसंचरणचतुरः, यं न दहति स भवति धन्यः ॥३६॥

११८. जा जा वच्चई रयणी, न सा पडिनियत्तई ।
अहम्मं कुणमाणस्स, अफला जन्ति राइओ ॥३७॥
या या व्रजति रजनी, न सा प्रतिनिवर्तते ।
अधर्मं कुर्वाणस्य, अफला यान्ति रात्रयः ॥३७॥

११९-१२०. जहा य तिण्णि वणिया, मूलं घेत्तूण निग्गया ।
एगोऽत्थ लहई लाहं, एगो मूलेण आगओ ॥३८॥
एगो मूलं पि हारित्ता, आगओ तत्थ वाणिओ ।
ववहारे उवमा एसा, एवं धम्मे वियाणह ॥३९॥
यथा च त्रयो वणिजः, मूलं गृहीत्वा निर्गताः ।
एकोऽत्र लभते लाभम्, एको मूलेन आगतः ॥३८॥
एकः मूलम् अपि हारयित्वा, आगतस्तत्र वाणिजः ।
व्यवहारे उपमा एषा, एवं धर्मे विजानीत ॥३९॥

१२१. अप्पा जाणइ अप्पा, जहट्ठिओ अप्पसक्खिओ धम्मो ।
अप्पा करेइ तं तह, जह अप्पसुहावओ होइ ॥४०॥
आत्मानं जानाति आत्मा, यथास्थितः आत्मसाक्षिको धर्मः ।
आत्मा करोति तं तथा, यथा आत्मसुखापको भवति ॥४०॥

१०. संयमसूत्र

१२२. अप्पा नई वेयरणी, अप्पा मे कडसामली ।
अप्पा कामदुहा धेणू, अप्पा मे नंदणं वणं ॥१॥
आत्मा नदी वैतरणी, आत्मा मे कूटशाल्मली ।
आत्मा कामदुघा धेनुः, आत्मा मे नन्दनं वनम् ॥१॥

११६ किन्तु ऐसी भी शीलगुणसम्पन्न स्त्रियाँ हैं, जिनका यश सर्वत्र व्याप्त है। वे मनुष्य-लोक की देवता हैं और देवो के द्वारा वन्दनीय हैं।

११७ वि यरूपी वृक्षो से प्रज्वलित कामाग्नि तीनो लोकरूपी अटवी को जला देती है, किन्तु यौवनरूपी तृण पर सचरण करने मे कुशल जिस महात्मा को वह नही जलाती या विचलित नही करती वह धन्य है।

११८ जो-जो रात बीत रही है वह लौटकर नही आती। अधर्म करनेवाले की रात्रियाँ निष्फल चली जाती हैं।

११९-१२० जैसे तीन वणिक् मूल पूँजी को लेकर निकले। उनमे से एक लाभ उठाता है, एक मूल लेकर लौटता है, और एक मूल को भी गँवाकर वापस आता है। यह व्यापार की उपमा है। इसी प्रकार धर्म के विषय मे जानना चाहिए।

१२१ आत्मा ही यथास्थित (निजस्वरूप मे स्थित) आत्मा को जानता है। अतएव स्वभावरूप धर्म भी आत्मसाक्षिक होता है। इस धर्म का पालन (अनुभवन) आत्मा उसी विधि से करता है, जिससे कि वह अपने लिए सुखकारी हो।

१०. संयमसूत्र

१२२ (मेरी) आत्मा ही वैतरणी नदी है। आत्मा ही कूटशाल्मली वृक्ष है। आत्मा ही कामदुहा धेनु है और आत्मा ही नन्दन-वन है।

१२३. अप्पा कत्ता विकत्ता य, दुहाण य सुहाण य।
अप्पा मित्तममित्तं च, दुप्पट्ठिय सुप्पट्ठिओ ॥२॥
आत्मा कर्ता विकर्ता च, दु खाना च सुखाना च।
आत्मा मित्रममित्रम् च, दुष्प्रस्थित सुप्रस्थित ॥२॥

१२४. एगप्पा अजिए सत्तू, कसाया इंदियाणि य।
ते जिणित्तु जहानायं, विहरामि अहं मुणी ! ॥३॥
एक आत्माऽजित शत्रु, कषाया इन्द्रियाणि च।
तान् जित्वा यथान्याय, विहराम्यह मुने ! ॥३॥

१२५. जो सहस्सं सहस्साणं, संगामे दुज्जए जिणे।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं, एस से परमो जओ ॥४॥
य सहस्र सहस्राणा, सङ्ग्रामे दुर्जये जयेत्।
एक जयेदात्मानम्, एष तस्य परमो जय ॥४॥

१२६. अप्पाणमेव जुज्झाहि, किं ते जुज्झेण बज्झओ।
अप्पाणमेव अप्पाणं, जइत्ता सुहमेहए ॥५॥
आत्मानमेव योधयस्व, किं ते युद्धेन बाह्यत।
आत्मानमेव आत्मान, जित्वा सुखमेधते ॥५॥

१२७ अप्पा चेव दमेयव्वो, अप्पा हु खलु दुद्दमो।
अप्पा दंतो सुही होइ, अस्सिं लोए परत्थ य ॥६॥
आत्मा चैव दमितव्य, आत्मा एव खलु दुर्दम।
आत्मा दान्त सुखी भवति, अस्मिल्लोके परत्र च ॥६॥

१२८. वरं मे अप्पा दंतो, संजमेण तवेण य।
माऽहं परेहिं दम्मंतो, बंधणेहिं वहेहि य ॥७॥
वर मयात्मा दान्त, संयमेन तपसा च।
माऽह परैर्दम्यमान, बन्धनैर्वधैश्च ॥७॥

१२९. एगओ विरइं कुज्जा, एगओ य पवत्तणं।
असंजमे नियत्तिं च, संजमे य पवत्तणं ॥८॥
एकतो विरतिं कुर्यात्, एकतश्च प्रवर्तनम्।
असंयमान्निवृत्तिं च, संयमे च प्रवर्तनम् ॥८॥

१२३ आत्मा ही सुख-दु ख का कर्ता है और विकर्ता (भोक्ता) है। सत्प्रवृत्ति मे स्थित आत्मा ही अपना मित्र है और दुष्प्रवृत्ति मे स्थित आत्मा ही अपना शत्रु है।

१२४ अविजित एक अपना आत्मा ही शत्रु है। अविजित कषाय और इन्द्रियाँ ही शत्रु है। हे मुने! मै उन्हे जीतकर यथान्याय (धर्मानुसार) विचरण करता हूँ।

१२५ जो दुर्जेय सग्राम मे हजारो-हजार योद्धाओ को जीतता है, उसकी अपेक्षा जो एक अपने को जीतता है उसकी विजय हो परमविजय है।

१२६ वाहरी युद्धो से क्या? स्वय अपने से ही युद्ध करो। अपने से अपने को जीतकर ही सच्चा सुख प्राप्त होता है।

१२७ स्वय पर ही विजय प्राप्त करना चाहिए। अपने पर विजय प्राप्त करना ही कठिन है। आत्म-विजेता ही इस लोक और परलोक में सुखी होता है।

१२८ उचित यही है कि मै स्वय ही सयम और तप के द्वारा अपने पर विजय प्राप्त करूँ। वन्धन और वध के द्वारा दूसरो से मै दमित (प्रताडित) किया जाऊँ, यह ठीक नही है।

१२९ एक ओर से निवृत्ति और दूसरी ओर से प्रवृत्ति करना चाहिए—असयम से निवृत्ति और सयम मे प्रवृत्ति।

१३०. रागे दोसे य दो पावे, पावकम्मपवत्तणे ।
जे भिक्खू रुंभई निच्चं, से न अच्छइ मंडले ॥९॥
रागो द्वेष च द्वौ पापौ, पापकर्मप्रवर्तकौ ।
यो भिक्षु रुणद्धि नित्य, स न आस्ते मण्डले ॥९॥

१३१. नाणेण य झाणेण य, तवोबलेण य बला निरुभंति ।
इंदियविसयकसाया, धरिया तुरगा व रज्जूहि ॥१०॥
ज्ञानेन च ध्यानेन च, तपोबलेन च बलान्निरुध्यन्ते ।
इन्द्रियविषयकषाया, धृतास्तुरगा इव रज्जूभि ॥१०॥

१३२. उवसामं पुवणीता, गुणमहता जिणचरित्तसरिसं पि ।
पडिवातेंति कसाया, किं पुण सेसे सरागत्थे ॥११॥
उपशमम् अप्युपनीत, गुणमहान्त जिनचरित्रसदृशमपि ।
प्रतिपातयन्ति कषाया , किं पुन शेषान् सरागस्थान् ॥११॥

१३३. इह उवसंतकसाओ, लहइ अणतं पुणो वि पडिवायं ।
न हु भे वीससियव्वं, थेवे वि कसायसेसम्मि ॥१२॥
इह उपशान्तकषायो, लभतेऽनन्त पुनरपि प्रतिपातम् ।
न हि युष्माभिर्विश्वसितव्य स्तोकेऽपि कषायशेषे ॥१२॥

१३४. अणथोवं वणथोवं, अग्गीथोवं कसायथोवं च ।
न हु भे वीससियव्वं, थोवं पि हु तं बहु होइ ॥१३॥
ऋणस्तोक व्रणस्तोकम् , अग्निस्तोक कषायस्तोक च ।
न हि भवद्भिर्विश्वसितव्य, स्तोकमपि खलु तद् बहु भवति ॥१३॥

१३५ कोहो पीइं पणासेइ, माणो विणयनासणो ।
माया मित्ताणि नासेइ, लोहो सव्वविणासणो ॥१४॥
क्रोध प्रीति प्रणाशयति, मानो विनयनाशन ।
माया मित्राणि नाशयति, लोभ सर्वविनाशन ॥१४॥

१३६ उवसमेण हणे कोहं, माणं मद्दवया जिणे ।
मायं चऽज्जवभावेण, लोभं संतोसओ जिणे ॥१५॥
उपशमेन हन्यात् क्रोध, मान मार्दवेन जयेत् ।
मायां च आर्जवभावेन, लोभ सन्तोषतो जयेत् ॥१५॥

१३० पापकर्म के प्रवर्तक राग और द्वेष ये दो पाप है। जो भिक्षु इनका सदा निरोध करता है वह मडल (ससार) मे नही रुकता—मुक्त हो जाता है।

१३१. ज्ञान, ध्यान और तपोवल से इन्द्रिय-विषयो और कषायो को वलपूर्वक रोकना चाहिए, जैसे कि लगाम के द्वारा घोडो को वल-पूर्वक रोका जाता है।

१३२ महागुणी मुनि के द्वारा उपशान्त किये हुए कषाय जिनेश्वर-देव के समान चरित्रवाले उस (उपशमक वीतराग) मुनि को भी गिरा देते है, तव सराग मुनियो का तो कहना ही क्या ?

१३३ जव कि कषायो को उपशान्त करनेवाला पुरुष भी अनन्त-प्रतिपात (विशुद्ध अध्यवसाय की अनन्तहीनता) को प्राप्त हो जाता है, तव अवशिष्ट थोडी-सी कषाय पर कैसे विश्वास किया जा सकता है ? उस पर विश्वास नही करना चाहिए।

१३४ ऋण को थोडा, घाव को छोटा, आग को तनिक और कषाय को अल्प मान, विश्वस्त होकर नही वैठ जाना चाहिए। क्योकि ये थोडे भी वढकर वहुत हो जाते है।

१३५, क्रोध प्रीति को नष्ट करता है, मान विनय को नष्ट करता है, माया मैत्री को नष्ट करती है और लोभ सव कुछ नष्ट करता है।

१३६ क्षमा से क्रोध का हनन करे, नम्रता से मान को जीते, ऋजुता से माया को और सन्तोष से लोभ को जीते।

१३७ जहा कुम्मे सअंगाई, सए देहे समाहरे।
एवं पावाइं मेहावी, अज्झप्पेण समाहरे ॥१६॥
यथा कूर्मः स्वअङ्गानि, स्वके देहे समाहरेत्।
एवं पापानि मेधावी, अध्यात्मना समाहरेत् ॥१६॥

१३८ से जाणमजाणं वा, कट्टु आहम्मिअं पयं।
संवरे खिप्पमप्पाणं, बीयं तं न समायरे ॥१७॥
स जानन् अजानन् वा, कृत्वा आधार्मिकं पदम्।
संवरेत् क्षिप्रमात्मानं, द्वितीयं तत् न समाचरेत् ॥१७॥

१३९. धम्मारामे चरे भिक्खू, धिइमं धम्मसारही।
धम्मारामरए दंते, बम्भचेरसमाहिए ॥१८॥
धर्मारामे चरेद् भिक्षुः, धृतिमान् धर्मसारथिः।
धर्मारामरतो दान्तः, ब्रह्मचर्यसमाहितः ॥१८॥

११. अपरिग्रहसूत्र

१४० संगनिमित्तं मारइ, भणइ अलीअं करेइ चोरिक्कं।
सेवइ मेहुण मुच्छं, अप्परिमाणं कुणइ जीवो ॥१॥
संगनिमित्तं मारयति, भणत्यलीकं करोति चोरिकाम्।
सेवते मैथुनं मूर्च्छामपरिमाणां करोति जीवः ॥१॥

१४१. चित्तमंतमचित्तं वा, परिगिज्झ किसामवि।
अन्नं वा अणुजाणाइ, एवं दुक्खा ण मुच्चई ॥२॥
चित्तवन्तमचित्तं वा, परिगृह्य कृशमपि।
अन्यं वा अनुजानाति, एवं दुःखात् न मुच्यते ॥२॥

१४२ जे ममाइय मतिं जहाति, से जहाति ममाइयं।
से हु दिट्ठपहे मुणी, जस्स नत्थि ममाइयं ॥३॥
यो ममायितमतिं जहाति, स त्यजति ममायितम्।
स खलु दृष्टपथः मुनिः, यस्य नास्ति ममायितम् ॥३॥

१३७ जैसे कछुआ अपने अंगों को अपने शरीर में समेट लेता है, वैसे ही मेधावी (ज्ञानी) पुरुष पापों को अध्यात्म के द्वारा समेट लेता है।

१३८ ज्ञान या अज्ञान में कोई अधर्म कार्य हो जाय तो अपनी आत्मा को उससे तुरन्त हटा लेना चाहिए फिर दूसरी बार वह कार्य न किया जाय।

१३९ धैर्यवान्, धर्म के रथ को चलानेवाला, धर्म के आराम में रत, दान्त और ब्रह्मचर्य में चित्त का समाधान पानेवाला भिक्षु धर्म के आराम में विचरण करे।

११. अपरिग्रहसूत्र

१४०. जीव परिग्रह के निमित्त हिंसा करता है, असत्य बोलता है, चोरी करता है, मैथुन का सेवन करता है और अत्यधिक मूर्च्छा करता है। (इस प्रकार परिग्रह पाँचों पापों की जड़ है।)

१४१. सजीव या निर्जीव स्वल्प वस्तु का भी जो परिग्रह रखता है अथवा दूसरे को उसकी अनुज्ञा देता है, वह दुःख से मुक्त नहीं होता।

१४२. जो परिग्रह की वृद्धि का त्याग करता है, वही परिग्रह को त्याग सकता है। जिसके पास परिग्रह नहीं है, उसी मुनि ने पथ को देखा है।

१४३-१४४. मिच्छत्तवेदरागा, तहेव हासादिआ य छद्दोसा ।
चत्तारि तह कसाया, चउदस अब्भतरा गथा ॥४॥
बाहिरसंगा खेत्तं, वत्थु धणधन्नकुप्पभांडाणि ।
दुपयचउप्पय जाणाणि, केव सयणासणे य तहा ॥५॥
मिथ्यात्ववेदरागा, तथैव हासादिका च षड्दोषा ।
चत्वारस्तथा कषाया, चतुर्दश अभ्यन्तरा ग्रन्था ॥४॥
बाह्यसगा क्षेत्र, वास्तुधनधान्यकुप्यभाण्डानि ।
द्विपदचतुष्पदानि यानानि, चैव शयनासनानि च तथा ॥५॥

१४५. सव्वगथविमुक्को, सीईभूओ पसंतचित्तो अ ।
ज पावइ मुत्तिसुहं, न चक्कवट्टी वि त लहइ ॥६॥
सर्वग्रन्थविमुक्त, शीतीभूत प्रशान्तचित्तश्च ।
यत्प्राप्नोति मुक्तिसुख, न चक्रवर्त्यपि तल्लभते ॥६॥

१४६. गंथच्चाओ इंदिय-णिवारणे अंकुसो व हत्थिस्स ।
णयरस्स खाइया वि य, इंदियगुत्ती असंगत्तं ॥७॥
ग्रन्थत्याग इन्द्रिय-निवारणे अकुश इव हस्तिन ।
नगरस्य खातिका इव च, इन्द्रियगुप्ति असगत्वम् ॥७॥

१२. अहिंसासूत्र

१४७. एय खु नाणिणो सारं, जं न हिंसइ कंचण ।
अहिंसासमयं चेव, एतावते वियाणिया ॥१॥
एतत् खलु ज्ञानिन सार, यत् न हिनस्ति कञ्चन ।
अहिंसा समता चैव, एतावती विजानीयात् ॥१॥

१४८ सव्वे जीवा वि इच्छंति, जीविउं न मरिज्जिउं ।
तम्हा पाणवह घोरं, निग्गंथा वज्जयंति णं ॥२॥
सर्वे जीवा अपि इच्छन्ति, जीवितु न मर्तुम् ।
तस्मात्प्राणवध घोर, निर्ग्रन्था वर्जयन्ति तम् ॥२॥

१४३-१४४ परिग्रह दो प्रकार का है—आभ्यन्तर और वाह्य ।
आभ्यन्तर परिग्रह चौदह प्रकार का है
१ मिथ्यात्व, २ स्त्रीवेद, ३. पुरुषवेद, ४ नपुसकवेद, ५ हास्य, ६ रति, ७. अरति, ८ शोक, ९ भय, १०. जुगुप्सा, ११. क्रोध, १२. मान, १३ माया, १४ लोभ ।
वाह्य परिग्रह दस प्रकार का है
१ खेत, २ मकान, ३. धन-धान्य, ४ वस्त्र, ५ भाण्ड, ६. दास-दासी, ७ पशु, ८. यान, ९. शय्या, १०. आसन

१४५. सम्पूर्ण परिग्रह से मुक्त, शीतीभूत, प्रसन्नचित्त श्रमण जैसा मुक्तिसुख पाता है वैसा सुख चक्रवर्ती को भी नही मिलता ।

१४६. जैसे हाथी को वश मे रखने के लिए अकुश होता है और नगर की रक्षा के लिए खाई होती है, वैसे ही इन्द्रिय-निवारण के लिए परिग्रह का त्याग (कहा गया) है । परिग्रह-त्याग से इन्द्रियाँ वश में होती हैं ।

१२. अहिंसासूत्र

१४७ ज्ञानी होने का सार यही है कि (वह) किसी भी प्राणी की हिंसा न करे । इतना जानना ही पर्याप्त है कि अहिंसामूलक समता ही धर्म है अथवा यही अहिंसा का विज्ञान है ।

१४८. सभी जीव जीना चाहते है, मरना नही । इसलिए प्राणवध को भयानक जानकर निर्ग्रन्थ उसका वर्जन करते है ।

१४९. जावंति लोए पाणा, तसा अदुव थावरा ।
ते जाणमजाणं वा, ण हणे णो वि घायए ॥३॥
यावन्तो लोके प्राणा-स्त्रसा अथवा स्थावरा ।
तान् जानन्नजानन्वा, न हन्यात् नोऽपि घातयेत् ॥३॥

१५०. जह ते न पिअं दुक्खं, जाणिअ एमेव सव्वजीवाणं ।
सव्वायरमुवउत्तो, अत्तोवम्मेण कुणसु दयं ॥४॥
यथा ते न प्रिय दुःख, ज्ञात्वैवमेव सर्वजीवानाम् ।
सर्वादरमुपयुक्त, आत्मौपम्येन कुरु दयाम् ॥४॥

१५१. जीववहो अप्पवहो, जीवदया अप्पणो दया होइ ।
ता सव्वजीवहिंसा, परिचत्ता अत्तकामेहि ॥५॥
जीववध आत्मवधो, जीवदयाऽऽत्मनो दया भवति ।
तस्मात् सर्वजीवहिंसा, परित्यक्ताऽऽत्मकामैः ॥५॥

१५२ तुमं सि नाम स चेव, जं हंतव्वं ति मन्नसि ।
तुमं सि नाम स चेव, जं अज्जावेयव्वं ति मन्नसि ॥६॥
त्वम् असि नाम स एव, यं हन्तव्यमिति मन्यसे ।
त्वम् असि नाम स एव, यमाज्ञापयितव्यमिति मन्यसे ॥६॥

१५३. रागादीणमणुप्पाओ, अहिंसकत्तं त्ति देसियं समए ।
तेसिं चे उप्पत्ती, हिंसेत्ति जिणेहि णिद्दिट्ठा ॥७॥
रागादीनामनुत्पाद, अहिंसकत्वमिति देशित समये ।
तेषां चेद् उत्पत्ति, 'हिंसा' इति जिनैर्निर्दिष्टा ॥७॥

१५४ अज्झवसिएण बंधो, सत्ते मारेज्ज मा थ मारेज्ज ।
एसो बंधसमासो, जीवाणं णिच्छयणयस्स ॥८॥
अध्यवसितेन बन्ध, सत्त्वान् मारयेद् मा अथ मारयेत् ।
एष बन्धसमासो, जीवानां निश्चयनयस्य ॥८॥

१५५. हिंसादो अविरमणं, वहपरिणामो य होइ हिंसा हु ।
तम्हा पमत्तजोगे, पाणव्ववरोवओ णिच्चं ॥९॥
हिंसातोऽविरमणं, वधपरिणाम च भवति हिंसा हि ।
तस्मात् प्रमत्तयोगे, प्राणव्यपरोपत. नित्यम् ॥९॥

१४९ लोक मे जितने भी त्रस और स्थावर प्राणी है, निर्ग्रन्थ जान या अजान मे उनका हनन न करे और न कराये ।

१५० जैसे तुम्हे दु ख प्रिय नही है, वैसे ही सव जीवो को दु ख प्रिय नही है—ऐसा जानकर, पूर्ण आदर और सावधानीपूर्वक, आत्मौपम्य की दृष्टि से सव पर दया करो ।

१५१ जीव का वध अपना ही वध है । जीव की दया अपनी ही दया है । अत आत्महितैपी (आत्मकाम) पुरुषो ने सभी तरह की जीव-हिंसा का परित्याग किया है ।

१५२ जिसे तू हननयोग्य मानता है, वह तू ही है । जिसे तू आज्ञा मे रखने योग्य मानता है, वह तू ही है ।

१५३ जिनेश्वरदेव ने कहा है—राग आदि की अनुत्पत्ति अहिंसा है और उनकी उत्पत्ति हिंसा है ।

१५४ हिंसा करने के अध्यवसाय से ही कर्म का वध होता है, फिर कोई जीव मरे या न मरे । निश्चयनय के अनुसार सक्षेप में जीवो के कर्म-वध का यही स्वरूप है ।

१५५ हिंसा से विरत न होना, हिंसा का परिणाम रखना हिंसा ही है । इसलिए जहाँ प्रमाद है वहाँ नित्य हिंसा है

१५६. णाणी कम्मस्स खयत्थ-मुट्ठिदो णोट्ठिदो य हिंसाए ।
अददि असढं अहिंसत्थं, अप्पमत्तो अवधगो सो ॥१०॥
ज्ञानी कर्मण क्षयार्थ-मुत्थितो नोत्थित च हिंसायै ।
यतति अशठम् अहिंसार्थम् अप्रमत्त अवधक स ॥१०॥

१५७. अत्ता चेव अहिंसा, अत्ता हिंसत्ति णिच्छओ समए ।
जो होदि अप्पमत्तो, अहिंसगो हिंसगो इदरो ॥११॥
आत्मैवाहिंसाऽऽत्मा, हिंसेति निश्चय समये ।
यो भवति अप्रमत्तोऽहिंसक , हिंसक इतर ॥११॥

१५८. तुंगं न मंदराओ, आगासाओ विसालयं नत्थि ।
जह तह जयंमि जाणसु, धम्ममहिंसासमं नत्थि ॥१२॥
तुङ्ग न मन्दरात्, आकाशाद्विशालक नास्ति ।
यथा तथा जगति जानीहि, धर्मोऽहिंसासमो नास्ति ॥१२॥

१५९. अभयं पत्थिवा ! तुब्भं, अभयदाया भवाहि य ।
अणिच्चे जीवलोगम्मि, किं हिंसाए पसज्जसि ॥१३॥
अभय पार्थिव ! तुभ्यम् अभयदाता भव च ।
अनित्ये जीवलोके, किं हिंसाया प्रसज्जसि ॥१३॥

१३. अप्रमादसूत्र

१६०. इमं च मे अत्थि इमं च नत्थि, इमं च मे किच्चं इमं अकिच्चं ।
तं एवमेवं लालप्पमाणं, हरा हरंति त्ति कहं पमाए ? ॥१॥
इद च मेऽस्ति इद च नास्ति, इद च मे कृत्यमिदमकृत्यम् ।
तमेवमेव लालप्यमान, हरा हरन्तीति कथ प्रमाद ? ॥१॥

१६१. सीतंति सुवंताणं, अत्था पुरिसाण लोगसारत्था ।
तम्हा जागरमाणा, विधुणध पोराणयं कम्मं ॥२॥
सीदन्ति स्वपताम्, अर्था पुरुषाणा लोकसारार्था. ।
तस्माज्जागरमाणा, विधूनयत पुराणक कर्म ॥२॥

१५६ ज्ञानी कर्म-क्षय के लिए उद्यत हुआ है, हिंसा के लिए नही। वह निश्छलभाव से अहिंसा के लिए प्रयत्नशील रहता है। वह अप्रमत्त मुनि अहिंसक होता है।

१५७ आत्मा ही अहिंसा है और आत्मा ही हिंसा है—यह सिद्धान्त का निश्चय है। जो अप्रमत्त है वह अहिंसक है और जो प्रमत्त है वह हिंसक है।

१५८ जैसे जगत् मे मेरु पर्वत से ऊँचा और आकाश से विशाल और कुछ नही है, वैसे ही अहिंसा के समान कोई धर्म नही है।

१५९ मुनि ने कहा 'पार्थिव! तुझे अभय है और तू भी अभयदाता बन। इस अनित्य जीव-लोक मे तू क्यो हिंसा मे आसक्त हो रहा है?'

१३. अप्रमादसूत्र

१६० यह मेरे पास है और यह नही है, यह मुझे करना है और यह नही करना है—इस प्रकार वृथा बकवास करते हुए पुरुष को उठाने वाला (काल) उठा लेता है। इस स्थिति मे प्रमाद कैसे किया जाय?

१६१ इस जगत् मे ज्ञान आदि सारभूत अर्थ है। जो पुरुष सोते है उनके वे अर्थ नष्ट हो जाते है। अत सतत जागते रहकर पूर्वार्जित कर्मों को प्रकम्पित करो।

१६२. जागरिया धम्मीण, अहम्मीणं च सुत्तया सेया ।
वच्छाहिवभगिणीए, अकहिंसु जिणो जयंतीए ॥३॥
जागरिका धर्मिणाम्, अधर्मिणा च सुप्तता श्रेयसी ।
वत्साधिपभगिन्या, कथितवान् जिन जयन्त्या ॥३॥

१६३. सुत्तेसु यावी पडिबुद्धजीवी, न वीससे पण्डिए आसुपण्णे ।
घोरा मुहुत्ता अबलं सरीरं, भारंड-पक्खी व चरेऽप्पमत्तो ॥४॥
सुप्तेषु चापि प्रतिबुद्धजीवी, न विश्वसेत् पण्डित आशुप्रज्ञ ।
घोरा मुहूर्त्ता अवल शरीरम्, भारण्डपक्षीव चरेद् अप्रमत्त ॥४॥

१६४. पमायं कम्ममाहंसु, अप्पमायं तहाऽवरं ।
तब्भावादेसओ वावि, बालं पंडियमेव वा ॥५॥
प्रमाद कर्म आहु-रप्रमाद तथाऽपरम् ।
तद्भावादेशतो वापि, वाल पण्डितमेव वा ॥५॥

१६५ न कम्मुणा कम्म खवेंति वाला, अकम्मुणा कम्म खवेंति धीरा ।
मेधाविणो लोभमया वतीता, संतोसिणो नो पकरेंति पावं ॥६॥
न कर्मणा कर्म क्षपयन्ति वाला, अकर्मणा कर्म क्षपयन्ति धीरा ।
मेधाविनो लोभमदाद् व्यतीता, सन्तोषिणो नो प्रकुर्वन्ति पापम् ॥

१६६. सव्वओ पमत्तस्स भयं, सव्वओ अप्पमत्तस्स नत्थि भयं ॥७॥
सर्वत प्रमत्तस्य भय, सर्वतोऽप्रमत्तस्य नास्ति भयम् ॥७॥

१६७ नाऽऽलस्सेण समं सुक्खं, न विज्जा सह निद्दया ।
न वेरग्गं ममत्तेणं, नारंभेण दयालुया ॥८॥
नाऽऽलस्येन सम सौख्य, न विद्या सह निद्रया ।
न वैराग्य ममत्वेन, नारम्भेण दयालुता ॥८॥

१६८ जागरह नरा ! णिच्चं, जागरमाणस्स वड्ढते बुद्धी ।
जो सुवति ण सो धन्नो, जो जग्गति सो सया धन्नो ॥९॥
जागृत नरा ! नित्य, जागरमाणस्य वर्द्धते वुद्धि ।
य स्वपिति न सो धन्य, य जागर्त्ति स सदा धन्य ॥९॥

१६२ 'धार्मिको का जागना श्रेयस्कर है और अधार्मिको का सोना श्रेयस्कर है'—ऐसा भगवान् महावीर ने वत्सदेश के राजा शतानीक की वहन जयन्ती से कहा था।

१६३ आशुप्रज्ञ पडित सोये हुए व्यक्तियो के बीच भी जागृत रहे। प्रमाद मे विश्वास न करे। मुहूर्त वडे घोर (निर्दयी) होते है। शरीर दुर्वल है, इसलिए वह भारण्ड पक्षी की भाँति अप्रमत्त होकर विचरण करे।

१६४ प्रमाद को कर्म (आस्रव) और अप्रमाद को अकर्म (सवर) कहा है। प्रमाद के होने से मनुष्य वाल (अज्ञानी) होता है। प्रमाद के न होने से मनुष्य पडित (ज्ञानी) होता है।

१६५ (अज्ञानी साधक कर्म-प्रवृत्ति के द्वारा कर्म का क्षय होना मानते है किन्तु) वे कर्म के द्वारा कर्म का क्षय नही कर सकते। धीर पुरुष अकर्म (सवर या निवृत्ति) के द्वारा कर्म का क्षय करते है। मेधावी पुरुष लोभ और मद से अतीत तथा सन्तोषी होकर पाप नही करते।

१६६ प्रमत्त को सव ओर से भय होता है। अप्रमत्त को कोई भय नही होता।

१६७ आलसी सुखी नही हो सकता, निद्रालु विद्याभ्यासी नही हो सकता, ममत्व रखनेवाला वैराग्यवान नही हो सकता, और हिंसक दयालु नही हो सकता।

१६८ मनुष्यो! सतत जागृत रहो। जो जागता है उसकी वुद्धि वढती है। जो सोता है वह धन्य नही है, धन्य वह है, जो सदा जागता है।

१६९. आदाणे णिक्खेवे, वोसिरणे ठाणगमणसयणेसु ।
सव्वत्थ अप्पमत्तो, दयावरो होदु हु अहिंसओ ॥१०॥
आदाने निक्षेपे, व्युत्सर्जने स्थानगमनशयनेषु ।
सर्वत्राऽप्रमत्तो, दयापरो भवति खल्वहिंसक ॥१०॥

१४. शिक्षासूत्र

१७० विवत्ती अविणीअस्स, संपत्ती विणीअस्स य ।
जस्सेयं दुहओ नायं, सिक्खं से अभिगच्छइ ॥१॥
विपत्तिरविनीतस्य, सपत्तिर्विनीतस्य च ।
यस्यैतद् द्विधा ज्ञात, शिक्षा स अधिगच्छति ॥१॥

१७१. अह पंचहिं ठाणेहिं, जेहिं सिक्खा न लब्भई ।
थम्भा कोहा पमाएणं, रोगेणाऽलस्सएण य ॥२॥
अथ पञ्चभि स्थानै, यै शिक्षा न लभ्यते ।
स्तम्भात् क्रोधात् प्रमादेन, रोगेणालस्यके च ॥२॥

१७२-१७३. अह अट्ठहिं ठाणेहिं, सिक्खासीले त्ति वुच्चई ।
अहस्सिरे सया दंते, न य मम्ममुदाहरे ॥३॥
नासीले न विसीले, न सिया अइलोलुए ।
अकोहणे सच्चरए, सिक्खासीले त्ति वुच्चई ॥४॥
अथाष्टभि स्थानै, शिक्षाशील इत्युच्यते ।
अहसनशील सदा दान्त, न च मर्म उदाहरेत् ॥३॥
नाशीलो न विशील, न स्यादतिलोलुप ।
अक्रोधन सत्यरत, शिक्षाशील इत्युच्यते ॥४॥

१७४ नाणमेगग्गचित्तो अ, ठिओ अ ठावयई परं ।
सुआणि अ अहिज्जित्ता, रओ सुअसमाहिए ॥५॥
ज्ञानमेकाग्रचित्तश्च, स्थित च स्थापयति परम् ।
श्रुतानि च अधीत्य, रत श्रुतसमाधौ ॥५॥

१६९ वस्तुओ को उठाने-धरने मे, मल-मूत्र का त्याग करने में, बैठने तथा चलने-फिरने मे, और शयन करने मे जो दयालु पुरुष सदा अप्रमादी रहता है, वह निश्चय ही अहिंसक है ।

१४. शिक्षासूत्र

१७० अविनयी के ज्ञान आदि गुण नष्ट हो जाते हैं, यह उसकी विपत्ति है और विनयी को ज्ञान आदि गुणो की सम्प्राप्ति होती है, (यह उसकी सम्पत्ति है । इन दोनो बातो को जाननेवाला ही ग्रहण और आसेवनरूप) सच्ची शिक्षा प्राप्त करता है ।

✓ १७१ इन पॉच स्थानो या कारणो से शिक्षा प्राप्त नही होती · १. अभिमान, २. क्रोध, ३. प्रमाद, ४ रोग और ५ आलस्य ।

१७२-१७३ इन आठ स्थितियो या कारणो से मनुष्य शिक्षाशील कहा जाता है १ हँसी-मजाक नही करना, २ सदा इन्द्रिय और मन का दमन करना, ३. किसीका रहस्योद्घाटन न करना, ४. अशील (सर्वथा आचारविहीन) न होना, ५ विशील (दोषो से कलकित) न होना, ६ अति रसलोलुप न होना, ७ अक्रोधी रहना तथा ८ सत्यरत होना ।

✓ १७४ अध्ययन के द्वारा व्यक्ति को ज्ञान और चित्त की एकाग्रता प्राप्त होती है । वह स्वय धर्म मे स्थित होता है और दूसरो को भी स्थिर करता है तथा अनेक प्रकार के श्रुत का अध्ययन कर वह श्रुतसमाधि म रत हो जाता है ।

१७५. वसे गुरुकुले निच्चं, जोगवं उवहाणवं ।
पियंकरे पियंवाई, से सिक्खं लद्धुमरिहई ॥६॥
वसेद् गुरुकुले नित्य, योगवानुपधानवान् ।
प्रियकर प्रियवादी, स शिक्षा लब्धुमर्हति ॥६॥

१७६. जह दीवा दीवसयं, पइप्पए सो य दिप्पए दीवो ।
दीवसमा आयरिया, दिप्पंति परं च दीवेंति ॥७॥
यथा दीपात् दीपशत, प्रदीप्यते स च दीप्यते दीप ।
दीपसमा आचार्या, दीप्यन्ते पर च दीपयन्ति ॥७॥

१५. आत्मसूत्र

१७७. उत्तमगुणाण धामं, सव्वदव्वाण उत्तमं दव्वं ।
तच्चाण परं तच्चं, जीवं जाणेह णिच्छयदो ॥१॥
उत्तमगुणाना धाम, सर्वद्रवयाणा उत्तम द्रव्यम् ।
तत्त्वाना पर तत्त्व, जीव जानीत निश्चयत ॥१॥

१७८. जीवा हवंति तिविहा, बहिरप्पा तह य अंतरप्पा य ।
परमप्पा वि य दुविहा, अरहंता तह य सिद्धा य ॥२॥
जीवा भवन्ति त्रिविधा, वहिरात्मा तथा च अन्तरात्मा च ।
परमात्मान अपि च द्विविधा, अर्हन्त तथा च सिद्धा च ॥२॥

१७९. अक्खाणि बहिरप्पा, अंतरप्पा हु अप्पसंकप्पो ।
कम्मकलंक-विमुक्को, परमप्पा भण्णए देवो ॥३॥
अक्षाणि वहिरात्मा, अन्तरात्मा खलु आत्मसकल्प ।
कर्मकलङ्कविमुक्त, परमात्मा भण्यते देव ॥३॥

१८०. ससरीरा अरहंता, केवलणाणेण मुणिय-सयलत्था ।
णाणसरीरा सिद्धा, सव्वुत्तम-सुक्ख-संपत्ता ॥४॥
सशरीरा अर्हन्त, केवलज्ञानेन ज्ञातसकलार्था ।
ज्ञानशरीरा सिद्धा, सर्वोत्तमसौख्यसप्राप्ता ॥४॥

१७५ जो सदा गुरुकुल म वास करता है, जो समाधियुक्त होता है, जो उपधान (श्रुत-अध्ययन के समय) तप करता है, जो प्रिय करता है, जो प्रिय बोलता है, वह शिक्षा प्राप्त कर सकता है ।

१७६ जैसे एक दीप से सैकडो दीप जल उठते है और वह स्वय भी दीप्त रहता है, वैसे ही आचार्य दीपक के समान होते हैं । वे स्वय प्रकाशवान् रहते हैं, और दूसरो को भी प्रकाशित करते है ।

१५. आत्मसूत्र

१७७ तुम निश्चयपूर्वक यह जानो कि जीव उत्तम गुणो का आश्रय, सव द्रव्यो मे उत्तम द्रव्य और सव तत्त्वो मे परम तत्त्व है ।

१७८ जीव (आत्मा) तीन प्रकार का है वहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा । परमात्मा के दो प्रकार है अर्हत् और सिद्ध ।

१७९ इन्द्रिय-समूह को आत्मा के रूप मे स्वीकार करनेवाला वहिरात्मा है । आत्म-सकल्प—देह से भिन्न आत्मा को स्वीकार करनेवाला अन्तरात्मा है । कर्म-कलक से विमुक्त आत्मा परमात्मा है ।

१८० केवलज्ञान से समस्त पदार्थो को जाननेवाले स-शरीरी जीव अर्हत् है तथा सर्वोत्तम सुख (मोक्ष) को सम्प्राप्त ज्ञान-शरीरी जीव सिद्ध कहलाते है ।

१८१. आरुहवि अंतरप्पा, वहिरप्पो छंडिऊण तिविहेण ।
झाइज्जइ परमप्पा, उवइट्ठं जिणवरिंदेहिं ॥५॥
आरुह्य अन्तरात्मान, वहिरात्मान त्यक्त्वा त्रिविधेन ।
ध्यायते परमात्मा, उपदिष्ट जिनवरेन्द्रै ॥५॥

१८२. चउगइभवसंभमणं, जाइजरामरण-रोयसोका य ।
कुलजोणिजीवमग्गण-ठाणा जीवस्स णो संति ॥६॥
चतुर्गतिभवसभ्रमण, जातिजरामरण-रोगशोकाश्च ।
कुल योनिजीवमार्गणा-स्थानानि जीवस्य नो सन्ति ॥६॥

१८३. वण्णरसगंधफासा, थीपुंसणवुंसयादि-पज्जाया ।
संठाणा संहणणा, सव्वे जीवस्स णो संति ॥७॥
वर्णरसगन्धस्पर्शा, स्त्रीपुनपुसकादि-पर्याया. ।
सस्थानानि सहननानि, सर्वे जीवस्य नो सन्ति ॥७॥

१८४. एदे सव्वे भावा, ववहारणयं पडुच्च भणिदा हु ।
सव्वे सिद्धसहावा, सुद्धणया संसिदी जीवा ॥८॥
एते सर्वे भावा व्यवहारनय प्रतीत्य भणिता खलु ।
सर्वे सिद्धस्वभावा, शुद्धनयात् संसृतौ जीवा ॥८॥

१८५. अरसमरूवमगंधं, अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं ।
जाण अलिंगग्गहणं, जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं ॥९॥
अरसमरूपमगन्धम् अव्यक्त चेतनागुणमशब्दम् ।
जानीह्यलिंगग्रहण, जीवमनिर्दिष्टसस्थानम् ॥९॥

१८६. णिद्दंडो णिद्दंदो, णिम्ममो णिक्कलो णिरालंबो ।
णीरागो णिद्दोसो, णिम्मूढो णिब्भयो अप्पा ॥१०॥
निर्दण्ड निर्द्वन्द्व, निर्मम निष्कल निरालम्ब ।
नीराग निर्द्वेष, निर्मूढ निर्भय आत्मा ॥१०॥

१८७ णिग्गंथो णीरागो, णिस्सल्लो सयलदोसणिम्मुक्को ।
णिक्कामो णिक्कोहो, णिम्माणो णिम्मदो अप्पा ॥११॥
निर्ग्रन्थो नीरागो, नि शल्य सकलदोषनिर्मुक्त ।
निष्कामो निष्क्रोधो, निर्मानो निर्मद आत्मा ॥११॥

१८१. जिनेश्वरदेव का यह कथन है कि तुम मन, वचन और काया से बहिरात्मा को छोड़कर, अन्तरात्मा मे आरोहण कर परमात्मा का ध्यान करो ।

✓ १८२ शुद्ध आत्मा मे चतुर्गतिरूप भव-भ्रमण, जन्म, जरा, मरण, रोग, शोक तथा कुल, योनि, जीवस्थान और मार्गणास्थान नही होते ।

✓ १८३ शुद्ध आत्मा मे वर्ण, रस, गन्ध, स्पर्श तथा स्त्री, पुरु , नपुसक आदि पर्याये, तथा सस्थान और सहनन नही होते ।

१८४. ये सब भाव व्यवहारनय की अपेक्षा से कहे गये है । शुद्धनय (निश्चयनय) की अपेक्षा से ससारी जीव भी सिद्धस्वरूप है ।

✓ १८५ शुद्ध आत्मा वास्तव मे अरस, अरूप, अगध, अव्यक्त, चैतन्य-गुणवाला, अशब्द, अलिङ्गग्राह्य (अनुमान का अविषय) और सस्थानरहित है ।

✓ १८६ आत्मा, मन, वचन और कायरूप त्रिदड से रहित, निर्द्वन्द्व—अकेला, निर्मम—ममत्वरहित, निष्कल—शरीररहित, निरालम्ब—परद्रव्यालम्बन से रहित, वीतराग, निर्दोष, मोह-रहित तथा निर्भय है ।

१८७ वह (आत्मा) निर्ग्रन्थ (ग्रन्थिरहित) है, नीराग है, नि शल्य (निदान, माया और मिथ्यादर्शनशल्य से रहित) है, सर्व-दोषो से निर्मुक्त है, निष्काम (कामनारहित) है और नि क्रोध, निर्मान तथा निर्मद है ।

१८८. णवि होदि अप्पमत्तो, ण पमत्तो जाणओ दु जो भावो ।
एव भणंति सुद्धं, णाओ जो सो उ सो चेव ॥१२॥
नापि भवत्यप्रमत्तो, न प्रमत्तो ज्ञायकस्तु यो भाव ।
एव भणन्ति शुद्ध, ज्ञातो य स तु स चैव ॥१२॥

१८९. णाह देहो ण मणो, ण चेव वाणी ण कारण तेसि ।
कत्ता ण ण कारयिदा, अणुमंता णेव कत्तीण ॥१३॥
नाह देहो न मनो, न चैव वाणी न कारण तेषाम् ।
कर्त्ता न न कारयिता, अनुमन्ता नैव कर्तृणाम् ॥१३॥

१९०. को णाम भणिज्ज बुहो, णाउं सव्वे पराइए भावे ।
मज्झमिण ति य वयणं, जाणतो अप्पयं सुद्ध ॥१४॥
को नाम भणेद् बुध , ज्ञात्वा सर्वान् परकीयान् भावान् ।
ममेदमिति च वचन, जानन्नात्मक शुद्धम् ॥१४॥

१९१ अहमिक्को खलु सुद्धो, णिम्ममओ णाणदंसणसमग्गो ।
तम्हि ठिओ तच्चित्तो, सव्वे एए खय णेमि ॥१५॥
अहमेक खलु शुद्ध , निर्ममत ज्ञानदर्शनसमग्र ।
तस्मिन् स्थितस्तच्चित्त , सर्वानेतान् क्षय नयामि ॥१५॥

१८८ आत्मा ज्ञायक है। जो ज्ञायक होता है, वह न अप्रमत्त होता है और न प्रमत्त। जो अप्रमत्त और प्रमत्त नही होता वह शुद्ध होता है। आत्मा ज्ञायकरूप मे ही ज्ञात है और वह शुद्ध अर्थ मे ज्ञायक ही है। उसमे ज्ञेयकृत अशुद्धता नही है।*

१८९ मै (आत्मा) न शरीर हूँ, न मन हूँ, न वाणी हूँ और न उनका कारण हूँ। मै न कर्ता हूँ, न करानेवाला हूँ और न कर्ता का अनुमोदक ही हूँ।

१९० आत्मा के शुद्ध स्वरूप को जाननेवाला तथा परकीय (आत्म-व्यतिरिक्त) भावो को जाननेवाला ऐसा कौन ज्ञानी होगा, जो यह कहेगा कि 'यह मेरा है।'

१९१ मै एक हूँ, शुद्ध हूँ, ममतारहित हूँ तथा ज्ञानदर्शन से परिपूर्ण हूँ। अपने इस शुद्ध स्वभाव मे स्थित और तन्मय होकर मै इन सब (परकीय भावो) का क्षय करता हूँ।

---

* गुणस्थानो की दृष्टि से जीव को छठे गुणस्थान तक प्रमत्त और सातवें से अप्रमत्त कहा जाता है। ये दोनो दशाएँ शुद्ध जीव की नही हैं।

समणसुत्तं

द्वितीय खण्ड

मोक्षमार्ग

१६. मोक्षमार्गसूत्र

१९२. मग्गो मग्गफलं ति य, दुविहं जिणसासणे समक्खादं ।
मग्गो खलु सम्मत्तं मग्गफलं होइ णिव्वाणं ॥१॥
मार्गः मार्गफलम् इति च द्विविधं जिनशासने समाख्यातम् ।
मार्गः खलु सम्यक्त्वं मार्गफलं भवति निर्वाणम् ॥१॥

१९३. दंसणणाणचरित्ताणि, मोक्खमग्गो त्ति सेविदव्वाणि ।
साधूहि इदं भणिदं, तेहिं दु बंधो व मोक्खो वा ॥२॥
दर्शनज्ञानचारित्राणि, मोक्षमार्ग इति सेवितव्यानि ।
साधुभिरिदं भणितं, तैस्तु बन्धो वा मोक्षो वा ॥२॥

१९४. अण्णाणादो णाणी, जदि मण्णदि सुद्धसंपओगादो ।
हवदि त्ति दुक्खमोक्खं, परसमयरदो हवदि जीवो ॥३॥
अज्ञानात् ज्ञानी, यदि मन्यते शुद्धसम्प्रयोगात् ।
भवतीति दुःखमोक्षः, परसमयरतो भवति जीवः ॥३॥

१९५ वदसमिदीगुत्तीओ, सीलतवं जिणवरेहि पण्णत्तं ।
कुव्वंतो वि अभव्वो, अण्णाणी मिच्छदिट्ठी दु ॥४॥
व्रतसमितिगुप्तीः शीलतपः जिनवरैः प्रज्ञप्तम् ।
कुर्वन् अपि अभव्यः अज्ञानी मिथ्यादृष्टिस्तु ॥४॥

१९६ णिच्छयववहारसरूवं, जो रयणत्तयं ण जाणइ सो ।
जे कीरइ तं मिच्छा–रूवं सव्वं जिणुद्दिट्ठं ॥५॥
निश्चयव्यवहारस्वरूपं, यो रत्नत्रयं न जानाति सः ।
यत् करोति तन्मिथ्या-रूपं सर्वं जिनोद्दिष्टम् ॥५॥

१९७ सद्दहदि य पत्तेदि य, रोचेदि य तह पुणो य फासेदि ।
धम्मं भोगणिमित्तं, ण दु सो कम्मक्खयणिमित्तं ॥६॥
श्रद्दधाति च प्रत्येति च, रोचयति च तथा पुनश्च स्पृशति ।
धर्मं भोगनिमित्तं, न तु सः कर्मक्षयनिमित्तम् ॥६॥

१६. मोक्षमार्गसूत्र

१९२ जिनशासन मे 'मार्ग' तथा 'मार्गफल' इन दो प्रकारो से कथन किया गया है। 'मार्ग' 'मोक्ष' का उपाय है। उसका 'फल' 'निर्वाण' या 'मोक्ष' है।

✓ १९३ (सम्यक्) दर्शन, ज्ञान, चारित्र तथा तप को जिनेन्द्रदेव ने मोक्ष का मार्ग कहा है। वह निश्चय और व्यवहार दो प्रकार का है। शुभ और अशुभभाव मोक्ष के मार्ग नही है। इन भावो से तो नियमत कर्मबन्ध होता है।

✓ १९४ अज्ञानवश यदि ज्ञानी भी ऐसा मानने लगे कि शुद्ध सम्प्रयोग अर्थात् भक्ति आदि शुभभाव से दु ख-मुक्ति होती है, तो वह भी राग का अश होने से पर-समयरत होता है।

१९५ जिनेन्द्रदेव द्वारा प्ररूपित व्रत, समिति, गुप्ति, शील और तप का आचरण करते हुए भी अभव्य जीव अज्ञानी और मिथ्या-दृष्टि ही है।

१९६ जो निश्चय और व्यवहारस्वरूप रत्नत्रय (दर्शन, ज्ञान, चारित्र) को नही जानता, उसका सब-कुछ करना मिथ्यारूप है, यह जिनदेव का उपदेश है।

१९७ अभव्य जीव यद्यपि धर्म में श्रद्धा रखता है, उसकी प्रतीति करता है, उसमे रुचि रखता है, उसका पालन भी करता है, किन्तु यह सब वह धर्म को भोग का निमित्त समझकर करता है, कर्मक्षय का कारण समझकर नही करता।

१९८. सुहपरिणामो पुण्णं, असुहो पाव त्ति भणियमन्नेसु ।
परिणामो णन्नगदो, दुक्खक्खयकारणं समये ।।७।।
शुभपरिणाम पुण्य अशुभ पापमिति भणितमन्येषु ।
परिणामो नान्यगतो, दु खक्षयकारण समये ।।७।।

१९९. पुण्णं पि जो समिच्छदि, संसारो तेण ईहिदो होदि ।
पुण्णं सुगईहेदुं, पुण्णखएणेव णिव्वाणं ।।८।।
पुण्यमपि य समिच्छति, ससार तेन ईहित भवति ।
पुण्य सुगतिहेतु, पुण्यक्षयेण एव निर्वाणम् ।।८।।

२००. कम्ममसुहं कुसीलं, सुहकम्मं चावि जाण व सुसीलं ।
कह तं होदि सुसीलं, जं संसारं पवेसेदि ।।९।।
कर्म अशुभ कुशील, शुभकर्म चापि जानीहि वा सुशीलम् ।
कथ तद् भवति सुशील, यत् ससार प्रवेशयति ।।९।।

२०१. सोवण्णियं पि णियलं, बंधदि कालायसं पि जह पुरिसं ।
बंधदि एवं जीवं, सुहमसुहं वा कदं कम्मं ।।१०।।
सौवर्णिकमपि निगल, वध्नाति कालायसमपि यथा पुरुषम् ।
वध्नात्येव जीव, शुभमशुभ वा कृत कर्म ।।१०।।

२०२. तम्हा दु कुसीलेहिं य, रायं मा कुणह मा व संसग्गं ।
साहीणो हि विणासो, कुसीलसंसग्गरायेण ।।११।।
तस्मात्तु कुशीलैश्च, राग मा कुरुत मा वा ससर्गम् ।
स्वाधीनो हि विनाश कुशीलससर्गरागेण ।।११।।

२०३. वरं वयतवेहि सग्गो, मा दुक्खं होउ णिरइ इयरेहिं ।
छायातवट्ठियाणं, पडिवालंताण गुरुभेयं ।।१२।।
वर व्रततपोभि स्वर्ग, मा दु ख भवतु निरये इतरै. ।
छायाऽऽतपस्थिताना, प्रतिपालयता गुरुभेद ।।१२।।

२०४. खयरामरमणुय-करंजलि-मालाहिं च संथुया विउला ।
चक्कहररायलच्छी, लब्भई बोही ण भव्वणुओ ।।१३।।
खचरामरमनुज-कराञ्जलि-मालाभिश्च सस्तुता विपुला ।
चक्रधरराजलक्ष्मी, लभ्यते वोधि न भव्यनुता ।।१३।।

१९८ (वह नही जानता कि–) परद्रव्य मे प्रवृत्त शुभ-परिणाम पुण्य है और अशुभ-परिणाम पाप है। (धर्म) अनन्यगत अर्थात् स्व-द्रव्य मे प्रवृत्त परिणाम है जो यथासमय दु खो के क्षय का कारण होता है।

१९९ जो पुण्य की इच्छा करता है, वह ससार की ही इच्छा करता है। पुण्य सुगति का हेतु (अवश्य) है, किन्तु निर्वाण तो पुण्य के क्षय से ही होता है।

२००. अशुभ-कर्म को कुशील और शुभ-कर्म को सुशील जानो। किन्तु उसे सुशील कैसे कहा जा सकता है जो ससार मे प्रविष्ट कराता है ?

२०१. बेड़ी सोने की हो चाहे लोहे की, पुरुष को दोनो ही बेड़ियाँ बाँधती है। इसी प्रकार जीव को उसके शुभ-अशुभ कर्म बाँधते है।

२०२. अत. (परमार्थत) दोनो ही प्रकार के कर्मों को कुशील जानकर उनके साथ न राग करना चाहिए और न उनका ससर्ग। क्योकि कुशील (कर्मों) के प्रति राग और ससर्ग करने से स्वाधीनता नष्ट होती है।

२०३ (तथापि–) व्रत व तपादि के द्वारा स्वर्ग की प्राप्ति उत्तम है। इनके न करने पर नरकादि के दु ख उठाना ठीक नही है। क्योकि कष्ट सहते हुए धूप मे खडे रहने की अपेक्षा छाया मे खड़े रहना कही अच्छा है। (इसी न्याय से लोक मे पुण्य की सर्वथा उपेक्षा उचित नही।)

२०४. (इसमे सन्देह नही कि) शुभभाव से विद्याधरो, देवो तथा मनुष्यो की कराजलि-बद्ध स्तुतियो से स्तुत्य चक्रवर्ती सम्राट् की विपुल राज्यलक्ष्मी (तक) उपलब्ध हो सकती है, किन्तु सम्यक्-सम्बोधि प्राप्त नही होती।

२०५. तत्थ ठिच्चा जहाठाणं, जक्खा आउक्खए चुया ।
उवेन्ति माणुसं जोणिं, सेदुसंगेऽभिजायए ॥१४॥
तत्र स्थित्वा यथास्थानं, यक्षा आयुक्षये च्युता ।
उपयान्ति मानुषी योनिम्, स दशाङ्गोऽभिजायते ॥१४॥

२०६–२०७. भोच्चा माणुस्सए भोए, अप्पडिरूवे अहाउयं ।
पुव्वं विसुद्धसद्धम्मे, केवलं बोहि बुज्झिया ॥१५॥
चउरंगं* दुल्लहं मत्ता, संजमं पडिवज्जिया ।
तवसा धुयकम्मंसे, सिद्धे हवइ सासए ॥१६॥
भुक्त्वा मानुष्कान् भोगान्, अप्रतिरूपान् यथायुष्कम् ।
पूर्वं विशुद्धसद्धर्मा, केवलां बोधिं बुद्ध्वा ॥१५॥
चतुरङ्गं दुर्लभं ज्ञात्वा, संयमं प्रतिपद्य ।
तपसा धूतकर्मांश, सिद्धो भवति शाश्वत ॥१६॥

१७. रत्नत्रयसूत्र

(अ) व्यवहार-रत्नत्रय

२०८. धम्मादीसद्दहणं, सम्मत्तं णाणमंगपुव्वगदं ।
चिट्ठा तवंसि चरिया, ववहारो मोक्खमग्गो त्ति ॥१॥
धर्मादिश्रद्धानं, सम्यक्त्वं ज्ञानमङ्गपूर्वगतम् ।
चेष्टा तपसि चर्या, व्यवहारो मोक्षमार्ग इति ॥१॥

२०९ नाणेण जाणई भावे, दंसणेण य सद्दहे ।
चरित्तेण निगिण्हाइ, तवेण परिसुज्झई ॥२॥
ज्ञानेन जानाति भावान्, दर्शनेन च श्रद्धत्ते ।
चारित्रेण निगृह्णाति, तपसा परिशुध्यति ॥२॥

२१० नाणं चरित्तहीणं, लिंगग्गहणं च दंसणविहीणं ।
संजमहीणं च तवं, जो चरइ निरत्थयं तस्स ॥३॥
ज्ञानं चरित्रहीनं, लिङ्गग्रहणं च दर्शनविहीनम् ।
संयमविहीनं च तपः, यः चरति निरर्थकं तस्य ॥३॥

२०५ (पुण्य के प्रताप से) देवलोक मे यथास्थान रहकर आयुक्षय होने पर देवगण वहाँ से लौटकर मनुष्य-योनि मे जन्म लेते है। वहाँ वे दशाग भोग-सामग्री से युक्त होते है।

२०६-२०७ जीवनपर्यन्त अनुपम मानवीय भोगो को भोगकर पूर्वजन्म मे, विशुद्ध समीचीन धर्माराधन के कारण निर्मल बोधि का अनुभव करते है और चार अगो (मनुष्यत्व, श्रुति, श्रद्धा तथा वीर्य) को दुर्लभ जानकर वे सयम-धर्म स्वीकार करते है और फिर तपश्चर्या से कर्मों का नाश करके शाश्वत सिद्धपद को प्राप्त होते है।

१७. रत्नत्रयसूत्र

(अ) व्यवहार-रत्नत्रय

२०८ धर्म आदि (छह द्रव्य तथा तत्त्वार्थ आदि) का श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन है। अगो और पूर्वों का ज्ञान सम्यग्ज्ञान है। तप मे प्रयत्नशीलता सम्यक्चारित्र है। यह व्यवहार मोक्ष-मार्ग है।

२०९ (मनुष्य) ज्ञान से जीवादि पदार्थों को जानता है, दर्शन से उनका श्रद्धान करता है, चारित्र से (कर्मास्रव का) निरोध करता है और तप से विशुद्ध होता है।

२१० (तीनो एक-दूसरे के पूरक है इसीलिए कहा है कि) चारित्र के विना ज्ञान, सम्यग्दर्शन के विना मुनिलिग का ग्रहण और सयमविहीन तप का आचरण करना निरर्थक है।

२११. नादंसणिस्स नाणं, नाणेण विणा न हुंति चरणगुणा ।
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो, नत्थि अमोक्खस्स निव्वाणं ॥४॥
नादर्शनिनो ज्ञान, ज्ञानेन विना न भवन्ति चरणगुणा ।
अगुणिनो नास्ति मोक्ष , नास्त्यमोक्षस्य निर्वाणम् ॥४॥

२१२. हयं नाणं कियाहीणं, हया अण्णाणओ किया ।
पासंतो पंगुलो दड्ढो, धावमाणो य अंधओ ॥५॥
हत ज्ञान क्रियाहीन, हताऽज्ञानत क्रिया ।
पश्यन् पङ्गुल दग्धो, धावमानश्च अन्धक ॥५॥

२१३. संजोअसिद्धीइ फलं वयंति , न हु एगचक्केण रहो पयाइ ।
अंधो य पंगू य वणे समिच्चा, ते संपउत्ता नगरं पविट्ठा ॥६॥
सयोगसिद्धौ फल वदन्ति, न खल्वेकचक्रेण रथ प्रयाति ।
अन्धश्च पङ्गुश्च वने समेत्य, तौ सप्रयुक्तौ नगर प्रविष्टौ ॥६॥

(आ) निश्चय-रत्नत्रय

२१४. सम्मद्दंसणणाणं, एसो लहदि त्ति णवरि ववदेसं ।
सव्वणयपक्खरहिदो, भणिदो जो सो समयसारो ॥७॥
सम्यग्दर्शनज्ञानमेष लभते इति केवल व्यपदेशम् ।
सर्वनयपक्षरहितो, भणितो य स समयसार ॥७॥

२१५. दंसणणाणचरित्ताणि, सेविदव्वाणि साहुणा णिच्चं ।
ताणि पुण जाण तिण्णि वि, अप्पाणं जाण णिच्छयदो ॥८॥
दर्शनज्ञानचारित्राणि, सेवितव्यानि साधुना नित्यम् ।
तानि पुनर्जानीहि, त्रीण्यप्यात्मान जानीहि निश्चयत ॥८॥

२१६. णिच्छयणयेण भणिदो, तिहि तेहिं समाहिदो हु जो अप्पा ।
ण कुणदि किंचि वि अन्नं, ण मुयदि सो मोक्खमग्गो त्ति ॥९॥
निश्चयनयेन भणित-स्त्रिभिस्तै , समाहित खलु य आत्मा ।
न करोति किंचिदप्यन्य, न मुञ्चति स मोक्षमार्ग इति ॥९॥

२११ सम्यग्दर्शन के विना ज्ञान नही होता । ज्ञान के विना चारित्रगुण नही होता । चारित्रगुण के विना मोक्ष (कर्मक्षय) नही होता और मोक्ष के विना निर्वाण (अनतआनद) नही होता ।

२१२ क्रियाविहीन ज्ञान व्यर्थ है और अज्ञानियो की क्रिया व्यर्थ है । जैसे पगु व्यक्ति वन मे लगी आग को देखते हुए भी भागने मे असमर्थ होने से जल मरता है और अन्धा व्यक्ति दौडते हुए भी देखने मे असमर्थ होने से जल मरता है ।

२१३ कहा जाता है कि ज्ञान और क्रिया के सयोग से ही फल की प्राप्ति होती है, जैसे कि वन मे पगु और अन्धे के मिलने पर पारस्परिक सम्प्रयोग से (वन से निकलकर) दोनो नगर मे प्रविष्ट हो जाते है । एक पहिये से रथ नही चलता ।

(आ) निश्चय-रत्नत्रयसूत्र

२१४ जो सव नय-पक्षो से रहित है वही समयसार है, उसीको सम्यग्दर्शन तथा सम्यग्ज्ञान की सज्ञा प्राप्त होती है ।

२१५ साधु को नित्य दर्शन, ज्ञान और चारित्र का पालन करना चाहिए । निश्चयनय से इन तीनो को आत्मा ही समझना चाहिए । ये तीनो आत्मस्वरूप ही है । अत निश्चय से आत्मा का सेवन ही उचित है ।

२१६ जो आत्मा इन तीनो से समाहित हो जाता है और अन्य कुछ नही करता है और न कुछ छोडता है, उसीको निश्चयनय से मोक्षमार्ग कहा गया है ।

२१७. अप्पा अप्पम्मि रओ, सम्माइट्ठी हवेइ फुडु जीवो ।
जाणइ तं सण्णाणं, चरदिह चारित्तमग्गु त्ति ।।१०।।
आत्मा आत्मनि रत , सम्यग्दृष्टि भवति स्फुट जीव ।
जानाति तत् सज्ञान, चरतीह चारित्रमार्ग इति ।।१०।।

२१८. आया हु महं नाणे, आया मे दंसणे चरित्ते य ।
आया पच्चक्खाणे, आया मे संजमे जोगे ।।११।।
आत्मा खलु मम ज्ञान, आत्मा मे दर्शन चरित्र च ।
आत्मा प्रत्याख्यान, आत्मा मे सयमो योग ।।११।।

१८. सम्यक्त्वसूत्र

(अ) व्यवहार-सम्यक्त्व निश्चय-सम्यक्त्व

२१९. सम्मत्तरयणसारं, मोक्खमहारुक्खमूलमिदि भणियं ।
तं जाणिज्जइ णिच्छय–ववहारसरूवदोभेयं ।।१।।
सम्यक्त्वरत्नसार, मोक्षमहावृक्षमूलमिति भणितम् ।
तज्ज्ञायते निश्चय-व्यवहारस्वरूपद्विभेदम् ।।१।।

२२०. जीवादी सद्दहणं, सम्मत्तं जिणवरेहिं पण्णत्तं ।
ववहारा णिच्छयदो, अप्पा ण हवइ सम्मत्तं ।।२।।
जीवादीना श्रद्धान, सम्यक्त्व जिनवरै प्रज्ञप्तम् ।
व्यवहारात् निश्चयत , आत्मा ण भवति सम्यक्त्वम् ।।२।।

२२१. जं मोणं तं सम्मं, जं सम्मं तमिह होइ मोणं ति ।
निच्छयओ इयरस्स उ, सम्मं सम्मत्तहेऊ वि ।।३।।
यन् मौन तत् सम्यक् , यत् सम्यक् तदिह भवति मौनमिति ।
निश्चयत इतरस्य तु, सम्यक्त्व सम्यक्त्वहेतुरपि ।।३।।

२२२. सम्मत्तविरहिया णं, सुट्ठु वि उग्गं तवं चरंता णं ।
ण लहंति वोहिलाहं, अवि वाससहस्सकोडीहिं ।।४।।
सम्यक्त्वविरहिता ण, सुष्ठु अपि उग्र तप चरन्त ण ।
न लभन्ते वोधिलाभ, अपि वर्षसहस्रकोटिभि ।।४।।

२१७ (इस दृष्टि से) आत्मा मे लीन आत्मा ही सम्यग्दृष्टि होता है। जो आत्मा को यथार्थरूप मे जानता है वही सम्यग्ज्ञान है, और उसमे स्थित रहना ही सम्यक्चारित्र है।

२१८ आत्मा ही मेरा ज्ञान है। आत्मा ही दर्शन और चारित्र है। आत्मा ही प्रत्याख्यान है और आत्मा ही सयम और योग है। अर्थात् ये सब आत्मरूप ही हैं।

१८. सम्यग्दर्शनसूत्र

(अ) व्यवहार-सम्यक्त्व निश्चय-सम्यक्त्व

२१९ रत्नत्रय मे सम्यग्दर्शन ही श्रेष्ठ है और इसीको मोक्षरूपी महावृक्ष का मूल कहा गया है। यह निश्चय और व्यवहार के रूप मे दो प्रकार का है।

२२० व्यवहारनय से जीवादि तत्त्वो के श्रद्धान को जिनदेव ने सम्यक्त्व कहा है। निश्चय से तो आत्मा ही सम्यग्दर्शन है।

२२१ (अथवा) निश्चय से जो मौन है वही सम्यग्दर्शन है और जो सम्यग्दर्शन है वही मौन है। व्यवहार से जो निश्चय-सम्यग्दर्शन के हेतु हैं, वे भी सम्यग्दर्शन हैं।

२२२ सम्यक्त्वविहीन व्यक्ति हजारो-करोड वर्षो तक भलीभाँति उग्र तप करने पर भी बोधिलाभ प्राप्त नही करता।

२२३ दंसणभट्ठा भट्ठा, दंसणभट्ठस्स णत्थि णिव्वाणं ।
सिज्झंति चरियभट्ठा, दंसणभट्ठा ण सिज्झंति ॥५॥
दर्शनभ्रष्टा भ्रष्टा, दर्शनभ्रष्टस्य नास्ति निर्वाणम् ।
सिध्यन्ति चरितभ्रष्टा, दर्शनभ्रष्टा न सिध्यन्ति ॥५॥

२२४. दंसणसुद्धो सुद्धो दंसणसुद्धो लहेइ णिव्वाणं ।
दंसणविहीण पुरिसो, न लहइ तं इच्छियं लाहं ॥६॥
दर्शनशुद्ध शुद्ध, दर्शनशुद्ध लभते निर्वाणम् ।
दर्शनविहीन पुरुष, न लभते तम् इष्ट लाभम् ॥६॥

२२५. सम्मत्तस्स य लंभो, तेलोक्कस्स य हवेज्ज जो लंभो ।
सम्मद्दंसणलंभो, वरं खु तेलोक्कलंभादो ॥७॥
सम्यक्त्वस्य च लाभ-स्त्रैलोकस्य च भवेत् यो लाभः ।
सम्यग्दर्शनलाभो, वर खलु त्रैलोक्यलाभात् ॥७॥

२२६. किं वहुणा भणिएणं, जे सिद्धा णरवरा गए काले ।
सिज्झिहिंति जे वि भविया, तं जाणइ सम्ममाहप्पं ॥८॥
किं वहुना भणितेन, ये सिद्धा नरवरा गते काले ।
सेत्स्यन्ति येऽपि भव्या, तद् जानीत सम्यक्त्वमाहात्म्यम् ॥८॥

२२७ जह सलिलेण ण लिप्पइ, कमलिणिपत्तं सहावपयडीए ।
तह भावेण ण लिप्पइ, कसायविसएहिं सप्पुरिसो ॥९॥
यथा सलिलेन न लिप्यते, कमलिनीपत्र स्वभावप्रकृत्या ।
तथा भावेन न लिप्यते, कपायविषयै सत्पुरुष. ॥९॥

२२८. उवभोगमिंदियेहिं, दव्वाणमचेदणाणमिदराणं ।
जं कुणदि सम्मदिट्ठी, तं सव्वं णिज्जरणिमित्तं ॥१०॥
उपभोगमिन्द्रियै, द्रव्याणामचेतनानामितरेषाम् ।
यत् करोति सम्यग्दृष्टि, तत् सर्व निर्जरानिमित्तम् ॥१०॥

२२९. सेवंतो वि ण सेवइ, असेवमाणो वि सेवगो कोई ।
पगरणचेट्ठा कस्स वि, ण य पायरणो त्ति सो होई ॥११॥
सेवमानोऽपि न सेवते, असेवमानोऽपि सेवक कश्चित् ।
प्रकरणचेष्टा कस्यापि, न च प्राकरण इति न भवति ॥११॥

२२३ जो सम्यग्दर्शन से भ्रष्ट है वही भ्रष्ट है। दर्शन-भ्रष्ट को कभी निर्वाण-प्राप्ति नही होती। चारित्रविहीन सम्यग्दृष्टि तो (चारित्र धारण करके) सिद्धि प्राप्त कर लेते हैं। किन्तु सम्यग्दर्शन से रहित सिद्धि प्राप्त नही कर सकते।

२२४ (वास्तव मे) जो सम्यग्दर्शन से शुद्ध है वही निर्वाण प्राप्त करता है। सम्यग्दर्शन-विहीन पुरुष इष्टलाभ नहीं कर पाता।

२२५ एक ओर सम्यक्त्व का लाभ और दूसरी ओर त्रैलोक्य का लाभ होता हो तो त्रैलोक्य के लाभ से सम्यग्दर्शन का लाभ श्रेष्ठ है।

२२६ अधिक क्या कहे ? अतीतकाल मे जो श्रेष्ठजन सिद्ध हुए हैं और जो आगे सिद्ध होगे, वह सम्यक्त्व का ही माहात्म्य है।

२२७ जैसे कमलिनी का पत्र स्वभाव से ही जल से लिप्त नही होता, वैसे ही सत्पुरुष सम्यक्त्व के प्रभाव से कषाय और विषयो से लिप्त नही होता।

२२८ सम्यग्दृष्टि मनुष्य अपनी इन्द्रियो के द्वारा चेतन तथा अचेतन द्रव्यो का जो भी उपभोग करता है, वह सब कर्मो की निर्जरा मे सहायक होता है।

२२९ कोई तो विषयो का सेवन करते हुए भी सेवन नही करता और कोई सेवन न करते हुए भी विषयो का सेवन करता है। जैसे कोई पुरुष विवाहादि कार्य मे लगा रहने पर भी उस कार्य का स्वामी न होने से कर्ता नही होता।

२३०. न कामभोगा समयं उवेंति, न यावि भोगा विगइ उवेंति ।
जे तप्पओसी य परिग्गही य, सो तेसु मोहा विगइं उवेइ ॥१२॥
न कामभोगा समतामुपयन्ति, न चापि भोगा विकृतिमुपयन्ति ।
यस्तत्प्रद्वेषी च परिग्रही च, स तेषु मोहाद् विकृतिमुपैति ॥१२॥

(आ) सम्यग्दर्शन-अग

२३१. निस्संकिय निक्कंखिय निव्वितिगिच्छा अमूढदिट्ठी य ।
उववूह थिरीकरणे, वच्छल्ल पभावणे अट्ठ ॥१३॥
निःशङ्कित निःकाङ्क्षित, निर्विचिकित्सा अमूढदृष्टिश्च ।
उपबृंहा स्थिरीकरणे, वात्सल्य प्रभावनाष्टौ ॥१३॥

२३२. सम्मद्दिट्ठी जीवा, णिस्संका होंति णिब्भया तेण ।
सत्तभयविप्पमुक्का, जम्हा तम्हा दु णिस्संका ॥१४॥
सम्यग्दृष्टयो जीवा निश्शङ्का भवन्ति निर्भयास्तेन ।
सप्तभयविप्रमुक्ता, यस्मात् तस्मात् तु निश्शङ्का ॥१४॥

२३३. जो दु ण करेदि कंख, कम्मफलेसु तह सव्वधम्मेसु ।
सो णिक्कंखो चेदा, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥१५॥
यस्तु न करोति काङ्क्षाम्, कर्मफलेषु तथा सर्वधर्मेषु ।
स निष्काङ्क्षश्चेतयिता, सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्य ॥१५॥

२३४. नो सक्कियमिच्छई न पूयं, नो वि य वन्दणगं कुओ पसंसं ? ।
से संजए सुव्वए तवस्सी, सहिए आयगवेसए स भिक्खू ॥१६॥
न सत्कृतिमिच्छति न पूजा, नोऽपि च वन्दनक कुत प्रशसाम् ।
स सयत सुव्रतस्तपस्वी, सहित आत्मगवेपक स भिक्षु ॥१६॥

२३५. खाई-पूया-लाहं, सक्काराइं किमिच्छसे जोई ।
इच्छसि जइ परलोयं, तेहिं किं तुज्झ परलोये ॥१७॥
ख्याति-पूजा-लाभ, सत्कारादि किमिच्छसि योगिन् ! ।
इच्छसि यदि परलोक तै किं तव परलोके ? ॥१७॥

२३० (इसी तरह–) कामभोग न समभाव उत्पन्न करते है और न विकृति (विषमता)। जो उनके प्रति द्वेष और ममत्व रखता है वह उनमे विकृति को प्राप्त होता है।

(आ) सम्यग्दर्शन अग

२३१ सम्यग्दर्शन के ये आठ अग है नि शका, निष्काक्षा, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपगूहन, स्थिरीकरण, वात्सल्य और प्रभावना।

२३२ सम्यग्दृष्टि जीव नि शक होते है और इसी कारण निर्भय भी होते है। वे सात प्रकार के भयो—इस लोक का भय, परलोक-भय, अरक्षा-भय, अगुप्ति-भय, मृत्यु-भय, वेदना-भय, और अकस्मात्-भय—से रहित होते है, इसीलिए नि शक होते है। (अर्थात् नि शकता और निर्भयता दोनो एक साथ रहनेवाले गुण है।)

२३३ जो समस्त कर्मफलो मे और सम्पूर्ण वस्तु-धर्मों मे किसी भी प्रकार की आकाक्षा नही रखता, उसीको निरकाक्ष सम्यग्दृष्टि समझना चाहिए।

२३४ जो सत्कार, पूजा और वन्दना तक नही चाहता, वह किसीसे प्रशसा की अपेक्षा कैसे करेगा ? (वास्तव मे) जो सयत है, सुव्रती है, तपस्वी है और आत्मगवेषी है, वही भिक्षु है।

२३५ हे योगी ! यदि तू परलोक चाहता है तो ख्याति, लाभ, पूजा और सत्कार आदि क्यो चाहता है ? क्या इनसे तुझे परलोक का सुख मिलेगा ?

२३६. जो ण करेदि जुगुप्पं, चेदा सव्वेसिमेव धम्माणं ।
सो खलु णिव्विदिगिच्छो, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥१८॥
यो न करोति जुगुप्सा, चेतयिता सर्वेपामेव धर्माणाम् ।
स खलु निर्विचिकित्स, सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्य ॥१८॥

२३७. जो हवइ असम्मूढो, चेदा सद्दिट्ठी सव्वभावेसु ।
सो खलु अमूढदिट्ठी, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥१९॥
यो भवति असमूढ, चेतयिता सद्दृप्टि सर्वभावेपु ।
स खलु अमूढदृप्टि, सम्यग्दृप्टिर्ज्ञातव्य ॥१९॥

२३८. नाणेण दंसणेणं च, चरित्तेणं तहेव य ।
खन्तीए मुत्तीए, वड्ढमाणो भवाहि य ॥२०॥
ज्ञानेन दर्शनेन च, चारित्रेण तथैव च ।
क्षान्त्या मुक्त्या, वर्धमानो भव च ॥२०॥

२३९. णो छादए णोऽवि य लूसएज्जा, माणं ण सेवेज्ज पगासण च ।
ण यावि पण्णे परिहास कुज्जा, ण याऽऽसियावाद वियागरेज्जा ॥
नो छादयेन्नापि च लूषयेद्, मान न सेवेत प्रकाशन च ।
न चापि प्राज्ञ परिहास कुर्यात्, न चाप्याशीर्वाद व्यागृणीयात् ॥

२४०. जत्थेव पासे कइ दुप्पउत्तं, काएण वाया अदु माणसेणं ।
तत्थेव धीरो पडिसाहरेज्जा, आइन्नओ खिप्पमिवक्खलीण ॥२२॥
यत्रैव पश्येत् क्वचित् दुष्प्रयुक्त, कायेन वाचा अथ मानसेन ।
तत्रैव धीर प्रतिसहरेत्, आजानेय (जात्यश्व:) क्षिप्रमिव खलीनम् ॥

२४१. तिण्णो हु सि अण्णवं महं, कि पुण चिट्ठसि तीरमागओ ।
अभितुर पारं गमित्तए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२३॥
तीर्ण खलु असि अर्णव महान्त, किं पुनस्तिष्ठसि तीरमागत ।
अभित्वरस्व पार गन्तु, समय गौतम! मा प्रमादी ॥२३॥

२४२. जो धम्मिएसु भत्तो, अणुचरणं कुणदि परमसद्धाए ।
पियवयणं जंपंतो, वच्छल्लं तस्स भव्वस्स ॥२४॥
य धार्मिकेपु भक्त, अनुचरण करोति परमश्रद्धया ।
प्रियवचन जल्पन्, वात्सल्य तस्स भव्यस्य ॥२४॥

२३६ जो समस्त धर्मों (वस्तु-गत स्वभाव) के प्रति ग्लानि नही करता, उसीको निर्विचिकित्सा गुण का धारक सम्यग्दृष्टि समझना चाहिए ।

२३७ जो समस्त भावो के प्रति विमूढ नही है—जागरूक है, निर्भ्रान्त है, दृष्टिसम्पन्न है, वह अमूढदृष्टि ही सम्यग्दृष्टि है ।

२३८ ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप, शान्ति (क्षमा) एव मुक्ति (निर्लोभता) के द्वारा आगे वढना चाहिए—जीवन को वर्धमान वनाना चाहिए ।

२३९ (अमूढदृष्टि या विवेकी) किसीके प्रश्न का उत्तर देते समय न तो शास्त्र के अर्थ को छिपाये और न अपसिद्धान्त के द्वारा शास्त्र की असम्यक् व्याख्या करे । न मान करे और न अपने वडप्पन का प्रदर्शन करे । न किसी विद्वान् का परिहास करे और न किसीको आशीर्वाद दे ।

२४० जव कभी अपने मे दुष्प्रयोग की प्रवृत्ति दिखायी दे, उसे तत्काल ही मन, वचन, काय से धीर (सम्यग्दृष्टि) समेट ले, जैसे कि जातिवत घोडा रास के द्वारा शीघ्र ही सीधे रास्ते पर आ जाता है ।

२४१ तू महासागर को तो पार कर गया है, अव तट के निकट पहुँचकर क्यो खडा है ? उसे पार करने मे शीघ्रता कर । हे गौतम ! क्षणभर का भी प्रमाद मत कर ।

२४२ जो धार्मिकजनो मे भक्ति (अनुराग) रखता है, परम श्रद्धापूर्वक उनका अनुसरण करता है तथा प्रिय वचन वोलता है, उस भव्य सम्यग्दृष्टि के वात्सल्य होता है ।

२४३. धम्मकहाकहणेण य, बाहिरजोगेहि चावि अणवज्जे ।
धम्मो पहाविदव्वो, जीवेसु दयाणुकंपाए ॥२५॥
धर्मकथाकथनेन च, बाह्ययोगैश्चाप्यनवद्यैः ।
धर्मः प्रभावयितव्यो, जीवेषु दयानुकम्पया ॥२५॥

२४४ पावयणी धम्मकही, वाई नेमित्तिओ तवस्सी य ।
विज्जा सिद्धो य कवी, अट्ठेव पभावगा भणिया ॥२६॥
प्रावचनी धर्मकथी, वादी नैमित्तिकः तपस्वी च ।
विद्यावान् सिद्धः च कविः, अष्टौ प्रभावकाः भणिताः ॥२६॥

१९. सम्यग्ज्ञानसूत्र

२४५ सोच्चा जाणइ कल्लाणं, सोच्चा जाणइ पावगं ।
उभयं पि जाणए सोच्चा, जं छेयं तं समायरे ॥१॥
श्रुत्वा जानाति कल्याणं, श्रुत्वा जानाति पापकम् ।
उभयमपि जानाति श्रुत्वा, यत् छेकं तत् समाचरेत् ॥१॥

२४६ णाणाऽऽणत्तीए पुणो, दंसणतवनियमसंजमे ठिच्चा ।
विहरइ विसुज्झमाणो, जावज्जीवं पि निक्कंपो ॥२॥
ज्ञानाऽऽज्ञप्त्या पुनः, दर्शनतपोनियमसंयमे स्थित्वा ।
विहरति विशुध्यमानः, यावज्जीवमपि निष्कम्पः ॥२॥

२४७. जह जह सुयमोगाहइ, अइसयरसपसरसंजुयमपुव्वं ।
तह तह पल्हाइ मुणी, नवनवसंवेगसद्धाओ ॥३॥
यथा यथा श्रुतमवगाहते, अतिशयरसप्रसरसंयुतमपूर्वम् ।
तथा तथा प्रह्लादते मुनिः, नवनवसंवेगश्रद्धाकः ॥३॥

२४८. सूई जहा ससुत्ता, न नस्सई कयवरम्मि पडिआ वि ।
जीवो वि तह ससुत्तो, न नस्सइ गओ वि संसारे ॥४॥
सूची यथा ससूत्रा, न नश्यति कचवरे पतिताऽपि ।
जीवोऽपि तथा ससूत्रो, न नश्यति गतोऽपि संसारे ॥४॥

२४३ धर्मकथा के कथन द्वारा और निर्दोष वाह्य-योग (ग्रीष्म ऋतु मे पर्वत पर खडे होकर, वर्षा ऋतु मे वृक्ष के नीचे, शीत ऋतु मे नदी के किनारे ध्यान) द्वारा तथा जीवो पर दया व अनकम्पा के द्वारा धर्म की प्रभावना करनी चाहिए ।

२४४ प्रवचन-कुशल, धर्मकथा करनेवाला, वादी, निमित्तशास्त्र का ज्ञाता, तपस्वी, विद्यासिद्ध तथा ऋद्धि-सिद्धियो का स्वामी और कवि (क्रातदर्शी) ये आठ पुरुष धर्म-प्रभावक कहे गये हैं ।

१९. सम्यग्ज्ञानसूत्र

२४५ (साधक) सुनकर ही कल्याण या आत्महित का मार्ग जान सकता है । सुनकर ही पाप या अहित का मार्ग जाना जा सकता है । अत सुनकर ही हित और अहित दोनो का मार्ग जानकर जो श्रेयस्कर हो उसका आचरण करना चाहिए ।

२४६ (और फिर) ज्ञान के आदेश द्वारा सम्यग्दर्शन-मूलक तप, नियम, सयम मे स्थित होकर कर्म-मल से विशुद्ध (सयमी साधक) जीवनपर्यन्त निष्कम्प (स्थिरचित्त) होकर विहार करता है ।

२४७ जैसे-जैसे मुनि अतिशयरस के अतिरेक से युक्त अपूर्वश्रुत का अवगाहन करता है, वैसे-वैसे नित-नूतन वैराग्ययुक्त श्रद्धा से आह्लादित होता है ।

२४८ जैसे धागा पिरोयी हुई सुई गिर जाने पर भी खोती नही है, वैसे ही ससूत्र अर्थात् शास्त्रज्ञानयुक्त जीव ससार मे नष्ट नही होता ।

२४९. सम्मत्तरयणभट्ठा, जाणंता बहुविहाइं सत्थाइं ।
आराहणाविरहिया, भमंति तत्थेव तत्थेव ॥५॥
सम्यक्त्वरत्नभ्रष्टा, जानन्तो बहुविधानि शास्त्राणि ।
आराधनाविरहिता, भ्रमन्ति तत्रैव तत्रैव ॥५॥

२५०–२५१. परमाणुमित्तयं पि हु, रायादीणं तु विज्जदे जस्स ।
ण वि सो जाणदि अप्पाणयं तु सव्वागमधरो वि ॥६॥
अप्पाणमयाणंतो, अणप्पयं चावि सो अयाणंतो ।
कह होदि सम्मदिट्ठी, जीवाजीवे अयाणंतो ॥७॥
परमाणुमात्रमपि खलु, रागादीना तु विद्यते यस्य ।
नापि स जानात्यात्मान, तु सर्वागमधरोऽपि ॥६॥
आत्मानमजानन्, अनात्मान चापि सोऽजानन् ।
कथ भवति सम्यग्दृष्टि-र्जीवाजीवान् अजानन् ॥७॥

२५२. जेण तच्चं विबुज्झेज्ज, जेण चित्तं णिरुज्झदि ।
जेण अत्ता विसुज्झेज्ज, तं णाणं जिणसासणे ॥८॥
येन तत्त्व विबुध्यते, येन चित्त निरुध्यते ।
येन आत्मा विशुध्यते, तज् ज्ञान जिनशासने ॥८॥

२५३. जेण रागा विरज्जेज्ज, जेण सेएसु रज्जदि ।
जेण मित्ती पभावेज्ज, तं णाणं जिणसासणे ॥९॥
येन रागाद्विरज्यते, येन श्रेयस्सु रज्यते ।
येन मैत्री प्रभाव्येत, तज् ज्ञान जिनशासने ॥९॥

२५४. जो पस्सदि अप्पाणं, अबद्धपुट्ठं अणन्नमविसेसं ।
अपदेससुत्तमज्झं, पस्सदि जिणसासणं सव्वं ॥१०॥
य पश्यति आत्मान-मबद्धस्पृष्टमनन्यमविशेषम् ।
अपदेशसूत्रमध्य, पश्यति जिनशासन सर्वम् ॥१०॥

२५५. जो अप्पाणं जाणदि, असुइ-सरीरादु तच्चदो भिन्नं ।
जाणग-रूव-सरूवं, सो सत्थं जाणदे सव्वं ॥११॥
य आत्मानं जानाति, अशुचिशरीरात् तत्त्वत भिन्नम् ।
ज्ञायकरूपस्वरूप, स शास्त्रं जानाति सर्वम् ॥११॥

२४९ (किन्तु) सम्यक्त्वरूपी रत्न से शून्य अनेक प्रकार के शास्त्रो के ज्ञाता व्यक्ति भी आराधनाविहीन होने से ससार मे अर्थात् नरकादिक गतियो मे भ्रमण करते रहते है ।

२५०-२५१ जिस व्यक्ति मे परमाणुभर भी रागादि भाव विद्यमान है, वह समस्त आगम का ज्ञाता होते हुए भी आत्मा को नही जानता । आत्मा को न जानने से अनात्मा को भी नही जानता । इस तरह जव वह जीव-अजीव तत्त्व को नही जानता, तव वह सम्यग्दृष्टि कैसे हो सकता है ?

२५२ जिससे तत्त्व का ज्ञान होता है, चित्त का निरोध होता है तथा आत्मा विशुद्ध होती है, उसीको जिनशासन मे ज्ञान कहा गया है ।

२५३ जिससे जीव राग-विमुख होता है, श्रेय मे अनुरक्त होता है और जिससे मैत्रीभाव प्रभावित होता (वढता) है, उसीको जिनशासन मे ज्ञान कहा गया है ।

२५४ जो आत्मा को अवद्धस्पृष्ट (देहकर्मातीत) अनन्य (अन्य से रहित), अविशेप (विशेप से रहित) तथा आदि-मध्य और अन्तविहीन (निर्विकल्प) देखता है, वही समग्र जिनशासन को देखता हे ।

२५५ जो आत्मा को इस अपवित्र शरीर से तत्वत भिन्न तथा ज्ञायक-भावरूप जानता है, वही समस्त शास्त्रो को जानता है ।

२५६. सुद्धं तु वियाणंतो, सुद्धं चेवप्पयं लहइ जीवो ।
जाणंतो दु असुद्धं, असुद्धमेवप्पयं लहइ ॥१२॥
शुद्ध तु विजानन्, शुद्ध चैवात्मान लभते जीव ।
जानस्त्वशुद्ध-मशुद्धमेवात्मान लभते ॥१२॥

२५७ जे अज्झत्थं जाणइ, से बहिया जाणइ ।
जे बहिया जाणइ, से अज्झत्थं जाणइ ॥१३॥
योऽध्यात्म जानाति, स वहिर्जानाति ।
यो वहिर्जानाति, सोऽध्यात्म जानाति ॥१३॥

२५८. जे एगं जाणइ, से सव्वं जाणइ ।
जे सव्व जाणइ, से एगं जाणइ ॥१४॥
य एक जानाति, स सर्वं जानाति ।
य सर्वं जानाति, स एक जानाति ॥१४॥

२५९. एदम्हि रदो णिच्चं, संतुट्ठो होहि णिच्चमेदम्हि ।
एदेण होहि तित्तो, होहिदि तुह उत्तमं सोक्खं ॥१५॥
एतस्मिन् रतो नित्य, सन्तुष्टो भव नित्यमेतस्मिन् ।
एतेन भव तृप्तो, भविष्यति तवोत्तम सौख्यम् ॥१५॥

२६०. जो जाणदि अरहंतं, दव्वत्तगुणत्तपज्जयत्तेहिं ।
सो जाणादि अप्पाणं, मोहो खलु जादि तस्स लयं ॥१६॥
यो जानात्यर्हन्त, द्रव्यत्वगुणत्वपर्ययत्वै ।
स जानात्यात्मान, मोह खलु याति तस्य लयम् ॥१६॥

२६१. लद्धूणं णिहिं एक्को, तस्स फलं अणुहवेइ सुजणत्ते ।
तह णाणी णाणणिहिं, भुंजेइ चइत्तु परतत्ति ॥१७॥
लब्ध्वा निधिमेकस्तस्य फलमनुभवति सुजनत्वेन ।
तथा ज्ञानी ज्ञाननिधि, भुङ्क्ते त्यक्त्वा परतृप्तिम् ॥१७॥

२५६ जो जीव आत्मा को शुद्ध जानता है वही शुद्ध आत्मा को प्राप्त करता है और जो आत्मा को अशुद्ध अर्थात् देहादियुक्त जानता है वह अशुद्ध आत्मा को ही प्राप्त होता है।

२५७ जो अध्यात्म को जानता है वह वाह्य (भौतिक) को जानता है। जो वाह्य को जानता है वह अध्यात्म को जानता है। (इस प्रकार वाह्याभ्यन्तर एक-दूसरे के सहवर्ती हैं।)

२५८ जो एक (आत्मा) को जानता है वह सब (जगत्) को जानता है। जो सबको जानता है, वह एक को जानता है।

२५९ (अत हे भव्य!) तू इस ज्ञान मे सदा लीन रह। इसीमे सदा सतुष्ट रह। इसीसे तृप्त हो। इसीसे तुझे उत्तमसुख (परमसुख) प्राप्त होगा।

२६० जो अर्हन्त भगवान् को द्रव्य-गुण-पर्याय की अपेक्षा से (पूर्ण-रूपेण) जानता है, वही आत्मा को जानता है। उसका मोह निश्चय ही विलीन हो जाता है।

२६१ जैसे कोई व्यक्ति निधि प्राप्त होने पर उसका उपभोग स्वजनो के वीच करता है, वैसे ही ज्ञानीजन प्राप्त ज्ञान-निधि का उपभोग पर-द्रव्यो से विलग होकर अपने मे ही करता है।

२०. सम्यक्चारित्रसूत्र

(अ) व्यवहारचारित्र

२६२. ववहारणयचरित्ते, ववहारणयस्स होदि तवचरण ।
णिच्छयणयचारित्ते, तवचरणं होदि णिच्छयदो ॥१॥
व्यवहारनयचरित्रे, व्यवहारनयस्य भवति तपश्चरणम् ।
निश्चयनयचारित्रे, तपश्चरण भवति निश्चयत ॥१॥

२६३. असुहादो विणिवित्ती, सुहे पवित्ती य जाण चारित्तं ।
वदसमिदिगुत्तिरूव, ववहारणया दु जिणभणियं ॥२॥
अशुभाद्विनिवृत्ति , शुभे प्रवृत्तिश्च जानीहि चारित्रम् ।
व्रतसमितिगुप्तिरूप, व्यवहारनयात् तु जिनभणितम् ॥२॥

२६४. सुयनाणम्मि वि जीवो, वट्टंतो सो न पाउणति मोक्खं ।
जो तवसजममइए, जोगे न चएइ वोढुं जे ॥३॥
श्रुतज्ञानेऽपि जीवो, वर्तमान स न प्राप्नोति मोक्षम् ।
यस्तप सयममयान्, योगान् न शक्नोति वोढुम् ॥३॥

२६५. सक्किरियाविरहातो, इच्छितसंपावय ण नाणं ति ।
मग्गण्णू वाऽचेट्ठो, वातविहीणोऽधवा पोतो ॥४॥
सत्क्रियाविरहात् ईप्सित सप्रापक न ज्ञानमिति ।
मार्गज्ञो वाऽचेष्टो, वातविहीनोऽथवा पोत ॥४॥

२६६. सुवहुं पि सुयमहीयं किं काहिइ चरणविप्पहीणस्स ।
अधस्स जह पलित्ता, दीवसयसहस्सकोडी वि ॥५॥
सुवह्वपि श्रुतमधीत, किं करिष्यति चरणविप्रहीणस्य ।
अन्धस्य यथा प्रदीप्ता, दीपशतसहस्रकोटिरपि ॥५॥

२६७. थोवम्मि सिक्खिदे जिणइ, वहुसुदं जो चरित्तसंपुण्णो ।
जो पुण चरित्तहीणो, किं तस्स सुदेण बहुएण ॥६॥
स्तोके शिक्षिते जयति, वहुश्रुत यश्चारित्रसम्पूर्ण. ।
य पुनश्चारित्रहीन, किं तस्य श्रुतेन वहुकेन ॥६॥

२०. सम्यक्‌चारित्रसूत्र

(अ) व्यवहारचारित्र

२६२ व्यवहारनय के चारित्र मे व्यवहारनय का तपश्चरण होता है। निश्चयनय के चारित्र मे निश्चयरूप तपश्चरण होता है।

२६३ अशुभ से निवृत्ति और शुभ में प्रवृत्ति ही व्यवहारचारित्र है, जो पाँच व्रत, पाँच समिति व तीन गुप्ति के रूप मे जिनदेव द्वारा प्ररूपित है। [इस तेरह प्रकार के चारित्र का कथन आगे यथास्थान किया गया है।]

२६४ श्रुतज्ञान मे निमग्न जीव भी यदि तप-सयमरूप योग को धारण करने मे असमर्थ हो तो मोक्ष प्राप्त नही कर सकता।

२६५ (शास्त्र द्वारा मोक्षमार्ग को जान लेने पर भी) सत्क्रिया से रहित ज्ञान इष्ट लक्ष्य प्राप्त नही करा सकता। जैसे मार्ग का जानकार पुरुष इच्छित देश की प्राप्ति के लिए समुचित प्रयत्न न करे तो वह गन्तव्य तक नही पहुँच सकता अथवा अनुकूल वायु की प्रेरणा के अभाव मे जलयान इच्छित स्थान तक नही पहुँच सकता।

२६६ चारित्रशून्य पुरुप का विपुल शास्त्राध्ययन भी व्यर्थ ही है, जैसे कि अन्धे के आगे लाखो-करोडो दीपक जलाना व्यर्थ है।

२६७ चारित्रसम्पन्न का अल्पतम ज्ञान भी वहुत है और चारित्र-विहीन का वहुत श्रुतज्ञान भी निष्फल है।

(आ) निश्चयचारित्र

२६८. णिच्छयणयस्स एव, अप्पा अप्पम्मि अप्पणे सुरदो ।
सो होदि हु सुचरित्तो, जोई सो लहइ णिव्वाणं ॥७॥
निश्चयनयस्य एव, आत्मा आत्मनि आत्मने सुरत ।
स भवति खलु सुचरित्र , योगी स लभते निर्वाणम् ॥७॥

२६९. जं जाणिऊण जोई, परिहारं कुणइ पुण्णपावाणं ।
तं चारित्तं भणियं, अवियप्पं कम्मरहिएहिं ॥८॥
यद् ज्ञात्वा योगी, परिहार करोति पुण्यपापानाम् ।
तत् चारित्र भणितम्, अविकल्प कर्मरहितै ॥८॥

२७० जो परदव्वम्मि सुहं, असुहं रागेण कुणदि जदि भावं ।
सो सगचरित्तभट्ठो, परचरियचरो हवदि जीवो ॥९॥
य परद्रव्ये शुभमशुभ, रागेण करोति यदि भावम् ।
स स्वकचरित्रभ्रष्ट , परचरितचरो भवति जीव ॥९॥

२७१. जो सव्वसंगमुक्कोऽणण्णमणो अप्पणं सहावेण ।
जाणदि पस्सदि णियदं, सो सगचरियं चरदि जीवो ॥१०॥
य सर्वसगमुक्त , अनन्यमना आत्मान स्वभावेन ।
जानाति पश्यति नियत, स स्वकचरित चरति जीव ॥१०॥

२७२. परमट्ठम्हि दु अठिदो, जो कुणदि तवं वदं च धारेई ।
तं सव्वं बालतवं, बालवदं विंति सव्वण्हू ॥११॥
परमार्थे त्वस्थित , य करोति तपो व्रत च धारयति ।
तत् सर्वं बालतपो, बालव्रत ब्रुवन्ति सर्वज्ञा ॥११॥

२७३. मासे मासे तु जो बालो, कुसग्गेणं तु भुंजए ।
न सो सुक्खायधम्मस्स, कलं अग्घइ सोलसिं ॥१२॥
मासे मासे तु यो बाल , कुशाग्रेण तु भुङ्क्ते ।
न स स्वाख्यातधर्मस्य, कलामर्घति षोडशीम् ॥१२॥

(आ) निश्चयचारित्र

२६८ निश्चयनय के अभिप्रायानुसार आत्मा का आत्मा मे आत्मा के लिए तन्मय होना ही (निश्चय-) सम्यक्चारित्र है। ऐसे चारित्रशील योगी को ही निर्वाण की प्राप्ति होती है।

२६९ जिसे जानकर योगी पाप व पुण्य दोनो का परिहार कर देता है, उसे ही कर्मरहित निर्विकल्प चारित्र कहा गया है।

२७० जो राग के वशीभूत होकर पर-द्रव्यो मे शुभाशुभ भाव करता है वह जीव स्वकीय चारित्र से भ्रष्ट परचरिताचारी होता है।

२७१ जो परिग्रह-मुक्त तथा अनन्यमन होकर आत्मा को ज्ञानदर्शन-मय स्वभावरूप जानता-देखता है, वह जीव स्वकीयचरिताचारी है।

२७२ जो (इस प्रकार के) परमार्थ मे स्थित नही है, उसके तपश्चरण या व्रताचरण आदि सबको सर्वज्ञदेव ने बालतप और बालव्रत कहा है।

२७३ जो बाल (परमार्थशून्य अज्ञानी) महीने-महीने के तप करता है और (पारणा मे) कुश के अग्रभाव जितना (नाममात्र का) भोजन करता है, वह सुआख्यात धर्म की सोलहवी कला को भी नही पा सकता।

२७४. चारित्तं खलु धम्मो, धम्मो जो सो समो त्ति णिद्दिट्ठो ।
मोहक्खोहविहीणो, परिणामो अप्पणो हु समो ॥१३॥
चारित्र खलु धर्मो, धर्मो य स सम इति निर्दिष्ट ।
मोहक्षोभविहीन, परिणाम आत्मनो हि सम ॥१३॥

२७५. समदा तह मज्झत्थं, सुद्धो भावो य वीयरायत्तं ।
तह चारित्तं धम्मो, सहावआराहणा भणिया ॥१४॥
समता तथा माध्यस्थ्य, शुद्धो भावश्च वीतरागत्वम् ।
तथा चारित्र धर्म, स्वभावाराधना भणिता ॥१४॥

२७६. सुविदिदपयत्थसुत्तो, संजमतवसंजुदो विगदरागो ।
समणो समसुहदुक्खो, भणिदो सुद्धोवओगो त्ति ॥१५॥
सुविदितपदार्थसूत्र, सयमतप सयुतो विगतराग ।
श्रमण समसुखदु खो, भणित शुद्धोपयोग इति ॥१५॥

२७७. सुद्धस्स य सामण्णं, भणिय सुद्धस्स दंसणं णाणं ।
सुद्धस्स य णिव्वाणं, सो च्चिय सिद्धो णमो तस्स ॥१६॥
शुद्धस्स च श्रामण्य, भणित शुद्धस्य दर्शन ज्ञानम् ।
शुद्धस्य च निर्वाण, स एव सिद्धो नमस्तस्मै ॥१६॥

२७८. अइसयमादसमुत्थं, विसयातीदं अणोवममणंतं ।
अव्वुच्छिन्नं च सुहं, सुद्धुवओगप्पसिद्धाणं ॥१७॥
अतिशयमात्मसमुत्थ, विषयातीतमनुपममनन्तम् ।
अव्युच्छिन्न च सुख, शुद्धोपयोगप्रसिद्धानाम् ॥१७॥

२७९. जस्स ण विज्जदि रागो, दोसो मोहो व सव्वदव्वेसु ।
णाऽऽसवदि सुहं असुहं, समसुहदुक्खस्स भिक्खुस्स ॥१८॥
२७९ यस्य न विद्यते रागो, द्वेषो मोहो वा सर्वद्रव्येषु ।
नाऽऽस्रवति शुभमशुभ, समसुखदु खस्य भिक्षो ॥१८॥

(इ) समन्वय

२८०. णिच्छय सज्झसरूवं, सराय तस्सेव साहणं चरणं ।
तम्हा दो वि य कमसो, पडिच्छमाण पबुज्झेह ॥१९॥
निश्चय साध्यस्वरूप, सराग तस्यैव साधन चरणम् ।
तस्मात् द्वे अपि च क्रमश, प्रतीष्यमाण प्रबुध्यध्वम् ॥१९॥

२७४. वास्तव में चारित्र ही धर्म है। इस धर्म को शमरूप कहा गया है। मोह व क्षोभ से रहित आत्मा का निर्मल परिणाम ही शम या समतारूप है।

२७५. समता, माध्यस्थभाव, शुद्धभाव, वीतरागता, चारित्र, धर्म और स्व-भाव-आराधना—ये सब शब्द एकार्थक हैं।

२७६. जिसने (स्व-द्रव्य व पर-द्रव्य के भेदज्ञान के श्रद्धान तथा आचरण द्वारा) पदार्थों तथा सूत्रों को भलीभाँति जान लिया है, जो संयम और तप से युक्त है, विगतराग है, सुख-दुःख में समभाव रखता है, उसी श्रमण को शुद्धोपयोगी कहा जाता है।

२७७. (ऐसे) शुद्धोपयोग के ही श्रामण्य कहा गया है। उसीके दर्शन और ज्ञान कहा गया है। उसीका निर्वाण होता है। वही सिद्धपद प्राप्त करता है। उसे मैं नमन करता हूँ।

२७८. शुद्धोपयोग से सिद्ध होनेवाली आत्माओं को अतिशय, आत्मोत्पन्न, विषयातीत अर्थात् अतीन्द्रिय, अनुपम, अनन्त और अविनाशी सुख (प्राप्त) है।

२७९. जिसका समस्त द्रव्यों के प्रति राग, द्वेष और मोह नहीं है तथा जो सुख-दुःख में समभाव रखता है, उस भिक्षु के शुभाशुभ कर्मों का आस्रव नहीं होता।

(ङ) समन्वय

२८०. निश्चयचारित्र तो साध्य-रूप है तथा सराग (व्यवहार) -चारित्र उसका साधन है साधन तथा साध्यस्वरूप दोनों चारित्र को क्रमपूर्वक धारण करने पर जीव प्रबोध को प्राप्त होता है।

२८१. अब्भंतरसोधीए, बाहिरसोधी वि होदि णियमेण ।
अब्भंतर-दोसेण हु, कुणदि णरो बाहिरे दोसे ॥२०॥
अभ्यन्तरशुद्ध्या, बाह्यशुद्धिरपि भवति नियमेन ।
अभ्यन्तरदोषेण हि, करोति नरः बाह्यान् दोषान् ॥२०॥

२८२. मदमाणमायलोह-विवज्जियभावो दु भावसुद्धि त्ति ।
परिकहियं भव्वाणं, लोयालोयप्पदरिसीहिं ॥२१॥
मदमानमायालोभ-विवर्जितभावस्तु भावशुद्धिरिति ।
परिकथितः भव्यानां, लोकालोकप्रदर्शिभिः ॥२१॥

२८३. चत्ता पावारंभं, समुट्ठिदो वा सुहम्मि चरियम्हि ।
ण जहदि जदि मोहादी, ण लहदि सो अप्पगं सुद्धं ॥२२॥
त्यक्त्वा पापारम्भं, समुत्थितो वा शुभे चरित्रे ।
न जहाति यदि मोहादीन् न लभते स आत्मकं शुद्धम् ॥२२॥

२८४. जह व णिरुद्धं असुहं, सुहेण सुहमवि तहेव सुद्धेण ।
तम्हा एण कमेण य, जोई झाएउ णियआदं ॥२३॥
यथैव निरुद्धम् अशुभं, शुभेन शुभमपि तथैव शुद्धेन ।
तस्मादनेन क्रमेण च, योगी ध्यायतु निजात्मानम् ॥२३॥

२८५ णिच्छयणयस्स चरणाय-विघाए णाणदंसणवहोऽवि ।
ववहारस्स उ चरणे, हयम्मि भयणा हु सेसाणं ॥२४॥
निश्चयनयस्य चरणात्म-विघाते ज्ञानदर्शनवधोऽपि ।
व्यवहारस्य तु चरणे, हते भजना खलु शेषयोः ॥२४॥

२८६–२८७ सद्धं नगरं किच्चा, तवसंवरमग्गलं ।
खन्ति निउणपागारं, तिगुत्तं दुप्पधंसयं ॥२५॥
तवनारायजुत्तेण, भित्तूणं कम्मकंचुयं ।
मुणी विगयसंगामो, भवाओ परिमुच्चए ॥२६॥
श्रद्धां नगरं कृत्वा, तपःसंवरमर्गलाम् ।
क्षान्तिं निपुणप्राकारं, त्रिगुप्तं दुष्प्रधर्षकम् ॥२५॥
तपोनाराचयुक्तेन, भित्त्वा कर्मकञ्चुकम् ।
मुनिर्विगतसंग्रामः, भवात् परिमुच्यते ॥२६॥

२८१ आभ्यन्तर-शुद्धि होने पर वाह्य-शुद्धि भी नियमत होती ही है। आभ्यन्तर-दोष से ही मनुष्य वाह्य दोष करता है।

२८२ मद, मान, माया और लोभ से रहित भाव ही भावशुद्धि है, ऐसा लोकालोक के ज्ञाता-द्रष्टा सर्वज्ञदेव का भव्यजीवो के लिए उपदेश है।

२८३ पाप-आरम्भ (प्रवृत्ति) को त्यागकर शुभ अर्थात् व्यवहार-चारित्र मे आरूढ रहने पर भी यदि जीव मोहादि भावो से मुक्त नही होता है तो वह शुद्ध आत्मा को प्राप्त नही करता।

२८४ (इसीलिए कहा गया है कि) जैसे शुभ चारित्र के द्वारा अशुभ (प्रवृत्ति) का निरोध किया जाता है, वैसे ही शुद्ध (-उपयोग) के द्वारा शुभ (प्रवृत्ति) का निरोध किया जाता है। अतएव इसी क्रम से—व्यवहार और निश्चय के पूर्वापर क्रम से—योगी आत्मा का ध्यान करे।

२८५ निश्चयनय के अनुसार चारित्र (भावशुद्धि) का घात होने पर ज्ञान-दर्शन का भी घात हो जाता है, परन्तु व्यवहारनय के अनुसार चारित्र का घात होने पर ज्ञान-दर्शन का घात हो भी सकता है, नही भी हो सकता। (वस्तुत ज्ञान-दर्शन की व्याप्ति भावशुद्धि के साथ है, वाह्य-क्रिया के साथ नही।)

२८६–२८७ श्रद्धा को नगर, तप और सवर को अर्गला, क्षमा को (बुर्ज, खाई, और शतघ्नीस्वरूप) त्रिगुप्ति (मन-वचन-काय) से सुरक्षित, तथा अजेय सुदृढ प्राकार बनाकर तपरूप वाणो स युक्त धनुष से कर्म-कवच को भेदकर (आतरिक) सग्राम का विजेता मुनि ससार से मुक्त होता है।

२१. साधनासूत्र

२८८. आहारासण-णिद्दाजय, च काऊण जिणवरमएण ।
झायव्वो णियअप्पा, णाऊणं गुरुपसाएण ।।१।।
आहारासन-निद्राजय, च कृत्वा जिनवरमतेन ।
ध्यातव्य निजात्मा, ज्ञात्वा गुरुप्रसादेन ।।१।।

२८९. नाणस्स सव्वस्स पगासणाए, अण्णाणमोहस्स विवज्जणाए ।
रागस्स दोसस्स य संखएणं, एगतसोक्खं समुवेइ मोक्खं ।।२।।
ज्ञानस्य सर्वस्य प्रकाशनया, अज्ञानमोहस्य विवर्जनया ।
रागस्य द्वेषस्य च सक्षयेण, एकान्तसौख्य समुपैति मोक्षम् ।।२।।

२९०. तस्सेस मग्गो गुरुविद्धसेवा, विवज्जणा बालजणस्स दूरा ।
सज्झायएगंतनिवेसणा य, सुत्तत्थ संचिंतणया धिई य ।।३।।
तस्यैष मार्गो गुरुवृद्धसेवा, विवर्जना वालजनस्य दूरात् ।
स्वाध्यायैकान्तनिवेशना च, सूत्रार्थसचिन्तनता धृतिश्च ।।३।।

२९१. आहारमिच्छे मियमेसणिज्जं, सहायमिच्छे निउणत्थबुद्धिं ।
निकेयमिच्छेज्ज विवेगजोग्ग समाहिकामे समणे तवस्सी ।।४।।
आहारमिच्छेद् मितमेषणीय, सखायमिच्छेद् निपुणार्थबुद्धिम् ।
निकेतमिच्छेद् विवेकयोग्य, समाधिकाम श्रमणस्तपस्वी ।।४।।

२९२. हियाहारा मियाहारा, अप्पाहारा य जे नरा ।
न ते विज्जा तिगिच्छंति, अप्पाण ते तिगिच्छगा ।।५।।
हिताहारा मिताहारा अल्पाहारा च ये नरा ।
न तान् वैद्या चिकित्सन्ति आत्मान ते चिकित्सका ।।५।।

२९३. रसा पगामं न निसेवियव्वा, पाय रसा दित्तिकरा नराणं ।
दित्तं च कामा समभिद्दवंति, दुमं जहा साउफलं व पक्खी ।।६।।
रसा प्रकाम न निषेवितव्या, प्रायो रसा दीप्तिकरा नराणाम् ।
दीप्त च कामा समभिद्रवन्ति, द्रुम यथा स्वादुफलमिव पक्षिण ।।६।।

२१. साधनासूत्र

२८८. जिनदेव के मतानुसार आहार, आसन तथा निद्रा पर विजय प्राप्त करके गुरुप्रसाद से ज्ञान प्राप्त कर निजात्मा का ध्यान करना चाहिए ।

२८९ सम्पूर्णज्ञान के प्रकाशन से, अज्ञान और मोह के परिहार से तथा राग-द्वेष के पूर्णक्षय से जीव एकान्त सुख अर्थात् मोक्ष प्राप्त करता है ।

२९० गुरु तथा वृद्ध-जनो की सेवा करना, अज्ञानी लोगो के सम्पर्क से दूर रहना, स्वाध्याय करना, एकान्तवास करना, सूत्र और अर्थ का सम्यक् चिन्तन करना तथा धैर्य रखना—ये (दु खो से मुक्ति के) उपाय है ।

२९१ समाधि का अभिलाषी तपस्वी श्रमण परिमित तथा एषणीय आहार की ही इच्छा करे, तत्त्वार्थ मे निपुण (प्राज्ञ) साथी को ही चाहे तथा विवेकयुक्त अर्थात् विविक्त (एकान्त) स्थान मे ही निवास करे ।

२९२ जो मनुष्य हित-मित तथा अल्प आहार करते है, उन्हे कभी वैद्य से चिकित्सा कराने की आवश्यकता ही नही पडती । वे तो स्वय अपने चिकित्सक होते है । अपनी अन्तर्शुद्धि मे लगे रहते है ।

२९३ रसो का अत्यधिक सेवन नहीं करना चाहिए । रस प्रायः उन्मादवर्धक होते है—पुष्टिवर्धक होते है । मदाविष्ट या विषयासक्त मनुष्य को काम वैसे ही सताता या उत्पीडित करता है जैसे स्वादिष्ट फलवाले वृक्ष को पक्षी ।

२९४. विवित्तसेज्जाऽऽसणजंतियाणं, ओमाऽसणाणं दमिइंदियाणं ।
न रागसत्तू धरिसेइ चित्तं, पराइओ वाहिरिवोसहेहिं ॥७॥
विविक्तशय्याऽऽसनयन्त्रितानाम्, अवमोऽशनाना दमितेन्द्रियाणाम्
न रागशत्रुर्धर्षयति चित्त, पराजितो व्याधिरिवौषधै ॥७॥

२९५ जरा जाव न पीलेइ, वाही जाव न वड्ढई ।
जाविंदिया न हायंति, ताव धम्मं समायरे ॥८॥
जरा यावत् न पीडयति, व्याधि यावत् न वर्द्धते ।
यावदिन्द्रियाणि न हीयन्ते, तावत् धर्म समाचरेत् ॥८॥

२२. द्विविध धर्मसूत्र

२९६. दो चेव जिणवरेहिं, जाइजरामरणविप्पमुक्केहिं ।
लोगम्मि पहा भणिया, सुस्समण सुसावगो वा वि ॥१॥
द्वौ चैव जिनवरेन्द्रै, जातिजरामरणविप्रमुक्तै ।
लोके पथौ भणितौ, सुश्रमण सुश्रावक चापि ॥१॥

२९७. दाणं पूया मुक्खं, सावयधम्मे ण सावया तेण विणा ।
झाणाज्झयण मुक्खं, जइधम्मे तं विणा तहा सो वि ॥२॥
दान पूजा मुख्य, श्रावकधर्मे न श्रावका तेन विना ।
ध्यानाध्ययन मुख्यो, यतिधर्मे त विना तथा सोऽपि ॥२॥

२९८. सन्ति एगेहिं भिक्खूहिं, गारत्था संजमुत्तरा ।
गारत्थेहिं य सव्वेहिं, साहवो संजमुत्तरा ॥३॥
सन्त्येकेभ्यो भिक्षुभ्य, अगारस्था सयमोत्तरा ।
अगारस्थेभ्यश्च सर्वेभ्य, साधव सयमोत्तरा ॥३॥

२९९. नो खलु अहं तहा, संचाएमि मुंडे जाव पव्वइत्तए ।
अहं णं देवाणुप्पियाणं, अंतिए पंचाणुव्वइयं सत्तसिक्खावइयं
दुवालसविहं गिहिधम्मं पडिवज्जिस्सामि ॥४॥
नो खल्वहं तथा शक्नोमि मुण्डो यावत् प्रव्रजितुम् ।
अहं खलु देवानुप्रियाणाम् अन्तिके पञ्चानुव्रतिकम् सप्तशिक्षा-
व्रतिक द्वादशविधम् गृहिधर्मं प्रतिपत्स्ये ॥४॥

२९४. जो विविक्त (स्त्री आदि से रहित) शय्यासन से नियन्त्रित (युक्त) है, अल्प-आहारी है और दमितेन्द्रिय है, उसके चित्त को राग-द्वेषरूपी विकार पराजित नही कर सकते, जैसे औषधि से पराजित या विनष्ट व्याधि पुन नही सताती।

२९५ जब तक बुढापा नही सताता, जब तक व्याधियाँ (रोगादि) नही बढती और इन्द्रियाँ अशक्त (अक्षम) नही हो जाती, तब तक (यथाशक्ति) धर्माचरण कर लेना चाहिए। (क्योकि बाद मे अशक्त एव असमर्थ देहेन्द्रियो से धर्माचरण नही हो सकेगा।)

२२. द्विविध धर्मसूत्र

२९६ जन्म-जरा-मरण से मुक्त जिनेन्द्रदेव ने इस लोक मे दो ही मार्ग बतलाये है—एक है उत्तम श्रमणो का और दूसरा है उत्तम श्रावको का।

२९७ श्रावक-धर्म मे दान और पूजा मुख्य है जिनके बिना श्रावक नही होता तथा श्रमण-धर्म मे ध्यान व अध्ययन मुख्य है, जिनके बिना श्रमण नही होता।

२९८. यद्यपि शुद्धाचारी साधुजन सभी गृहस्थो से सयम मे श्रेष्ठ होते है, तथापि कुछ (शिथिलाचारी) भिक्षुओ की अपेक्षा गृहस्थ सयम मे श्रेष्ठ होते है।

२९९ जो व्यक्ति मुण्डित (प्रव्रजित) होकर अनगारधर्म स्वीकार करने मे असमर्थ होता है, वह जिनेन्द्रदेव द्वारा प्ररूपित श्रावक-धर्म को अगीकार करता है।

३००. पंच य अणुव्वयाइं, सत्त उ सिक्खा उ देसजइधम्मो ।
सव्वेण व देसेण व, तेण जुओ होइ देसजई ॥५॥
पञ्च च अनुव्रतानि, सप्त तु शिक्षा देशयतिधर्मः ।
सर्वेण वा देशेन वा, तेन युतो भवति देशयतिः ॥५॥

२३. श्रावकधर्मसूत्र

३०१. संपत्तदंसणाई, पइदियहं जइजणा सुणेई य ।
सामायारिं परमं जो, खलु तं सावगं बिंति ॥१॥
सम्प्राप्तदर्शनादिः, प्रतिदिवसं यतिजनाच्छृणोति च ।
सामाचारीं परमां यः, खलु तं श्रावकं ब्रुवते ॥१॥

३०२. पंचुंवरसहियाइं, सत्त वि विसणाई जो विवज्जेइ ।
सम्मत्तविसुद्धमई, सो दंसणसावओ भणिओ ॥२॥
पञ्चोदुम्बरसहितानि सप्त अपि व्यसनानि यः विवर्जयति ।
सम्यक्त्वविशुद्धमतिः सः दर्शनश्रावकः भणितः ॥२॥

३०३. इत्थी जूयं मज्जं, मिगव्व वयणे तहा फरुसया य ।
दंडफरुसत्तमत्थस्स दूसणं सत्त वसणाइं ॥३॥
स्त्री द्यूतं मद्यं, मृगया वचने तथा परुषता च ।
दण्डपरुषत्वम् अर्थस्य दूषणं सप्त व्यसनानि ॥३॥

३०४. मांसासणेण वड्ढइ दप्पो दप्पेण मज्जमहिलसइ ।
जूयं पि रमइ तो तं, पि वण्णिए पाउणइ दोसे ॥४॥
मांसाशनेन वर्धते दर्पः दर्पेण मद्यम् अभिलषति ।
द्यूतम् अपि रमते ततः तद् अपि वर्णितान् प्राप्नोति दोषान् ॥४॥

३०५. लोइयसत्थम्मि वि, वण्णियं जहा गयणगामिणो विप्पा ।
भुवि मंसासणेण पडिया, तम्हा ण पउंजए मंसं ॥५॥
लौकिकशास्त्रे अपि वर्णितम् यथा गगनगामिनः विप्राः ।
भुवि मांसाशनेन पतिताः तस्माद् न प्रयोजयेद् मांसम् ॥५॥

३०० श्रावकधर्म या श्रावकाचार मे पाँच व्रत तथा सात शिक्षाव्रत होते है । जो व्यक्ति इन सवका या इनमें से कुछ का आचरण करता है, वह श्रावक कहलाता है ।

२३. श्रावकधर्मसूत्र

३०१ जो सम्यग्दृष्टि व्यक्ति प्रतिदिन यतिजनो से परम सामाचारी (आचार-विषयक उपदेश) श्रवण करता है, उसे श्रावक कहते है ।

३०२ पाँच उदुम्वर फल (उमर, कठूमर, गूलर, पीपल तथा वड) के साथ-साथ सात व्यसनो का त्याग करनेवाला वह व्यक्ति 'दार्शनिक श्रावक' कहा जाता है, जिसकी मति सम्यग्दर्शन से विशुद्ध हो गयी है ।

३०३ परस्त्री का सहवास, द्यूत-क्रीडा, शिकार, वचन-परुषता, कठोर दण्ड तथा अर्थ-दूषण (चोरी आदि) ये सात व्यसन है । (श्रावक इनका त्याग करता है ।)

३०४ मासाहार से दर्प वढता है । दर्प से मनुष्य मे मद्यपान की अभिलाषा जागती है और तव वह जुआ भी खेलता है । इस प्रकार (एक मासाहार से ही) मनुष्य उक्त वर्णित सर्व दोषो का भाजन (घर) वन जाता है ।

३०५ लौकिक शास्त्र मे भी यह उल्लेख मिलता है कि मास खाने से आकाश में विहार करनेवाला विप्र भूमि पर गिर पडा, अर्थात् पतित हो गया । अतएव मास का सेवन (कदापि) नही करना चाहिए ।

३०६. **मज्जेण णरो अवसो, कुणेइ कम्माणि णिंदणिज्जाइं ।**
इहलोए परलोए, अणुहवइ अणतयं दुक्खं ॥६॥
मद्येन नर अवश करोति कर्माणि निन्दनीयानि ।
इहलोके परलोके अनुभवति अनन्तक दु खम् ॥६॥

३०७. **सवेगजणिदकरणा, णिस्सल्ला मंदरो व्व णिक्कंपा ।**
जस्स दढा जिणभत्ती, तस्स भयं णत्थि संसारे ॥७॥
सवेगजनितकरणा, नि शल्या मन्दर इव निष्कम्पा ।
यस्य दृढा जिनभक्ति, तस्य भय नास्ति ससारे ॥७॥

३०८. **सत्तू वि मित्तभावं, जम्हा उवयाइ विणयसीलस्स ।**
विणओ तिविहेण तओ, कायव्वो देसविरएण ॥८॥
शत्रु अपि मित्रभावम् यस्माद् उपयाति विनयशीलस्य ।
विनय त्रिविधेन तत कर्त्तव्य देशविरतेन ॥८॥

३०९. **पाणिवहमुसावाए, अदत्तपरदारनियमणेहिं च ।**
अपरिमिइच्छाओऽवि य, अणुव्वयाइं विरमणाइं ॥९॥
प्राणिवधमृषावादा-दत्तपरदारनियमनैश्च ।
अपरिमितेच्छातोऽपि च, अणुव्रतानि विरमणानि ॥९॥

३१०. **बंधवहच्छविच्छेए, अइभारे भत्तपाणवुच्छेए ।**
कोहाइदूसियमणो, गोमणुयाईण नो कुज्जा ॥१०॥
वन्धवधछविच्छेदान्, अतिभारान् भक्तपानव्युच्छेदान् ।
क्रोधादिदूषितमना, गोमनुष्यादीना न कुर्यात् ॥१०॥

३११. **थूलमुसावायस्स उ, विरई दुच्चं, स पंचहा होइ ।**
कन्नागोभु आलिय - नासहरण - कूडसक्खिज्जे ॥११॥
स्थूलमृषावादस्य तु, विरति द्वितीय स पचधा भवति ।
कन्यागोभूअलीक-न्यासहरण-कूटसाक्ष्याणि ॥११॥

३१२. **सहसा अब्भक्खाणं, रहसा य सदारमंतभेयं च ।**
मोसोवएसयं, कूडलेहकरणं च वज्जिज्जा ॥१२॥
सहसाभ्याख्यान, रहसा च स्वदारमन्त्रभेद च ।
मृषोपदेश कूटलेखकरण च वर्जयेत् ॥१२॥

३०६ (मास की तरह) मद्यपान से भी मनुष्य मदहोश होकर निन्दनीय कर्म करता है और फलस्वरूप इस लोक तथा परलोक मे अनन्त दु खो का अनुभव करता है।

३०७ जिसके हृदय मे ससार के प्रति वैराग्य उत्पन्न करनेवाली, शल्यरहित तथा मेरुवत् निष्कम्प और दृढ जिन-भक्ति है, उसे ससार मे किसी तरह का भय नही है।

३०८ विनयशील व्यक्ति का शत्रु भी मित्र वन जाता है। इसलिए देशविरत या अणुव्रती श्रावक को मन-वचन-काय से सम्यक्त्वादि गुणो की तथा गुणीजनो की विनय करना चाहिए।

३०९ प्राणि-वध (हिंसा), मृषावाद (असत्य वचन), विना दी हुई वस्तु का ग्रहण (चोरी), परस्त्री-सेवन (कुशील) तथा अपरिमित कामना (परिग्रह) इन पाँचो पापो से विरति अणुव्रत है।

३१० प्राणिवध से विरत श्रावक को—क्रोधादि कषायो से मन को दूषित करके पशु व मनुष्य आदि का वन्धन, डडे आदि से ताडन-पीड़न, नाक आदि का छेदन, शक्ति से अधिक भार लादना तथा खान-पान रोकना आदि कर्म नही करने चाहिए। क्योकि ये कर्म भी हिंसा जैसे ही है। इनका त्याग स्थूल हिंसा-विरति है।

३११ स्थूल (मोटे तौर पर) असत्य-विरति दूसरा अणुव्रत है। (हिंसा की तरह) इसके भी पाँच भेद है—कन्या-अलीक, गो-अलीक व भू-अलीक अर्थात् कन्या, गो (पशु) तथा भूमि के विषय मे झूठ वोलना, किसीकी धरोहर को दवा लेना और झूठी गवाही देना। इनका त्याग स्थूल असत्य-विरति है।

३१२ (साथ ही साथ) सत्य-अणुव्रती विना सोचे-समझे सहसा न तो कोई वात करता है, न किसीका रहस्योद्घाटन करता है, न अपनी पत्नी की कोई गुप्त वात मित्रो आदि मे प्रकट करता है, न मिथ्या (अहितकारी) उपदेश करता है और न कूटलेख-क्रिया (जाली हस्ताक्षर या जाली दस्तावेज आदि) करता है।

३१३. वज्जिज्जा तेनाहड - तक्करजोगं विरुद्धरज्जं च ।
कूडतुलकूडमाणं, तप्पडिरूवं च ववहारं ॥१३॥
वर्जयेत् स्तेनाहृत, तस्करयोग विरुद्धराज्य च ।
कूटतुलाकूटमाने, तत्प्रतिरूपं च व्यवहारम् ॥१३॥

३१४. इत्तरियपरिग्गहिया-ऽपरिग्गहियागमणा-णंगकीडं च ।
परविवाहक्करणं,* कामे तिव्वाभिलासं च ॥१४॥
इत्वरपरिगृहीता-ऽपरिगृहीतागमना-नङ्गक्रीडा च ।
पर (द्वितीय) विवाहकरण, कामे तीव्राभिलाष च ॥१४॥

३१५-३१६. विरया परिग्गहाओ, अपरिमिआओ अणंततण्हाओ ।
बहुदोससंकुलाओ, नरयगइगमणपंथाओ ॥१५॥
खित्ताइ हिरण्णाई धणाइ दुपयाइ - कुवियगस्स तहा ।
सम्मं विसुद्धचित्तो, न पमाणाइक्कमं कुज्जा ॥१६॥

विरता परिग्रहात्-अपरिमिताद्-अनन्ततृष्णात् ।
बहुदोषसकुलात्, नरकगतिगमनपथात् ॥१५॥
क्षेत्रादे हिरण्यादे धनादे द्विपदादे कुप्यकस्य तथा ।
सम्यग्विशुद्धचित्तो, न प्रमाणातिक्रम कुर्यात् ॥१६॥

३१७. भाविज्ज य संतोसं, गहियमियाणिं अजाणमाणेणं ।
थोवं पुणो न एवं, गिण्हिस्सामो त्ति चिंतिज्जा ॥१७॥
भावयेच्च सन्तोष, गृहीतमिदानीमजानानेन ।
स्तोक पुन न एव, ग्रहीष्याम इति चिन्तयेत् ॥१७॥

३१८. जं च दिसावेरमणं, अणत्थदंडाउ जं च वेरमणं ।
देसावगासियं पि य, गुणव्वयाइं भवे ताइं ॥१८॥
यच्च दिग्विरमण, अनर्थदण्डात् यच्च विरमणम् ।
देशावकाशिकमपि च, गुणव्रतानि भवेयुस्तानि ॥१८॥

---

* परो अन्नो जो विवाहो अप्पणो चेव न परविवाहो । किं भणियं होइ? भण्णइ—[illegible] अप्पणा अन्नाओ कन्नाओ परिणेइ त्ति । पुण अइयारो सदारसंतुट्ठस्स होइ ॥ —सावयधम्म पचासय चूर्णि, ७६ ।

३१३ अचौर्याणुव्रती श्रावक को न चोरी का माल खरीदना चाहिए, न चोरी मे प्रेरक बनना चाहिए। न ही राज्य-विरुद्ध अर्थात् टैक्स आदि की चोरी व नियम-विरुद्ध कोई कार्य करना चाहिए। वस्तुओ मे मिलावट आदि नही करना चाहिए। जाली सिक्के या नोट आदि नही चलाना चाहिए।

३१४ स्व-स्त्री मे सन्तुष्ट ब्रह्मचर्याणुव्रती श्रावक को विवाहित या अविवाहित बदचलन स्त्रियो से सर्वथा दूर रहना चाहिए। अनग-क्रीडा नही करनी चाहिए। अपनी सन्तान के अतिरिक्त दूसरो के विवाह आदि कराने मे दिलचस्पी नही लेनी चाहिए। (इसमे यह अर्थ भी निहित है कि अपना भी 'पर' यानी दूसरा विवाह नही करना चाहिए।) काम-सेवन की तीव्र लालसा का त्याग करना चाहिए।

३१५–३१६ अपरिमित परिग्रह अनन्ततृष्णा का कारण है, वह बहुत दोषयुक्त है तथा नरकगति का मार्ग है। अत परिग्रह-परिमाणाणुव्रती विशुद्धचित्त श्रावक को क्षेत्र-मकान, सोना-चाँदी, धन-धान्य, द्विपद-चतुष्पद तथा भण्डार (सग्रह) आदि परिग्रह के अगीकृत परिमाण का अतिक्रमण नही करना चाहिए।

३१७ उसे सन्तोष रखना चाहिए। उसे ऐसा विचार नही करना चाहिए कि 'इस समय मैने बिना जाने थोड़ा परिमाण किया, आगे आवश्यक होने पर पुन अधिक ग्रहण कर लूँगा।'

३१८ श्रावक के सात शील व्रतो मे ये तीन गुणव्रत होते है—दिशा-विरति, अनर्थदण्डविरति तथा देशावकाशिक।

३१९ उड्ढमहे तिरियं पि य, दिसासु परिमाणकरणमिह पढमं ।
भणियं गुणव्वयं खलु, सावगधम्मम्मि वीरेण ॥१९॥
ऊर्ध्वमधस्तिर्यगपि च, दिक्षु परिमाणकरणमिह प्रथमम् ।
भणितं गुणव्रतं खलु, श्रावकधर्मे वीरेण ॥१९॥

३२०. वयभंगकारणं होइ, जम्मि देसम्मि तत्थ णियमेण ।
कीरइ गमणणियत्ती, तं जाण गुणव्वयं बिदियं ॥२०॥
व्रतभङ्गकारणं भवति, यस्मिन् देशे तत्र नियमेन ।
क्रियते गमननिवृत्तिः, तद् जानीहि गुणव्रतं द्वितीयम् ॥२०॥

३२१. विरई अणत्थदंडे, तच्चं, स चउव्विहो अवज्झाणो ।
पमायायरिय हिंसप्पयाण पावोवएसे य ॥२१॥
विरतिरनर्थदण्डे, तृतीयं, स चतुर्विधः अपध्यानम् ।
प्रमादाचरितम् हिंसाप्रदानम् पापोपदेशश्च ॥२१॥

३२२. अट्ठेण तं न बंधइ, जमणट्ठेण तु थोवबहुभावा ।
अट्ठे कालाईया, नियामगा न उ अणट्ठाए ॥२२॥
अर्थेन तत् न बध्नाति, यदनर्थेन स्तोकबहुभावात् ।
अर्थे कालादिकाः, नियामकाः न त्वनर्थके ॥२२॥

३२३ कंदप्पं कुक्कुइयं, मोहरियं संजुयाहिगरणं च ।
उवभोगपरीभोगा-इरेयगयं चित्थ वज्जइ ॥२३॥
कान्दर्प्यम् कौत्कुच्यं, मौखर्यं संयुक्ताधिकरणं च ।
उपभोगपरिभोगा-तिरेकगतं चात्र वर्जयेत् ॥२३॥

३२४ भोगाणं परिसंखा, सामाइय-अतिहिसंविभागो य ।
पोसहविही य सव्वो, चउरो सिक्खाउ वुत्ताओ ॥२४॥
भोगानां परिसंख्या, सामायिकम् अतिथिसंविभागश्च ।
पोषधविधिश्च सर्वः, चतस्रः शिक्षा उक्ताः ॥२४॥

३२५. वज्जणमणंतगुंबरि, अच्चंगाणं च भोगओ माणं ।
कम्मयओ खरकम्मा-इयाण अवरं इमं भणियं ॥२५॥
वर्जनमनन्तकोदुम्बरि-अत्यङ्गानां च भोगतो मानम् ।
कर्मकतः खरकर्मादिकानां अपरम् इदं भणितम् ॥२५॥

३१९ (व्यापार आदि के क्षेत्र को परिमित करने के अभिप्राय से) ऊपर, नीचे तथा तिर्यक् दिशाओ मे गमनागमन या सम्पर्क आदि की सीमा बाँधना प्रथम दिग्व्रत नामक गुणव्रत है।

३२० जिस देश मे जाने से (किसी भी) व्रत का भग होता हो या उसमे दोप लगता हो, उस देश मे जाने की नियमपूर्वक निवृत्ति देशावकाशिक नामक दूसरा गुणव्रत है।

३२१ प्रयोजन-विहीन कार्य करना या किसीको सताना अनर्थदण्ड कहलाता है। इसके चार भेद हैं—अपध्यान, प्रमादपूर्णचर्या, हिंसा के उपकरण आदि देना और पाप का उपदेश। इन चारो का त्याग अनर्थदण्ड-विरति नामक तीसरा गुणव्रत है।

३२२ प्रयोजनवश कार्य करने से अल्प कर्मवन्ध होता है और विना प्रयोजन कार्य करने से अधिक कर्मवन्ध होता है। क्योकि सप्रयोजन कार्य मे तो देश-काल आदि परिस्थितियो की अपेक्षा का प्रश्न रहता है, लेकिन विना प्रयोजन प्रवृत्ति तो सदा ही (अमर्यादितरूप से) की जा सकती है।

३२३ अनर्थदण्ड-विरत श्रावक को कन्दर्प (हास्यपूर्ण अशिप्ट वचन-प्रयोग), कौत्कुच्य (शारीरिक कुचेप्टा), मौखर्य (व्यर्थ वकवास), हिसा के अधिकरणो का सयोजन तथा उपभोग-परिभोग की मर्यादा का अतिरेक नही करना चाहिए।

३२४ चार शिक्षाव्रत इस प्रकार है—भोगो का परिमाण, सामायिक, अतिथि-सविभाग और प्रोषधोपवास।

३२५ भोगोपभोग-परिमाणव्रत दो प्रकार का है—भोजनरूप तथा कार्य या व्यापाररूप। कन्दमूल आदि अनन्तकायिक वनस्पति, उदुम्वर फल तथा मद्यमासादि का त्याग या परिमाण भोजन-विषयक भोगोपभोग व्रत है, और खरकर्म अर्थात् हिसापरक आजीविका आदि का त्याग व्यापार-विषयक भोगोपभोग-परिमाण व्रत है।

३२६. सावज्जजोगपरिरक्खणट्ठा, सामाइयं केवलियं पसत्थं ।
गिहत्थधम्मा परमं ति नच्चा, कुज्जा बुहो आयहियं परत्था ॥२६॥
सावद्ययोगपरिरक्षणार्थं, सामायिकं केवलिकं प्रशस्तम् ।
गृहस्थधर्मात् परममिति ज्ञात्वा, कुर्याद् बुध आत्महितं परत्र॥२६॥

३२७ सामाइयम्मि उ कए, समणो इव सावओ हवइ जम्हा ।
एएण कारणेणं, बहुसो सामाइयं कुज्जा ॥२७॥
सामायिके तु कृते, श्रमण इव श्रावको भवति यस्मात् ।
एतेन कारणेन, बहुशः सामायिकं कुर्यात् ॥२७॥

३२८ सामाइयं ति काउं, परचिंतं जो उ चिंतई सड्ढो ।
अट्टवसट्टोवगओ, निरत्थयं तस्स सामाइयं ॥२८॥
सामायिकमिति कृत्वा, परचिन्तां यस्तु चिन्तयति श्राद्धः ।
आर्तवशार्तोपगतः, निरर्थकं तस्य सामायिकम् ॥२८॥

३२९. आहारदेहसक्कार-बंभाऽवावारपोसहो य ऽणं ।
देसे सव्वे य इमं, चरमे सामाइयं णियमा ॥२९॥
आहारदेहसत्कार-ब्रह्मचर्यमव्यापारपोषधः च ।
देशे सर्वस्मिन् च इदं, चरमे सामायिकं नियमात् ॥२९॥

३३०. अन्नाईणं सुद्धाणं, कप्पणिज्जाण देसकालजुत्तं ।
दाणं जईणमुचियं, गिहीण सिक्खावयं भणियं ॥३०॥
अन्नादीनां शुद्धानां, कल्पनीयानां देशकालयुतम् ।
दानं यतिभ्यः उचितं, गृहिणां शिक्षाव्रतं भणितम् ॥३०॥

३३१ आहारोसह-सत्थाभय-भेओ जं चउव्विहं दाणं ।
तं वुच्चइ दायव्वं, णिद्दिट्ठमुवासयज्झयणे ॥३१॥
आहारौषध-शास्त्रानुभयभेदात् यत् चतुर्विधम् दानम् ।
तद् उच्यते दातव्यं निर्दिष्टम् उपासक-अध्ययने ॥३१॥

३३२ दाणं भोयणमेत्तं, दिज्जइ धन्नो हवेइ सायारो ।
पत्तापत्तविसेसं, संदंसणे किं वियारेण ॥३२॥
दानं भोजनमात्रं, दीयते धन्यो भवति सागारः ।
पात्रापात्रविशेषसंदर्शने किं विचारेण ॥३२॥

३२६. सावद्ययोग अर्थात् हिंसारम्भ से बचने के लिए केवल सामायिक ही प्रशस्त है। उसे श्रेष्ठ गृहस्थधर्म जानकर विद्वान् को आत्म-हित तथा मोक्ष-प्राप्ति के लिए सामायिक करना चाहिए।

३२७ सामायिक करने से अर्थात् सामायिक के काल मे श्रावक भी श्रमण के समान (सर्व सावद्ययोग से रहित एव समताभावयुक्त) हो जाता है। अतएव अनेक प्रकार से सामायिक करना चाहिए।

३२८ सामायिक करते समय जो श्रावक पर-चिन्ता करता है, वह आर्त्त-ध्यान को प्राप्त होता है। उसकी सामायिक निरर्थक है।

३२९ आहार, शरीर-सस्कार, अब्रह्म तथा आरम्भत्याग ये चार बाते प्रोपधोपवास नामक शिक्षा-व्रत मे आती है। इन चारो का त्याग एकदेश भी होता है और सर्वदेश भी होता है। जो सम्पूर्णत प्रोषध करता है, उसे नियमत सामायिक करनी चाहिए।

३३० उद्‌गम आदि दोषो से रहित देशकालानुकूल, शुद्ध अन्नादिक का उचित रीति से (मुनि आदि सयमियो को) दान देना गृहस्थो का अतिथिसविभाग शिक्षाव्रत है। (इसका यह भी अर्थ है कि जो लोग विना किसी पूर्वसूचना के अ-तिथि रूप मे आते है उनको अपने भोजन मे सविभागी बनाना चाहिए।)

३३१ आहार, औषध, शास्त्र और अभय के रूप मे दान चार प्रकार का कहा गया है। उपासकाध्ययन मे अर्थात् श्रावकाचार मे उसे देने योग्य कहा गया है।

३३२ भोजनमात्र का दान करने से भी गृहस्थ धन्य होता है। इसमें पात्र और अपात्र का विचार करने से क्या लाभ ?

३३३. साहूणं कप्पणिज्जं, जं न वि दिण्ण कहिं पि किंचि तहिं ।
धीरा जहुत्तकारी, सुसावया त न भुजंति ॥३३॥
साधूना कल्पनीय, यद् नापि दत्त कुत्रापि किंचित् तत्र ।
धीरा यथोक्तकारिण, सुश्रावका तद् न भुञ्जते ॥३३॥

३३४. जो मुणिभुत्तविसेस, भुंजइ सो भुंजए जिणुवदिट्ठं ।
संसारसारसोक्ख, कमसो णिव्वाणवरसोक्खं ॥३४॥
यो मुनिभुक्तविशेप, भुङ्क्ते स भुङ्क्ते जिनोपदिष्टम् ।
ससारसारसौख्य, क्रमशो निर्वाणवरसौख्यम् ॥३४॥

३३५ ज कीरइ परिरक्खा, णिच्चं मरण-भयभीरु-जीवाणं ।
त जाण अभयदाणं, सिहामणि सव्वदाणाणं ॥३५॥
यत् क्रियते परिरक्षा, नित्य मरणभयभीरुजीवानाम् ।
तद् जानीहि अभयदानम्, शिखामणि सर्वदानानाम् ॥३५॥

२४. श्रमणधर्मसूत्र

(अ) समता

३३६. समणो त्ति सजदो त्ति य, रिसि मुणि साधु त्ति वीदरागो त्ति ।
णामाणि सुविहिदाण, अणगार भदंत दंतो त्ति ॥१॥
श्रमण इति सयत इति च, ऋषिर्मुनि साधु इति वीतराग इति ।
नामानि मुविहितानाम्, अनगारो भदन्त दान्त. इति ॥१॥

३३७. सीह-गय-वसह-मिय-पसु, मारुद-सूरुवहि-मंदरिंदु-मणी ।
खिदि-उरगंवरसरिसा, परम-पय-विमग्गया साहू ॥२॥
सिंह-गज-वृपभ-मृग-पशु, मारुत-सूर्योदधि-मन्दरेन्दु-मणय ।
क्षिति-उरगाम्वरसदृशा, परमपद-विमार्गका साधव ॥२॥

३३८. बहवे इमे असाहू, लोए वुच्चंति साहुणो ।
न लवे असाहुं साहु त्ति, साहु साहु त्ति आलवे ॥३॥
वहव इमे असाधव, लोके उच्यन्ते साधव ।
न लपेदसाधु साधु इति साधु साधु इति आलपेत् ॥३॥

३३३ जिस घर मे साधुओ को कल्पनीय (उनके अनुकूल) किंचित् भी दान नही दिया जाता, उस घर मे शास्त्रोक्त आचरण करनेवाले धीर और त्यागी सुश्रावक भोजन नही करते ।

३३४ जो गृहस्थ मुनि को भोजन कराने के पश्चात् बचा हुआ भोजन करता है, वास्तव मे उसीका भोजन करना सार्थक है । वह जिनोपदिष्ट ससार का सारभूत सुख तथा क्रमश मोक्ष का उत्तम सुख प्राप्त करता है ।

३३५ मृत्यु-भय से भयभीत जीवो की रक्षा करना ही अभय-दान है । यह अभय-दान सब दानो का शिरोमणि है ।

२४. श्रमणधर्मसूत्र

(अ) समता

३३६ श्रमण, सयत, ऋषि, मुनि, साधु, वीतराग, अनगार, भदन्त, ये सब शास्त्र-विहित आचरण करनेवालो के नाम है ।

३३७ सिह के समान पराक्रमी, हाथी के समान स्वाभिमानी, वृषभ के समान भद्र, मृग के समान सरल, पशु के समान निरीह, वायु के समान निस्सग, सूर्य के समान तेजस्वी, सागर के समान गम्भीर, मेरु के समान निश्चल, चन्द्रमा के समान शीतल, मणि के समान कातिमान, पृथ्वी के समान सहिष्णु, सर्प के समान अनियत-आश्रयी तथा आकाश के समान निरवलम्ब साधु, परमपद मोक्ष की खोज मे रहते है ।

३३८ (परन्तु) ऐसे भी बहुत से असाधु है जिन्हे ससार मे साधु कहा जाता है । (लेकिन) असाधु को साधु नही कहना चाहिए, साधु को ही साधु कहना चाहिए ।

३३९. नाणदंसणसंपण्णं, संजमे य तवे रयं ।
एवंगुणसमाउत्तं, संजयं साहुमालवे ॥४॥
ज्ञानदर्शनसम्पन्न, सयमे च तपसि रतम् ।
एवगुणसमायुक्त, सयत साधुमालपेत् ॥४॥

३४०. न वि मुण्डिएण समणो, न ओंकारेण बंभणो ।
न मुणी रण्णवासेणं, कुसचीरेण न तावसो ॥५॥
नाऽपि मुण्डितेन श्रमण, न ओकारेण ब्राह्मण ।
न मुनिररण्यवासेन, कुशचीरेण न तापस ॥५॥

३४१. समयाए समणो होइ, बंभचेरेण बंभणो ।
नाणेण य मुणी होइ, तवेण होइ तावसो ॥६॥
समतया श्रमणो भवति, ब्रह्मचर्येण ब्राह्मण ।
ज्ञानेन च मुनिर्भवति, तपसा भवति तापस. ॥६॥

३४२. गुणेहि साहू अगुणेहिऽसाहू, गिण्हाहि साहूगुण मुंचऽसाहू ।
वियाणिया अप्पगमप्पएणं, जो रागदोसेहिं समो स पुज्जो ॥७॥
गुणै साधुरगुणैरसाधु, गृहाण साधुगुणान् मुञ्चाऽसाधु (गुणान्) ।
विजानीयात् आत्मानमात्मना, य रागद्वेषयो सम स पूज्य ॥७॥

३४३ देहादिसु अणुरत्ता, विसयासत्ता कसायसंजुत्ता ।
अप्पसहावे सुत्ता, ते साहू सम्मपरिचत्ता ॥८॥
देहादिपु अनुरक्ता, विषयासक्ता कपायसयुक्ता ।
आत्मस्वभावे सुप्ता, ते साधव सम्यक्त्वपरित्यक्ता ॥८॥

३४४ बहुं सुणेइ कण्णेहिं, बहुं अच्छीहिं पेच्छइ ।
न य दिट्ठं सुयं सव्वं, भिक्खू अक्खाउमरिहइ ॥९॥
बहु शृणोति कर्णाभ्या, बहु अक्षिभ्या प्रेक्षते ।
न च दृष्ट श्रुत सर्व, भिक्षुराख्यातुमर्हति ॥९॥

३४५ सज्झायज्झाणजुत्ता, रत्तिं ण सुयंति ते पयामं तु ।
सुत्तत्थं चिंतंता, णिद्दाय वसं ण गच्छंति ॥१०॥
स्वाध्यायध्यानयुक्ता., रात्रौ न स्वपन्ति ते प्रकाम तु ।
सूत्रार्थं चिन्तयन्तो, निद्राया वश न गच्छन्ति ॥१०॥

३३९ ज्ञान और दर्शन से सम्पन्न सयम और तप मे लीन तथा इसी प्रकार के गुणो से युक्त सयमी को ही साधु कहना चाहिए ।

३४० केवल सिर मुँडाने से कोई श्रमण नही होता । ओम् का जप करन से कोई ब्राह्मण नही होता, अरण्य मे रहने से कोई मुनि नही होता, कुश-चीवर पहनने से कोई तपस्वी नही होता ।

३४१ (प्रत्युत) वह समता से श्रमण होता है, ब्रह्मचर्य से ब्राह्मण होता है, ज्ञान स मुनि होता है और तप से तपस्वी होता है ।

३४२ (कोई भी) गुणो से साधु होता है और अगुणो से असाधु । अत साधु के गुणो को ग्रहण करो और असाधुता का त्याग करो । आत्मा को आत्मा के द्वारा जानते हुए जो राग-द्वेष मे समभाव रखता है, वही पूज्य है ।

३४३ देहादि मे अनुरक्त, विषयासक्त, कषायसयुक्त तथा आत्मस्वभाव से सुप्त साधु सम्यक्त्व से शून्य होते है ।

३४४ गोचरी अर्थात् भिक्षा के लिए निकला हुआ साधु कानो से बहुत-सी अच्छी-बुरी बाते सुनता है और आँखो से बहुत-सी अच्छी-बुरी वस्तुएँ देखता है, किन्तु सब-कुछ देख-सुनकर भी वह किसी से कुछ कहता नही है । अर्थात् उदासीन रहता है ।

३४५. स्वाध्याय और ध्यान मे लीन साधु रात मे बहुत नही सोते है । सूत्र और अर्थ का चिन्तन करते रहने के कारण वे निद्रा के वश नही होते ।

३४६. निम्ममो निरहंकारो, निस्संगो चत्तगारवो ।
समो य सव्वभूएसु, तसेसु थावरेसु अ ॥११॥
निर्ममो निरहंकार, निःसंगस्त्यक्तगौरव ।
समश्च सर्वभूतेषु, त्रसेषु स्थावरेषु च ॥११॥

३४७. लाभालाभे सुहे दुक्खे, जीविए मरणे तहा ।
समो निन्दापसंसासु, तहा माणावमाणओ ॥१२॥
लाभालाभे सुखे दुःखे, जीविते मरणे तथा ।
समो निन्दाप्रशंसयोः, तथा मानापमानयोः ॥१२॥

३४८. गारवेसु कसाएसु, दंडसल्लभएसु य ।
नियत्तो हाससोगाओ, अनियाणो अबन्धणो ॥१३॥
गौरवेभ्य कषायेभ्य, दण्डशल्यभयेभ्यश्च ।
निवृत्तो हासशोकात्, अनिदानो अबन्धन ॥१३॥

३४९. अणिस्सिओ इह लोए, परलोए अणिस्सिओ ।
वासीचन्दणकप्पो य, असणे अणसणे तहा ॥१४॥
अनिश्रित इहलोके, परलोकेऽनिश्रित ।
वासीचन्दनकल्पश्च, अशनेऽनशने तथा ॥१४॥

३५०. अप्पसत्थेहिं दारेहिं, सव्वओ पिहियासवो ।
अज्झप्पज्झाणजोगेहिं, पसत्थदमसासणे ॥१५॥
अप्रशस्तेभ्यो द्वारेभ्य, सर्वत पिहितास्रव ।
अध्यात्मध्यानयोगै, प्रशस्तदमशासन ॥१५॥

३५१ खुहं पिवासं दुस्सेज्जं, सीउण्हं अरइं भयं ।
अहियासे अव्वहिओ, देहे दुक्खं महाफलं ॥१६॥
क्षुधं पिपासा दुःशय्या, शीतोष्ण अरतिं भयम् ।
अतिसहेत अव्यथित देहदुःख महाफलम् ॥१६॥

५०६. अद्धुवमसरणमेगत्त-मन्नत्तसंसारलोयमसुइत्तं ।
आसवसंवरणिज्जर, धम्मं वोधि च्च चिंतिज्ज ॥२॥
अध्रुवमशरणमेकत्व-मन्यत्वसंसार-लोकमशुचित्वं ।
आस्रवसंवरनिर्जर, धर्मं वोधिं च चिन्तयेत् ॥२॥

५०० तथागत अतीत और भविष्य के अर्थ को नही देखते । कल्पना मुक्त महर्षि वर्तमान का अनुपश्यी हो, (कर्म-शरीर) का शोषण कर उसे क्षीण कर डालता है ।

५०१ हे ध्याता ! तू न तो शरीर से कोई चेष्टा कर, न वाणी से कुछ बोल और न मन से कुछ चिन्तन कर, इस प्रकार योग का निरोध करने से तू स्थिर हो जायेगा—तेरी आत्मा आत्मरत हो जायेगी । यही परम ध्यान है ।

५०२ जिसका चित्त इस प्रकार के ध्यान मे लीन है, वह आत्मध्यानी पुरुष कषाय से उत्पन्न ईर्षा, विषाद, शोक आदि मानसिक दु खो से बाधित (ग्रस्त या पीडित) नही होता ।

५०३. वह धीर पुरुष न तो परीषह, न उपसर्ग आदि से विचलित और भयभीत होता है तथा न ही सूक्ष्म भावो व देवनिर्मित मायाजाल मे मुग्ध होता है ।

५०४ जैसे चिरसचित ईंधन को वायु से उद्दीप्त आग तत्काल जला डालती है, वैसे ही ध्यानरूपी अग्नि अपरिमित कर्म-ईंधन को क्षणभर मे भस्म कर डालती है ।

३०. अनुप्रेक्षासूत्र

५०५ मोक्षार्थी मुनि सर्वप्रथम धर्म-ध्यान द्वारा अपने चित्त को सुभावित करे । बाद मे धर्म-ध्यान से उपरत होने पर भी सदा अनित्य-अशरण आदि भावनाओ के चिन्तवन मे लीन रहे ।

५०६ अनित्य, अशरण, एकत्व, अन्यत्व, ससार, लोक, अशुचि, आस्रव, सवर, निर्जरा, धर्म और बोधि—इस बारह भावनाओ का चिन्तवन करना चाहिए ।

५०७. जम्मं मरणेण समं, संपज्जइ जोव्वणं जरासहियं ।
लच्छी विणास-सहिया, इय सव्वं भंगुर मुणह ।।३।।
जन्म मरणेन सम, सम्पद्यते यौवन जरासहितम् ।
लक्ष्मी विनाशसहिता, इति सर्व भङ्गुर जानीत ।।३।।

५०८. चइऊण महामोहं, विसए मुणिऊण भंगुरे सव्वे ।
णिव्विसयं कुणह मणं, जेण सुहं उत्तम लहह ।।४।।
त्यक्त्वा महामोह, विषयान् ज्ञात्वा भङ्गुरान् सर्वान् ।
निर्विषय कुरुत मन , येन सुखमुत्तम लभध्वम् ।।४।।

५०९. वित्तं पसवो य णाइओ, तं वाले सरणं ति मण्णइ ।
एए मम तेसि वा अहं, णो ताणं सरणं ण विज्जई ।।५।।
वित्त पशवश्च ज्ञातय , तद् वाल शरणमिति मन्यते ।
एते मम तेष्वप्यह, नो त्राण शरण न विद्यते ।।५।।

५१०. सग परिजाणामि, सल्लं पि य उद्धरामि तिविहेणं ।
गुत्तीओ समिईओ, मज्झं ताण च सरणं च ।।६।।
सग परिजानामि, शल्यमपि चोद्धरामि त्रिविधेन ।
गुप्तय समितय , मम त्राण च शरण च ।।६।।

५११. धी संसारो जहियं, जुवाणओ परमरूवगव्वियओ ।
मरिऊण जायइ, किमी तत्थेव कलेवरे नियए ।।७।।
धिक् ससार यत्र, युवा परमरूपगर्वितक ।
मृत्वा जायते, कृमिस्तत्रैव कलेवरे निजके ।।७।।

५१२. सो नत्थि इहोगासो, लोए वालग्गकोडिमित्तोऽवि ।
जम्मणमरणावाहा, अणेगसो जत्थ न य पत्ता ।।८।।
स नास्तीहावकाशो, लोके वालाग्रकोटिमात्रोऽपि ।
जन्ममरणावाधा, अनेकशो यत्र न च प्राप्ता. ।।८।।

५१३. वाहिजरमरणमयरो, निरंतरुप्पत्तिनीरनिकुरुंबो ।
परिणामदारुणदुहो, अहो दुरंतो भवसमुद्दो ।।९।।
व्याधिजरामरणमकरो, निरन्तरोत्पत्ति-नीरनिकुरुम्ब. ।
परिणामदारुणदु ख , अहो ! दुरन्तो भवसमुद्र ।।९।।

५०७ जन्म मरण के साथ जुडा हुआ है और यौवन वृद्धावस्था के साथ। लक्ष्मी चचला है। इस प्रकार (ससार मे) सब-कुछ क्षण-भगुर है—अनित्य है।

५०८. महामोह को तजकर तथा सब इन्द्रिय-विषयो को क्षण-भगुर जानकर मन को निर्विषय बनाओ, ताकि उत्तम सुख प्राप्त हो।

५०९ अज्ञानी जीव धन, पशु तथा ज्ञातिवर्ग को अपना रक्षक या शरण मानता है कि ये मेरे है और मै इनका हूँ। किन्तु वास्तव मे ये सब न तो रक्षक है और न शरण।

५१० मै परिग्रह को समझ-बूझकर तजता हूँ और माया, मिथ्यात्व व निदान इन तीन शल्यो को भी मन-वचन-काय से दूर करता हूँ। तीन गुप्तियाँ और पॉच समितियाँ ही मेरे लिए रक्षक और शरण है।

५११ इस ससार को धिक्कार है, जहाँ परम रूप-गर्वित युवक मृत्यु के बाद अपने उसी त्यक्त (मृत) शरीर मे कृमि के रूप मे उत्पन्न हो जाता है।

५१२ इस ससार मे बाल की नोक जितना भी स्थान ऐसा नहीं है जहाँ इस जीव ने अनेक बार जन्म-मरण का कष्ट न भोगा हो।

५१३ अहो! यह भवसमुद्र दुरन्त है—इसका अन्त बडे कष्ट से होता है। इसमे व्याधि तथा जरा-मरणरूपी अनेक मगरमच्छ है, निरन्तर उत्पत्ति या जन्म ही जलराशि है। इसका परिणाम दारुण दु:ख है।

५१४. रयणत्तय-संजुत्तो, जीवो वि हवेइ उत्तमं तित्थं ।
संसारं तरइ जदो, रयणत्तय-दिव्व-णावाए ॥१०॥
रत्नत्रयसंयुक्त, जीव अपि भवति उत्तम तीर्थम् ।
संसार तरति यत, रत्नत्रयदिव्यनावा ॥१०॥

५१५. पत्तेयं पत्तेयं नियगं, कम्मफलमणुहवंताणं ।
को कस्स जए सयणो ? को कस्स व परजणो भणिओ ? ॥११॥
प्रत्येक प्रत्येक निजक, कर्मफलमनुभवताम् ।
क कस्य जगति स्वजन ? क कस्य वा परजनो भणित ॥११॥

५१६. एगो मे सासओ अप्पा, नाणदंसणसंजुओ ।
सेसा मे बाहिरा भावा, सव्वे संजोगलक्खणा ॥१२॥
एको मे शाश्वत आत्मा, ज्ञानदर्शनसंयुत ।
शेषा मे बाह्या भावा, सर्वे संयोगलक्षणा ॥१२॥

५१७. संजोगमूला जीवेणं, पत्ता दुक्खपरंपरा ।
तम्हा संजोगसंबंधं, सव्वभावेण वोसिरे ॥१३॥
संयोगमूला जीवेन, प्राप्ता दुःखपरम्परा ।
तस्मात्संयोगसम्बन्ध, सर्वभावेन व्युत्सृजामि ॥१३॥

५१८. अणुसोअइ अन्नजणं, अन्नभवंतरगयं तु बालजणो ।
नवि सोयइ अप्पाणं, किलिस्समाणं भवसमुद्दे ॥१४॥
अनुशोचत्यन्यजन-मन्यभावान्तरगत तु बालजन ।
नैव शोचत्यात्मान, क्लिश्यमान भवसमुद्रे ॥१४॥

५१९. अन्नं इमं सरीरं, अन्नोऽहं बंधवाविमे अन्ने ।
एवं नाऊण खमं, कुसलस्स न तं खमं काउं ? ॥१५॥
अन्यदिद शरीरम्, अन्योऽह बान्धवा अपीमेऽन्ये ।
एव ज्ञात्वा क्षम, कुशलस्य न तत् क्षम कर्तुम् ॥१५॥

५२०. जो जाणिऊण देहं, जीवसरूवादु तच्चदो भिन्नं ।
अप्पाणं पि य सेवदि, कज्जकरं तस्स अण्णत्तं ॥१६॥
य ज्ञात्वा देह, जीवस्वरूपात् तत्त्वत भिन्नम् ।
आत्मानमपि च सेवते, कार्यकर तस्य अन्यत्वम् ॥१६॥

५१४ (वास्तव में-) रत्नत्रय से सम्पन्न जीव ही उत्तम तीर्थ (तट) है, क्योकि वह रत्नत्रयरूपी दिव्य नौका द्वारा ससार-सागर स पार करता है ।

५१५ यहाँ प्रत्येक जीव अपने-अपने कर्मफल को अकेला ही भोगता है । ऐसी स्थिति मे यहाँ कौन किसका स्वजन है और कौन किसका पर जन ?

५१६ ज्ञान और दर्शन से सयुक्त मेरी एक आत्मा ही शाश्वत है । शेष सब अर्थात् देह तथा रागादि भाव तो सयोगलक्षणवाले है—उनके साथ मेरा सयोगसम्वन्ध मात्र है । वे मुझसे अन्य ही है ।

५१७. इस सयोग के कारण ही जीव दु खो की परम्परा को प्राप्त हुआ है । अत सम्पूर्णभाव से मै इस सयोग-सम्वन्ध का त्याग करता हूँ ।

५१८ अज्ञानी मनुष्य अन्य भवो मे गये हुए दूसरे लोगो के लिए तो शोक करता है, किन्तु भव-सागर मे कष्ट भोगनेवाली अपनी आत्मा की चिन्ता नही करता ।

५१९ यह शरीर अन्य है, मै अन्य हूँ, वन्धु-वान्धव भी मुझसे अन्य है । ऐसा जानकर कुशल व्यक्ति उनमे आसक्त न हो ।

५२० जो शरीर को जीव के स्वरूप से तत्त्वत भिन्न जानकर आत्मा का अनुचिन्तन करता है, उसकी अन्यत्व भावना कार्यकारी है ।

५२१. मंसट्ठियसंघाए, मुत्तपुरीसभरिए नवच्छिद्दे ।
असुइं परिस्सवंते, सुहं सरीरम्मि किं अत्थि ? ॥१७॥
मासास्थिकसघाते, मूत्रपुरीपभृते नवच्छिद्रे ।
अशुचि परिस्रवति, शुभ शरीरे किमस्ति ? ॥१७॥

५२२. एदे मोहय-भावा, जो परिवज्जेइ उवसमे लीणो ।
हेयं ति मन्नमाणो, आसवअणुवेहण तस्स ॥१८॥
एतान् मोहजभावान्, य परिवर्जयति उपशमे लीन ।
हेयम् इति मन्यमान, आस्रवानुप्रेक्षण तस्य ॥१८॥

५२३. मणवयणकायगुत्ति-दियस्स समिदीसु अप्पमत्तस्स ।
आसवदारणिरोहे, णवकम्मरयासवो ण हवे ॥१९॥
मनोवचनकायगुप्तेन्द्रियस्य समितिपु अप्रमत्तस्य ।
आस्रवदारनिरोधे, नवकर्मरजआस्रवो न भवेत् ॥१९॥

५२४. णाऊण लोगसारं, णिस्सारं दीहगमणसंसारं ।
लोयग्गसिहरवासं झाहि पयत्तेण सुहवासं ॥२०॥
ज्ञात्वा लोकसार, नि सार दीर्घगमनससारम् ।
लोकाग्रशिखरवास, ध्याय प्रयत्नेन सुखवासम् ॥२०॥

५२५. जरामरणवेगेणं, वुज्झमाणाण पाणिणं ।
धम्मो दीवो पइट्ठा य, गई सरणमुत्तमं ॥२१॥
जरामरणवेगेन, उह्यमानाना प्राणिनाम् ।
धर्मो द्वीप प्रतिष्ठा च, गति शरणमुत्तमम् ॥२१॥

५२६. माणुस्सं विग्गह लद्धु, सुई धम्मस्स दुल्लहा ।
जं सोच्चा पडिवज्जति, तवं खंतिमहिंसयं ॥२२॥
मानुष्य विग्रह लब्ध्वा, श्रुतिर्धर्मस्य दुर्लभा ।
य श्रुत्वा प्रतिपद्यन्ते, तप क्षान्तिमहिंस्रताम् ॥२२॥

५२७. आहच्च सवणं लद्धु, सद्धा परमदुल्लहा ।
सोच्चा नेआउयं मग्गं, बहवे परिभस्सई ॥२३॥
आहत्य श्रवण लब्ध्वा, श्रद्धा परमदुर्लभा ।
श्रुत्वा नैयायिक मार्ग वहव परिभ्रश्यन्ति ॥२३॥

५२१ माँस और हड्डी के मेल से निर्मित, मल-मूत्र से भरे, नौ छिद्रो के द्वारा अशुचि पदार्थ को वहानेवाले शरीर मे क्या सुख हो सकता है ?

५२२ मोह के उदय से उत्पन्न होनेवाले इन सव भावो को त्यागने योग्य जानकर उपशम (साम्य) भाव मे लीन मुनि इनका त्याग कर देता है। यह उसकी आस्रव अनुप्रेक्षा है।

५२३ तीन गुप्तियो के द्वारा इन्द्रियो को वश मे करनेवाला तथा पच समितियो के पालन मे अप्रमत्त मुनि के आस्रवद्वारो का निरोध हो जाने पर नवीन कर्म-रज का आस्रव नही होता है। यह सवर अनुप्रेक्षा है।

५२४. लोक को नि सार तथा ससार को दीर्घ गमनरूप जानकर मुनि प्रयत्नपूर्वक लोक के सर्वोच्च अग्रभाग मे स्थित मुक्तिपद का ध्यान करता है, जहाँ मुक्त (सिद्ध) जीव सुखपूर्वक सदा निवास करते है।

५२५ जरा और मरण के तेज प्रवाह मे वहते-डूवते हुए प्राणियो के लिए धर्म ही द्वीप है, प्रतिष्ठा है, गति है तथा उत्तम शरण है।

५२६ (प्रथम तो चतुर्गतियो मे भ्रमण करनेवाले जीव को मनुष्य-शरीर ही मिलना दुर्लभ है, फिर) मनुष्य-शरीर प्राप्त होने पर भी ऐसे धर्म का श्रवण तो और भी कठिन है, जिसे सुनकर तप, क्षमा और अहिसा को प्राप्त किया जाय।

५२७ कदाचित् धर्म का श्रवण हो भी जाये, तो उस पर श्रद्धा होना महा कठिन है। क्योकि वहुत-से लोग न्यायसगत मोक्षमार्ग का श्रवण करके भी उससे विचलित हो जाते है।

५२८. सुइं च लद्धुं सद्धं च, वीरियं पुण दुल्लहं ।
बहवे रोयमाणा वि, नो एणं पडिवज्जए ।।२४।।
श्रुतिं च लब्ध्वा श्रद्धां च, वीर्यं पुनर्दुर्लभम् ।
बहवो रोचमाना अपि, नो च तत् प्रतिपद्यन्ते ।।२४।।

५२९. भावणाजोग-सुद्धप्पा, जले णावा व आहिया ।
नावा व तीरसंपण्णा, सव्वदुक्खा तिउट्टइ ।।२५।।
भावनायोगशुद्धात्मा, जले नौरिव आख्यातः ।
नौरिव तीरसंपन्ना, सर्वदुःखात् त्रुटयति ।।२५।।

५३०. बारस अणुवेक्खाओ, पच्चक्खाणं तहेव पडिक्कमणं ।
आलोयणं समाही, तम्हा भावेज्ज अणुवेक्खं ।।२६।।
द्वादशानुप्रेक्षाः, प्रत्याख्यानं तथैव प्रतिक्रमणम् ।
आलोचनं समाधिः, तस्मात् भावयेत् अनुप्रेक्षाम् ।।२६।।

३१. लेश्यासूत्र

५३१. होंति कम्मविसुद्धाओ, लेसाओ पीयपम्हसुक्काओ ।
धम्मज्झाणोवगयस्स, तिव्व-मंदाइभेयाओ ।।१।।
भवन्ति क्रमविशुद्धाः, लेश्याः पीतपद्मशुक्लाः ।
धर्मध्यानोपगतस्य, तीव्रमन्दादि-भेदाः ।।१।।

५३२. जोगपउत्ती लेस्सा, कसायउदयाणुरंजिया होई ।
तत्तो दोण्हं कज्जं, बंधचउक्कं समुद्दिट्ठं ।।२।।
योगप्रवृत्तिर्लेश्या, कषायोदयानुरञ्जिता भवति ।
ततः द्वयोः कार्यं, बन्धचतुष्कं समुद्दिष्टम् ।।२।।

५३३. किण्हा णीला काऊ, तेऊ पम्मा य सुक्कलेस्सा य ।
लेस्साणं णिद्देसा, छच्चेव हवंति णियमेण ।।३।।
कृष्णा नीला कापोता, तेजः पद्मा च शुक्ललेश्या च ।
लेश्यानां निर्देशात्, षट् चैव भवन्ति नियमेन ।।३।।

५२८ धर्म-श्रवण तथा (उसके प्रति) श्रद्धा हो जाने पर भी सयम मे पुरुषार्थ होना अत्यन्त दुर्लभ है। वहुत-से लोग सयम मे अभिरुचि रखते हुए भी उसे सम्यक्रूपेण स्वीकार नही कर पाते।

५२९ भावना-योग से शुद्ध आत्मा को जल मे नौका के समान कहा गया है। जैसे अनुकूल पवन का सहारा पाकर नौका किनारे पर पहुँच जाती है, वैसे ही शुद्ध आत्मा ससार के पार पहुँचती है, जहाँ उसके समस्त दु खो का अन्त हो जाता है।

५३० अत बारह अनुप्रेक्षाओ का तथा प्रत्याख्यान, प्रतिक्रमण, आलोचना एव समाधि का वारम्वार चिन्तवन करते रहना चाहिए।

३१. लेश्यासूत्र

५३१ धर्मध्यान से युक्त मुनि के क्रमश विशुद्ध पीत, पद्म और शुक्ल ये तीन शुभ लेश्याएँ होती है। इन लेश्याओ के तीव्र-मन्द के रूप मे अनेक प्रकार है।

५३२ कषाय के उदय से अनुरजित मन-वचन-काय की योग-प्रवृत्ति को लेश्या कहते है। इन दोनो अर्थात् कषाय और योग का कार्य है चार प्रकार का कर्म-वन्ध। कषाय से कर्मो के स्थिति और अनुभाग वन्ध होते हैं, योग से प्रकृति और प्रदेश-वन्ध।

५३३ लेश्याएँ छह प्रकार की है—कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोत-लेश्या, तेजोलेश्या (पीतलेश्या,) पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या।

५३४. किण्हा नीला काऊ, तिण्णि वि एयाओ अहम्मलेसाओ ।
एयाहि तिहि वि जीवो, दुग्गइं उववज्जई बहुसो ॥४॥
कृष्णा नीला कापोता, तिस्रोऽप्येता अधर्मलेश्या ।
एताभिस्तिसृभिरपि जीवो, दुर्गतिमुपपद्यते बहुश ॥४॥

५३५. तेऊ पम्हा सुक्का, तिण्णि वि एयाओ धम्मलेसाओ ।
एयाहि तिहि वि जीवो, सुग्गइं उववज्जई बहुसो ॥५॥
तेज पद्मा शुक्ला, तिस्रोऽप्येता धर्मलेश्या. ।
एताभिस्तिसृभिरपि जीव, सुगतिमुपपद्यते बहुश ॥५॥

५३६. तिव्वतमा तिव्वतरा, तिव्वा असुहा सुहा तहा मंदा ।
मंदतरा मदतमा, छट्ठाणगया हु पत्तेयं ॥६॥
तीव्रतमास्तीव्रतरा-स्तीव्रा अशुभा. शुभास्तथा मन्दा ।
मन्दतरा, मन्दतमा, षट्स्थानगता हि प्रत्येकम् ॥६॥

५३७–५३८. पहिया जे छ प्पुरिसा, परिभट्ठारण्णमज्झदेसम्हि ।
फलभरियरुक्खमेगं, पेक्खित्ता ते विचिंतंति ॥७॥
णिम्मूलखंधसाहु–वसाहं छित्तु चिणित्तु पडिदाइं ।
खाउं फलाइं इदि, जं मणेण वयणं हवे कम्मं ॥८॥
पथिका ये षट् पुरुषा, परिभ्रष्टा अरण्यमध्यदेशे ।
फलभरितवृक्षमेकं, प्रेक्ष्य ते विचिन्तयन्ति ॥७॥
निर्मूलस्कन्धशाखोपशाखं छित्वा चित्वा पतितानि ।
खादितु फलानि इति, यन्मनसा वचनं भवेत् कर्म ॥८॥

५३४ कृष्ण, नील और कापोत ये तीनों अधर्म या अशुभ लेश्याएं हैं। इनके कारण जीव विविध दुर्गतियों में उत्पन्न होता है।

५३५ पीत (तेज), पद्म और शुक्ल ये तीनों धर्म या शुभ लेश्याएं हैं। इनके कारण जीव विविध सुगतियों में उत्पन्न होता है।

५३६ कृष्ण, नील और कापोत इन तीन अशुभ लेश्याओं में से प्रत्येक के तीव्रतम, तीव्रतर और तीव्र ये तीन भेद होते हैं। शेष तीन शुभ लेश्याओं में से प्रत्येक के मन्द, मन्दतर और मन्दतम ये तीन भेद होते हैं। तीव्र और मन्द की अपेक्षा से प्रत्येक में अनन्त भाग-वृद्धि, असंख्यात भाग-वृद्धि, संख्यात भाग-वृद्धि, संख्यात गुण-वृद्धि, असंख्यात गुण-वृद्धि, अनन्त गुण-वृद्धि ये छह वृद्धियाँ और इन्हीं नाम की छह हानियाँ सदैव होती रहती हैं। इसी कारण लेश्याओं के भेदों में भी उतार-चढ़ाव होता रहता है।

५३७-५३८ छह पथिक थे। जंगल के बीच जाने पर वे भटक गये। भूख सताने लगी। कुछ देर बाद उन्हें फलों से लदा एक वृक्ष दिखाई दिया। उनकी फल खाने की इच्छा हुई। वे मन ही मन विचार करने लगे। एक ने सोचा कि पेड़ को जड़-मूल से काटकर इसके फल खाये जायँ। दूसरे ने सोचा कि केवल स्कन्ध ही काटा जाय। तीसरे ने विचार किया कि शाखा ही तोड़ना ठीक रहेगा। चौथा सोचने लगा कि उपशाखा (छोटी डाल) ही तोड़ ली जाय। पाँचवाँ चाहता था कि फल ही तोड़े जायँ। छठे ने सोचा कि वृक्ष से टपककर नीचे गिरे हुए पके फल ही चुनकर क्यों न खाये जायँ। इन छहों पथिकों के विचार, वाणी तथा कर्म क्रमशः छहों लेश्याओं के उदाहरण हैं।

५३९. **चंडो ण मुचइ वेरं, भंडणसीलो य धम्मदयरहिओ ।**
दुट्ठो ण य एदि वसं, लक्खणमेयं तु किण्हस्स ॥९॥
चण्डो न मुञ्चति वैरं, भण्डनशीलश्च धर्मदयारहितः ।
दुष्टो न चैति वशं, लक्षणमेतत्तु कृष्णस्य ॥९॥

५४०. **मंदो बुद्धिविहीणो, णिव्विणाणी य विसयलोलो य ।**
लक्खणमेयं भणियं, समासदो णीललेस्सस्स ॥१०॥
मन्दो बुद्धिविहीनो, निर्विज्ञानी च विषयलोलश्च ।
लक्षणमेतद् भणितं, समासतो नीललेश्यस्य ॥१०॥

५४१. **रूसइ णिंदइ अन्ने, दूसइ बहुसो य सोयभयबहुलो ।**
ण गणइ कज्जाकज्जं, लक्खणमेयं तु काउस्स ॥११॥
रुष्यति निन्दति अन्यान्, दूषयति बहुशश्च शोकभयबहुलः ।
न गणयति कार्याकार्यं, लक्षणमेत् तु कापोतस्य ॥११॥

५४२. **जाणइ कज्जाकज्जं, सेयमसेयं च सव्वसमपासी ।**
दयदाणरदो य मिदू, लक्खणमेयं तु तेउस्स ॥१२॥
जानाति कार्याकार्यं, श्रेयः अश्रेयः च सर्वसमदर्शी ।
दयादानरतश्च मृदुः, लक्षणमेत् तु तेजसः ॥१२॥

५४३. **चागी भद्दो चोक्खो, अज्जवकम्मो य खमदि बहुगं पि ।**
साहुगुरुपूजणरदो, लक्खणमेयं तु पम्मस्स ॥१३॥
त्यागी भद्रः चोक्षः, आर्जवकर्मा च क्षमते बहुकमपि ।
साधुगुरुपूजनरतो, लक्षणमेत् तु पद्मस्य ॥१३॥

५४४. **ण य कुणइ पक्खवायं, ण वि य णिदाणं समो य सव्वेसिं ।**
णत्थि य रायद्दोसा, णेहो वि य सुक्कलेस्सस्स ॥१४॥
न च करोति पक्षपातं, नापि च निदानं समश्च सर्वेषाम् ।
न स्तः च रागद्वेषौ, स्नेहोऽपि च शुक्ललेश्यस्य ॥१४॥

५४५. **लेस्सासोधी अज्झवसाणविसोधीए होइ जीवस्स ।**
अज्झवसाणविसोधि, मंदकसायस्स णायव्वा ॥१५॥
लेश्याशुद्धिः अध्यवसानविशुद्धया भवति जीवस्य ।
अध्यवसानविशुद्धिः, मन्दकषायस्य ज्ञातव्या ॥१५॥

५३९ स्वभाव की प्रचण्डता वैर की मजबूत गाठ, झगडाल वृत्ति, धर्म और दया से शून्यता, दुष्टता, समझाने से भी नही मानना, ये कृष्णलेश्या के लक्षण है ।

५४० मन्दता, बुद्धिहीनता, अज्ञान और विषयलोलुपता—ये सक्षेप मे नीललेश्या के लक्षण है ।

५४१. जल्दी रुष्ट हो जाना, दूसरो की निन्दा करना, दोष लगाना, अति शोकाकुल होना, अत्यन्त भयभीत होना—ये कापोतलेश्या के लक्षण हैं ।

५४२. कार्य-अकार्य का ज्ञान, श्रेय-अश्रेय्य का विवेक, सबके प्रति समभाव, दया-दान में प्रवृत्ति——ये पीत या तेजोलेश्या के लक्षण है ।

५४३ त्यागशीलता, परिणामो मे भद्रता, व्यवहार मे प्रामाणिकता, कार्य मे ऋजुता, अपराधियो के प्रति क्षमाशीलता, साधु-गुरुजनो की पूजा-सेवा मे तत्परता——ये पद्मलेश्या के लक्षण है ।

५४४ पक्षपात न करना, भोगो की आकाक्षा न करना, सबमे समदर्शी रहना, राग, द्वेष तथा प्रणय से दूर रहना—शुक्ललेश्या के लक्षण हैं ।

५४५ आत्मपरिणामो मे विशुद्धि आने से लेश्या की विशुद्धि होती है और कषायो की मन्दता से परिणाम विशुद्ध होते हैं ।

३२. आत्मविकाससूत्र (गुणस्थान)

५४६. **जेहि दु लक्खिज्जते, उदयादिसु संभवेहिं भावेहिं ।**
जीवा ते गुणसण्णा, णिद्दिट्ठा सव्वदरिसीहिं ॥१॥
यैस्तु लक्ष्यन्ते, उदयादिषु सम्भवैर्भावै ।
जीवास्ते गुणसज्ञा, निर्दिष्टा सर्वदर्शिभि ॥१॥

५४७–५४८. **मिच्छो सासण मिस्सो, अविरदसम्मो य देसविरदो य ।**
विरदो पमत्त इयरो, अपुव्व अणियट्टि सुहुमो य ॥२॥
उवसंत खीणमोहो, सजोगिकेवलिजिणो अजोगी य ।
चोद्दस गुणट्ठाणाणि य, कमेण सिद्धा य णायव्वा ॥३॥
मिथ्यात्व सास्वादन मिश्र, अविरतसम्यक्त्व च देशविरतञ्च ।
विरत प्रमत्त इतर, अपूर्व अनिवृत्ति सूक्ष्मञ्च ॥२॥
उपशान्त क्षीणमोह, सयोगिकेवलिजिन अयोगी च ।
चतुर्दश गुणस्थानानि च, क्रमेण सिद्धा च ज्ञातव्या ॥३॥

५४९. **त मिच्छत्तं जमसद्दहण, तच्चाण होदि अत्थाणं ।**
संसइदमभिग्गहिय, अणभिग्गहियं तु त तिविह ॥४॥
तद् मिथ्यात्व यदश्रद्धान, तत्त्वाना भवति अर्थानाम् ।
सशयितमभिगृहीतम-नभिगृहीत तु तत् त्रिविधम् ॥४॥

५५०. **सम्मत्तरयणपव्वय-सिहरादो मिच्छभावसमभिमुहो ।**
णासियसम्मत्तो सो, सासणणामो मुणेयव्वो ॥५॥
सम्यक्त्वरत्नपर्वत-शिखरात् मिथ्याभावसमभिमुख ।
नाशितसम्यक्त्व स, सास्वादननामा मन्तव्य ॥५॥

५५१. **दहिगुडमिव व मिस्स, पिहुभाव णेव कारिदुं सक्कं ।**
एवं मिस्सयभावो, सम्मामिच्छो त्ति णायव्वो ॥६॥
दधिगुडमिव व्यामिश्र, पृथग्भाव नैव कर्तुं शक्यम् ।
एव मिश्रकभाव, सम्यक्मिथ्यात्वमिति ज्ञातव्यम् ॥६॥

५५२ **णो इंदिएसु विरदो, णो जीवे थावरे तसे चावि ।**
जो सद्दहइ जिणत्तु, सम्माइट्ठी अविरदो सो ॥७॥
नो इन्द्रियेषु विरतो, नो जीवे स्थावरे त्रसे चापि ।
य श्रद्दधाति जिनोक्त, सम्यग्दृष्टिरविरत. स ॥७॥

३२. आत्मविकाससूत्र

५४६ मोहनीय आदि कर्मो के उदय आदि (उपशम, क्षय, क्षयोपशम आदि) से होनेवाले जिन परिणामो से युक्त जीव पहचाने जाते है, उनको सर्वदर्शी जिनेन्द्रदेव ने 'गुण' या 'गुणस्थान' संज्ञा दी है। अर्थात् सम्यक्त्व आदि की अपेक्षा जीवो की अवस्थाएं-श्रेणियाँ-भूमिकाएँ गुणस्थान कहलाती है।

५४७-५४८ मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र, अविरत सम्यग्दृष्टि, देशविरत, प्रमत्तविरत, अप्रमत्तविरत, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्म-साम्पराय, उपशान्तमोह, क्षीणमोह, सयोगिकेवलीजिन, अयोगि-केवलीजिन-ये क्रमश चौदह जीव-समास या गुणस्थान है। सिद्धजीव गुणस्थानातीत होते है।

५४९ तत्त्वार्थ के प्रति श्रद्धा का अभाव मिथ्यात्व है। यह तीन प्रकार का है--संशयित, अभिगृहीत और अनभिगृहीत।

५५० सम्यक्त्व-रत्नरूपी पर्वत के शिखर से गिरकर जो जीव मिथ्यात्व भाव के अभिमुख हो गया है--मिथ्यात्व की ओर मुड गया है, परन्तु (सम्यक्त्व के नष्ट हो जाने पर भी) जिसने अभी साक्षात्‌रूपेण मिथ्यात्वभाव मे प्रवेश नही किया है, उस मध्यवर्ती अवस्था को सासादन नामक गुणस्थान कहते है।

५५१ दही और गुड के मेल के स्वाद की तरह सम्यक्त्व और मिथ्यात्व का मिश्रित भाव या परिणाम--जिसे अलग नही किया जा सकता, सम्यक्-मिथ्यात्व या मिश्र गुणस्थान कहलाता है।

५५२ जो न तो इन्द्रिय-विषयो से विरत है और न त्रस-स्थावर जीवो की हिसा से विरत है, लेकिन केवल जिनेन्द्र-प्ररूपित तत्त्वो का श्रद्धान करता है, वह व्यक्ति अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान-वर्ती कहलाता है।

५५३. जो तसवहाउविरदो, णो विरओ एत्थ-थावरवहाओ ।
पडिसमयं सो जीवो, विरयाविरओ जिणेक्कमई ॥८॥
यस्त्रसवधाद्विरतः नो विरतः अत्र स्थावरवधात् ।
प्रतिसमयं स जीवो, विरताविरतो जिनैकमतिः ॥८॥

५५४. वत्तावत्तपमाए, जो वसइ पमत्तसंजओ होइ ।
सयलगुणसीलकलिओ, महव्वई चित्तलायरणो ॥९॥
व्यक्ताव्यक्तप्रमादे यो वसति प्रमत्तसंयतो भवति ।
सकलगुणशीलकलितो, महाव्रती चित्रलाचरणः ॥९॥

५५५. णट्ठासेसपमाओ, वयगुणसीलोलिमंडिओ णाणी ।
अणुवसमओ अखवओ, झाणणिलीणो हु अप्पमत्तो सो ॥१०॥
नष्टाशेषप्रमादो, व्रतगुणशीलावलिमण्डितो ज्ञानी ।
अनुपशमकः अक्षपको, ध्याननिलीनो हि अप्रमत्तः सः ॥१०॥

५५३ जो त्रस जीवो की हिंसा से तो विरत हो गया है, परन्तु एकेन्द्रिय स्थावर जीवो (वनस्पति, जल, भूमि, अग्नि, वायु) की हिंसा से विरत नही हुआ है तथा एकमात्र जिन भगवान् मे ही श्रद्धा रखता है, वह श्रावक देशविरत गुणस्थानवर्ती कहलाता है ।

५५४ जिसने महाव्रत धारण कर लिये है, सकल शील-गुण से समन्वित हो गया है, फिर भी अभी जिसमे व्यक्त-अव्यक्तरूप मे प्रमाद शेष है, वह प्रमत्तसयत गुणस्थानवर्ती कहलाता है । इसका व्रताचरण किंचित् सदोष होता है ।

५५५ जिसका व्यक्त-अव्यक्त सम्पूर्ण प्रमाद नि शेष हो गया है, जो ज्ञानी होने के साथ-साथ व्रत,गुण और शील की माला से सुशोभित है, फिर भी जो न तो मोहनीय कर्म का उपशम करता है और न क्षय करता है—केवल आत्मध्यान मे लीन रहता है, वह श्रमण अप्रमत्तसयत गुण-स्थानवर्ती कहलाता है ।
[विशेष ज्ञातव्य अप्रमत्तसयत गुणस्थान से आगे दो श्रेणियाँ प्रारम्भ होती है—उपशम और क्षपक । उपशम श्रेणीवाला तपस्वी मोहनीय कर्म का उपशम करते हुए ग्यारहवे गुणस्थान तक चढने पर पुन मोहनीय कर्म का उदय होने से नीचे गिर जाता है और दूसरा क्षपक श्रेणीवाला मोहनीय कर्म का समूल क्षय करते हुए आगे बढता जाता है और मोक्ष प्राप्त करता है ।]

५५६. इस आठवे गुणस्थान मे विसदृश (विभिन्न) समयो मे स्थित जीव ऐसे-ऐसे अपूर्व परिणामो (भावो) को धारण करते है, जो पहले कभी भी नही हो पाये थे । इसीलिए इसका नाम अपूर्वकरण गुणस्थान है ।

५५७ अज्ञानान्धकार को दूर करनेवाले (ज्ञानसूर्य) जिनेन्द्रदेव ने उन अपूर्व-परिणामी जीवो को मोहनीय कर्म का क्षय या उपशम करने मे तत्पर कहा है । (मोहनीय कर्म का क्षय य उपशम तो नौवे और दसवे गुण-स्थानो मे होता है, किन्तु उसकी तैयारी इस अष्टम गुणस्थान मे ही शुरू हो जाती है ।)

५५८. **होंति अणियट्टिणो ते, पडिसमयं जेसिमेक्कपरिणामा ।**
विमलयरझाणहुयवह-सिहाहिं णिद्दड्ढकम्मवणा ॥१३॥
भवन्ति अनिवर्तिनस्ते, प्रतिसमय येषामेकपरिणामा ।
विमलतरध्यानहुतवह-शिखाभिर्निर्दग्धकर्मवना ॥१३॥

५५९. **कोसुंभो जिह राओ, अब्भतरदो य सुहुमरत्तो य ।**
एवं सुहुमसराओ, सुहुमकसाओ त्ति णायव्वो ॥१४॥
कौसुम्भ यथा राग, अभ्यन्तरत च सूक्ष्मरक्त च ।
एव सूक्ष्मसराग, सूक्ष्मकषाय इति ज्ञातव्य ॥१४॥

५६०. **सकदकफलजल वा, सरए सरवाणियं व णिम्मलयं ।**
सयलोवसंतमोहो, उवसंतकसायओ होदि ॥१५॥
कतकफलयुतजल वा, शरदि सर पानीयम् इव निर्मलकम् ।
सकलोपशान्तमोह, उपशान्तकषायतो भवति ॥१५॥

५६१. **णिस्सेसखीणमोहो, फलिहामलभायणुदय-समचित्तो ।**
खीणकसाओ भण्णइ, णिग्गंथो वीयराएहिं ॥१६॥
नि शेषक्षीणमोह, स्फटिकामल-भाजनोदक-समचित्त ।
क्षीणकषायो भण्यते, निर्ग्रन्थो वीतरागै. ॥१६॥

५६२–५६३. **केवलणाणदिवायर-किरणकलाव-प्पणासिअण्णाणो ।**
णवकेवललद्धुग्गम-पावियपरमप्पववएसो ॥१७॥
असहायणाणदंसण-सहिओ वि हु केवली हु जोएण ।
जुत्तो त्ति सजोइजिणो, अणाइणिहणारिसे वुत्तो ॥१८॥
केवलज्ञानदिवाकर-किरणकलाप-प्रणाशिताज्ञान ।
नवकेवललब्ध्युद्गम-प्रापितपरमात्मव्यपदेश ॥१७॥
असहायज्ञानदर्शन-सहितोऽपि हि केवली हि योगेन ।
युक्त इति सयोगिजिन, अनादिनिधन आर्षे उक्त ॥१८॥

५६४. **सेलेसिं संपत्तो, णिरुद्धणिस्सेस-आसओ जीवो ।**
कम्मरयविप्पमुक्को, गयजोगो केवली होइ ॥१९॥
शैलेशी सप्राप्त, निरुद्धनि शेषास्रवो जीव ।
कर्मरजविप्रमुक्तो, गतयोग केवली भवति ॥१९॥

५५८ वे जीव अनिवृत्तिकरण गुणस्थान वाले होते है, जिनके प्रतिसमय (निरन्तर) एक ही परिणाम होता है। (इनके भाव अष्टम गुणस्थान वालो की तरह विसदृश नही होते।) ये जीव निर्मलतर ध्यानरूपी अग्नि-शिखाओ से कर्म-वन को भस्म कर देते है।

५५९. कुसुम्भ के हल्के रग की तरह जिनके अन्तरग मे केवल सूक्ष्म राग शेष रह गया है, उन मुनियो को सूक्ष्म-सराग या सूक्ष्म-कषाय जानना चाहिए।

५६० जैसे निर्मली-फल से युक्त जल अथवा शरदकालीन सरोवर का जल (मिट्टी के बैठ जाने से) निर्मल होता है, वैसे ही जिनका सम्पूर्ण मोह उपशान्त हो गया है, वे निर्मल परिणामी उपशात-कषाय कहलाते है। (फिर भी जैसे जल के हिल जाने से बैठी हुई मिट्टी ऊपर आ जाती है, वैसे ही मोह के उदय से यह उपशान्तकषाय श्रमण स्थानच्युत होकर सूक्ष्म-सराग दशा मे पहुँच जाता है।)

५६१ सम्पूर्ण मोह पूरी तरह नष्ट हो जाने से जिनका चित्त स्फटिकमणि के पात्र मे रखे हुए स्वच्छ जल की तरह निर्मल हो जाता है, उन्हे वीतरागदेव ने क्षीण-कषाय निर्ग्रन्थ कहा है।

५६२-५६३ केवलज्ञानरूपी दिवाकर की किरणो के समूह से जिनका अज्ञान अन्धकार सर्वथा नष्ट हो जाता है तथा नौ केवललब्धियो (सम्यक्त्व, अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख, अनन्तवीर्य, दान, लाभ, भोग व उपभोग) के प्रकट होने से जिन्हे परमात्मा की सज्ञा प्राप्त हो जाती है, वे इन्द्रियादि की सहायता की अपेक्षा न रखनेवाले ज्ञान-दर्शन से युक्त होने के कारण केवली और काय योग से युक्त होने के कारण सयोगी केवली (तथा घाति-कर्मो के विजेता होने के कारण) जिन कहलाते है। ऐसा अनादिनिधन जिनागम मे कहा गया है।

५६४. जो शील के स्वामी है, जिनके सभी नवीन कर्मो का आस्रव अवरुद्ध हो गया है, तथा जो पूर्वसचित कर्मो से (बन्ध से) सर्वथा मुक्त हो चुके है, वे अयोगीकेवली कहलाते है।

५६५. सो तम्मि चेव समये, लोयग्गे उड्ढगमणसब्भाओ ।
संचिट्ठइ असरीरो, पवरट्ठ गुणप्पओ णिच्चं ।।२०।।
सो तस्मिन् चैव समये, लोकाग्रे ऊर्ध्वगमनस्वभाव ।
सचेष्टते अशरीर, प्रवराष्टगुणात्मको नित्यम् ।।२०।।

५६६. अट्ठविहकम्मवियडा, सीदीभूदा णिरंजणा णिच्चा ।
अट्ठगुणा कयकिच्चा, लोयग्गणिवासिणो सिद्धा ।।२१।।
अष्टविधकर्मविकला, शीतीभूता निरञ्जना नित्या ।
अष्टगुणा कृतकृत्या, लोकाग्रनिवासिन सिद्धा ।।२१।।

३३. संलेखनासूत्र

५६७. सरीरमाहु नाव त्ति, जीवो वुच्चइ नाविओ ।
संसारो अण्णवो वुत्तो, जं तरंति महेसिणो ।।१।।
शरीरमाहुर्नौरिति, जीव उच्यते नाविक ।
ससारोऽर्णव उक्त, य तरन्ति महर्षय ।।१।।

५६८. बहिया उड्ढमादाय, नावकंखे कयाइ वि ।
पुव्वकम्मक्खयट्ठाए, इम देहं समुद्धरे ।।२।।
वाह्यमूर्ध्वमादाय, नावकाङ्क्षेत् कदाचिद् अपि ।
पूर्वकर्मक्षयार्थाय, इम देह समुद्धरेत् ।।२।।

५६९. धीरेण वि मरियव्वं, काउरिसेण वि अवस्समरियव्वं ।
तम्हा अवस्समरणे, वरं खु धीरत्तणे मरिउं ।।३।।
धीरेणापि मर्त्तव्य, कापुरुषेणाप्यवश्यमर्तव्यम् ।
तस्मात् अवश्यमरणे, वर खलु धीरत्वे मर्त्तुम् ।।३।।

५७०. इक्कं पंडियमरण, छिदइ जाईसयाणि बहुयाणि ।
तं मरणं मरियव्वं, जेण मओ सुम्मओ होइ ।।४।।
एक पण्डितमरण, छिनत्ति जातिशतानि वहुकानि ।
तद् मरणे मर्त्तव्य, येन मृत सुमृत भवति ।।४।।

५६५. इस (चौदहवे) गुणस्थान को प्राप्त कर लेने के उपरान्त उसी समय ऊर्ध्वगमन स्वभाववाला वह अयोगीकेवली अशरीरी तथा उत्कृष्ट आठगुण सहित होकर सदा के लिए लोक के अग्रभाग पर चला जाता है। (उसे सिद्ध कहते है।)

५६६ सिद्ध जीव अष्टकर्मो से रहित, सुखमय, निरजन, नित्य, अष्ट-गुण-सहित तथा कृतकृत्य होते हैं और सदैव लोक के अग्रभाग में निवास करते हैं।

३३. संलेखनासूत्र

५६७ शरीर को नाव कहा गया है और जीव को नाविक। यह ससार समुद्र है, जिसे महर्षिजन तैर जाते हैं।

५६८ ऊर्ध्व अर्थात् मुक्ति का लक्ष्य रखनेवाला साधक कभी भी बाह्य विषयो की आकाक्षा न रखे। पूर्वकर्मों का क्षय करने के लिए ही इस शरीर को धारण करे।

५६९ निश्चय ही धैर्यवान् को भी मरना है और कापुरुष को भी मरना है। जब मरण अवश्यम्भावी है, तो फिर धीरतापूर्वक मरना ही उत्तम है।

५७०. एक पण्डितमरण (ज्ञानपूर्वक मरण) सैकडो जन्मो का नाश कर देता है। अत इस तरह मरना चाहिए, जिससे मरण सुमरण हो जाय।

५७१. इक्कं पंडियमरणं, पडिवज्जइ सुपुरिसो असंभंतो ।
खिप्पं सो मरणाणं, काहिइ अंतं अणंताणं ।।५।।
एकं पण्डितमरणं, प्रतिपद्यते सुपुरुषः असम्भ्रान्तः ।
क्षिप्रं स मरणानां, करिष्यति अन्तम् अनन्तानाम् ।।५।।

५७२. चरे पयाइं परिसंकमाणो, जं किंचि पासं इह मन्नमाणो ।
लाभंतरे जीविय वूहइत्ता, पच्छा परिण्णाय मलावधंसी ।।६।।
चरेत्पदानि परिशङ्कमानः, यत्किंचित्पाशमिह मन्यमानः ।
लाभान्तरे जीवितं बृंहयित्वा, पश्चात्परिज्ञाय मलापध्वंसी ।।६।।

५७३. तस्स ण कप्पदि भत्त-पइण्णं अणुवट्ठिदे भये पुरदो ।
सो मरणं पत्थितो, होदि हु सामण्णणिव्विण्णो ।।७।।
तस्य न कल्पते भक्त-प्रतिज्ञा अनुपस्थिते भये पुरतः ।
सो मरणं प्रेक्षमाणः, भवति हि श्रामण्यनिर्विण्णः ।।७।।

५७४. संलेहणा य दुविहा, अब्भिंतरिया य बाहिरा चेव ।
अब्भितरिया कसाए, बाहिरिया होइ य सरीरे ।।८।।
संलेखना च द्विविधा, अभ्यन्तरिका च बाह्या चैव ।
अभ्यन्तरिका कषाये, बाह्या भवति च शरीरे ।।८।।

५७५. कसाए पयणूए किच्चा, अप्पाहारे तितिक्खए ।
अह भिक्खू गिलाएज्जा, आहारस्सेव अन्तियं ।।९।।
कषायान् प्रतनून् कृत्वा, अल्पाहारः तितिक्षते ।
अथ भिक्षुर्ग्लायेत्, आहारस्यैव अन्तिकम् ।।९।।

५७६. न वि कारणं तणमओ संथारो, न वि य फासुया भूमी ।
अप्पा खलु संथारो, होइ विसुद्धो मणो जस्स ।।१०।।
नापि कारणं तृणमयः संस्तारः, नापि च प्रासुका भूमिः ।
आत्मा खलु संस्तारो भवति, विशुद्धं मनो यस्य ।।१०।।

५७७-५७८. न वि तं सत्थं च विसं च, दुप्पउत्तु व्व कुणइ वेयालो ।
जंतं व दुप्पउत्तं, सप्पु व्व पमाइणो कुद्धो ।।११।।
जं कुणइ भावसल्लं, अणुद्धियं उत्तमट्ठकालम्मि ।
दुल्लहबोहीयत्तं, अणंतसंसारियत्तं च ।।१२।।

५७१. असम्भ्रान्त (निर्भय) सत्पुरुष एक पण्डितमरण को प्राप्त होता है और शीघ्र ही अनन्त-मरण का—बार-बार के मरण का अन्त कर देता है।

५७२ साधक पग-पग पर दोषो की आशका (सम्भावना) को ध्यान मे रखकर चले। छोटे से छोटे दोष को भी पाश समझे, उससे सावधान रहे। नये-नये लाभ के लिए जीवन को सुरक्षित रखे। जब जीवन तथा देह से लाभ होता हुआ दिखाई न दे तो परिज्ञानपूर्वक शरीर का त्याग कर दे।

५७३ (किन्तु) जिसके सामने (—अपने सयम, तप आदि साधना का) कोई भय या किसी भी तरह की क्षति की आशका नही है, उसके लिए भोजन का परित्याग करना उचित नही है। यदि वह (फिर भी भोजन का त्याग कर) मरना ही चाहता है तो कहना होगा कि वह मुनित्व से ही विरक्त हो गया है।

५७४ सलेखना दो प्रकार की है—आभ्यन्तर और बाह्य। कषायो को कृश करना आभ्यन्तर सलेखना है और शरीर को कृश करना बाह्य सलेखना है।

५७५ (सलेखना धारण करनेवाला साधु) कषायो को कृश करके धीरे-धीरे आहार की मात्रा घटाये। यदि वह रोगी है—शरीर अत्यन्त क्षीण हो गया है तो आहार का सर्वथा त्याग कर दे।

५७६ जिसका मन विशुद्ध है, उसका सस्तारक* न तो तृणमय है और न प्रासुक भूमि है। उसकी आत्मा ही उसका सस्तारक है।

५७७-५७८ दुष्प्रयुक्त शस्त्र, विष, भूत तथा दुष्प्रयुक्त यन्त्र तथा क्रुद्ध सर्प

* सलेखना-धारी के लिए प्रासुक भूमि मे तृणो का सस्तारक लगाया जाता है, जिस पर वह विश्राम करता है। इसीको लक्ष्य करके यह भाव-कथन किया गया है।

५७७-५७८ तत् शस्त्र च विष च, दुष्प्रयुक्तो वा करोति वैताल. ।
यन्त्र वा दुष्प्रयुक्त, सर्वो वा प्रमादिन. क्रुद्ध. ॥११॥
यत् करोति भावशल्य-मनुद्धृतमुत्तमार्थकाले ।
दुर्लभबोधिकत्वम्, अनन्तससारिकत्व च ॥१२॥

५७९. तो उद्धरंति गारवरहिया, मूलं पुणब्भवलयाणं ।
मिच्छादंसणसल्लं, मायासल्लं नियाणं च ॥१३॥
तदुद्धरन्ति गौरवरहिता, मूल पुनर्भवलतानाम् ।
मिथ्यादर्शनशल्य, मायाशल्य निदान च ॥१३॥

५८० मिच्छद्दंसणरत्ता, सनियाणा कण्हलेसमोगाढा ।
इय जे मरंति जीवा, तेसिं दुलहा भवे बोही ॥१४॥
मिथ्यादर्शनरक्ता, सनिदाना. कृष्णलेश्यामवगाढा. ।
इति ये म्रियन्ते जीवा—स्तेषां दुर्लभा भवेद् बोधि. ॥१४॥

५८१. सम्मद्दंसणरत्ता, अनियाणा सुक्कलेसमोगाढा ।
इय जे मरंति जीवा, तेसिं सुलहा भवे बोही ॥१५॥
सम्यग्दर्शनरक्ता अनिदाना शुक्ललेश्यामवगाढा: ।
इति ये म्रियन्ते जीवा—स्तेषा सुलभा भवेद् बोधि. ॥१५॥

५८२ आराहणाए कज्जे, परियम्मं सव्वदा वि कायव्वं ।
परियम्मभाविदस्स हु, सुहसज्झाऽऽराहणा होइ ॥१६॥
आराधनाया कार्ये, परिकर्म सर्वदा अपि कर्त्तव्यम् ।
परिकर्मभावितस्य खलु, सुखसाध्या आराधना भवति ॥१६॥

५८३-५८४ जह रायकुलपसूओ, जोग्गं णिच्चमवि कुणइ परिकम्मं ।
तो जिदकरणो जुद्धे, कम्मसमत्थो भविस्सदि हि ॥१७॥
इय सामण्णं साधूवि, कुणदि णिच्चमवि जोगपरियम्मं ।
तो जिदकरणो मरणे, ज्झाणसमत्थो भविस्सति ॥१८॥
यथा राजकुलप्रसूतो, योग्य नित्यमपि करोति परिकर्म ।
तत जितकरणो युद्धे, कर्मसमर्थो भविष्यति हि ॥१७॥
इति श्रामण्य साधुरपि, करोति नित्यमपि योगपरिकर्म ।
तत जितकरण मरणे, ध्यानसमर्थो भविष्यति ॥१८॥

आदि प्रमादी का उतना अनिष्ट नही करते, जितना अनिष्ट समाधिकाल मे मन मे रहे हुए माया, मिथ्यात्व व निदान शल्य करते है । इससे बोधि की प्राप्ति दुर्लभ हो जाती है तथा ससार का अन्त नही होता ।

५७९ अत अभिमान-रहित साधक पुनर्जन्मरूपी लता के मूल अर्थात् मिथ्यादर्शनशल्य, मायाशल्य व निदानशल्य को अन्तरग से निकाल फेकते है ।

५८० इस ससार मे जो जीव मिथ्यादर्शन मे अनुरक्त होकर निदान-पूर्वक तथा कृष्णलेश्या की प्रगाढतासहित मरण को प्राप्त होते है, उनके लिए बोधि-लाभ दुर्लभ है ।

५८१ जो जीव सम्यग्दर्शन के अनुरागी होकर, निदान-रहित तथा शुक्ललेश्यापूर्वक मरण को प्राप्त होते है, उनके लिए बोधि की प्राप्ति सुलभ होती है ।

५८२ (इसलिए) मरण-काल मे रत्नत्रय की सिद्धि या सम्प्राप्ति के अभिलाषी साधक को चाहिए कि वह पहले से ही निरन्तर परि-कर्म अर्थात् सम्यक्त्वादि का अनुष्ठान करता रहे, क्योकि परिकर्म या अभ्यास करते रहनेवाले की आराधना सुखपूर्वक होती है ।

५८३-५८४ राजकुल मे उत्पन्न राजपुत्र नित्य समुचित शस्त्राभ्यास करता रहता है तो उसमें दक्षता आ जाती है और वह युद्ध में विजय प्राप्त करने मे समर्थ होता है । इसी प्रकार जो समभावी साधु नित्य ध्यानाभ्यास करता है, उसका चित्त वश में हो जाता है और मरणकाल मे ध्यान करने में समर्थ हो जाता है ।

५८५. मोक्खपहे अप्पाणं, ठवेहि त चेव झाहि तं चेव ।
तत्थेव विहर णिच्चं, मा विहरसु अन्नदव्वेसु ॥१९॥
मोक्षपथे आत्मान, स्थापय त चैव ध्याय त चैव ।
तत्रैव विहर नित्य, मा विहरस्व अन्यद्रव्येषु ॥१९॥

५८६. इहपरलोगासंस-प्पओग, तह जीयमरणभोगेसु ।
वज्जिज्जा भाविज्ज य, असुहं संसारपरिणाम ॥२०॥
इहपरलोकाशंसा-प्रयोगो तथा जीवितमरणभोगेषु ।
वर्जयेद् भावयेत् च अशुभ ससारपरिणामम् ॥२०॥

५८७ परदव्वादो दुग्गइ, सद्दव्वादो हु सुग्गई होई ।
इय णाऊ सदव्वे, कुणह रई विरई इयरम्मि ॥२१॥
परद्रव्यात् दुर्गति, स्वद्रव्यात् खलु सुगति भवति ।
इति ज्ञात्वा स्वद्रव्ये, कुरुत रति-विरतिम् इतरस्मिन् ॥२१॥

●

५८५ भो भव्य ! तू मोक्षमार्ग मे ही आत्मा को स्थापित कर। उसीका ध्यान कर। उसीका अनुभव कर तथा उसीमे विहार कर। अन्य द्रव्यो मे विहार मत कर।

सलेखना-रत साधक को मरण-काल मे इस लोक और परलोक मे सुखादि के प्राप्त करने की इच्छा का तथा जीने और मरने की इच्छा का त्याग करके अन्तिम साँस तक ससार के अशुभ परिणाम का चिन्तन करना चाहिए।

पर-द्रव्य अर्थात् धन-धान्य, परिवार व देहादि मे अनुरक्त होने से दुर्गति होती है और स्व-द्रव्य अर्थात् अपनी आत्मा मे लीन होने से सुगति होती है। ऐसा जानकर स्व-द्रव्य मे रत रहो और पर-द्रव्य से विरत।

●

समणसुत्तं

तृतीय खण्ड

तत्त्व-दर्शन

३४. तत्त्वसूत्र

५८८. जावन्तऽविज्जापुरिसा, सव्वे ते दुक्खसंभवा।
लुप्पन्ति बहुसो मूढा, संसारम्मि अणन्तए ॥१॥
यावन्तोऽविद्यापुरुषा, सर्वे ते दुःखसम्भवाः।
लुप्यन्ते बहुशो मूढाः, संसारेऽनन्तके ॥१॥

५८९. समिक्ख पंडिए तम्हा, पासजाइपहे बहू।
अप्पणा सच्चमेसेज्जा, मेत्तिं भूएसु कप्पए ॥२॥
समीक्ष्य पण्डितस्तस्मात्, पाशजातिपथान् बहून्।
आत्मना सत्यमेषयेत्, मैत्रीं भूतेषु कल्पयेत् ॥२॥

५९०. तच्चं तह परमट्ठं, दव्वसहावं तहेव परमपरं।
धेयं सुद्धं परमं, एयट्ठा हुंति अभिहाणा ॥३॥
तत्त्वं तथा परमार्थं, द्रव्यस्वभावस्तथैव परमपरम्।
ध्येयं शुद्धं परमम्, एकार्थानि भवन्त्यभिधानानि ॥३॥

५९१. जीवाऽजीवा य बन्धो य, पुण्णं पावाऽऽसवो तहा।
संवरो निज्जरा मोक्खो, सन्तेए तहिया नव ॥४॥
जीवा अजीवाश्च बन्धश्च, पुण्यं पापास्रवः तथा।
संवरो निर्जरा मोक्षः, सन्त्येते तथ्या नव ॥४॥

५९२ उवओगलक्खणमणाइ - निहणमत्थंतरं सरीराओ।
जीवमरूविं कारिं, भोयं च सयस्स कम्मस्स ॥५॥
उपयोगलक्षणमनाद्य-निधनमर्थान्तरं शरीरात्।
जीवमरूपिणं कारिणं, भोगं च स्वकस्य कर्मणः ॥५॥

५९३. सुहदुक्खजाणणा वा, हिदपरियम्मं च अहिदभीरुत्तं।
जस्स ण विज्जदि णिच्चं, तं समणा विंति अज्जीवं ॥६॥
सुखदुःखज्ञानं वा, हितपरिकर्म चाहितभीरुत्वम्।
यस्य न विद्यते नित्यं, तं श्रमणा ब्रुवते अजीवं ॥६॥

३४. तत्त्वसूत्र

५८८ समस्त अविद्यावान् (अज्ञानी पुरुष) दुःखी है—दुःख के उत्पादक हैं। वे विवेकमूढ अनन्त संसार में बार-बार लुप्त होते हैं।

५८९ इसलिए पण्डितपुरुष अनेकविध पाश या बन्धनरूप स्त्री-पुत्रादि के सम्बन्धों की, जो कि जन्म-मरण के कारण हैं, समीक्षा करके स्वयं सत्य की खोज करे और सब प्राणियों के प्रति मैत्रीभाव रखे।

५९० तत्त्व, परमार्थ, द्रव्य-स्वभाव, पर-अपर ध्येय, शुद्ध, परम—ये सब शब्द एकार्थवाची हैं।

५९१ जीव, अजीव, बन्ध, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा और मोक्ष—ये नौ तत्त्व या पदार्थ हैं।

५९२ जीव का लक्षण उपयोग है। यह अनादि-निधन है, शरीर से भिन्न है, अरूपी है और अपने कर्म का कर्ता-भोक्ता है।

५९३ श्रमण-जन उसे अजीव कहते हैं जिसे सुख-दुःख का ज्ञान नहीं होता, हित के प्रति उद्यम और अहित का भय नहीं होता।

५९४. अज्जीवो पुण णेओ, पुग्गल धम्मो अधम्म आयासं ।
कालो पुग्गल मुत्तो, रूवादिगुणो अमुत्ति सेसा दु ॥७॥
अजीव पुन ज्ञेय पुद्गल धर्म अधर्म आकाग ।
काल पुद्गल मूर्त रूपादिगुण ,अमूर्तय शेपा खलु ॥७॥

५९५. नो इन्दियग्गेज्झ अमुत्तभावा, अमुत्तभावा वि य होइ निच्चो ।
अज्झत्थहेउं नियय‌ऽस्स बन्धो, संसारहेउं च वयन्ति बन्धं ॥८॥
नो इन्द्रियग्राह्योऽमूर्तभावात् , अमूर्त्तभावादपि च भवति नित्य ।
अध्यात्महेतुर्नियत अस्य बन्ध , ससारहेतु च वदन्ति बन्धम् ॥८॥

५९६. रत्तो बंधदि कम्म, मुच्चदि कम्मेहि रागरहिदप्पा ।
एसो बंधसमासो, जीवाणं जाण णिच्छयदो ॥९॥
रक्तो बध्नाति कर्म, मुच्यते कर्मभी रागरहितात्मा ।
एप बन्धसमासो, जीवाना जानीहि निश्चयत ॥९॥

५९७. तम्हा णिव्वुदिकामो, रागं सव्वत्थ कुणदि मा किंचि ।
सो तेण वीदरागो, भवियो भवसायरं तरदि ॥१०॥
तस्मात् निर्वृत्तिकामो, राग सर्वत्र करोतु मा किंचित् ।
स तेन वीतरागो, भव्यो भवसागर तरति ॥१०॥

५९८. कम्मं पुण्णं पावं, हेऊ तेसिं च होंति सच्छिदरा ।
मंदकसाया सच्छा, तिव्वकसाया असच्छा हु ॥११॥
कर्म पुण्य पाप, हेतव तेपा च भवन्ति स्वच्छेतरा ।
मन्दकपाया स्वच्छा , तीव्रकषाया अस्वच्छा खलु ॥११॥

५९९. सव्वत्थ वि पियवयणं, दुव्वयणे दुज्जणे वि खमकरणं ।
सव्वेसिं गुणगहणं, मंदकसायाण दिट्ठंता ॥१२॥
सर्वत्र अपि प्रियवचन, दुर्वचने दुर्जने अपि क्षमाकरणम् ।
सर्वेपा गुणग्रहण, मन्दकपायाणा दृष्टान्ता ॥१२॥

६००. अप्पपसंसण-करणं, पुज्जेसु वि दोसगहण-सीलत्तं ।
वेरधरणं च सुइरं, तिव्वकसायाण लिंगाणि ॥१३॥
आत्मप्रशसनकरण, पूज्यषु अपि दोषग्रहणशीलत्वम् ।
वैरधारण च सुचिर, तीव्रकषायाणा लिङ्गानि ॥१३॥

५९४. अजीवद्रव्य पाँच प्रकार का है—पुद्गल, धर्मद्रव्य, अधर्म-द्रव्य, आकाश और काल। इनमे से पुद्गल रूपादि गुण युक्त होने से मूर्तिक है। शेष चारो अमूर्तिक है।

५९५ आत्मा (जीव) अमूर्त है, अत वह इन्द्रियो द्वारा ग्राह्य नही है। तथा अमूर्त पदार्थ नित्य होता है। आत्मा के आन्तरिक रागादि भाव ही निश्चयत वन्ध के कारण है और वन्ध को ससार का हेतु कहा गया है।

५९६ रागयुक्त ही कर्मवन्ध करता है। रागरहित आत्मा कर्मों से मुक्त होती है। यह निश्चय से सक्षेप मे जीवो के वन्ध का कथन है।

५९७. इसलिए मोक्षाभिलाषी को तनिक भी राग नही करना चाहिए। ऐसा करने से वह वीतराग होकर भवसागर को तैर जाता है।

५९८. कर्म दो प्रकार का है—पुण्यरूप और पापरूप। पुण्यकर्म के वन्ध का हेतु स्वच्छ या शुभभाव है और पापकर्म के वन्ध का हेतु अस्वच्छ या अशुभ भाव है। मन्दकषायी जीव स्वच्छ-भाववाले होते है तथा तीव्रकषायी जीव स्वच्छभाववाले।

५९९ सर्वत्र ही प्रिय वचन बोलना, दुर्वचन बोलनेवाले को भी क्षमा करना तथा सबके गुणो को ग्रहण करना—ये मन्दकषायी जीवो के लक्षण है।

६०० अपनी प्रशसा करना, पूज्य पुरुषो में भी दोष निकालने का स्वभाव होना, दीर्घकाल तक वैर की गाँठ को बाँधे रखना—ये तीव्रकषायवाले जीवो के लक्षण या चिह्न है।

६०१. रागद्दोसपमत्तो, इंदियवसओ करेइ कम्माइं।
आसवदारेहिं अवि-गुहेहिं तिविहेण करणेणं ॥१४॥
रागद्वेषप्रमत्त, इन्द्रियवशग करोति कर्माणि।
आस्रवद्वारैरविगूहितैस्त्रिविधेन करणेन ॥१४॥

६०२. आसवदारेहिं सया, हिंसाईएहिं कम्ममासवइ।
जह नावाइ विणासो, छिद्देहिं जलं उयहिमज्झे ॥१५॥
आस्रवद्वारैः सदा, हिंसादिकैः कर्म स्रवति।
यथा नावो विनाश-श्छिद्रैः जलम् उदधिमध्ये ॥१५॥

६०३ मणसा वाया कायेण, का वि जुत्तस्स विरियपरिणामो।
जीवस्स-प्पणिओगो, जोगो त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठो ॥१६॥
मनसा वाचा कायेन, वापि युक्तस्य वीर्यपरिणाम।
जीवस्य प्रणियोग, योग इति जिनैर्निर्दिष्ट. ॥१६॥

६०४. जहा जहा अप्पतरो से जोगो, तहा तहा अप्पतरो से बंधो।
निरुद्धजोगिस्स व से ण होति, अछिद्दपोतस्स व अंबुणाथे ॥१७॥
यथा यथा अल्पतर तस्य योग, तथा तथा अल्पतर तस्य वन्ध।
निरुद्धयोगिन वा स न भवति, अछिद्रपोतस्येव अम्बुनाथे ॥१७॥

६०५. मिच्छत्ताविरदी वि य, कसाय जोगा य आसवा होंति।
संजम-विराय-दंसण-जोगाभावो य संवरओ ॥१८॥
मिथ्यात्वाऽविरति अपि च कषाया योगाश्च आस्रवा भवन्ति।
सयम-विराग-दर्शन-योगाभावश्च सवरक ॥१८॥

६०६. रुंधियछिद्दसहस्से, जलजाणे जह जलं तु णासवदि।
मिच्छत्ताइअभावे, तह जीवे संवरो होइ ॥१९॥
रुद्धछिद्र तहस्रे, जलयाने यथा जल तु नास्रवति।
मिथ्यात्वाद्यभावे, तथा जीवे सवरो भवति ॥१९॥

६०७. सव्वभूयऽप्पभूयस्स, सम्म भूयाइं पासओ।
पिहियासवस्स दंतस्स, पाव कम्मं न बंधई ॥२०॥
सर्वभूतात्मभूतस्य, सम्यक् भूतानि पश्यत।
पिहितास्रवस्य दान्तस्य, पाप कर्म न वध्यते ॥२०॥

६०१ रागद्वेष से प्रमत्त बना जीव इन्द्रियाधीन होकर मन-वचन-काय के द्वारा उसके आस्रव-द्वार बराबर खुले रहने के कारण निरन्तर कर्म करता रहता है ।

६०२ हिंसा आदि आस्रवद्वारो से सदा कर्मो का आस्रव होता रहता है, जैसे कि समुद्र मे जल के आने से सछिद्र नौका डूब जाती है ।

६०३ (योग भी आस्रव-द्वार है ।) मन, वचन, काय से युक्त जीव का जो वीर्य परिणाम या प्रदेश-परिस्पन्दनरूप प्रणियोग होता है, उसे योग कहते हैं ।

६०४ जैसे-जैसे योग अल्पतर होता है, वैसे-वैसे बन्ध या आस्रव भी अल्पतर होता है । योग का निरोध हो जाने पर बन्ध नही होता, जैसे कि छेदरहित जहाज मे जल प्रवेश नही करता ।

६०५ मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग—ये आस्रव के हेतु हैं । सयम, विराग, दर्शन और योग का अभाव—ये सवर के हेतु हैं ।

६०६ जैसे जलयान के हजारो छेद बन्द कर देने पर उसमे पानी नही घुसता, वैसे ही मिथ्यात्व आदि के दूर हो जाने पर जीव मे सवर होता है ।

६०७ जो समस्त प्राणियो को आत्मवत् देखता है और जिसने कर्मास्रव के सारे द्वार बन्द कर दिये हैं, उस सयमी को पापकर्म का बन्ध नही होता ।

६०८. मिच्छत्तासवदारं, रुंभइ सम्मत्तदिढकवाडेण ।
हिंसादिदुवाराणि वि, दिढवयफलिहेहिं रुंभंति ।।२१।।
मिथ्यात्वास्रवद्वार रुध्यते सम्यक्त्वदृढकपाटेन ।
हिंसादिद्वाराणि अपि दृढव्रतपरिघै रुध्यन्ते ।।२१।।

६०९-६१०. जहा महातलायस्स, सन्निरुद्धे जलागमे ।
उस्सिचणाए तवणाए, कमेण सोसणा भवे ।।२२।।
एवं तु संजयस्सावि, पावकम्मनिरासवे ।
भवकोडीसंचियं कम्मं, तवसा निज्जरिज्जइ ।।२३।।
यथा महातडागस्य, सन्निरुद्धे जलागमे ।
उत्सिञ्चनया तपनया, क्रमेण शोषणा भवेत् ।।२२।।
एव तु सयतस्यापि, पापकर्मनिरास्रवे ।
भवकोटिसचित कर्म, तपसा निर्जीर्यते ।।२३।।

६११. तवसा चेव ण मोक्खो, संवरहीणस्स होइ जिणवयणे ।
ण हु सोत्ते पविसंते, किसिणं परिसुस्सदि तलायं ।।२४।।
तपसा चैव न मोक्ष , सवरहीनस्य भवति जिनवचने ।
न हि स्रोतसि प्रविशति, कृत्स्न परिशुष्यति तडागम् ।।२४।।

६१२. ज अन्नाणी कम्मं खवेइ बहुआहिं वासकोडीहिं ।
तं नाणी तिहि गुत्तो, खवेइ ऊसासमित्तेणं ।।२५।।
यद् अज्ञानी कर्म, क्षपयति बहुकाभिर्वर्षकोटीभि ।
तद् ज्ञानी त्रिभिर्गुप्त , क्षपयत्युच्छ्वासमात्रेण ।।२५।।

६१३. सेणावइम्मि णिहए, जहा सेणा पणस्सई ।
एवं कम्माणि णस्संति, मोहणिज्जे खयं गए ।।२६।।
सेनापतौ निहते, यथा सेना प्रणश्यति ।
एव कर्माणि नश्यन्ति, मोहनीये क्षय गते ।।२६।।

६१४. कम्ममलविप्पमुक्को, उड्ढं लोगस्स अंतमधिगंता ।
सो सव्वणाणदरिसी, लहदि सुहमणिंदियमणंतं ।।२७।।
कर्ममलविप्रमुक्त, ऊर्ध्वं लोकस्यान्तमधिगम्य ।
स सर्वज्ञानदर्शी, लभते सुखमनिन्द्रियमनन्तम् ।।२७।।

६०८ मुमुक्षुजीव सम्यक्त्वरूपी दृढ कपा ो से मिथ्यात्वरूपी आस्रव-द्वार को रोकता है तथा दृढ व्रतरूपी कपाटो से हिंसा आदि द्वारो को रोकता है ।

६०९–६१० जैसे किसी वडे तालाव का जल, जल के मार्ग को वन्द करने से, पहले के जल को उलीचने से तथा सूर्य के ताप से क्रमश सूख जाता है, वैसे ही सयमी का करोडो भवो मे सचित कर्म पापकर्म के प्रवेश-मार्ग को रोक देने पर तथा तप से निर्जरा को प्राप्त होता है—नष्ट होता है ।

६११. यह जिन-वचन है कि सवरविहीन मुनि को केवल तप करने से ही मोक्ष नही मिलता, जैसे कि पानी के आने का स्रोत खुला रहने पर तालाव का पूरा पानी नही सूखता ।

६१२ अज्ञानी व्यक्ति तप के द्वारा करोडो जन्मो या वर्षो मे जितने कर्मो का क्षय करता है, उतने कर्मों का नाश ज्ञानी व्यक्ति त्रिगुप्ति के द्वारा एक साँस मे सहज कर डालता है ।

६१३ जैसे सेनापति के मारे जाने पर सेना नष्ट हो जाती है, वैसे ही एक मोहनीय कर्म के क्षय होने पर समस्त कर्म सहज ही नष्ट हो जाते है ।

६१४ कर्ममल से विमुक्त जीव ऊपर लोकान्त तक जाता है और वहाँ वह सर्वज्ञ तथा सर्वदर्शी के रूप मे अतीन्द्रिय अनन्तसुख भोगता है ।

६१५. चक्किकुरुफणिसुरेंदेसु, अहमिंदे जं सुहं तिकालभवं।
तत्तो अणंतगुणिदं, सिद्धाणं खणसुहं होदि ॥२८॥
चक्रिकुरुफणिसुरेन्द्रेषु, अहमिन्द्रे यत् सुखं त्रिकालभवम्।
ततः अनन्तगुणितं, सिद्धानां क्षणसुखं भवति ॥२८॥

६१६. सव्वे सरा नियट्टंति, तक्का जत्थ न विज्जइ।
मई तत्थ न गाहिया, ओए अप्पइट्ठाणस्स खेयन्ने ॥२९॥
सर्वे स्वरा निवर्त्तन्ते, तर्को यत्र न विद्यते।
मतिस्तत्र न गाहिका, ओजः अप्रतिष्ठानस्य खेदज्ञः ॥२९॥

६१७. ण वि दुक्खं ण वि सुक्खं, ण वि पीडा णेव विज्जदे बाहा।
ण वि मरणं ण वि जणणं, तत्थेव य होइ णिव्वाणं ॥३०॥
नापि दुःखं नापि सौख्यं, नापि पीडा नैव विद्यते बाधा।
नापि मरणं नापि जननं, तत्रैव च भवति निर्वाणम् ॥३०॥

६१८. ण वि इंदिय उवसग्गा, ण वि मोहो विम्हयो ण णिद्दा य।
ण य तिण्हा णेव छुहा, तत्थेव य होइ णिव्वाणं ॥३१॥
नापि इन्द्रियाणि उपसर्गाः, नापि मोहो विस्मयो न निद्रा च।
न च तृष्णा नैव क्षुधा, तत्रैव च भवति निर्वाणम् ॥३१॥

६१९. ण वि कम्मं णोकम्मं, ण वि चिंता णेव अट्टरुद्दाणि।
ण वि धम्मसुक्कझाणे, तत्थेव य होइ णिव्वाणं ॥३२॥
नापि कर्म नोकर्म, नापि चिन्ता नैवार्तरौद्रे।
नापि धर्मशुक्लध्याने, तत्रैव च भवति निर्वाणम् ॥३२॥

६२०. विज्जदि केवलणाणं, केवलसोक्खं च केवलं विरियं।
केवलदिट्ठि अमुत्तं, अत्थित्तं सप्पदेसत्तं ॥३३॥
विद्यते केवलज्ञानं, केवलसौख्यं च केवलं वीर्यम्।
केवलदृष्टिरमूर्तत्व-मस्तित्वं सप्रदेशत्वम् ॥३३॥

६१५ चक्रवर्तियो को, उत्तरकुरु, दक्षिणकुरु आदि भोगभूमिवाले जीवो को, तथा फणीन्द्र, सुरेन्द्र एव अहमिन्द्रो को त्रिकाल मे जितना सुख मिलता है उस सबसे भी अनन्तगुना सुख सिद्धो को एक क्षण मे अनुभव होता है ।

६१६ मोक्षावस्था का शब्दो मे वर्णन करना सम्भव नही है, क्योकि वहाँ शब्दो की प्रवृत्ति नही है । न वहाँ तर्क का ही प्रवेश सम्भव है, क्योकि वहाँ मानस-व्यापार सम्भव नही है । मोक्षावस्था सकल्प-विकल्पातीत है । साथ ही समस्त मलकलक से रहित होने से वहाँ ओज भी नही है । रागातीत होने के कारण सातवे नरक तक की भूमि का ज्ञान होने पर भी वहाँ किसी प्रकार का खेद नही है ।

६१७ जहाँ न दु ख है न सुख, न पीडा है न वाधा, न मरण है न जन्म, वही निर्वाण है ।

६१८ जहाँ न इन्द्रियाँ है न उपसर्ग, न मोह है न विस्मय, न निद्रा है न तृष्णा और न भूख, वही निर्वाण है ।

६१९ जहाँ न कर्म है न नोकर्म, न चिन्ता है न आर्तरौद्र ध्यान, न धर्म-ध्यान है और न शुक्लध्यान, वही निर्वाण है ।

६२० वहाँ अर्थात् मुक्तजीवो मे केवलज्ञान, केवलदर्शन, केवलसुख, केवलवीर्य, अरूपता, अस्तित्व और सप्रदेशत्व-ये गुण होते है ।

६२१ निव्वाण ति अवाहंति, सिद्धी लोगग्गमेव य ।
खेमं सिवं अणाबाहं, जं चरंति महेसिणो ।।३४।।
निर्वाणमित्यबाधमिति, सिद्धिर्लोकाग्रमेव च ।
क्षेम शिवमनाबाध, यत् चरन्ति महर्षय ।।३४।।

६२२. लाउअ एरण्डफले, अग्गीधूमे उसू धणुविमुक्के ।
गइ पुव्वपओगेणं, एवं सिद्धाण वि गती तु ।।३५।।
अलाबु च एरण्डफल-मग्निधूम इषुर्धनुर्विप्रमुक्त ।
गति पूर्वप्रयोगेणैव, सिद्धानामपि गतिस्तु ।।३५।।

६२३ अव्वाबाहमणिदिय-मणोवमं पुण्णपावणिम्मुक्कं ।
पुणरागमणविरहियं, णिच्चं अचलं अणालंबं ।।३६।।
अव्याबाधमनिन्द्रिय-मनुपम पुण्यपापनिर्म्मुक्तम् ।
पुनरागमनविरहित, नित्यमचलमनालम्बम् ।।३६।।

३५. द्रव्यसूत्र

६२४. धम्मो अहम्मो आगासं, कालो पुग्गल जन्तवो ।
एस लोगो त्ति पण्णत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं ।।१।।
धर्मोऽधर्म आकाश, काल पुद्गला जन्तव ।
एष लोक इति प्रज्ञप्त, जिनैर्वरदर्शिभि ।।१।।

६२५ आगासकालपुग्गल-धम्माधम्मेसु णत्थि जीवगुणा ।
तेसिं अचेदणत्तं, भणिदं जीवस्स चेदणदा ।।२।।
आकाशकालपुद्गल-धर्माधर्मेषु न सन्ति जीवगुणा ।
तेषामचेतनत्व, भणित जीवस्य चेतनता ।।२।।

६२६ आगासकालजीवा, धम्माधम्मा य मुत्तिपरिहीणा ।
मुत्तं पुग्गलदव्वं, जीवो खलु चेदणो तेसु ।।३।।
आकाशकालजीवा, धर्माधर्मौ च मूर्तिपरिहीना ।
मूर्त्त पुद्गलद्रव्य, जीव खलु चेतनस्तेषु ।।३।।

६२१ जिस स्थान को महर्षि ही प्राप्त करते हैं वह स्थान निर्वाण है, अवाध है, सिद्धि है, लोकाग्र है, क्षेम, शिव और अनावाध है।

६२२ जैसे मिट्टी से लिप्त तुम्बी जल मे डव जाती है और मिट्टी का लेप दूर होते ही ऊपर तैरने लग जाती है अथवा जैसे एरण्ड का फल धूप से सूखने पर फटता है तो उसके बीज ऊपर को ही जाते है अथवा जैसे अग्नि या धूम की गति स्वभावत ऊपर की ओर होती है अथवा जैसे धनुष से छूटा हुआ वाण पूर्व-प्रयोग से गतिमान् होता है, वैसे ही सिद्ध जीवो की गति भी स्वभावत ऊपर की ओर होती है।

६२३ परमात्म-तत्त्व, अव्यावाध, अतीन्द्रिय, अनुपम, पुण्य-पापरहित, पुनरागमनरहित, नित्य, अचल और निरालम्व होता है।

३५. द्रव्यसूत्र

६२४ परमदर्शी जिनवरो ने लोक को धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल और जीव इस प्रकार छह द्रव्यात्मक कहा है।

६२५ आकाश, काल, पुद्गल, धर्म और अधर्म द्रव्यो मे जीव के गुण नही होते, इसलिए इन्हे अजीव कहा गया है। जीव का गुण चेतनता है।

६२६ आकाश, काल, जीव, धर्म और अधर्म द्रव्य अमूर्तिक है। पुद्गल द्रव्य मूर्तिक है। इन सवमे केवल जीव द्रव्य ही चेतन है।

६२७. जीवा पुग्गलकाया, सह सक्किरिया हवंति ण य सेसा ।
पुग्गलकरणा जीवा, खंधा खलु कालकरणा दु ॥४॥
जीवा पुद्गलकाया, सह सक्रिया भवन्ति न च शेषा ।
पुद्गलकरणा जीवा, स्कन्धा खलु कालकरणास्तु ॥४॥

६२८. धम्मो अहम्मो आगास, दव्वं इक्किक्कमाहियं ।
अणंताणि य दव्वाणि, कालो पुग्गल जंतवो ॥५॥
धर्मोऽधर्म आकाश, द्रव्यमेकैकमाख्यातम् ।
अनन्तानि च द्रव्याणि, काल (समया) पुद्गला जन्तव ॥५॥

६२९. धम्माधम्मे य दोऽवेए, लोगमित्ता वियाहिया ।
लोगालोगे य आगासे, समए समयखेत्तिए ॥६॥
धर्माऽधर्मो च द्वावप्येतौ, लोकमात्रौ व्याख्यातौ ।
लोकेऽलोके चाकाश, समय समयक्षेत्रिक ॥६॥

६३०. अन्नोन्न पविसंता, दिता ओगासमन्नमन्नस्स ।
मेलंता वि य णिच्चं, सगं सभावं ण विजहंति ॥७॥
अन्योऽन्य प्रविशन्त, ददत्यवकाशमन्योऽन्यस्य ।
मिलन्तोऽपि च नित्य, स्वक स्वभाव न विजहति ॥७॥

६३१. धम्मत्थिकायमरसं, अवण्णगंधं असद्दमप्फासं ।
लोगोगाढं पुट्ठं, पिहुलमसंखादिय-पदेसं ॥८॥
धर्मास्तिकायोऽरसो-ऽवर्णगन्धोऽशब्दोऽस्पर्श ।
लोकावगाढ स्पृष्ट, पृथुलोऽसख्यातिक प्रदेश ॥८॥

६३२ उदयं जह मच्छाणं, गमणाणुग्गहयरं हवदि लोए ।
तह जीवपुग्गलाणं, धम्मं दव्वं वियाणेहि ॥९॥
उदक यथा मत्स्याना, गमनानुग्रहकर भवति लोके ।
तथा जीवपुद्गलाना, धर्म द्रव्य विजानीहि ॥९॥

६३३. ण य गच्छदि धम्मत्थी, गमणं ण करेदि अन्नदवियस्स ।
हवदि गती स प्पसरो, जीवाणं पुग्गलाणं च ॥१०॥
न च गच्छति धर्मास्तिकाय, गमन न करोत्यन्यद्रव्यस्य ।
भवति गते स प्रसरो, जीवाना पुद्गलाना च ॥१०॥

६२७ जीव और पुद्गलकाय ये दो द्रव्य सक्रिय हैं। शेष सब द्रव्य निष्क्रिय हैं। जीव के सक्रिय होने का बाह्य साधन कर्म नोकर्मरूप पुद्गल है और पुद्गल के सक्रिय होने का बाह्य साधन कालद्रव्य है।

६२८ धर्म, अधर्म और आकाश ये तीनो द्रव्य सख्या म एक-एक ह। (व्यवहार–) काल, पुद्गल और जीव ये तीनो द्रव्य अनत-अनत हैं।

६२९ धर्म और अधर्म ये दोनो ही द्रव्य लोकप्रमाण हैं। आकाश लोक और अलोक मे व्याप्त है। (व्यवहार–) काल केवल समयक्षेत्र अर्थात् मनुष्यक्षेत्र मे ही है।

६३० ये सब द्रव्य परस्पर मे प्रविष्ट हैं। एक द्रव्य दूसरे द्रव्य को अवकाश देते हुए स्थित हैं। ये इसी प्रकार अनादिकाल से मिले हुए हैं, किन्तु अपना-अपना स्वभाव नही छोडते हैं।

६३१ धर्मास्तिकाय रस-रहित है, रूप-रहित है, स्पर्श और गन्ध-रहित है और शब्द-रहित है। समस्त लोकाकाश मे व्याप्त है, अखण्ड है, विशाल है और असख्यातप्रदेशी है।

६३२ जैसे इस लोक मे जल मछलियो के गमन मे सहायक होता है, वैसे ही धर्मद्रव्य जीवो तथा पुद्गलो के गमन मे सहायक या निमित्त बनता है।

६३३ धर्मास्तिकाय स्वय गमन नही करता और न अन्य द्रव्यो का गमन कराता है। वह तो जीवो और पुद्गलो की गति मे उदासीन कारण है। यही धर्मास्तिकाय का लक्षण है।

६३४. जह हवदि धम्मदव्व, तह तं जाणेह दव्वमधम्मवखं ।
ठिदिकिरियाजुत्ताणं, कारणभूदं तु पुढवीव ॥११॥
यथा भवति धर्मद्रव्य, तथा तद् जानीहि द्रव्यमधर्माख्यम् ।
स्थितिक्रियायुक्ताना, कारणभूत तु पृथिवीव ॥११॥

६३५. चेयणरहियममुत्त, अवगाहणलक्खण च सव्वगयं ।
लोयालोयविभेयं, तं णहदव्वं जिणुद्दिट्ठं ॥१२॥
चेतनारहितममूर्त्तं, अवगाहनलक्षण च सर्वगतम् ।
लोकालोकद्विभेद, तद् नभोद्रव्य जिनोद्दिष्टम् ॥१२॥

६३६ जीवा चेव अजीवा य, एस लोए वियाहिए ।
अजीवदेसमागासे, अलोए से वियाहिए ॥१३॥
जीवाश्चैवाजीवाश्च, एष लोको व्याख्यात ।
अजीवदेश आकाश, अलोक स व्याख्यात ॥१३॥

६३७. पासरसगधवण्ण-व्वदिरित्तो अगुरुलहुगसंजुत्तो ।
वत्तणलक्खणकलियं, कालसरूव इमं होदि ॥१४॥
स्पर्शरसगन्धवर्णव्यतिरिक्तम् अगुरुलघुकसयुक्तम् ।
वर्तनलक्षणकलित कालस्वरूपम् इद भवति ॥१४॥

६३८. जीवाण पुग्गलाणं, हुवंति परियट्टणाइ विविहाइ ।
एदाणं पज्जाया, वट्टते मुक्खकालआधारे ॥१५॥
जीवाना पुद्गलाना भवन्ति परिवर्तनानि विविधानि ।
एतेषा पर्याया वर्तन्ते मुख्यकालआधारे ॥१५॥

६३९. समयावलिउस्सासा, पाणा थोवा य आदिआ भेदा ।
ववहारकालणामा, णिद्दिट्ठा वीयराएहिं ॥१६॥
समयआवलिउच्छ्वासा प्राणा- स्तोकाश्च आदिका भेदा ।
व्यवहारकालनामान निर्दिष्टा वीतरागै ॥१६॥

६४०. अणुखधवियप्पेण दु, पोग्गलदव्वं हवेइ दुवियप्पं ।
खंधा हु छप्पयारा, परमाणू चेव दुवियप्पो ॥१७॥
अणुस्कन्धविकल्पेन तु, पुद्गलद्रव्य भवति द्विविकल्पम् ।
स्कन्धा खलु षट्प्रकारा, परमाणश्चैव द्विविकल्प ॥१७॥

६३४ धर्मद्रव्य की तरह ही अधर्मद्रव्य है। परन्तु अन्तर यह है कि यह स्थितिरूप क्रिया से युक्त जीवो और पुद्गलो की स्थिति मे पृथ्वी की तरह निमित्त वनता है।

६३५ जिनेन्द्रदेव ने आकाश-द्रव्य को अचेतन, अमूर्त्त, व्यापक और अवगाह लक्षणवाला कहा है। लोक और अलोक के भेद से आकाश दो प्रकार का है।

६३६. यह लोक जीव और अजीवमय कहा गया है। जहाँ अजीव का एकदेश (भाग) केवल आकाश पाया जाता है, उमे अलोक कहते है।

६३७ स्पर्श, गन्ध, रस और रूप से रहित, अगुरु-लघु गुण से युक्त तथा वर्तना लक्षणवाला कालद्रव्य कहा गया है।

६३८ जीवो और पुद्गलो मे नित्य होनेवाले अनेक प्रकार के परिवर्तन या पर्याये मुख्यत कालद्रव्य के आधार से होती है। अर्थात् उनके परिणमन मे कालद्रव्य निमित्त होता है। (इसीको आगम मे निश्चयकाल कहा जाता है।)

६३९ वीतरागदेव ने बताया है कि व्यवहार-काल समय, आवलि, उच्छ्वास, प्राण, स्तोक आदि रूपात्मक है।

६४० अणु और स्कन्ध के रूप मे पुद्गल-द्रव्य दो प्रकार का है। स्कन्ध छह प्रकार का है और परमाणु दो प्रकार का—कारण-परमाणु और कार्य-परमाणु।

६४१. अइथूलथूल थूलं, थूलसुहुमं च सुहुमथूलं च।
सुहुमं अइसुहुमं इदि, धरादियं होदि छब्भेयं ॥१८॥
अतिस्थूलस्थूला स्थूला, स्थूलसूक्ष्माश्च सूक्ष्मस्थूलाश्च।
सूक्ष्मा अतिसूक्ष्मा इति, धरादयो भवन्ति षड्भेदा ॥१८॥

६४२. पुढवी जलं च छाया, चउरिंदियविसय-कम्मपरमाणू।
छव्विहभेयं भणियं, पोग्गलदव्वं जिणवरेहिं ॥१९॥
पृथिवी जलं च छाया, चतुरिन्द्रियविषय-कर्मपरमाणवः।
षड्विधभेदं भणितं, पुद्गलद्रव्यं जिनवरैः ॥१९॥

६४३. अंतादिमज्झहीणं, अपदेसं इंदिएहिं ण हु गेज्झं।
जं दव्वं अविभत्तं, तं परमाणुं कहंति जिणा ॥२०॥
अन्त्यादिमध्यहीनम् अप्रदेशम् इन्द्रियैर्न खलु ग्राह्यम्।
यद् द्रव्यम् अविभक्तम् तं परमाणुं कथयन्ति जिनाः ॥२०॥

६४४. वण्णरसगंधफासे, पूरणगलणाइ सव्वकालम्हि।
खंदं इव कुणमाणा, परमाणू पुग्गला तम्हा ॥२१॥
वर्णरसगन्धस्पर्शे पूरणगलनानि सर्वकाले।
स्कन्धा इव कुर्वन्तः परमाणवः पुद्गलाः तस्मात् ॥२१॥

६४५. पाणेहिं चदुहिं जीवदि, जीवस्सदि जो हु जीविदो पुव्वं।
सो जीवो, पाणा पुण बलमिंदियमाउ उस्सासो ॥२२॥
प्राणैश्चतुर्भिजीवति, जीविष्यति यः खलु जीवितः पूर्वं।
स जीवः, प्राणाः, पुनर्बलमिन्द्रियमायुरुच्छ्वासः ॥२२॥

६४६ अणुगुरुदेहपमाणो, उवसंहारप्पसप्पदो चेदा।
असमुहदो ववहारा, णिच्छयणयदो असंखदेसो वा ॥२३॥
अणुगुरुदेहप्रमाणः, उपसंहारप्रसर्पतः चेतयिता।
असमवहतः व्यवहारात्, निश्चयनयतः असंख्यदेशो वा ॥२३॥

६४७ जह पउमरायरयणं, खित्तं खीरे पभासयदि खीरं।
तह देही देहत्थो, सदेहमत्तं पभासयदि ॥२४॥
यथा पद्मरागरत्नं, क्षिप्तं क्षीरे प्रभासयति क्षीरम्।
तथा देही देहस्थः, स्वदेहमात्रं प्रभासयति ॥२४॥

६४१ स्कन्ध पुद्गल के छह प्रकार ये है—अतिस्थूल, स्थूल, स्थूल-सूक्ष्म, सूक्ष्मस्थूल, सूक्ष्म और अतिसूक्ष्म। पृथ्वी आदि इसके छह दृष्टान्त हैं।

६४२ पृथ्वी, जल, छाया, नेत्र तथा शेष चार इन्द्रियो के विषय, कर्म तथा परमाणु—इस प्रकार जिनदेव ने स्कन्धपुद्गल के छह दृष्टान्त दिये हैं। [पृथ्वी अतिस्थूल का, जल स्थूल का, छाया-प्रकाश आदि नेत्रइन्द्रिय-विषय स्थूल-सूक्ष्म का, रस-गध-स्पर्श आदि शेष इन्द्रिय-विषय सूक्ष्म-स्थूल का, कार्मण-स्कन्ध सूक्ष्म का तथा परमाणु अतिसूक्ष्म का दृष्टान्त है।]

जयणा उ धम्मजणणी	३९४	जा जा वच्चई रयणी	११८
जय वीयराय ! जय गुरु !	२२	जाणइ कज्जाकज्ज	५४२
जरा जाव न पीलेइ	२९५	जाणिज्जइ चिन्तिज्जइ	५१
जरामरणवेगेण	५२५	जायदि जीवस्सेव	५४
जस्स गुरुम्मि न भत्ती	२९	जावतऽविज्जापुरिसा	५८८
जस्स न जोगपरिकम्मो	४८७	जावति लोए पाणा	१४९
जस्स न सव्वदव्वेसु	२७९	जावतो वयणपथा	७२६
जह कटएण विद्धो	४६३	जिणवयणमोसहमिण	१८
जह कच्छुल्लो कच्छु	४९	जिणवयणे ग्रणुरत्ता	२१
जह गुत्तम्मिरियाई	३८७	जीववहो ग्रप्पवहो	१५१

	गाथांक
जीवा चेव अजीवा य	६३६
जीवाऽजीवा य बन्धो य	५९१
जीवाण पुग्गलाण	६३८
जीवाई सद्दहण	२२०
जीवा पुग्गलकाया	६२७
जीवा ससारत्था	६४६
जीवा हवंति तिविहा	१७८
जीवो अक्तो अत्थव्वावण	६८६
जीवो बभ जीवम्मि	१११
जुत्तीसुजुत्तमग्गे	७३७
जे अज्झत्थ जाणइ	२५७
जे इंदियाण विसया	४९२
जे एग जाणइ	२५८
जे केइ उवसग्गा	६३५
जेण तच्च विबुज्झेज्ज	२५२
जेण रागा विरज्जेज्ज	२५३
जेण विणा लोगस्स वि	६६०
जेण विरागो जायइ	७६
जे दव्वगुणपज्जाया	६६३
जे ममाइयमइं जहाति	१८२
[illegible]	१०८
[illegible]	५८६
[illegible]	२५५
[illegible]	८६
[illegible]	६३
[illegible]	३०६
[illegible]	५२
[illegible]	५३२
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	
[illegible]	[illegible]

	गाथांक
जो जाणिऊण देह	५२०
जो जेण पगारेण	५९
जो ण करेदि जुगुप्प	२३६
जो ण पमाणणयेहिं	३२
जो तसवहाउविरदो	५५३
जो दु ण करेदि कख	२३३
जो धम्मिएसु भत्तो	२४२
जो परदव्वम्मि सुह	२७०
जो पस्सदि अबद्धपुट्ठ	२५४
जो पस्सदि समभावे	४६५
जो मुणिभुत्तविसेस	३३४
जो वट्टण ण मण्णइ	७०६
जो समो सव्वभूदेसु	४२८
जो सव्वसगमुक्को	२७१
जो सहस्स सहस्साण	१२५
जो सिय भेदुवयार	३५
जो हवइ असम्मूढो	२३६
झ	
झाणट्ठिओ हु जोइ	४९७
झाणणिलीणो साहू	४३३
झाणोवरमेऽवि मुणी	५०५
झायह पच वि गुरवे	१
ठ	
ठाणा वीरासणाईया	४५२
ण	
[illegible]	४५६
[illegible]	५५५
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	१

	गाथांक
[illegible]	५६८
[illegible]	६८३
[illegible]	६१८
[illegible]	६१९
[illegible]	६१७
[illegible]	१८८
[illegible]	७८८
[illegible]	३९७
[illegible]	५२८
[illegible]	७५०
[illegible]	३३
[illegible]	७३५
[illegible]	२४६
[illegible]	७२८
[illegible]	१५६
[illegible]	४७८
[illegible]	५००
[illegible]	७३९
[illegible]	१८९
[illegible]	४९९
णिग्गंथो णीरागो	१८७
णिच्छयणयस्स एवं	७६८
णिच्छयणयेण भणिदा	२१६
णिच्छयववहारणया	३४
णिच्छयववहारसरूव	१९६
णिच्छय[illegible]	२८०
णिहट्ठो णिहदो	१८६
णिप्पण्णमिव पयपदि	७०३
णिम्मूलखंधसाहुवसाहं	५३८
णियभाव ण वि मुच्चइ	४३७
णियमणिसेहणसीलो	७१५
णिययवयणिज्जसच्चा	७२८

	गाथांक
णिव्वित्त दव्वकिरिया	७०१
णिव्वेदत्तिय भावइ	१०३
णिस्सल्लस्सेव पुणो	३६५
णिस्सेसखीणमोहो	५६१
णेगाइ माणाइ	७००
णायागमं पि तिविहं	७४२
णो इंदिएसु विरदो	५५२
णो छादए णोऽवि य	२३९
त	
तं जइ इच्छसि गंतुं	७४
तं मिच्छत्तं जमसद्दहणं	५४९
तग्गुणा य परिणदो	७४४
तच्चं तह परमट्ठं	५९०
तत्थ ठिच्चा जहाठाणं	२०५
तत्थ पंचविहं णाणं	६७५
तम्हा णिव्वुदिकामो	५९७
तम्हा दु कुसीलेहिं य	२०२
तम्हा वत्थूणं चिय	६६८
तम्हा सव्वपयत्ते	४७२
तम्हा सव्वे वि णया	४३
तवणारायजुत्तेण	२८७
तवसा चेव ण मोक्खो	६११
तस्स ण कप्पदि	५७३
तस्स मुहुग्गदवयणं	२०
तस्सेस मग्गो गुरु	२९०
तहेव काणं काणे त्ति	४०१
तहेव फरुसा भासा	४००
तहेवुच्चावया पाणा	३९८
तारिसपरिणामट्ठिय	५५७
तिण्णो हु सि अण्णव	२४१
तित्थयरवयणसंगह	६९३
तिव्वतमा तिव्वतरा	५३६

	गाथांक
तुग न मदराग्रो	१५८
तुम सि नाम स च्चेव	१५२
तेऊ पम्हा सुक्का	५३५
तेणावि ज कय कम्म	६५८
ते ते कम्मत्तगदा	६५६
तेल्लोकाडविडहणो	११७
ते सावेक्खा सुणया	७२५
तेसि तु तवो ण सुद्धो	४८२
तो उद्धरति गारवरहिया	५७६

थ

थिरकयजोगाण पुण	४६१
थिरधरियसीलमाला	११
थूलमुसावायस्स	३११
थोवम्मि सिक्खिदे	२६७

द

दसणणाण मोक्खमग्गो	१६३
दसणणाण सेविदव्वाणि	२१५
दसणणाणे विणग्रो	४६७
दसणभट्ठा भट्ठा	२२३
दसणसुद्धो मुद्धो	२२४
दव्व खु होइ दुविह	७४१
दव्व पज्जव विउय	६६२
दव्व विविहसहाव	७३८
दव्वट्ठिएण सव्व	६६६
दव्वट्ठियवत्तव्व	६६४
दव्वे खेत्ते काले	४३०
दहिगुडमिव वामिस्स	५५१
दाण पूया मुक्ख	२९७
दाण भोयणमेत्त	३३२
दाणाण सेट्ठ अभयप्पयाण	७५४
दिट्ठ मिय असदिद्ध	४०३
दुक्ख हय जस्स न	११०
दुपदेसादी खधा	६५३
दुल्लहा उ मुहादाई	४०४
देवास्सियणियमादिमु	४३४
देहमइजड्डसुद्धी	४८१
देहविवित्त पेच्छइ	४६५
देहादिसगरहिग्रो	३६३
देहादिसु अणुरत्ता	३४३
दो चेव जिणवरेहि	२९६

ध

धम्मकहाकहणेण य	२४३
धम्मत्थिकायमरस	६३१
धम्मविहीणो सोक्ख	६६२
धम्मादीसद्दहण	२०८
धम्माधम्मे य दोऽव्वेए	६२९
धम्मारामे चरे भिक्खू	१३९
धम्मो अहम्मो आगास कालो	६२४
धम्मो अहम्मो आगास दव्व	६२८
धम्मो मगलमुक्किट्ठ	८२
धम्मो वत्थुसहावो	८३
धीरेण वि मरियव्व	५६६
धी ससारो जहिय	५११

न

न कम्मुणा कम्म खवेंति	१६५
न कसायसमुत्थेहि य	५०२
न कामभोगा समय उवेंति	२३०
न तस्स दुक्ख विभयन्ति	५९
न य ससारम्मि सुह	७३
नरविवुहेसरसुक्ख	४८
न लव्वेज्ज पुट्ठो	३६६
न वि कारण तणमग्रो	५७६

	गाथांक
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	१३१
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	४०
[illegible]	३८६
[illegible]	६२१
[illegible]	२३१
[illegible]	६६८
नो [illegible]	[illegible]
नो [illegible] तहा	[illegible]
नो [illegible]	२३४
प	
पउमिणिपत्त व जहा	२६३

	गाथांक
पचमहव्वयतुगा	६
पच य अणुव्वयाई	३००
पचुवरसहियाइ	३०२
पचेव होंति णाणा	६७६
पज्जयत्थं च णोगम्मा	३५७
पज्जय गउण किच्चा	६६७
पज्जत्तिउदयनिमज्ज	६६
पडिकमणपहुदिकिरिय	४२१
पज्जनिदा दव्वत्थी	६६६
पण्णवणिज्जा भावा	७३३
पत्तेय पत्तेय नियग	५१५
पदं हिदियाणिट्ठ	६४
पमाद कम्ममाहंसु	१६४
परदव्वादो दुग्गइ	५८७
परमट्ठम्हि दु अट्ठिदो	२७२
परमाणुमित्तिय पि हु	२५०
परमतावयकारणवयण	६२
परसमयएगनयमय	७२७
परिचत्ता परभाव	४१८
परिणामम्मि असुद्धे	३६२
परियट्टणा य वायणा	४७५
पलियक वधेउ	४८६
पहिया जे छ प्पुरिसा	५३७
पादुब्भवदि य अन्नो	६६६
पाणिवहमुसावाए	३०६
पाणेहि चदुहि जीवदि	६४५
पायच्छित्त विणओ	४५६
पारद्धा जा किरिया	७०२
पावयणी धम्मकही	२४४
पासडीलिगाणि व	३५८
पासरसगधवण्ण	६३७
पिउपुत्तणत्तुभव्वय	६७०

	गाथाक
पुढविजलतेयवाऊ	६५०
पुढवी जल च छाया	६४२
पुण्ण पि जो समिच्छदि	१९६
पुरिसम्मि पुरिससद्दो	६६७
पुरिसायारो अप्पा	४६४
पुल्लेव मुट्ठी जह से	३५९
पुव्वाभिमुहो उत्तरमुहो	४८८
पूयादिसु णिरवेक्खो	४७६
पेसुण्णहासकक्कस	४०२
फ	
फासुयमग्गेण दिवा	३९६
ब	
बधवहच्छविच्छए	३१०
बल थाम च पेहाए	४४५
बहवे इमे असाहू	३३८
बहिया उड्ढमादाय	५६८
बहु सुणेइ कण्णेहिं	३४४
बहुभयकरदोसाण	७५
बारस अणुवेक्खाओ	५३०
बारस विहम्मि वि तवे	४७९
बाहिरसगा खेत्त	१४४
बुद्धे परिनिव्वुडे चरे	३५४
भ	
भद्द मिच्छादसण	७३६
भावणाजोग सुद्धप्पा	५२९
भावविसुद्धिणिमित्त	३६१
भाविज्ज य सतोस	३१७
भावेज्ज अवत्थतिय	४९८
भावेण जेण जीवो	६५६
भावे विरत्तो मणुओ	८१
भावो हि पढमलिग	३६०
भोगाण परिसखा	३२४
भोगामिसदोसविसण्णे	५०
भोच्चा माणुस्सए भोए	२०६
म	
मइपुव्व सुयमुत्त	६८०
मदो बुद्धिविहीणो	५४०
मसट्ठियसघाए	५२१
मग्गो मग्गफल ति य	१९२
मज्जेण णरो अवसो	३०९
मणवयणकायगुत्ति	५२३
मणसा वाया कायेण	६०३
मणुयाइयपज्जाओ	७०७
मदमाणमायलोह	२८२
मरदु व जियदु व	३८८
मासासणेण वड्ढइ	३०४
मा चिट्ठह मा जपह	५०१
माणुस्स विग्गह लद्धु	५२६
मादुसुदाभगिणीव य	३७४
मासे मासे दु जो बालो	२७३
मिच्छत्त वेदतो जीवो	६८
मिच्छत्तपरिणदप्पा	६९
मिच्छत्तवेदरागा	१४३
मिच्छत्ताविरदी वि य	६०५
मिच्छत्तासवदार	६०८
मिच्छदसणरत्ता	५८०
मिच्छो सासण मिस्सो	५४७
मूलमेयमहम्मस्स	३७३
मोक्खपहे अप्पाण	५८५
मोत्तूण वयणरयण	४३२
मोत्तूण सयलजप्पम	४३६
मोसस्स पच्छा य	९३

	गाथांक
मोहक्खए उ जुत्तस्स	४५५

र

रत्तो बंधदि कम्म	५९६
रयणत्तयमेव गण	२६
रयणत्तयसजुत्तो	५१४
रमा पगाम न निसेवियव्वा	२९३
रागद्दोसपमत्तो	६०१
रागादी सगुत्ताश्रो	१५३
रागे दोसे य दो पावे	१३०
रागो य दोसो वि य	७१
रुधियछिद्दसहस्से	६०६
रूसइ णिदइ अन्ने	५८१

ल

लद्ध अलद्धपुव्व	७४६
लद्धूण णिहि एक्को	२६१
लवण व्व सलिलजोए	८८६
लाउश्र एरडफले	६२२
लाभालाभे सुहे दुक्खे	३४७
लेस्सासोधी अज्झवसाण	५४५
लोइयसत्थम्मि वि	३०५
लोगो अकिट्टिमो खलु	६५१
लोयाण ववहार	७२३

व

वज्जणमणतगुवरि	३२५
वज्जिज्जा तेनाहड	३१३
वण्णरसगधफासा	१८३
वण्णरसगधफासे	६४४
वत्तावत्तपमाए	५५४
वदसमिदीगुत्तीश्रो	१९५
वद-समिदि-सील-सजम-	४५७
वयणमय पडिकमण	४२२
वयणोच्चारणकिरिय	४२६
वयभगकारण होइ	३२०
वयसमिदिकसायाण	१०१
वर मे अप्पा दतो	१२८
वर वयतवेहि सग्गो	२०३
ववहारणयचरित्ते	२६२
ववहारेणुवदिस्सइ	३६
ववहारोऽभूयत्थो	३९
वसे गुरुकुले निच्च	१७५
वाहिजरमरणमयरो	५१३
विज्जदि केवलणाण	६२०
विणश्रो मोक्खद्दार	४७०
विणश्रो सासणे मूल	४६६
विणयाहिया विज्जा	४७१
वित्त पसवो य णाइश्रो	५०६
विरई अणत्थदडे	३२१
विरदो सव्वसावज्जे	४२७
विरया परिग्गहाश्रो	३१५
विवत्ती अविणीयस्स	१७०
विवित्तसेज्जाऽऽसण	२९४
विसयकसायविणिग्गह	१०२
विस्ससणिज्जो माया व	९५
वेसोवि अप्पमाणो	३५६

स

सकेज्ज याऽसकितभाव	६७३
सग परिजाणामि	५१०
सगनिमित्त मारइ	१४०
सघो गुणसघाश्रो	२५
सजोअसिद्धीइ फल वयति	२१३
सजोगमूला जीवेण	५१७

	गाथांक		गाथांक
सतिमे सुहुमा पाणा	३८३	सम्मत्तरयणभट्ठा	२४९
सयारसेज्जासणभत्तपाणे	३८१	सम्मत्तरयणसार	२१९
सन्निहिं च न कुव्वेज्जा	३८०	सम्मत्तविरहिया ण	२२२
सपत्तदसणाई	३०१	सम्मत्तस्स य लभो	२२५
सपत्ति तस्सेव जदा	३९०	सम्मद्दसणणाण	२१४
सभिन्न पासतो	६८४	सम्मद्दसणरत्ता	५८१
सरम्भसमारम्भे काय	४१४	सम्मद्दिट्ठी जीवा	२३२
सरम्भसमारम्भे मणं	४१२	सय सय पससता	७३४
सरम्भसमारम्भे वय	४१३	सयणासणठाणे वा	४८०
सलेहणा य दुविहा	५७४	सरीरमाहु नाव त्ति	५६७
सवेगजणिदकरणा	३०७	सवण सपइ स तेण	७०८
ससयविमोहविब्भम	६७४	सवियप्प णिवियप्प इय	६७१
सक्कदकफल जल वा	५६०	सव्वग पेच्छतो	११२
सक्किरिया विरहातो	२६५	सव्व पि अणेयत	७२२
सच्चम्मि वसदि तवो सच्चम्मि	९९	सव्वगथविमुक्को	१४५
सज्झाय जाणतो	४७७	सव्वजीवाण कम्म तु	६५७
सज्झायझाणजुत्ता	३४५	सव्वतो पमत्तस्स भय	१९६
सत्तू वि मित्तभाव	३०८	सव्वत्थ वि पिय वयण	५९०
सत्तेव हुति भगा	७१९	सव्वभूयप्पभूयस्स	६०७
सद्दहदि य पत्तेदि य	१९७	सव्वे जीवा वि इच्छति	१४८
सद्दारूढो अत्यो	७११	सव्वे समयति सम्म	७३०
सद्ध नगर किच्चा	२८६	सव्वे नरा नियट्टति	६१६
सन्ति एगेहि भिक्खूहि	२९८	सव्वेसि गयाण	३७५
समणो त्ति सजदो त्ति य	३३९	सव्वेसिमासमाण	३६८
समदा तह मज्झत्य	२७५	ससमयपरसमयविऊ	२३
समभावो सामइय	४२५	ससरीरा अरहता	१८०
समयाए समणो होइ	३४१	सहसा अब्भक्खाण	३१२
समयावलिउस्सासा	६३९	सामन्न अह विसेसे	६६९
समरेव जनु दव्व	६६५	सामाइय चउवीसत्थओ	४२४
समसत्तोसजणेण	१००	सामाइय त्ति काउ	३२८
समिति पदिण नम्हा	५८६	सामाइयम्मि उ कए	३२७
सम्मत्तनाणचरण	५५०	सायार उयर ठवणा	७४०

	गाथांक
सावगजणमहुयर	३१
सावज्जजोगपरिरक्खणट्ठा	३२६
साहूण कप्पणिज्ज	३३३
सीतति सुवताण	१६१
सीस जहा सरीरस्स	४८४
सीहगयवसहमियपसु	३३७
सुइ च लद्धु सद्ध च	५२८
सुट्ठुवि मग्गिज्जतो	४७
सुत्तेसु यावी पडिबुद्धजीवी	१६३
सुद्ध तु वियाणतो	२५६
सुद्धत्त य सामण्ण	२७७
सुद्धो सुद्धादेसो	४१
सुबहु पि सुयमहीय	२६६
सुयनाणम्मि वि जीवो	२६४
सुवण्णरुप्पस्स उ पव्वया	६८
सुविदिदपयत्थसुत्तो	२७६
सुविदियजगस्सभावो	४६३
सुव्विहिं च पुप्फयत	१४
सुह वसामो जीवामो	१०७
सुहदुक्खजाणणा वा	५६३
सुहपरिणामो पुण्ण	१६८
सुहेण भाविद णाण	४५३
सूई जहा ससुत्ता	२४८
से असइ उच्चागोए	६०
से जाणमजाण वा	१३८
सेज्जोगासणिसेज्जो	४७३
सेणावइम्मि णिहए	६१३
से भूइपण्णे अणिए	७५२
सेलेसि सपत्तो	५६४
सेवतो वि ण सेवइ	२२६
से सव्वदसी अभिभूय णाणी	७५१
सोच्चा जाणइ कल्लाण	२४५
सो तम्मि चेव समये	५६५
सो तवो दुविहो वुत्तो	४४०
सो नत्थि इहोगासो	५१२
सो नाम अणसणतवो	४४४
सोवण्णिय पि णियल	२०१

ह

हत्थीसु एरावणमाहु	७५३
हय नाण कियाहीण	२१२
हा ! जह मोहियमइणा	६७
हिंसादो अविरमण	१५५
हियाहारा मियाहारा	२६२
होति अणियट्टिणो ते	५५८
होति कम्मविसुद्धाओ	५३१
होति परोक्खाइ मइ	६८८
होऊण य णिस्सगो	१०५

पारिभाषिक शब्दकोश

[अंक गाथाओं के द्योतक हैं। जिन अंकों के साथ सूत्र लिखा है, वे अंक प्रकरण के द्योतक हैं।]

अंग—सम्यग्दर्शन के आठ गुण (सूत्र १८)

अगार—गेह या घर (२६८)

अज्ञान—मोहयुक्त मिथ्याज्ञान (२८६)

अज्ञानी—मिथ्यादृष्टि (१९५)

अजीव—सुख दुःख तथा हिताहित के ज्ञान से (५९३) और चेतना से रहित पुद्गल आदि पाँच द्रव्य (६२५)

अणुव्रत—श्रावकों के पाँच व्रत। (सूत्र ३००)

अतिथिसंविभागव्रत—साधु को चार प्रकार का दान देना (३३०-३३१)

अतीन्द्रिय सुख—आत्म-जात निराकुल आनन्दानुभूति (६१४-६१५)

अदत्तादान-व्रत—अचौर्यव्रत। (३१३)

अधर्मद्रव्य—जीव तथा पुद्गल की स्थिति में, पृथिवी की भाँति सहायक, लोकाकाश प्रमाण एक अमूर्त द्रव्य (६२५, ६२६, ६३४)

अध्यवसान—पदार्थ-निश्चय (५४५)

अध्यवसाय—कर्म-बन्ध का कारण, जीव की राग-बुद्धि (१५४, ३९२)

अध्यात्म—शुद्धात्मा में विशुद्धता का आधार-भूत अनुष्ठान (१३७)

अनगार—गृहत्यागी साधु (३३६)

अनभिगृहीत मिथ्यात्व—दूसरे के उपदेश आदि से निरपेक्ष जन्म-जात तात्त्विक अश्रद्धान (५४९)

अनर्थदण्डव्रत—प्रयोजनविहीन कार्यों का त्याग (३२१-३२२)

अनशन—कर्मों की निर्जरार्थ यथाशक्ति एक-दो दिन आदि के लिए आहार-त्याग-रूप तप (४४२-४४७)

अनित्य-अनुप्रेक्षा—वैराग्य-वृद्धि के लिए जगत् की क्षणभगुरता का बारम्बार चिन्तन (५०७-५०८)

अनिवृत्तिकरण—साधक की नवम भूमि, जिसमें समान समयवर्ती सभी साधकों के परिणाम समान हो जाते है, और प्रतिसमय उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धता को प्राप्त होते रहते हैं (५५८)

अनुप्रेक्षा—वैराग्य-वृद्धि के लिए बार-बार चिन्तवन की जानेवाली १२ भावनाएँ (सूत्र ३०)

अनेकान्त—वस्तु की स्वतन्त्र सत्ता का या वस्तु की अनन्त धर्मात्मकता का निदर्शक तत्त्व, नित्यत्व-अनित्यत्व आदि परस्पर-विरोधी अनेक धर्म-युगलों से युक्त वस्तु का अविभाज्य एकरसात्मक जात्यन्तर स्वरूप (६६९-६७२)

अन्तरात्मा—देहादि से भिन्न आत्मस्वरूप को समझनेवाला सम्यग्दृष्टि (१७९)
अन्तराय-कर्म—दान लाभ आदि मे बाधक कर्म (६६)
अन्यत्व-अनुप्रेक्षा—अपने स्वरूप को देहादि से भिन्न देखने की भावना (५१८–५२०)
अपध्यान—राग-द्वेषवश दूसरो का अनिष्ट चिन्तन (३२१)
अपरभाव—वस्तु का शुद्ध स्वभाव या तत्त्व (५९०)
अपरमभाव—अपरभाववत् (५९०)
अपवाद—शक्ति की हीनतावश वीतराग-मार्गियो को भी आहार आदि के ग्रहण की आज्ञा (४४)
अपूर्वकरण—साधक की अष्टम भूमि, जिसमे प्रविष्ट होने पर जीवो के परिणाम प्रति समय अपूर्व-अपूर्व ही होते हैं (५५६-५५७)
अप्रदेश—जिसका अन्य कोई प्रदेश नही होता ऐसा एकप्रदेशी परमाणु (६५२)
अप्रमत्त—रागद्वेषरहित, यत्नाचारी और आत्मा के प्रति सदा जागृत (१६६–१६९)
अप्रमत्तसयत—साधक की सप्तम भूमि, जहाँ किसी प्रकार का भी प्रमाद व्यक्त नही होता (५५५)
अप्रमाद—राग-द्वेषविहीन आत्मजागृति (सूत्र १३)
अभयदान—मरण आदि के भय से ग्रस्त जीवो की रक्षा करना (३३५)
अभिगृहीत मिथ्यात्व—दूसरो के उपदेश आदि मे असत्य धर्म तथा तत्त्वो के प्रति उत्पन्न श्रद्धा और सत्य के प्रति अश्रद्धा (५४९)
अभ्यन्तर ग्रन्थ—मिथ्यादर्शन तथा कषाय आदि १४ भाव (१४३)
अभ्यन्तर तप—प्रायश्चित्त, विनय आदि के रूप मे छह प्रकार का आन्तरिक तप (४५६)
अभ्यन्तर सलेखना—कषायो की कृशता (५७४)
अमूढदृष्टि—तत्त्वो के प्रति अभ्रान्तदृष्टि (२३७)
अमूर्त—इन्द्रिय-प्रत्यक्ष न होने के कारण (५९५) जीव आदि पाँच द्रव्य (६२६)
अयोगी-केवली—साधक की चौदहवी अथवा अन्तिम भूमि जिसमे मन वचन काय की समस्त चेष्टाएँ शान्त होकर शैलेशी स्थिति प्राप्त जीव (५६४)
अरहत या अर्हन्त—प्रथम परमेष्ठी (१), जीवन्मुक्त सर्वज्ञ (७), जो पुन देह धारण नही करते (१८०)
अर्थ—ज्ञान के विषय द्रव्य गुण व पर्याय (३२)
अरूपी—दे० अमूर्त (५९२)
अलोक—'लोक' के बाहर स्थित केवल असीम आकाश (६३६)
अवधिज्ञान—मर्यादित देश-काल की अपेक्षा अन्तरित कुछ द्रव्यो को तथा उनके कुछ सूक्ष्म भावो तक को एक सीमा तक प्रत्यक्ष करनेवाला ज्ञान-विशेष (६८१, ६८९)
अवमौदर्य—आहार की मात्रा मे क्रमश कमी करते हुए एक चावल तक पहुँचना (४४८)
अविरत सम्यग्दृष्टि—साधक की चतुर्थ भूमि, जिसमे सम्यग्दर्शन हो जाने पर भी भोगो अथवा हिंसा आदिक पापो के प्रति विरति भाव जागृत नही हो पाया (५५२)

अविरति—हिंसा आदि पापकर्मों से विरति का अभाव (६०८)

अशरण-अनुप्रेक्षा—संसार बंधन से छूटने में धन-कुटुम्ब आदि की असमर्थता का चिन्तन तथा धर्म की शरण में जाने की भावना (५०६-५१०)

अशुचि-अनुप्रेक्षा—शरीर की अशुचिता का बार-बार चिन्तन (५३१)

अशुभ-भाव—तीव्र कषाय (५६८)

अशुभ-लेश्या—कृष्ण आदि तीन कषाययुक्त की वृत्तियाँ (५३४)

अष्ट—८ कर्म, ८ सिद्धों के गुण, ८ प्रवचन-माता तथा ८ मद ये सब आठ-आठ हैं।

असंख्यप्रदेश—आकाश अनन्त है जिसके मध्य लोकाकाश केवल असंख्यातप्रदेश प्रमाण है। धर्म तथा अधर्म द्रव्य भी उतने ही परिमाणवाले हैं। जीवद्रव्य भी परमार्थतः उतना ही बड़ा है, परन्तु देह में संकुचित होने से वह देह परिमाण अवस्थित है। उसकी केवल-समुद्घात अवस्था भी ऐसी है कि उस क्षण के लिए वह पूरा लोक-प्रमाण हो जाता है (६४६)

अस्तिकाय—जीव आदि छहों द्रव्य अस्तित्व-युक्त हैं, परन्तु प्रदेश प्रचय युक्त होने से कायवान् केवल पाँच हैं। परमाणुवत् समय मात्र एकप्रदेशी होने के कारण कालद्रव्य कायवान् नहीं है (६२६, ६३१)

अस्तेय—बिना दिये कोई वस्तु ग्रहण न करने का भाव या व्रत (३१३, ३७०-३७१)

अहंकार—देह में 'मैं'-पन का भाव (३४६)

अहिंसा—प्राणि-वध न करना व्यवहार अहिंसा है (१४८) और राग-द्वेष न होना (१५१) अथवा यतनाचार-अप्रमाद (१५७) निश्चय अहिंसा है।

आकाश—सर्व द्रव्यों को अवकाश देनेवाला सर्वगत अमूर्त द्रव्य, जो लोक और अलोक दो भागों में विभक्त है (६२५–६२६, ६३५)

आकिंचन्य—निःसंगता या अकिंचनवृत्ति—नितान्त अपरिग्रहवृत्ति। दस धर्मों में से नौवाँ (१०५–११०)

आगम—पूर्वापर-विरोध-रहित जैनग्रन्थ, वीतरागवाणी (२०)

आगम-निक्षेप—विचारणीय पदार्थ विषयक शास्त्र का ज्ञाता पुरुष भी कदाचित् उसी नाम से जाना जाता है, जैसे मशीनरी का ज्ञाता मैकेनिक (७४१–७४४)

आचार्य—स्वमत तथा परमत के ज्ञाता संघनायक साधु (६, १७६)

आत्मा—व्यक्ति का निजत्व (१२१–१२८) अथवा उसका ज्ञान-दर्शन-प्रधान चेतन तथा अमूर्त अन्तस्तत्त्व (१८५) (सूत्र १५)

आदान-निक्षेपण समिति—वस्तुओं को उठाने-धरने में विवेक—यतनाचार (४१०)

आधाकर्म—चक्की, चूल्हा आदि के अधिक आरम्भ द्वारा तैयार किया गया हिंसा-युक्त भोजन (४०६)

आभिनिबोधिक-ज्ञान—इन्द्रियाभिमुख विषयों का ग्रहण। मतिज्ञान का दूसरा नाम (६७७)

आयुकर्म—आत्मा को शरीर में रोक रखने-वाला कर्म (६६)

आरम्भ—प्राणियो को दुख पहुँचानेवाली हिंसायुक्त प्रवृत्ति (४१२–४१४)

आर्जव—निश्छलता तथा सरलता (६१)

आर्त्तध्यान—इष्टवियोग, अनिष्टसयोग तथा वेदना आदि के कारण उत्पन्न होनेवाला दुख व खेदयुक्त मन स्थिति (३२८)

आलोचना—सरलभाव से अपने दोषो का आत्मनिन्दनपूर्वक प्रकटीकरण (४६१–४६५)

आवश्यक—साधु के द्वारा नित्य करणीय प्रतिक्रमण आदि छ कर्त्तव्य (६१८–६२०, ६२४)

आसन—ध्यान तथा तप आदि के लिए साधु के बैठने अथवा खडे होने की विधि। पल्यकासन (४८६) वीरासन (४५२) आदि के भेद से अनेक प्रकार के।

आस्रव—मन वचन काय की प्रवृत्ति के द्वारा शुभाशुभ कर्मो का आगमन (६०१–६०४)

आस्रव-अनुप्रेक्षा—वैराग्य-वृद्धि के लिए मोह-जन्य भावो को तथा मन वचन काय की प्रवृत्तियो की हेयता का चिन्तवन (५२२)

आस्रवद्वार—कर्मागमन के मूल कारण—मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग (६०५)

इन्द्रिय—ज्ञान के पाँच करण—स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र तथा श्रोत्र (४७)

इहलोक—मनुष्य या तिर्यक् जगत् (१२७)

ईर्या-समिति—गमनागमन विषयक यतनाचार (३६६)

उच्चार-समिति—दे० प्रतिष्ठापना समिति

उत्तमार्थकाल—सलेखनायुक्त मरणकाल (५७८)

उत्पाद—द्रव्य की नित्य नवीन पर्यायो की उत्पत्ति (६६६–६६७)

उत्पादन-दोष—गृहस्थो को उनके इच्छानुसार विद्या, सिद्धि या चिकित्सा आदि का उपाय बताने से प्राप्त होनेवाली सदोष भिक्षा (४०५)

उत्सर्ग—ज्ञानादि कार्य की सफलता का सर्वथा निर्दोष अति कर्कशमार्ग जिसमे साधु किसी भी प्रकार का परिग्रह ग्रहण नही करता (४४)

उद्गम-दोष—अपने निमित्त से तैयार किया गया भोजन या भिक्षा ग्रहण करना सदोष (४०५)

उदुम्बर—ऊमर, बड, पीपल, गूलर तथा पाकर ये अग्राह्य पाँच फल जिनमे छोटे-छोटे जीवो की बहुलता होती है (३०२)

उपगूहन—सम्यग्दर्शन का एक अग, अपने गुणो को तथा दूसरो के दोषो को प्रकट न करना (२३६)

उपधि—शक्ति की हीनतावश निर्ग्रन्थ साधु के द्वारा ग्रहण किये जानेवाले आहार आदि कुछ निर्दोष तथा शास्त्रसम्मत पदार्थ (३७७–३७८)

उपभोग—पुन पुन भोगे जाने योग्य वस्त्रा-लकार आदि पदार्थ या विषय (३२३)

उपयोग—आत्मा का चैतन्यानुविधायी ज्ञान-दर्शन युक्त परिणाम (६४६)

उपबृहण—धार्मिक भावनाओ के द्वारा आत्मिक शक्तियो की अभिवृद्धि (२३८)

उपशम—क्षमाभाव (१३६)

उपशमक—कषायो का उपशमन करनेवाला साधक (५५५)

उपशमन—ध्यान-चिन्तन आदि के द्वारा कषायो को प्रशान्त करना (५५७)

उपशान्त-कषाय—साधक की ग्यारहवीं भूमि जिसमें कषायों का पूर्ण उपशमन हो जाने से वह कुछ काल के लिए अत्यन्त शान्त हो जाता है (५६०)

उपशान्त-मोह—उपशान्त-कषाय गुणस्थान का दूसरा नाम।

उपाध्याय—चतुर्थ परमेष्ठी (१), आगम-ज्ञाता साधु (१०)

ऊनोदरी—दे० अवमौदर्य

ऋजुसूत्र-नय—भूत-भविष्यत् से निरपेक्ष केवल वर्तमान पर्याय को पूर्ण द्रव्य स्वीकार करनेवाली क्षणभंगवादी दृष्टि (७०६-७०७)

ऋषि—ऋद्धि-सिद्धि-सम्पन्न साधु (३३६)

एकत्व-अनुप्रेक्षा—वैराग्य-वृद्धि के लिए अपने कर्मों का फल भोगने में सर्व जीवों की असहायता का चिन्तवन (५१५)

एकेन्द्रिय—केवल स्पर्शन इन्द्रियधारी पृथिवी, जल, वायु, अग्नि व वनस्पति आदि जीव (६५०)

एवम्भूत-नय—जिस शब्द का जिस क्रियावाला व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ होता है, उसके द्वारा उस क्रियारूप परिणमित पदार्थ को ही समझना। जैसे गमनार्थक 'गो' शब्द के द्वारा चलती हुई गाय का ही ग्रहण करना, न कि बैठी हुई का (७१२–७१३)

एषणा-समिति—भिक्षाचर्या विषयक विवेक-यतनाचार (४०४–४०६)

करण—प्रवृत्ति के साधन वचन व काय (६०१) अथवा इन्द्रियाँ।

कर्म—मन वचन काय की शुभ या अशुभ प्रवृत्ति या व्यापार (६०१)। उसके निमित्त से बन्ध को प्राप्त होनेवाला कर्मजातीय सूक्ष्म पुद्गलस्कन्धरूप द्रव्य कर्म जो ज्ञानावरण आदि आठ भेद रूप हैं। कर्म के फलोदय वश होनेवाले रागादि परिणाम भाव-कर्म हैं (सूत्र ६)

कषाय—क्रोध, मान, माया और लोभरूपी आत्मघातक विकार (१३५-१३६)

कापोत-लेश्या—तीन अशुभ लेश्याओं में से तृतीय या जघन्य (५३४, ५४१)

कामभोग—इन्द्रियों द्वारा भोग्य विषय (४६)

काय—अनेक प्रदेशों का प्रचय या समूह जिससे युक्त द्रव्य कायवान् हैं (६५६)। जीव के पृथिवी आदि पाँच स्थावर तथा एक त्रस ऐसे छः जाति के शरीर काय कहलाते हैं (६५०)

कायक्लेश—ग्रीष्म-ऋतु में गिरि-शिखर पर उत्कट आसन लगाकर आतापन योग धारण करना, और इसी प्रकार शरद-ऋतु में शीतयोग और वर्षाऋतु में वर्षा-योग धारण करना, एक तप (४५२)

कायगुप्ति—काय-प्रवृत्ति का गोपन, संकोचन (४१४)

कायोत्सर्ग—कुछ काल के लिए शरीर को काष्ठवत् समझ धैर्यपूर्वक उपसर्ग सहन करने के रूप में किया जानेवाला आभ्यन्तर तप (४३४-४३५, ४८०)

काल—समयप्रमाण एकप्रदेशी अमूर्त्त तथा निष्क्रिय द्रव्य, जो समस्त द्रव्यों के परि-णमन में सामान्य हेतु है (६२५–६२६, ६३७–६३९)

कुल—जीवों की १९९½ लाख करोड जातियाँ (३६७)

कूटशाल्मली—नरकों के अति पीडादायक कँटीले वृक्ष (१२२)

कृष्ण-लेश्या—तीन अशुभ लेश्याओ मे से प्रथम या तीव्रतम (५३४, ५३६)

केवलज्ञान—इन्द्रिय आदि से निरपेक्ष तथा सर्वग्राही आत्मज्ञान (६८४, ६८६)

केवलदर्शन—केवलज्ञानवत् सर्वग्राही दर्शन (६२०)

केवललब्धि—केवलज्ञान की भाँति अर्हन्तो तथा सिद्धो की नव लब्धियाँ—अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसम्यक्त्व, अनन्त-चारित्र या सुख। तथा अनन्त दान, लाभ, भोग, उपभोग तथा वीर्य (५६२)

केवलवीर्य—केवलज्ञानवत् जानने-देखने आदि की अनन्तशक्ति (६२०)

केवलसुख—केवलज्ञानवत् इन्द्रियादि से निर-पेक्ष अनन्तसुख या निराकुल आनन्द (६२०)

केवली—केवलज्ञान-दर्शन आदि शक्तियो से सम्पन्न अर्हन्त परमेष्ठी (५६२-५६३)

क्षपक—कषायो का क्षपण करनेवाला साधक (५५५)

क्षपण—ध्यान आदि के द्वारा कषायो को समूल नष्ट कर देना, जिससे वे पुन न उभरे (५५७)

क्षमा—दस धर्मों मे से एक (८५, १३५)

क्षीणकषाय—साधक की १२वी भूमि, जिसमे कषायो का समूल नाश हो जाता है। (५६१)

क्षीणमोह—क्षीणकषाय गुणस्थान का दूसरा नाम।

खेचर—विद्या के बल से आकाश मे विचरण करने मे समर्थ मनुष्यो की एक जाति-विशेष, विद्याधर (२०४)

खरकर्म—कोयला बनाना, पशुओ के द्वारा बोझ ढुलाई इत्यादि ऐसे व्यापार जो प्राणियो को पीडा पहुँचे बिना हो नही सकते। (३२५)

गच्छ—तीन से अधिक पुरुषो या साधुओं का समूह (२६)

गण—तीन पुरुषो या साधुओ का समूह अथवा स्थविर साधुओ की परम्परा (२६)

गणधर—तीर्थंकर के साधु-गण के नायक, जो अर्हन्तोपदिष्ट ज्ञान को शब्दबद्ध करते है (१६)

गति—भव से भवान्तर की प्राप्तिरूप चार गतियाँ—नारक, तिर्यञ्च, मनुष्य तथा देव (५२)

गर्हण—रागादि का त्याग कर गुरु के समक्ष कृत दोषो को प्रकट करना (४३०)

गुण—द्रव्य के सम्पूर्ण प्रदेशो मे तथा उसकी समस्त पर्यायो मे व्याप्त धर्म। जैसे मनुष्य मे ज्ञान तथा आम्रफल मे रस (६६१)

गुणव्रत—श्रावक के पाँच अणुव्रतो मे वृद्धि करनेवाले दिक्, देश तथा अनर्थदण्ड नामक तीन व्रत (३१८)

गुणस्थान—कर्मो के उदयादि के कारण होने-वाली साधक की उत्तरोत्तर उन्नत १४ भूमिकाएँ (५४६–५४८) (विशेष दे० सूत्र ३२)

गुप्ति—समितियो मे सहायक मानसिक वाचनिक तथा कायिक प्रवत्तियो का गोपन (३८४, ३८६) (विशेष दे० सूत्र २६-इ)

गुरु—सम्यक्त्वादि गुणो के द्वारा महान होने के कारण अर्हन्त सिद्ध आदि पच परमेष्ठी (६)

गृहीत-मिथ्यात्व–(दे० अभिगृहीत मिथ्यात्व)

गोत्रकर्म–जिस कर्म के कारण जीव उच्च तथा नीच कुल में जन्म लेता है (६६)

गौरव–वचन, कला, ऋद्धि तथा समृद्धि के कारण व्यक्ति में उत्पन्न होनेवाला अभिमान (३४८)

ज्ञानावरण–जीव के ज्ञान गुण को आवृत या मन्द करनेवाला कर्म (६६)

ग्रन्थ–२४ प्रकार का परिग्रह (१४३)

घातीकर्म–जीव के ज्ञानादि अनुजीवी गुणो का घात करनेवाले ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय नामक चार कर्म (७)

चतु–१ अर्थ-नय, २ कषाय, ३ गति, ४ निक्षेप, ५ पर्यायार्थिकनय, ६ शिक्षाव्रत सब चार-चार होते हैं।

चतुरिन्द्रिय–स्पर्शन, रसना, घ्राण तथा नेत्र इन चार इन्द्रियोवाले भ्रमर आदि जीव (६५०)

चतुर्दश–१ आभ्यन्तर परिग्रह, २ गुणस्थान, ३ जीवस्थान ४ मार्गणास्थान ये सब १४-१४ होते हैं।

चारित्र–मन वचन काय की प्रवृत्ति मे निमित्तरूप गुण-विशेष (३६)

चेतना–जीव मे ज्ञान-दर्शन की तथा कर्तृत्व-भोक्तृत्व की निमित्तभूत मूलशक्ति (१८५)

च्यावित-शरीर–आत्म-हत्या द्वारा छूटनेवाला शरीर (७४२)

च्युत-शरीर–आयु पूर्ण हो जाने पर स्वत छूटनेवाला शरीर (७४२)

छद्मस्थ–अल्पज्ञ (४६७)

जिन–इन्द्रिय-जयी तथा कषाय-जयी वीतरागी अर्हन्त भगवान (१३)

जीव–चार शारीरिक प्राणो से अथवा चैतन्य प्राण से जीने के कारण आत्मतत्त्व ही जीव है (६४५), यह उपयोग लक्षणवाला (६४६) क्रियावान् अमूर्त द्रव्य है, तथा गणना मे अनन्त है (६२५-६२८) ज्ञान की अपेक्षा सर्वगत होते हुए भी (६४८) प्रदेशो की अपेक्षा लोकाकाश-प्रमाण है जो अपनी सकोच-विस्तार की शक्ति के कारण देहप्रमाण रहता है। (६४६-६४७)

जीवस्थान–जीवो के त्रस, स्थावर, सूक्ष्म, बादर आदि १४ भेद (१८२, ३६७)

जुगुप्सा–अपने दोषो को तथा दूसरो के गुणो को छिपाना, अथवा दूसरो के प्रति ग्लानि का भाव (२३६)

तत्त्व–द्रव्य का अन्य-निरपेक्ष निज-स्वभाव या सर्वस्व (५६०)

तप–विषय-कषायो के निग्रह अथवा इच्छाओ के निरोध के लिए बाह्य तथा आभ्यन्तर रूप से की जानेवाली क्रियाएँ (१०२, ४३६)

तीर्थ–ससार-सागर को पार करने के लिए तीर्थंकरप्ररूपित रत्नत्रय-धर्म तथा तद्युक्त जीव (५१४)

तेजोलेश्या–तीन शुभ लेश्याओ मे से जघन्य या शुभ (५३४, ५४२)

त्यक्त-शरीर–सलेखना-विधि से छोडा गया शरीर (७४२)

त्रस–रक्षार्थ या आहार आदि की खोज मे स्वय चलने-फिरने मे समर्थ द्वीन्द्रियादि सभी जीव (६५०)

त्रि–१ गुणव्रत, २ गुप्ति, ३ गौरव, ४ दण्ड, ५ द्रव्यार्थिक-नय, ६ निर्वेद,

७ नैगम, ८ नय, ९ बल, १० भुवन, ११ मूढता, १२ योग, १३ लोक, १४ वेद, १५ शब्दनय, १६ शल्य, १७ सामायिक, १८ स्त्री, ये सब तीन-तीन हैं।

त्रीन्द्रिय—स्पर्शन, रसना, घ्राण इन तीन इन्द्रियोवाले चीटी आदि जीव (६५०)

दण्ड—मन वचन काय (१०१)

दमन—ज्ञान ध्यान व तप द्वारा इन्द्रिय-विषयो तथा कषायो का निरोध (१२७, १३१)

दर्शन—ज्ञान के विषयभूत पदार्थ का निराकार तथा निर्विकल्प प्रतिभास करनेवाली चेतनाशक्ति (३६)

दर्शनावरण—जीव के दर्शन-गुण को आवृत अथवा मन्द करनेवाला कर्म (६६)

दश—बाह्य परिग्रह तथा धर्म दस-दस हैं।

दान्त—इन्द्रियो तथा कषायो को दमन करनेवाला (१२७)

दिग्व्रत—परिग्रह-परिमाणव्रत की रक्षार्थ व्यापार-क्षेत्र को सीमित रखने मे सहायक गुणव्रत (३१९)

दुर्गति—नरक व तिर्यञ्च गतियाँ (५८७)

दुर्नय—विरोधी धर्म की अपेक्षा को ग्रहण न करनेवाली केवल अपना पक्ष पकडनेवाली दृष्टि (७२५)

देशव्रत या देशावकाशिकव्रत—देश-देशान्तर मे गमनागमन या व्यापार-सबधी मर्यादारूप व्रत अथवा जिस देश मे जाने से व्रतभग होने का भय हो वहाँ जाने का त्याग (३२०)

द्रव्य—गुणो और पर्यायो का आश्रयभूत पदार्थ (६६१) जो जीव पुद्गल आदि के भेद से छह हैं (६२४)

द्रव्य-कर्म—जीव के रागादि भावो का निमित्त पाकर उसके साथ बन्ध को प्राप्त हो जानेवाला सूक्ष्म पुद्गलस्कन्ध (६२, ६५४-६५५)

द्रव्य-निक्षेप—आगामी परिणाम की योग्यता रखनेवाले किसी पदार्थ को वर्तमान मे ही वैसा कह देना, जैसे राजपुत्र को राजा कहना (७४१-७४२)

द्रव्य-प्रतिक्रमण—प्रतिक्रमणपाठ का उच्चारण मात्र (४२२, ४३२)

द्रव्य-लिंग—साधु का बाह्य वेश या चिह्न (३६०—३६२)

द्रव्य-हिंसा—प्राणि-वध (३८९-३९०)

द्रव्यार्थिकनय—पर्यायो को दृष्टि से ओझल करके द्रव्य को सदा अनुत्पन्न तथा अविनष्ट देखनेवाली दृष्टि (६९४-६९७)

द्वन्द्व—इष्ट-अनिष्ट, दुःख-सुख, जन्म-मरण, सयोग-वियोग आदि परस्पर-विरोधी युगल भाव (१०५)

द्वादश—तप तथा श्रावक-व्रत १२-१२ है।

द्विपद—स्त्री, कुटुम्ब आदि (१४४)

द्वीन्द्रिय जीव—स्पर्शन और रसना इन दो इन्द्रियोवाले केंचुआ जोक आदि जीव (६५०)

द्वेष—अनिष्ट या अरुचिकर पदार्थों के प्रति अप्रीति का भाव (सूत्र ८)

धर्म—जीव के निज-स्वभाव या तत्वरूप सम्यग्दर्शन आदि, अहिंसा आदि, क्षमा आदि अथवा समता आदि भाव (८३, २७४, सूत्र १५)

धर्म-अनुप्रेक्षा—वैराग्य-वृद्धि के लिए जन्म-जरामरणरूप इस दुःखमय ससार मे

धर्म का ही रक्षकरूप में चिन्तवन (५२५)

धर्म-द्रव्य—जीव तथा पुद्‌गलों की गति में सहायक हेतु, लोकाकाश प्रमाण निष्क्रिय अमूर्त द्रव्य (६२५–६३३)

धर्म-ध्यान—आत्मा के अथवा अर्हन्त सिद्ध आदि के स्वरूप का एकाग्र चिन्तवन तथा मन्त्र जाप्य आदि (५०५)

ध्यान—आत्म-चिन्तवन आदि में चित्त की एकाग्रता (८८५, सूत्र २६)

ध्रौव्य—द्रव्य का नित्य अवस्थित सामान्य भाव, जैसे बाल-युवा आदि अवस्थाओं में मनुष्यत्व (६६२–६६७)

नय—वक्ता ज्ञानी का हृदयगत अभिप्राय (३३), सकलार्थग्राही प्रमाणस्वरूप श्रुतज्ञान का विकलार्थग्राही एक विकल्प, अथवा वस्तु के किसी एक अंश का ग्राहक ज्ञान (६६०)

नव—केवललब्धि तथा तत्त्वार्थ नौ-नौ हैं।

नाम-कर्म—जीव के लिए चारों गतियों में विविध प्रकार के शरीरों की रचना करनेवाला कर्म (६६)

नाम-निक्षेप—अपनी इच्छा से किसी वस्तु का कुछ भी नाम रखना (७३६)

निःकांक्षा—वस्तु की तथा ख्याति-लाभ-पूजा की इच्छा से रहित निष्काम भाव, सम्यग्दर्शन का एक अंग (२३३-२३५)

निःशंका—किसी भी प्रकार के भय या आशंका से रहित भाव, सम्यग्दर्शन का एक अंग (२३२)

निःसंग—सभी बाह्य पदार्थों से तथा उनकी आकांक्षा से रहित निर्ग्रन्थ साधु (३४६)

निक्षेप—नाम अथवा स्थापना, द्रव्य और भाव द्वारा किसी पदार्थ को युक्तिपूर्वक जानने तथा जतलाने का माध्यम (२३, ७३७)

निदान—मरने के पश्चात पर-भव में सुखादि प्राप्त करने की अभिलाषा (३६६)

निमित्तज्ञान—तिल, मसा आदि देखकर भविष्य बतानेवाली विद्या अथवा ज्योतिष (२४४)

निर्ग्रन्थ—ग्रन्थ और ग्रन्थिरहित अपरिग्रही, देखो निःसंग।

निर्जरा—सात तत्त्वों में से एक, जिसके दो भेद हैं, दुःख-सुख तथा जन्म-मरण आदि द्वन्द्वों से अतीत, जीव की केवल ज्ञानानन्दरूप अवस्था (६१७–६१९) अर्थात् मोक्ष (१९२, २११)

निर्विचिकित्सा—जुगुप्सा का अभाव, सम्यग्दर्शन का एक अंग (२३६)

निर्वेद—संसार, देह व भोग तीनों से वैराग्य (२२)

निश्चयनय—अनन्त धर्मात्मक वस्तु के अखण्ड तथा वास्तविक स्वरूप को दर्शानेवाला वह ज्ञान जो न गुण-गुणी रूप भेदोपचार करके व्याख्या करता है और न ही बाह्य निमित्त नैमित्तिक सम्बन्धरूप कोई अभेदोपचार स्वीकार करता है (३५)। जैसे कि मोक्षमार्ग को सम्यग्दर्शन आदि रूप से त्रयात्मक न कहकर सर्व पक्षों से अतीत निर्विकल्प कहना (२१४), अथवा जीव-वध को हिंसा न कहकर रागादि भाव को ही हिंसा कहना (१५३)

नील-लेश्या–तीन अशुभ लेश्याओं में से द्वितीय या तीव्रतर (५३४, ५४०)

नैगम-नय–संकल्प मात्र के आधार पर गत पदार्थ को अथवा अनिष्पन्न या अर्ध-निष्पन्न पदार्थ को वर्तमान में अवस्थित या निष्पन्न कहना (७००–७०३) (विशेष दे० भूत वर्तमान व भावि नैगम नय)

नैमित्तिक–निमित्तज्ञानी (२४४)

नोआगम-निक्षेप–किसी पदार्थ के ज्ञाता व्यक्ति के कर्म व शरीर को वह पदार्थ कह देना, जैसे मैकेनिक के मृत शरीर को 'यह मैकेनिक था' ऐसा कहना (१४१, ७४४)

नोकर्म–देह को आदि लेकर जितने कुछ भी दृष्ट पदार्थ है अथवा उनके कारण-भूत सूक्ष्म स्कन्ध हैं वे सब कर्म निमित्तक होने से नोकर्म कहलाते हैं।

नो-इन्द्रिय–किंचित् इन्द्रिय होने के कारण मन का नाम।

पंच–१ अजीव, २ अणुव्रत, ३ इन्द्रिय, ४ उदुम्बर फल, ५ गुरु, ६ ज्ञान, ७ महाव्रत, ८ समिति, ६ स्थावर जीव पाँच-पाँच है।

पंचेन्द्रिय–स्पर्शनादि पाँचों इन्द्रियोवाले मनुष्यादि जीव (६५०)

पण्डित–अप्रमत्त ज्ञानी (१६४-१६५)

पण्डितमरण–अप्रमत्त ज्ञानियों का सलेखनायुक्त मरण (५७०-५७१)

पदस्थ ध्यान–विविध मंत्रों की जाप करने में मन का एकाग्र होना (४६७)

पद्म-लेश्या–तीन शुभ लेश्याओं में से द्वितीय या शुभतर (५३४, ५४३)

पर-द्रव्य–आत्मा के अतिरिक्त देह आदि सहित सर्व पदार्थ (५८७)

पर-भाव–आत्मा के शुद्ध स्वभाव के अतिरिक्त उसके रागादि सर्व विकारी भाव तथा अन्य सर्व पदार्थों के रूप रस आदि भाव (१८८–१९१), तत्त्व या वस्तु का शुद्ध स्वभाव (५९०)

परमभाव–तत्त्व या वस्तु का शुद्ध स्वभाव (५९०)

परमाणु–सर्व स्कन्धों का मूल कारण, केवल एकप्रदेशी, अविभाज्य, सूक्ष्म, पुद्गल द्रव्य (६४३, ६५२)

परमात्मा–अष्ट कर्म से रहित तथा आत्मा के शुद्ध स्वरूप में अवस्थित अर्हन्त तथा सिद्ध (१७८ १७९)

परमार्थ–तत्त्व या वस्तु का शुद्ध स्वभाव (५९०)

परमेष्ठी–मुमुक्षु के लिए परम इष्ट तथा मंगलस्वरूप अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय व साधु (१-२)

परलोक–मृत्यु के पश्चात् प्राप्त होनेवाला अन्य भव (१२७)

परसमय–आत्म-स्वभाव के अतिरिक्त अन्य पदार्थों में अथवा अन्य भावों में इष्टा-निष्ट की कल्पना करनेवाला मिथ्यादृष्टि (१९४-१९५), अन्य मत (२३, ७३५), पक्षपात (७२६–७२८)

परिग्रह–देह आदि सहित आत्मातिरिक्त जितने भी पर-पदार्थ या पर-भाव हैं उनका ग्रहण या संचय व्यवहार-परिग्रह है, और उन पदार्थों में इच्छा तथा ममत्व भाव का ग्रहण निश्चय-परिग्रह है (सूत्र ११), (३७९)

परिभोग–दे० उपभोग

परीषह–मार्ग से च्युत न होने के लिए तथा कर्मों की निर्जरा के लिए भूख-प्यास आदि सहन करना (५०३)

परोक्षज्ञान–इन्द्रिय व मन की सहायता से होनेवाला मति और श्रुतज्ञान (६८७)

पर्यंकासन–दोनो जघाओ को मिलाकर ऊपर नीचे रखना (४८६)

पर्याय–वस्तु की उत्पन्न-ध्वसी परिणमन-शील अवस्थाएँ, अथवा गुणो का विकार। जैसे मनुष्य की बाल युवा आदि अवस्थाएँ अथवा रस गुण के खट्टे-मीठे आदि विकार (६६१–६६७)

पर्यायार्थिक नय–त्रिकाली द्रव्य को दृष्टि से ओझल करके उसकी वर्तमान समय-वर्ती किसी एक पर्याय को ही स्वतन्त्र सत्ताधारी पदार्थ के रूप मे देखना (६६४–६६७), ऋजुसूत्रादि के भेद से चार प्रकार का (६६६)

पिण्डस्थ-ध्यान–अर्हन्त व सिद्ध का अथवा देहाकार आत्मा का ध्यान (४६७)

पीत-लेश्या–दे० तेजोलेश्या

पुद्गल–परमाणु और स्कन्धरूप सक्रिय तथा मूर्त्त भौतिक द्रव्य जो नित्य पूरण गलन स्वभावी है (६२५–६२८, ६४०–६४४)

प्रतिक्रमण–निन्दन गर्हण आदि के द्वारा कृत दोपो का शोधन (४३०)

प्रतिलेखन–वस्तु को उठाते-धरते अथवा उठते-बैठते समय उस स्थान को जीव-रक्षा के भाव सेअच्छी तरह देखना (४१०)

प्रतिष्ठापना समिति–मल-मूत्र आदि के निक्षेपण या विसर्जन मे विवेक-यतनाचार (४११)

प्रत्यक्षज्ञान–इन्द्रिय व मन से निरपेक्ष केवल आत्मोत्थ ज्ञान (६८६)

प्रत्याख्यान–आगामी दोपो के त्याग का सकल्प (४३६–४३८)

प्रदेश–एक परमाणु-परिमाण आकाश। इसी प्रकार जीवादि सभी द्रव्यो मे प्रदेशो की स्थिति (६२०, ६५७)

प्रमत्त–आत्म-स्वभाव के प्रति सुप्त या अजागरूकता (१६२–१६४) अथवा राग-द्वेष-रत (६०१)

प्रमत्त-सयत–साधक की षष्टम भूमि जहाँ सयम के साथ-साथ मन्द रागादि के रूप मे प्रमाद रहता है (५५४)

प्रमाण–सशयादिरहित सम्यग्ज्ञान (६८५)

प्रमाद–आत्म-प्रसुप्ति, चारित्र के प्रति अनुत्साह तथा अनादर (सूत्र १३)

प्रमादचर्या–बैठे-बैठे अपने आसन मे से सूत या तिनके तोडते रहना, पानी का नल खुला छोड देना इत्यादि अप्रयोजनीय सावद्य क्रिया (३२१)

प्रमार्जन–वस्तुओ को उठाते-धरते या उठते-बैठते समय उस स्थान को क्षुद्र जीवो की रक्षा के लिए किसी कोमल उपकरण से झाडना (४१०)

प्रवचनमाता–मातृवत् रत्नत्रय की रक्षकरूप पचसमिति और तीन गुप्ति (३८५)

प्राण–मन-वचन-काय रूप तीन बल, पाँच इन्द्रियाँ, आयु और श्वासोच्छ्वास ये दस प्राण हैं (६४५)

प्रासुक—जीवो के सयोग अथवा सचार से रहित भोजन (४०६), भूमि (५७६), मार्ग (३९६) इत्यादि ।

प्रोषधोपवास—एक बार भोजन करना प्रोषध है और बिलकुल भोजन न करना उपवास। पर्व से पहले दिन सवेरे के समय और उसके अगले दिन सन्ध्या के समय केवल एक-एक बार भोजन करना और पर्ववाले दिन दोनो समय भोजन न करना। इस प्रकार १६ प्रहर तक सर्व आरम्भ का तथा भोजन का त्याग (३२६)

बन्ध—जीव के रागादि परिणामो के निमित्त से, कर्म-जातीय सूक्ष्म पुद्गल परमाणुओं का जीव के प्रदेशो मे अवस्थित हो जाना (५५६-५५७)

बल—तीन है—मन वचन व काय (६४५)

बहिरात्मा—देह को आत्मा माननेवाला मिथ्यादृष्टि (६६)

बाल—अज्ञानी, मिथ्यादृष्टि (५०, २७२)

बाह्य—क्षेत्र मकान आदि दस प्रकार का परिग्रह (१४४) अनशन आदि छह प्रकार का तप (४४१) देह कृशता-रूप सलेखना (५७४) इत्यादि ।

बोधि—रत्नत्रय (५८०–५८१)

भक्त-प्रत्याख्यान—सल्लेखनाविधि मे शरीर कृश करने के लिए धीरे-धीरे भोजन त्याग करने की प्रक्रिया-विशेष (५७३)

भंग—स्याद्वाद-न्याय के अनुसार अनेकान्तात्मक वस्तु के जटिल स्वरूप का प्रतिपादन परस्पर विरोधी प्रत्येक धर्म-युगल से सात-सात विकल्प उत्पन्न करते रहने की पद्धति (सूत्र ८०)

भय—सात हैं—इहलोक-भय, परलोक-भय, वेदना-भय, मृत्यु-भय, अरक्षा-भय, अगुप्ति-भय और आकस्मिक-भय (२३२)

भव—देह से देहान्तर की प्राप्ति के रूप मे चतुर्गति-भ्रमण (१८२)

भारण्ड पक्षी—पक्षी-विशेष जिसके एक शरीर मे दो जीव, दो ग्रीवा और तीन पैर होते हैं। जब एक जीव सोता है तब सावधानी के लिए दूसरा जागता रहता है (१६३)

भाव-कर्म—द्रव्य-कर्म की फलदान-शक्ति अथवा उसके उदयवश होनेवाले जीव के रागादिक भाव (६२)

भाव-निक्षेप—विवक्षित पर्याययुक्त वस्तु को ही उस नाम से कहना, जैसे कि राज्यनिष्ठ राजा को राजा कहना (७४३-७४४)

भाव-प्रतिक्रमण—दोष-शुद्धि के लिए किया गया आत्मनिन्दन व ध्यान आदि (४३१–४३२)

भाव-लिंग—साधु का नि सग तथा निष्कषाय रूप समताभाव (३६३)

भाव-हिंसा—आत्महननस्वरूप रागादि की उत्पत्ति के रूप मे होनेवाली हिंसा (१५३, ३८९–३९२)

भावि नैगमनय—सकल्पमात्र के आधार पर अनिष्पन्न पदार्थ को भी उसी नाम से कहना जैसे कि पाषाण को प्रतिमा कहना (७०३)

भाषा-समिति—बोलचाल विषयक विवेक–यतनाचार (३९१–४०३)

भुवन—तीन हैं—ऊर्ध्व, मध्य व अधो (७)

भूत नैगमनय—सकल्पमात्र के आधार पर गत पदार्थ को वर्तमान मे अवस्थित कहना। जैसे 'आज दीपावली के दिन भगवान वीर निर्वाण को प्राप्त हुए' (७०१)

भोग-परिभोग परिमाण-व्रत—भोगलिप्सा को नियन्त्रित करने के लिए भोग तथा परिभोग की वस्तुओ के ग्रहण को सीमित करना (३२५)

मतिज्ञान—दे० आभिनिवोधिक ज्ञान

मद—गर्व आठ हैं—कुल, जाति, लाभ, वल, रूप, ज्ञान, तप, सत्ता (८८, १८७)

मन पर्यव ज्ञान—दूसरे के मन की वात प्रत्यक्ष जान लेनेवाला ज्ञान (६८२, ६८९)

मनोगुप्ति—मन की प्रवृत्ति का गोपन (४१२)

ममकार—आत्मातिरिक्त देहादि अन्य पदार्थों मे मैं-मेरेपन का भाव (१८६, ३४६)

ममत्व—ममकार (७९, १४२)

मल—कर्म स्कध (५८)

महाव्रत—साधुओ के सर्वदेशव्रत। देखे—व्रत।

माध्यस्थ्य भाव—मोह क्षोभविहीन समता या विश्रान्त भाव (२७४-२७५)

मार्ग—मोक्ष का उपाय (१९२)

मार्गणास्थान—जिन-जिनके द्वारा जीवो का अन्वेषण (खोज) किया जाय, वे सव धर्म १४ हैं—गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, सयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, सज्ञित्व, आहारकत्व (१८२, ३६७)

मार्दव—अभिमानरहित मृदु परिणाम, दस धर्मों मे से द्वितीय (८८)

मिथ्यात्व या मिथ्यादर्शन—तत्त्वो का अश्रद्धान या विपरीत श्रद्धान और तत्परिणामस्वरूप यथार्थ धर्म मे अरुचि। १४ गुणस्थानो मे प्रथम (६८, ५४९)

मिश्र—साधक की तृतीय भूमि जिसमे उसका परिणाम दही व गुड के मिश्रित स्वाद की भाँति, सम्यक्त्व तथा मिथ्यात्व के मिश्रण जैसा होता है (५५१)

मूर्च्छा—इच्छा या ममत्वभाव मोहान्धता या आसक्ति (३७९, १४२)

मूढता—रूढिगत भेडचाल की स्वीकृतिरूप मिथ्या अन्ध-विश्वास, जो तीन प्रकार का है—लोकमूढता, देवमूढता, गुरु-मूढता (१८६)

मूर्त—इन्द्रिय-ग्राह्य होने से मात्र पुद्गल द्रव्य (५९५, ६२६)

मोक्ष—सकल कर्मों का नाश हो जाने पर जीव का केवलज्ञानानन्दमय स्वरूप को प्राप्त होकर, देह के छूट जाने पर, ऊर्ध्वगमन स्वभाव के द्वारा ऊपर लोक के अग्रभाग मे सदा के लिए स्थित हो जाना (६१४-६२३), मुक्ति या निर्वाण।

मोह—श्रेयाश्रेय विवेक से विहीन भाव अर्थात् मिथ्यादर्शन। यही राग-द्वेष का तथा कर्मवन्ध का मूल है (७१)

मोहनीय—मद्यपान की भाँति श्रेयाश्रेय के विवेक को नष्ट करनेवाला प्रवल कर्म (६६, ६१३)

योग—मन वचन काय की चेष्टा का कारण-भूत अन्तरग प्रयत्न या वीर्यपरिणाम (६०३)

योनि—जीवो की उत्पत्ति के योग्य ८४ लाख स्थान (३६७)

रत्नत्रय—मोक्षमार्गरूप सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र (सूत्र १७)

रस-परित्याग—स्वाद-विजय के लिए घी दूध नमक आदि रसो के त्यागरूप मे एक बाह्यतप (४५०)

राग—इष्ट-विषयो के प्रति प्रीति का भाव (सूत्र ८)

रूक्ष—परमाणु का विकर्षण गुण जो आकर्षण के साथ मिलने पर बन्ध का मूल हेतु होता है (६५२)

रूपस्थध्यान—अनेक विभूति-सम्पन्न अर्हन्त का ध्यान (४६७)

रूपातीतध्यान—केवलज्ञान-शरीरी सिद्ध भगवान् का अथवा तत्सदृश निज शुद्धात्मा का ध्यान (४६७)

लिंग—बुद्धि या अनुमान ज्ञान (१८५), साधु का बाह्याभ्यन्तररूप (सूत्र २४-आ)

लेश्या—मन वचन काय की कषाययुक्त वृत्तियाँ जिनके स्वरूप का कथन कृष्ण नील आदि छह रगो की उपमा द्वारा किया गया है (सूत्र ३१)

लोक—असीम आकाश का मध्यवर्ती वह पुरुषाकार क्षेत्र जिसमें छह द्रव्य अवस्थित हैं (६३६, ६५१)। यह तीन भागो मे विभक्त है—अधोलोक (नरक), मध्यलोक (मनुष्य व तिर्यञ्च) और ऊर्ध्वलोक (स्वर्ग) (देखें पृष्ठ १२०)

लोकाग्र—लोकाकाश का शीर्ष भाग (५९५, ६७१)

लोकान्त—लोक का अन्तिम भाग अर्थात् लोकशिखर (६१४)

वचनगुप्ति—वचन की प्रवृत्ति का गोपन (४१३)

वर्तमान नैगमनय—सकल्पमात्र के आधार पर कोई काम प्रारम्भ करते समय ही उसे 'हो गया' कहना। जैसे भात पकाना प्रारम्भ करते ही कह देना कि 'भात पक गया' (७०२)

विरताविरत—साधक की पचम भूमि जिसमे त्रस-हिंसा आदि स्थूल पापो के प्रति तो विरक्ति हो जाती है, परन्तु स्थावर हिंसा आदि सूक्ष्म पापो से विरति नही होती (५५३)

विरागचारित्र या वीतरागचारित्र—बाह्याभ्यन्तर सकल परिग्रह के पूर्ण त्यागरूप निरपवाद उत्सर्ग चारित्र (४२१)

विविक्त शय्यासन—एकान्तवास (४५१)

विशेष—दूसरे की अपेक्षा विसदृश परिणाम, जैसे बाल्यावस्था और वृद्धावस्था परस्पर विसदृश होने से मनुष्य के विशेष धर्म हैं (६६८)

वीरासन—दोनो पैरो को दोनो जघाओ के ऊपर रखना (४५२)

वेदनीय—दुख-सुख की कारणभूत बाह्य सामग्री के सयोग-वियोग मे हेतुरूप कर्म (६६), इसके दो भेद हैं।

वैतरणी—नरक की अति दुर्गन्धित रक्त व मवाद मय नदी (१२२)

वैयावृत्य—रोगी, ग्लान व श्रमित श्रमण आदि की प्रेमपूर्ण सेवा (४७३-४७४)

वृत्ति-परिसख्यान—अटपटे अभिग्रह लेकर भिक्षाचर्या के लिए निकलना (४४६)

व्यय—द्रव्य में नित्य होता रहनेवाला पूर्व-पूर्व पर्यायो का नाश (६६६-६६७)

व्यवहार-नय—अनन्त धर्मात्मक वस्तु के एकरसात्मक भाव का गुण-गुणी आदि रूप

विश्लेषण द्वारा भेदोपचार कथन, अथवा अन्य वस्तुओं के साथ निमित्तक-नैमित्तिक सम्बन्धरूप अभेदोपचार कथन (३५)। जैसे अखण्ड मोक्षमार्ग को सम्यग्दर्शन आदि तीन रूप से कहना (२१४) अथवा दूसरे प्राणी के घात को हिंसा कहना (३८८–३९२)

व्यसन–टेव या बुरी आदतें। जूआ खेलना, पर-स्त्री गमन करना आदि सात व्यसन हैं। अन्य सभी कुटेवों का इन्हींमे अन्तर्भाव हो जाता है (३०३)

व्रत–हिंसा आदि पापों से विरति। एकदेश तथा सर्वदेश के भेद से व्रत दो प्रकार का है। एकदेश-व्रत अणुव्रत कहलाता है और सर्वदेश-व्रत महाव्रत (३००) (सूत्र २५)

शब्द-नय–पदार्थों के वाचक शब्दों में ही जिनका व्यापार होता है, वे नय शब्दनय कहलाती हैं, जो तीन प्रकार की हैं–शब्द, समभिरूढ और एवभूत। ये उत्तरोत्तर सूक्ष्म हैं (६९९)। इनमें से प्रथम शब्द-नय लोकशास्त्र में स्वीकृत एकार्थवाची शब्दों में से समान लिंग, कारक आदि-वाले शब्दों को ही एकार्थवाची मानता है, असमान लिंग आदिवालों को नही (७०८)

शय्यासन–साधु के बैठने, सोने आदि के उपकरण फलक, पाटा आदि (४७३)

शल्य–कांटे की भांति पीडाकारी माया, मिथ्या व निदान नामक तीन भावरूप पारमार्थिक शल्य (५७७–५७९)

शिक्षाव्रत–श्रमण-धर्म की शिक्षा या अभ्यास मे हेतुरूप सामायिक आदि चार-व्रत (३२४)

शील–साधु के अनेक गुण (५५५)

शीलव्रत–श्रावक के पांच अणुव्रतों के रक्षक तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत (३००)

शुक्ललेश्या–तीन शुभ लेश्याओं में से अन्तिम उत्कृष्ट या शुभतम (५३४, ५४४)

शुद्धभाव–कर्मों के उदय उपशम व क्षय आदि से निरपेक्ष जीव का त्रैकालिक स्वभाव या तत्त्व (१८८, ५९०)

शुद्धोपयोग–ज्ञान व चारित्रयुक्त साधु की, शुभाशुभ भावों से निरपेक्ष, केवल आत्मा के शुद्धस्वभाव में अवस्थिति अथवा मोह क्षोभ विहीन साम्यभाव (२७४–२७९)

शौच–लोभ व तृष्णारहित सन्तोषभाव दस धर्मों मे से एक (१००)

श्रमण–मोक्षमार्ग मे श्रम करने के कारण समताधारी (३४१) निर्ग्रन्थ तथा वीतरागी (४२१), संयतजन (३३६) (सूत्र २४)

श्रमण-धर्म–इसमे ध्यानाध्ययन की प्रमुखता होती है। (२९७) (सूत्र २४)

श्रावक–गुरुमुख से धर्मोपदेश सुननेवाला धर्मात्मा अविरत या अणुव्रती गृहस्थ (३०१)

श्रावक-धर्म–इसमें दया, दान, भक्ति, विनय आदि की प्रमुखता होती है (२९७) (विशेष दे० सूत्र २३)

श्रुत–शास्त्र या आगम (१७८)

श्रुतज्ञान–धुंआ देखकर अग्नि को जानने की भांति अर्थ से अर्थान्तर का ग्रहण करने-वाला मन व इंद्रियों की सहायता से होनेवाला परोक्षज्ञान। वाचक से

वाच्यार्थ को ग्रहण करनेवाला शब्द-लिंगज ज्ञान। (६७८)

षड्–१ आभ्यन्तर तप, २ आवश्यक, ३ जीवकाय, ४ द्रव्य, ५ बाह्यतप, ६ लेश्या, ७ स्कन्ध ये सब छह-छह है।

सग–देहसहित समस्त बाह्याभ्यन्तर परिग्रह (३६३, १४३-१४४)

सग्रहनय–लोकस्थित समस्त जड-चेतन द्रव्यो मे अस्तित्व सामान्य की अपेक्षा एकत्व की, अथवा प्रत्येक जाति के अनेक द्रव्यो मे उस जाति की अपेक्षा एकत्व की दृष्टि (७०४)

सघ–रत्नत्रय आदि अनेक गुणो से युक्त श्रमणो का समुदाय (सूत्र ३)

सज्ञा–इन्द्रिय ज्ञान (६७७) अथवा आहार भय मैथुन निद्रा परिग्रह आदि की वासनाएँ।

सयम–व्रत समिति आदि का पालन, मन, वचन, काय का नियन्त्रण, इन्द्रिय-जय, और कपाय निग्रह आदि सब भाव (१०१) (सूत्र १०)

सरम्भ–कार्य करने की प्रयत्नशीलता (४१२–४१४)

सवर–सम्यक्त्वादि द्वारा नवीन कर्मों का आगमन रोकना (६०५–६०८)

सवेग–धर्म के प्रति अनुराग (७७)

सशय-मिथ्यात्व–तत्त्वो के स्वरूप मे 'ऐसा है या ऐसा है' के सन्देह मे रहना (५४९)

ससार–जन्म-मरणरूप ससरण (५२–५४)

ससार-अनुप्रेक्षा–वैराग्य-वृद्धि के लिए ससार मे जन्म-मरणरूप भय देखते हुए उसमे मुक्त होने की भावना का पुन पुन चिन्तवन (५२८)

सस्तर–सलेखनाधारी साधु के लिए झाड-बुहारकर तैयार की गयी निर्जन्तु भूमि अथवा घास का बिछौना (५७६)

सस्थान–शरीर तथा अन्य पुद्गल-स्कन्धो के विविध आकार (१८३, ६५३)

सहनन–देहस्थित अस्थियो के दृढ या कमजोर बन्धन तथा जोड आदि। यह छह प्रकार का है (१८३)

सप्त–१ तत्त्व, २ नय, ३ भग, ४ भय, ५ व्यसन, ६ समुद्घात सब सात-सात है।

समता–सुख-दुख शत्रु-मित्र आदि द्वन्द्वो मे समान रहनेवाला वीतरागियो का मोह क्षोभविहीन परिणाम (२७६, ३४६, २७४)

समभिरूढ-नय–तीन शब्द नयो मे से द्वितीय, जो प्रथम नय के द्वारा स्वीकृत समान लिंग आदिवाले एकार्थवाची शब्दो मे भी अर्थभेद मानता है (७११)

समय–आत्मा (२६), धर्म पथ या मत (२३)

समयसार–सर्व विकल्पो से अतीत आत्मा का शुद्ध स्वभाव (२१४) (दे० शुद्ध भाव)

समाधि–आत्मा का निर्विकल्प ध्यान (४२६) अथवा शास्त्राध्ययन मे तल्लीनता (१७४)

समारम्भ–कार्य प्रारम्भ करने के लिए साधन जुटाना (४१२–४१४)

समिति–यतनाचारपूर्वक प्रवृत्ति (३८६–३८८), (विशेष दे० सूत्र २६)

समुद्घात–वेदना आदि के निमित्त से, देह मे सकुचित आत्मा के कुछ प्रदेशो का देह

से बाहर निकलकर फैल जाना। यह सात प्रकार का होता है (६४६)

सम्यक्त्व—दे० सम्यग्दर्शन

सम्यक्चारित्र—व्रत-समिति आदि का पालन व्यवहार-चारित्र है (२६३) और निजस्वरूप मे स्थितिस्वरूप (२६८) मोह-क्षोभविहीन समता या प्रशान्त भाव निश्चय-चारित्र है (२७४)।

सम्यक्मिथ्यात्व—दे० मिश्र

सम्यग्ज्ञान—सम्यग्दर्शन-युक्त शास्त्रज्ञान व्यवहार-सम्यग्ज्ञान (२०८, २४५) और रागादि की निवृत्ति मे प्रेरक शुद्धात्मा का ज्ञान निश्चय-सम्यग्ज्ञान (२५०–२५५)

सम्यग्दर्शन—सप्त-तत्त्व का श्रद्धान व्यवहार-सम्यग्दर्शन और आत्मरुचि निश्चय सम्यग्दर्शन (२२०-२२१)

सयोगी-केवली—साधक की तेरहवी भूमि जहाँ पूर्णकाम हो जाने पर भी देह शेष रहने से प्रवृत्ति बनी रहती है। अर्हन्त या जीवन्मुक्त अवस्था (५६२-५६३)

सराग-चारित्र—व्रत समिति गुप्ति आदि का धारण व पालन होने पर भी, राग भाव के कारण, जिस चारित्र मे आहार तथा योग्य उपाधि के ग्रहणस्वरूप कुछ अपवाद स्वीकार कर लिया जाता है। निश्चय चारित्र का साधन। (२८०)

सलेखना—सयम की सामर्थ्य न रहने पर, देह का युक्त विधि से समतापूर्वक त्याग करना (सूत्र ३३)

सामाचारी—धर्मोपदेश (३०१)। सामाचारी दस है।

सामान्य—अनेक विसदृश पदार्थो मे एक सदृश परिणाम, जैसे कि बाल्यावस्था तथा वृद्धावस्था मे मनुष्यत्व (६६७-६६८)

सामायिक—पापारम्भवाले समस्त कार्यो से निवृत्ति व्यवहार सामायिक है। (४२७) और तृण कञ्चन आदि मे (४२५) अथवा सर्वभूतो मे समभाव (४२८) निश्चय सामायिक है।

सावद्य—प्राणी-पीडाकारी प्रवृत्ति, भाषा तथा कार्य (३२६, ३६१, ४२७)

सासादन—साधक की द्वितीय भूमि। इसकी प्राप्ति एक क्षण के लिए उस समय होती है जब साधक कर्मोदय-वश सम्यक्त्व से च्युत होकर मिथ्यात्व-अभिमुख होता है, परन्तु साक्षात् मिथ्यात्वावस्था मे प्रविष्ट नही हो पाता (५५०)

सिक्थ—भात का कण या चावल (४४८)

सिद्ध—१४ भूमियो का अतिक्रम कर लेने पर आठो कर्मो का नाश हो जाने से अष्ट गुणो की प्राप्ति के फलस्वरूप देह छोडकर लोक के शिखर पर जानेवाला। (५६६)

सिद्धि—मोक्ष-प्राप्ति (६२१)

सुनय—अपेक्षावाद के द्वारा विरोधी-धर्म का समन्वय करनेवाली निष्पक्ष दृष्टि (७२५)

सूक्ष्म-कषाय—दे० सूक्ष्म साम्पराय

सूक्ष्म-सराग—दे० सूक्ष्म साम्पराय

सूक्ष्म साम्पराय—साधक की दसवी भूमि जहाँ सब कषाएँ उपशान्त या क्षीण हो जाने पर भी, लोभ या राग का कोई सूक्ष्म लव जीवित रहता है। (५५६)

स्कन्ध—दो या अधिक परमाणुओं के संयोग से उत्पन्न, द्व्यणुक आदि छह प्रकार के सूक्ष्म-स्थूल भौतिक तत्त्व (६६०-६६१, ६४८–६५०)

स्त्री—तीन प्रकार की—मनुष्यणी, तिर्यञ्चिनी और देवी (३७४)

स्थापना-निक्षेप—किसी पुरुष या पदार्थ के चित्र को, प्रतिमा को अथवा किसी पदार्थ में कल्पित आकार को 'यह वही है' ऐसा मानकर विनय आदि रूप व्यवहार करना (७४०)

स्थावर—पृथिवी, अप, तेज, वायु और वनस्पति इन पांच कायोंवाले एकेन्द्रिय जीव (६५०)

स्थितिकरण—किसी कारणवश अधर्ममार्ग में प्रवृत्त हो जाने पर अपने को या साधर्मी बन्धु को विवेकपूर्वक धर्ममार्ग में पुन आरूढ करना (२४०-२४१)

स्निग्ध—परमाणु का आकर्षण गुण जो विकर्षण का योग पाकर बन्ध का हेतु हो जाता है (६५२)

स्यात्—'ऐसा ही है', ऐसे एकान्त हठ का निषेध करके 'कथञ्चित् ऐसा भी है' इस प्रकार का समन्वय स्थापित करनेवाला एक निपात (७१५)

स्याद्वाद—'स्यात्' पदयुक्त वाक्य द्वारा, वस्तु के जटिल स्वरूप का विवेचक समन्वयकारी न्याय (सूत्र ४०)

स्व-द्रव्य—शुद्ध-आत्मा (५८७)

स्व-समय—शुद्ध आत्मा में ही अपनत्व का द्रष्टा सम्यग्दृष्टि स्व-समय है (२८१), स्व-मत (२३, ७३५), परस्पर विरोधी मतों का युक्तिपूर्ण समन्वय, साधक का निष्पक्ष भाव (७२६)

स्वाध्याय—शास्त्राध्ययनरूप तप, जो पाँच प्रकार का है (४७५)

हिंसा—जीव-वध या प्राणातिपात व्यवहार-हिंसा है (३८९) और रागादि की उत्पत्ति (१५३) अथवा अयतनाचार-रूप प्रमाद (१५७) निश्चय हिंसा है।

हिंसादान—प्राणि-पीडाकारी या वधकारी उपकरण (फरसा, कुदाली, चूहेदानी आदि) का लेन-देन (३२१)

●